


इस बार के रविवारीय संस्करण 'लोक दर्पण' में, आओ सहेजें अपनी विरासत को व अन्य विषयों पर विशेष सामग्री दी जा रही है।

लखनऊ, बरेली, मुरादाबाद, हल्द्वानी, अयोध्या व कानपुर से प्रकाशित

चैत्र शुक्ल पक्ष षष्ठी विक्रम संवत 2081

# अमृत विचार

वर्ष - 2, अंक - 233, पृष्ठ -16+4, मूल्यः 5 रुपये

एक सम्पूर्ण अखबार

www.amritvichar.com



**आज का मौसम**

36.0° अधिकतम तापमान | 24.0° न्यूनतम तापमान | धूप खिली रहेगी, हल्के बादल रहेंगे। | सूर्योदय 05 : 46 | सूर्यास्त 18 : 32

कानपुर, रविवार, 14 अप्रैल 2024

परिणीति चोपड़ा ने फिल्म के लिये 15 किलो वजन बढ़ाया...02

# इजराइली जहाज पर ईरान का कब्जा

दुबई, एजेंसी

ईरान-इजराइल में तनाव बढ़ता जा रहा है। मीडिया रिपोर्ट्स में दावा किया गया है कि ईरान दो दिन के अंदर इजराइल पर हमला कर सकता है। इस बीच ओमान की खाड़ी से होर्मुज होते हुए भारत आ रहे कार्गो शिप पर ईरान की सेना ने कब्जा कर लिया है। जहाज पर 17 भारतीय भी मौजूद हैं।

कार्गो शिप लंदन बेस्ड कंपनी का है, जिसका मालिकाना हक इजराइली अरबपति के पास है। शिप पर 20 क्रू मेंबर सवार हैं, जो फिलीपींस के नागरिक हैं। इजराइली सेना के प्रवक्ता डेनियार हगारी ने कहा कि हम हमलों पर चुप नहीं बैठेंगे। इसका जवाब दिया जाएगा। इधर, भारत समेत छह देशों- अमेरिका, ब्रिटेन, रूस, फ्रांस और जर्मनी ने अपने नागरिकों के लिए एडवाइजरी जारी की है। इसमें लोगों को ईरान और इजराइल न जाने की सलाह दी गई है। एक अप्रैल को इजराइल ने सीरिया में ईरानी एम्बेसी के पास एयरस्ट्राइक की थी। इसमें ईरान के दो टॉप आर्मी कमांडर्स समेत 13 लोग मारे गए थे। ईरान ने बदला लेने के लिए इजराइल पर अटैक करने की धमकी दी थी।

## जहाज पर 17 भारतीय सवार, तनाव बढ़ा



### भारतीयों की मुक्ति को ईरान के संपर्क में भारत

**नई दिल्ली।** ईरान और इजराइल के बीच बढ़ने तनाव को देखते हुए भारत ने अपने नागरिकों की सुरक्षा और मुक्ति के लिए तेहरान और नई दिल्ली, दोनों स्थानों पर ईरानी अधिकारियों के संपर्क में है। ईरान ने जहाज जब्त करने का कदम यह आशंका बढ़ने के बीच उठाया कि तेहरान 12 दिन पहले सीरिया में ईरानी वाणिज्य दूतावास पर हुए हमले के जवाब में इजराइली क्षेत्र पर हमला कर सकता है।

# भाजपा का 'संकल्प पत्र' तैयार, आज आ सकता है सामने

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

- राजनाथ सिंह की अध्यक्षता में कुल 27 सदस्यीय समिति ने तैयार किया है 'संकल्प पत्र'
- पांच लाख लोगों के सुझावों पर चर्चा के बाद तैयार हुए भाजपा के घोषणा पत्र का बेसब्री से इंतजार

**अमृत विचार :** भाजपा अपना बहुप्रतीक्षित घोषणापत्र (संकल्प पत्र) संविधान निर्माता डा. आंबेडकर की जयंती पर रविवार को घोषित कर सकती है। कांग्रेस और सपा का घोषणा पत्र पहले ही जारी हो चुका है। अब देखना होगा कि बेरोजगारी और महंगाई को लेकर घेर रहे विपक्ष के जवाब में मोदी की तीसरी ताजपोशी के लोकलुभावन मुद्दे, तरक्की की योजनाएं, सांस्कृतिक मुद्दे, बाहरी और आंतरिक सुरक्षा समेत विदेशों में धमक बढ़ाने के क्या संकल्प सामने आते हैं।

भाजपा केंद्रीय कार्यालय दिल्ली से रविवार को लोकसभा चुनाव के संकल्प पत्र को सामने लाने की पूरी तैयारी है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी समेत सभी दिग्गज नेताओं समेत संकल्प पत्र बनाने वाली समिति के आने का कार्यक्रम तय हो चुका है। लोकसभा चुनाव-2024 के पहले चरण का मतदान 19 अप्रैल को होना है।

भाजपा ने चुनावी घोषणा पत्र बनाने वाली समिति का अध्यक्ष पार्टी के पूर्व राष्ट्रीय अध्यक्ष और रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह को बनाया है। इस कमेटी में 27 सदस्य शामिल हैं। वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण को इस समिति का संयोजक बनाया गया है। गुजरात, असम और मध्य प्रदेश के वर्तमान मुख्यमंत्री क्रमशः भूपेंद्र पटेल, हिमंता बिस्वा सरमा, डॉ. मोहन यादव के अलावा मध्य प्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान और राजस्थान की पूर्व मुख्यमंत्री वसुंधरा राजे को भी इस समिति में शामिल किया गया। भाजपा को अपना चुनावी घोषणा पत्र तैयार करने के लिए मिस कॉल अभियान के जरिए 3.75 लाख और नमो ऐप के जरिए 1.70 लाख सुझाव मिले। चुनावी घोषणा पत्र को तैयार करने में भारत सरकार के तमाम मंत्रियों और भाजपा शासित राज्यों के मुख्यमंत्रियों से भी चर्चा की गई है।

पार्टी सूत्रों के अनुसार, भाजपा लोकसभा चुनाव 2024 के अपने संकल्प पत्र में विकास, विकसित भारत, युवाओं, महिलाओं, गरीबों और विशेष तौर पर किसानों को लेकर बड़े ऐलान कर सकती है। माना जा रहा है कि इस बार के मेनिफेस्टो का थीम 'मोदी की गारंटीः विकसित भारत 2047' होगा।

### बेरोजगारी, महंगाई और विकास का मुद्दा अहम

सीएसडीएस–लोकनीति के द्वारा कराए गए सर्वे से पता चला है कि मतदाता 2024 के लोकसभा चुनाव में बेरोजगारी, महंगाई और विकास के मुद्दों को अहम मानते हैं। कांग्रेस समेत सभी विरोधी दलों ने बेरोजगारी, महंगाई, भ्रष्टाचार के मुद्दे को अपने घोषणा पत्र में अहमियत दी है। अग्निपथ योजना को रद्द करने और जम्मू और कश्मीर का पूर्ण राज्य का दर्जा बहाल का भी वादा है। सपा ने अपने चुनावी घोषणा पत्र यानी विजन डाक्यूमेंट में दूध सहित सभी फसलों के लिए एमएसपी की कानूनी गारंटी देने, किसानों का ऋण माफ करने, मुफ्त सिंचाई की सुविधा, किसान आयोग का गठन, हर 10 किलो मीटर पर मंडी की स्थापना, छोटे सीमांत किसानों को 5 हजार रुपये प्रतिमाह पेंशन दिए जाने सहित कई वादे किए हैं।

## एक नजर

### खराब मौसमः दिल्ली 22 उड़ानों का मार्ग बदला

**नई दिल्ली।** खराब मौसम के कारण शनिवार शाम को दिल्ली हवाई अड्डे पर 22 उड़ानों का मार्ग बदल दिया गया। इनमें से नौ उड़ानों को जयपुर, आठ को लखनऊ, दो को चंडीगढ़ और 1–1 को वाराणसी, अमृतसर तथा अहमदाबाद भेजा गया। अधिकारी ने कहा कि जिन उड़ानों का मार्ग परिवर्तित किया गया, उनमें इंडिगो की नौ, एयर इंडिया की आठ और विस्तारा की तीन उड़ानें शामिल हैं। मार्ग परिवर्तन शाम तीन से साढ़े छह बजे के बीच हुआ। राष्ट्रीय राजधानी में इंदिरा गांधी अंतर्राष्ट्रीय हवाई अड्डा (आईजीआईए) प्रतिदिन 1,300 उड़ानों की आवाजाही संभालता है।

### चुनावी बॉण्ड खरीदार मेघा इंजीनियरिंग पर केस

**नई दिल्ली।** सीबीआई ने हैदराबाद स्थित मेघा इंजीनियरिंग एंड इंफ्रास्ट्रक्चर लिमिटेड के खिलाफ रिश्वत देने के मामले में एफआईआर दर्ज की है। कंपनी ने 966 करोड़ रुपये के चुनावी बॉण्ड खरीदे थे और वह इन बॉण्ड की दूसरी सबसे बड़ी खरीदार है। अधिकारियों ने शनिवार को कहा कि जगदलपुर एकीकृत इस्पात संयंत्र से संबंधित कार्यों के लिए मेघा इंजीनियरिंग के 174 करोड़ रुपये के बिलों को मंजूरी देने में 78 लाख रुपये की रिश्वत दी। प्राथमिकी में एनआईएसपी और एनएमडीसी के आठ अधिकारियों और मेकॉन के दो अधिकारियों को भी रिश्वत लेने के लिए नामित किया गया है।

### घर में घुसा तेंदुआ, आठ घंटे बाद पकड़ा जा सका

**मेरठ।** कसेरूखेड़ा में एक घर में शनिवार सुबह के समय घुसा तेंदुआ आठ घंटे के प्रयास के बाद काबू में आ पाया। वन विभाग के एक अधिकारी ने यह जानकारी दी। प्रभागीय वन अधिकारी (डीएफओ) राजेश कुमार ने बताया कि शनिवार की सुबह करीब 10 बजे छावनी क्षेत्र के कसेरुखेड़ा इलाके के एक घर में तेंदुआ घुसने की जानकारी वन विभाग को मिली थी। पुलिस और वन विभाग की टीम मौके पर पहुंच गई। शाम को करीब साढ़े छह बजे ट्रेंकुलाइज कर (बेहोशी का इंजेक्शन देकर) तेंदुआ को पकड़ा जा सका। उन्होंने बताया कि घर में घुसा तेंदुआ नर है और उसकी उम्र साढ़े तीन से चार साल के बीच है। डीएफओ के अनुसार मकान को चारों ओर से जाल से घेर लिया गया। घर में फंसे परिवार को निकालने के लिए दीवार तोड़ी गई।

# बेटियों की सुरक्षा में सेंध लगाने वालों की जगह जहन्नुम : योगी

## बहेड़ी की जनसभा में मुख्यमंत्री ने कहा कि अब नो कर्फ्यू नो दंगा, यूपी में सब चंगा

कार्यालय संवाददाता, बरेली

**अमृत विचार :** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने विपक्षी पार्टियों पर हमला करते हुए कहा कि कांग्रेस, सपा, बसपा की सरकारों में चारों तरफ दंगे होते थे, लेकिन प्रदेश में सात साल में एक भी दंगा नहीं हुआ है। दंगा करने वालों को मालूम है कि दंगा करेंगे तो उल्टे लटका दिए जाएंगे। व्यापारियों और बेटियों की सुरक्षा में सेंध लगाने वालों को पता है कि जेल जाने से पहले उनके लिए जहन्नुम का रास्ता तैयार है।

मुख्यमंत्री शनिवार को पीलीभीत में भाजपा प्रत्याशी जितिन प्रसाद के समर्थन में बहेड़ी के रामलीला मैदान में जनसभा में बोल रहे थे। उन्होंने कहा कि यह एक नया भारत है, जिसमें 140 करोड़ लोगों का सम्मान है।

नया भारत अपनी सुरक्षा और देश की सीमाओं को सुरक्षित करना जानता है। यहां आस्था का सम्मान भी है। उन्होंने कहा कि पिछली सरकारें कर्फ्यू लगाती थीं लेकिन अब माफिया गले में तख्ती लटकाकर घूम रहे हैं और बोल रहे हैं कि बस जान बख्श दो। कहा कि कुछ लोग पहले ही अपने कर्मों की सजा पा चुके हैं। कुछ भयभीत होकर खुद जहन्नुम जा रहे हैं। कहा कि अब यह नहीं होगा कि दंगा भी कराएंगे और फिर किसी पार्टी से फतवा जारी कर अव्यवस्था पैदा करेंगे।



- दंगाइयों को पता है उल्टे लटका दिए जाएंगे, 370 हटने के बाद खत्म हुई आतंकवाद की समस्या

### मुरादाबाद दंगे की जांच रिपोर्ट दबाई, हमने किया खुलासा

**बिजनौर।** मुख्यमंत्री योगी ने कहा, जो लोग माफिया को पालते थे, वह आपको सुरक्षा नहीं दे सकते। यह भाजपा का सुशासन है, जिसने लोगों को सुरक्षा का अहसास कराया है। 1980 में मुरादाबाद में सांप्रदायिक दंगा हुआ, इसमें दर्जनों लोग मारे गए। इतने सालों तक इसकी जांच रिपोर्ट को भी फाइलों में दबा दिया गया। मेरे मुख्यमंत्री बनने के बाद इसका खुलासा हुआ। उसमें बड़े–बड़े लोग बेपर्दा हुए। मुख्यमंत्री मुरादाबाद लोकसभा क्षेत्र की विधानसभा बढ़ापुर के गांव आलमपुर गांवड़ी में भाजपा प्रत्याशी कुंवर सर्वेश सिंह के समर्थन में जनसभा को संबोधित कर रहे थे। यहां उन्होंने 2016 में सहारनपुर में हुए सिख विरोधी दंगे का जिक्र किया। उन्होंने कहा कि आज यूपी में न दंगा है, न कर्फ्यू है सब कुछ चंगा है। दंगाई छिपे हुए हैं।

### जमीन चाहे रामलला की हो या गरीब की वसूली ब्याज सहित की जाएगी

उन्होंने कहा कि आज यूपी और किसान आगे बढ़ चुका है। जम्मू कश्मीर में अब किसी भी वर्ग, जाति का व्यक्ति जमीन खरीद सकता है। कांग्रेस ने इससे लोगों को वंचित कर रखा था। जमीन चाहे रामलला की हो या फिर किसी गरीब या व्यापारी की, उससे ब्याज सहित वसूली की जाएगी।

### किसान को बनाएंगे भुगतान न करने वाली चीनी मिलों के मालिक

सीएम ने कहा कि प्रदेश में 120 चीनी मिलों में 105 एक सप्ताह में भुगतान कर रही हैं। उन्होंने कहा कि हमने तय किया है कि जो भी चीनी मिलें गन्ना भुगतान समय पर नहीं करेंगी, हम किसानों को उसका मालिक बनाएंगे। किसान ही उन चीनी मिलों को संचालित करेंगे।

## कोर्ट में केजरीवाल की याचिका पर 15 को होगी सुनवाई

**नई दिल्ली।** मुख्यमंत्री केजरीवाल को आबकारी नीति से जुड़े धनशोधन मामले में ईडी के गिरफ्तार करने और हिरासत में रखने के फैसले को दिल्ली हाईकोर्ट के नौ अप्रैल को वैध करार देने के खिलाफ दाखिल याचिका पर सुप्रीम कोर्ट 15 अप्रैल को सुनवाई करेगा। सुप्रीम कोर्ट की वेबसाइट पर सुनवाई के लिए जारी मुकदमों की सूची में केजरीवाल की याचिका भी है। हाईकोर्ट ने धनशोधन के मामले में केजरीवाल की गिरफ्तारी को वैध करार दिया था और कहा था कि बार-बार समन देने के बावजूद जांच में शामिल होने से इनकार करने के बाद ईडी के पास थोड़ा विकल्प बचा था। हाईकोर्ट ने आप नेता की गिरफ्तारी और संघीय एजेंसी की हिरासत में भेजे जाने को चुनौती देने वाली याचिका रद कर दी है। हाईकोर्ट की ओर से मामले में ईडी की किसी भी दंडात्मक कार्रवाई से सुरक्षा देने से इनकार करने के कुछ घंटों बाद ही ईडी ने 21 मार्च को केजरीवाल को गिरफ्तार किया था। केजरीवाल को अदालत ने 15 अप्रैल तक न्यायिक हिरासत में भेज दिया है और वह अब तिहाड़ जेल में हैं।

## प्रियंका ने मोदी सरकार पर किया पलटवार

# सत्ता में आने वाले आपदा के समय नहीं दिखते

संवाददाता रामनगर

**अमृत विचारः** कांग्रेस की न्याय रैली में महासचिव प्रियंका गांधी ने महंगाई, बेरोजगारी, शिक्षा और स्वास्थ्य पर भाजपा को घेरा। कहा कि देवभूमि की जनता को भ्रमित कर सत्ता में आने वाले आपदा के वक्त नहीं आते हैं। अबकी बार मोदी सरकार पर पलटवार करते हुए उन्होंने जनता का आह्वान किया कि वह अबकी बार जनता की सरकार चुनें।

शनिवार को पीरूमदारा के किसान इंटर कालेज के मैदान से प्रियंका गांधी ने उत्तराखंड की तीन संसदीय सीटों के मतदाताओं को संबोधित किया। कहा कि वह खुद, भाई और उनके बच्चे भी देहरादून में ही पढ़े। 13 साल की उम्र से रामनगर आ रही हैं। जब भी आती हूं, सिद्धबली मंदिर के दर्शन जरूर करती हूं। उन्होंने अग्निवीर योजना और इलेक्टोरल बॉन्ड पर सरकार की नीयत पर सवाल उठाए। उन्होंने आरोप लगाया कि सरकार ने जुमलेबाजी में दस साल गुजार दिए, पर कांग्रेस को कोस रहे हैं। कहा कि जब भी वह उत्तराखंड ओर हिमाचल आए तो इन प्रदेशों को देवभूमि बताते हुए कहा कि मैं इस भूमि को बार-बार प्रणाम करता हूं। लेकिन हिमाचल में जब कांग्रेस की सरकार बनी और पिछले साल वहां दैवीय आपदा आई। पहाड़ टूटे, मंदिर टूटे, लोगों के घर टूटे लेकिन केंद्र ने हिमाचल को एक पैसे की मदद नहीं की। कहां गया उस समय उनका देवभूमि के प्रति प्रेम ?

उन्होंने पौड़ी गढ़वाल प्रत्याशी गणेश गोदियाल, नैनीताल ऊधमसिंह नगर प्रत्याशी प्रकाश जोशी, अल्मोड़ा प्रत्याशी अजय टम्टा को भारी मतों से जिताने की अपील की।



रामनगर के पीरूमदारा में जनसभा को संबोधित करतीं प्रियंका गांधी।

# पुलिस हिरासत में ग्रामीण की मौत, परिजनों का हंगामा

संवाददाता, मितौली (लखीमपुर खीरी)

- चौकी इंचार्ज और हेड कांस्टेबल के खिलाफ हत्या की रिपोर्ट दर्ज

**अमृत विचारः** पांच साल की बालिका की गला दबाकर हत्या करने के मामले में थाने लाए गए ग्रामीण की मौत हो गई। परिजनों ने शव सड़क पर रखकर जाम लगाया और पांच घंटे हंगामा किया। परिजनों की तहरीर पर चौकी इंचार्ज पिपरझला, हेड कांस्टेबल पर रिपोर्ट दर्ज हुई है।

गांव पकरिया जलालपुर के अनूप कुमार की पांच साल की पुत्री अंशू तीन अप्रैल को लापता हो गई थी। अगले दिन उसका शव झाड़ियों में मिला था। पोस्टमार्टम में गला दबाकर हत्या की पुष्टि हुई थी। संदेह पर पुलिस शुक्रवार को गांव के आशाराम को थाने लाई और उसकी हालत बिगड़ गई। पुलिस सीएचसी ले गई, जहां से जिला अस्पताल भेजा गया। वहां डॉक्टर ने आशाराम को मृत घोषित कर दिया। जानकारी पर परिजन रात में ही वहां पहुंचे और शव घर ले आए। शनिवार सुबह मृतक के शरीर पर चोटों के निशान दिखा तो पुलिसकर्मियों पर पिटाई और करंट लगाने का आरोप लगाकर रिपोर्ट दर्ज करने की मांग की और शव सड़क पर रखकर हंगामा किया। सीडीओ अनिल सिंह व एएसपी पश्चिमी नैपाल सिंह के सख्त कार्रवाई के आश्वासन पर परिजन शांत हुए।

## रामेश्वरम कैफे विस्फोट

## दोनों आरोपी रिमांड पर गए बेंगलुरु

**बेंगलुरु।** बेंगलुरु के रामेश्वरम कैफे में हुए विस्फोट के मामले में एनआईए ने कोलकाता से गिरफ्तार दोनों आरोपियों को ट्रांजिट रिमांड पर यहां लेकर आई है। दोनों को चिकित्सा जांच के बाद एनआईए की अदालत में पेश किया जाएगा। कोलकाता की अदालत ने विस्फोट मामले में दोनों आरोपियों को शुक्रवार को तीन दिन की ट्रांजिट रिमांड पर भेजा और एनआईए को उन्हें कर्नाटक की राजधानी ले जाने की अनुमति दी थी। एनआईए ने मुसव्विर हुसैन शाजिब और ए मथीन अहमद ताहा को रामेश्वरम कैफे में हुए विस्फोट में उनकी भूमिका के लिए गिरफ्तार किया था।

# उन्नाव में एक ही परिवार के पांच बच्चे गंगा में डूबे, चार की मौत

संवाददाता, शुक्लागंज (उन्नाव)

- गंगाघाट कोतवाली क्षेत्र में हुआ हादसा, चार बच्चों की मौत की खबर पर अधिकारी पहुंचे

**अमृत विचार :** गंगाघाट कोतवाली क्षेत्र के रतीरामपुरवा गांव के एक ही परिवार के पांच बच्चे शनिवार सुबह गंगा नहाने के दौरान डूब गए। आसपास के लोगों ने एक बच्ची को तो बचा लिया, लेकिन चार बच्चों की जान चली गई। परिजनों ने गंगा में जाल डालकर बच्चों को निकाला और कानपुर के कांशीराम अस्पताल पहुंचाया, जहां डॉक्टरों ने चारो को मृत घोषित कर दिया।सूचना पर पुलिस और प्रशासनिक अफसर पहुंचे।

बहराइच के द्वारिकापुरी थाना क्षेत्र के कैसरगंज निवासी सलमान और उसका भाई नियाज अहमद जाजमऊ चौकी क्षेत्र के रतीराम पुरवा के बंधे पर डेढ़ साल पहले परिवार के साथ रहने आया था। शनिवार को सलमान का 7 वर्षीय बेटा राजबाबू, बेटी नाजिया बानो (11) और नियाज का बेटा मो. मुनाजिर (10), रियाज अहमद (8) और 5 साल की बेटी जैनब सुबह सात बजे गंगा के किनारे पहुंचकर नहाने लगे। बच्चे नहीं दिखे तो नियाज की पत्नी शमीरुन उनको ढूंढते हुए गंगा किनारे पहुंची, जहां बेटी जैनब को डूबता देख शोर मचाया। लोगों ने जैनब को बाहर निकाला। पांच बच्चों के डूबने की खबर पर भीड़ लग गई। परिजनो नाव लेकर जाल के सहारे चारों बच्चे को निकाला और जाजमऊ के निजी अस्पताल ले गए, जहां से डॉक्टर ने कानपुर के कांशीराम अस्पताल भेज दिया। वहां डॉक्टरों ने चारों को मृत घोषित कर दिया। कानपुर पुलिस ने इसकी सूचना गंगाघाट कोतवाली पुलिस को दी। पुलिस ने बच्चों का पोस्टमार्टम करना चाहा, लेकिन परिजनों ने मना कर दिया। सूचना पर एएसपी अखिलेश सिंह, सीओ सिटी सोनम सिंह, तहसीलदार अविनाश चौधरी मौके पर पहुंचे।

## मानवाधिकारों का संदेशखालि में हुआ उल्लंघन : आयोग

**नई दिल्ली।** राष्ट्रीय मानवाधिकार आयोग ने प. बंगाल के संदेशखालि मामले की मौके पर पहुंचकर की गई जांच में अत्याचार की घटनाओं को चिह्नित किया और कहा कि ऐसी घटनाओं की रोकथाम में की गई लापरवाही से मानवाधिकारों का उल्लंघन हुआ। आयोग ने रिपोर्ट में कहा कि प्रतिशोध के व्यापक भय के साथ ही ताकत दिखाने के खेल ने एक दुर्जेय बाधा के रूप में काम किया, जिससे लोगों ने शिकायतें दर्ज कराने से परहेज किया। एनएचआरसी ने कहा कि आयोग ने कई सिफारिशें की हैं और हर सिफारिश पर बंगाल सरकार से आठ सप्ताह में कार्रवाई की रिपोर्ट मांगी है।

# स्वास्थ्यवर्द्धक पेय पदार्थ की श्रेणी से हटेगा बॉर्नविटा

नई दिल्ली, एजेंसी

- उत्पादों का वर्गीकरण तय करने का सरकार ने दिया आदेश

सरकार ने ई-कॉमर्स कंपनियों से पोर्टल से बॉर्नविटा समेत अन्य पेय पदार्थों को स्वास्थ्यवर्द्धक पेय पदार्थ की श्रेणी से हटाने का निर्देश दिया है।

वाणिज्य और उद्योग मंत्रालय ने दिए परामर्श में कहा कि बाल अधिकार संरक्षण आयोग अधिनियम 2005 की धारा (3) के तहत गठित वैधानिक निकाय राष्ट्रीय बाल अधिकार संरक्षण आयोग ने सीआरपीसी अधिनियम 2005 की धारा 14 के तहत जांच के बाद निष्कर्ष निकाला कि एफएसएस अधिनियम 2006, एफएसएसएआई और मोंडेलेज इंडिया फूड प्राइवेट लिमिटेड द्वारा प्रस्तुत नियमों और विनियमों के तहत कोई स्वास्थ्यवर्द्धक पेय परिभाषित नहीं है। आदेश 10 अप्रैल को जारी हुआ है। इसमें कहा गया कि ई-कॉमर्स कंपनियों/पोर्टलों को सलाह दी जाती है कि वह अपने मंच/साइट से बोर्नविटा समेत अन्य पेय पदार्थों को स्वास्थ्यवर्द्धक पेय की श्रेणी से हटा दें। खाद्य सुरक्षा मानक नियामक एफएसएसएआई ने दो अप्रैल को ई-कॉमर्स खाद्य व्यवसाय संचालकों को वेबसाइट पर बेचे जा रहे उत्पादों का वर्गीकरण तय करने का निर्देश दिया था।

## बाबा हत्याकांड का मुख्य साजिशकर्ता गिरफ्तार

**नानकमत्ता।** डेरा कार सेवा प्रमुख बाबा तरसेम सिंह हत्याकांड के मुख्य साजिशकर्ता सुल्तान सिंह को एसटीएफ ने हरियाणा के जींद जिले से गिरफ्तार कर लिया। बीते दिवस गौरी फंटा (लखीमपुर खीरी) से पकड़े गए षड़यंत्रकारी सतनाम सिंह का आज चालान हुआ। दूसरा शूटर सर्वजीत सिंह अभी भी हत्थे नहीं चढ़ा है।

एसएसपी मंजूनाथ टीसी ने बाबा हत्याकांड के मुख्य साजिशकर्ता सुल्तान सिंह व बीते दिवस गिरफ्तार सतनाम सिंह की जानकारी दी। षडयंत्र में सतनाम सिंह निवासी कुईया महोलिया बंडा (शाहजहांपुर) को एसटीएफ ने नेपाल बॉर्डर से सटे गौरी फंटा (लखीमपुर) से पकड़ा था।


राहत | क्षुद्रग्रह एपोफिस वैज्ञानिकों की चिंता का सबसे बड़ा कारण था

# टल गया पृथ्वी पर आने वाला अबतक का सबसे बड़ा खतरा

बबलू चंद्रा, नैनीताल

बहुचर्चित नही बल्कि कुख्यात भी साथ ही वैज्ञानिकों की चिंता का बड़ा कारण क्षुद्रग्रह एपोफिस के पृथ्वी से टकराने की संभावना नही रही। इस से वैज्ञानिकों ने राहत की सांस ली है और पृथ्वी के लिए अबतक का सबसे बड़ा खतरा भी टल गया है। यह क्षुद्रग्रह पृथ्वी के एक बड़े हिस्से को तबाह करने की ताकत रखता है। हालिया गणना में यह जानकारी सामने आई है।

एपोफिस की खोज 2004 में हुई थी। हमारे आसमान में बेख़ौफ घूमती इस चट्टान का आकार करीब आधा किमी है। अगर यह पृथ्वी से टकरा जाए तो हजारों किमी हिस्से को तबाह कर सकती है। इसके पृथ्वी से टकराने की प्रबल संभावना के चलते खगोलविद्द बेहद चिंतित हो चले थे। जिस कारण नासा समेत रसिया व इसा स्पेस एजेंसी इसकी जांच पड़ताल के साथ ही लगातार निगरानी कर रहे थे। शुरुआती गणना में उसके अप्रैल 2013 में पृथ्वी से टकराने की संभावना जताई गई थी। जिसे लेकर वर्ष 2013 में धरती के तबाह होने की खबरों ने दुनियाभर के लोगों ने चिंता में डाल दिया था। मगर उसी दौरान एक और अध्ययन ने इसके 2013 के बजाय 2029 में टकराने की संभावना की घोषणा कर दी। इस गणना से निकट भविष्य का खतरा तो टल गया, लेकिन समस्या का सही निदान नही मिल पा रहा था। इसके बाद 2021 में पूनः एपोफिस की गणना की गई तो पता चला कि अब यह 2036 में पृथ्वी से टकराएगा। इस तरह से इस आकाशीय पिंड पर वैज्ञानिक पल पल नजर बनाए रहे और इस खतरे को दूर करने के उपाय भी तलाशते रहे। मगर अब जो रिपोर्ट आई है उसके मुताबिक पृथ्वी को अगले सौ साल किसी भी आकाशीय पिंड यानी क्षुद्रग्रह से कोई खतरा नही है। इसकी ऑर्बिट की सटीक गणना को लेकर गोल्डस्टोन डीप स्पेस कम्युनिकेशंस कॉम्प्लेक्स व ग्रीन बैंक टेलीस्कोप का सहारा लिया गया , तब यह जानकारी सामने आई। एपोफ़िस पृथ्वी की तरह सूर्य की परिक्रमा करता है, जिसे एक चक्कर पूरा करने में 323.6 दिन लगते हैं, जबकि पृथ्वी को 365.3 दिन का समय लगता है।



### 2029 में देखा जा सकेगा कुख्यात एपोफिस को

**नैनीताल।** हाल के वर्षों की गणनाओं से पता चला है कि यह क्षुद्रग्रह 2029 और 2036 दोनों में पृथ्वी के पास से सुरक्षित रूप से गुजरेगा। 2029 में पृथ्वी की सतह से 19,662 मील की मामूली दूरी से गुजरगे। यह पृथ्वी की परिक्रमा करने वाले कई उपग्रहों से अधिक निकट की दूरी है। तब इसे पृथ्वी के गुरुत्वाकर्षण क्षेत्र का सामना करेगा। तब संभव है कि एपोफिस पर भूकंप आए। इससे एपोफिस की कक्षा में भी थोड़ा बदलवा आएगा। इस दौरान इस पिंड को आसानी से देखा जा सकेगा।



## ऑरेंज कैप

| खिलाड़ी | मैच | रन |
|---|---|---|
| विराट कोहली (आरसीबी) | 05 | 319 |
| रियान पराग (राजस्थान) | 05 | 261 |
| शुभमन गिल (गुजरात) | 06 | 255 |

## पर्पल कैप

| खिलाड़ी | मैच | विकेट |
|---|---|---|
| युजवेंद्र चहल (राजस्थान) | 06 | 11 |
| जसप्रीत बुमराह (मुंबई) | 05 | 10 |
| मुस्तफिजुर रहमान (चेन्नई) | 04 | 09 |

# घरेलू मैदान पर लखनऊ सुपर जायंट्स को हराने उतरेगी केकेआर

**कोलकाता, एजेंसी**

दो बार की चैम्पियन कोलकाता नाइट राइडर्स अपने गढ ईडन गार्डंस पर रविवार को आईपीएल के मैच में मयंक यादव के बिना उतर रही लखनऊ सुपर जायंट्स के खिलाफ उतरेगी तो उसका लक्ष्य जीत की राह पर लौटने का होगा। यह ईडन गार्डंस पर केकेआर का इस सत्र में पहला मैच है।

मेंटोर गौतम गंभीर को बखूबी पता है कि यहां होने वाले पांच मैच 2021 के बाद पहली बार प्लेआफ में जगह बनाने के लिये निर्णायक साबित हो सकते हैं। दोनों टीमों ने तीन तीन जीत दर्ज की है जबकि पिछले दौर में पराजय का सामना करके आई हैं। केकेआर को वेस्टइंडीज के आंद्रे रसेल और सुनील नारायण पर अत्यधिक निर्भरता का खामियाजा भुगतना पड़ रहा है जो चेन्नई सुपर किंग्स के खिलाफ साबित होगा। चेन्नई ने पिछले मैच में उसे सात विकेट से हराया। नारायण (27) और रसेल (10) बल्ले से नाकाम रहे। इन दोनों के जबर्दस्त फॉर्म के चलते तीन मैचों में 200 पार का स्कोर बनाने वाली केकेआर चेन्नई के खिलाफ नौ विकेट पर 137 रन ही बना सकी। ऊंगली की चोट के कारण नीतिश राणा यह मैच भी नहीं खेल सकेंगे। केकेआर के कप्तान श्रेयस अय्यर प्रभावित नहीं कर सके हैं और चार मैचों में 0, नाबाद 39, 18 और 34 रन बनाये। वेंकटेश अय्यर तीन मैचों में दोहरे अंक तक नहीं पहुंच पाये और एकमात्र अर्धशतक रॉयल चैलेंजर्स बेंगलोर के खिलाफ लगाया। सनराइजर्स हैदराबाद के खिलाफ पहले मैच में वह तीसरे नंबर पर उतरे लेकिन पिछले दो मैचों में सातवें और पांचवें नंबर पर उतरे। रमनदीप सिंह ने भी प्रभावित नहीं किया। अंडर 19 विश्व कप 2022 विजेता अंगकृष रघुवंशी ने दिल्ली कैपिटल्स के खिलाफ 54 रन बनाये। वह अच्छी पारी खेलने को बेताब होंगे। मिचेल स्टार्क गेंदबाजी में नाकाम रहे हैं और उन्होंने पहले दो मैचों में 100 रन दे डाले। दूसरी ओर लखनऊ को तेज गेंदबाज मयंक यादव की कमी खलेगी जो बाजू की मांसपेशी में खिंचाव के कारण बाहर हैं। उनकी जगह खेल रहे अरशद खान दिल्ली के खिलाफ नाकाम रहे। मोहसिन खान भी अभी तक पूरी तरह से फिट नहीं हैं। क्विंटोन डिकॉक और केएल राहुल को बड़ी पारियां खेलनी होंगी। वहीं मार्कस स्टोइनिस और निकोलस पूरन से भी अच्छे प्रदर्शन की उम्मीद होगी। उनके पास रवि बिश्नोई और कृणाल पंड्या जैसे उम्दा स्पिनर भी है।

**लखनऊ सुपर जायंट्स :** केएल राहुल (कप्तान), क्विंटन डिकॉक, निकोलस पूरन, आयुष बदोनी, काइल मेयर्स, मार्कस स्टोइनिस, दीपक हुडा, देवदत्त पडिक्कल, रवि बिश्नोई, नवीन-उल-हक, क्रुणाल पंड्या, युद्धवीर सिंह, प्रेरक मांकड़, यश ठाकुर, अमित मिश्रा, शमर जोसेफ, मयंक यादव, मोहसिन खान, के. गौतम, अर्शिन कुलकर्णी, एम. सिद्धार्थ, एश्टन टर्नर, मैट हेनरी, मोहम्मद अरशद खान। **कोलकाता नाइट राइडर्स :** श्रेयस अय्यर (कप्तान), केएस भरत, रहमानुल्लाह गुरबाज, रिंकू सिंह, अंगकृष रघुवंशी, शेरफेन रदरफोर्ड, मनीष पांडे, आंद्रे रसेल, नितीश राणा, वेंकटेश अय्यर, अनुकूल रॉय, रमनदीप सिंह, वरुण चक्रवर्ती, सुनील नारायण, वैभव अरोड़ा, चेतन सकारिया, हर्षित राणा, सुयश शर्मा, मिशेल स्टार्क, दुष्मंता चमीरा, साकि हुसैन और मुजीब उर रहमान। **मैच शाम 7.30 बजे शुरू होगा।**

## टी20 विश्वकप के आधिकारिक गान के लिए तैयार पॉल व केस

**दुबई।** ग्रैमी पुरस्कार विजेता सीन पॉल और सोका सुपरस्टार केस एक जून को शुरु होने वाले आईसीसी पुरुष टी20 विश्व कप 2024 के आधिकारिक गान के लिए तैयार हैं। वेस्टइंडीज और यूएसए में आयोजित टूर्नामेंट में फेंकी जाने वाली पहली गेंद से 50 दिन पहले आईसीसी ने आधिकारिक गान की घोषणा की है। आने वाले हफ्तों में यह गान लॉन्च के लिए तैयार होगा जिसका ट्रैक माइकल 'टैनो' मोंटानो ने बनाया है।

## खेल डायरी

### कैंडिडेट्स शतरंज में भारतीय दौड़ में बरकरार

**टोरंटो।** भारतीय ग्रैंडमास्टर आर प्रज्ञानानंदा और डी गुकेश कैंडिडेट्स शतरंज टूर्नामेंट के आठवें दौर में जब अपने अभियान का फिर से आगाज करेंगे तो रूस के इयान नेपोम्नियाशिच को पीछे छोड़ने पर फोकस रहेगा। प्रज्ञानानंदा का सामना फ्रांस के फिरोजा अलीरजा से है जबकि गुकेश की टक्कर हमवतन विदित गुजराती से होगी। नेपोम्नियाशिच 4.5 अंक लेकर शीर्ष पर हैं जबकि उनसे आधा अंक पीछे प्रज्ञानानंदा, गुकेश और अमेरिका के फेबियानो कारूआना हैं। महिला वर्ग में भारतीय खिलाड़ी अपेक्षा के अनुरूप प्रदर्शन नहीं कर सकीं हैं।

### भाटिया और थीगाला ने कट में प्रवेश किया

**आगस्टा।** भारतीय मूल के अमेरिकी अक्षय भाटिया और साहित थीगाला ने तेज हवाओं के बीच अच्छा प्रदर्शन करते हुए 88वें आगस्टा मास्टर्स गोल्फ के दूसरे दिन कट में प्रवेश कर लिया। पिछले सप्ताह वालेरो टैक्सास ओपन जीतने वाले 22 वर्ष के भाटिया संयुक्त 30वें और थीगाला संयुक्त 35वें स्थान पर हैं। दुनिया के नंबर एक गोल्फर स्कॉटी शेफलेर ने तीन बर्डी और तीन बोगी लगाकर इवन पार 72 स्कोर किया। वह ब्रायसन डि चैम्ब्यू और मैक्स होमा के साथ संयुक्त रूप से शीर्ष पर है। वहीं टाइगर वुड्स ने रिकॉर्ड लगातार 24वीं बार कट में प्रवेश किया। वह संयुक्त 22वें स्थान पर हैं।

### राधिका महिलाओं के 68 किलोवर्ग के फाइनल में

**बिश्केक (किर्गिस्तान)।** राधिका ने सीनियर एशियाई कुश्ती चैम्पियनशिप के 68 किलो वर्ग के फाइनल में पहुंचकर अपना पदक पक्का कर लिया। पिछले साल अंडर 23 एशियाई चैम्पियनशिप में रजत पदक जीतने वाली राधिका 2022 सीनियर एशियाई चैम्पियनशिप में भी दूसरे स्थान पर रही थी। उन्होंने कजाखस्तान की अलबीना के को पहले मुकाबले मे तकनीकी श्रेष्ठता के आधार पर हराया। इसके बाद किर्गिस्तान की गुलनूरा ताशतांबेकोवा को चित किया। अब उनका सामना स्वर्ण पदक के मुकाबले में जापान की नोनोका ओजाकी से होगा।

### बिली जीन किंग कप: भारत न्यूजीलैंड से 1-2 से हारा

**चांगशा (चीन)।** अनुभवी टेनिस खिलाड़ी अंकिता रैना दूसरा एकल गंवाने के बाद अपनी जोड़ीदार प्रार्थना थोंबारे के साथ निर्णायक युगल मैच हार गईं। जिससे भारत शनिवार को यहां न्यूजीलैंड से 1-2 से पिछड़कर बिली जीन किंग कप के प्ले-ऑफ जगह बनाने के ऐतिहासिक मौके से चूक गया। भारत टूर्नामेंट में तीसरे स्थान पर रहकर एशिया/ओशिनिया ग्रुप एक में बना रहा। रुतुजा भोसले ने शुरुआती एकल में मोनिका बैरी पर 6-2, 7-6 से जीत दर्ज कर भारत को आगे कर दिया। अंकिता दूसरे एकल मुकाबले में दुनिया के 169 वीं रैंकिंग की खिलाड़ी लुलु सुन के खिलाफ एकतरफा मुकाबले में 2-6, 0-6 से हार गयी।

### मुक्केबाजी में अमित पंघाल भारतीय टीम में

**नयी दिल्ली।** विश्व चैम्पियनशिप रजत पदक विजेता अमित पंघाल ने बैंकाक में 25 मई से दो जून तक होने वाले आखिरी ओलंपिक क्वालीफाइंग टूर्नामेंट के लिये मुक्केबाजी टीम में वापसी की है। पिछले महीने इटली में ओलंपिक क्वालीफायर में खराब प्रदर्शन के बाद पांच मुक्केबाजों को दूसरे विश्व क्वालीफिकेशन टूर्नामेंट के लिये टीम में जगह नहीं मिली है। विश्व चैम्पियनशिप 2023 के कांस्य पदक विजेता दीपक भोरिया (51 किले) और मोहम्मद हुसामुद्दीन (57 किलो), छह बार के एशियाई चैम्पियनशिप विजेता शिवा थापा (63.5 किलो), मौजूदा राष्ट्रीय चैम्पियन लक्ष्य चाहर (80 किलो) और 2022 राष्ट्रमंडल खेल कांस्य पदक विजेता जे लम्बोरिया (60 किलो) को जगह नहीं मिली है।

### गौरव गिल ओटागो रैली के पहले दिन शीर्ष तीन में

**नयी दिल्ली।** भारत के सबसे तेज रैली ड्राइवर गौरव गिल न्यूजीलैंड में ओटागो रैली के शुरुआती दिन अच्छा प्रदर्शन करते हुए शीर्ष तीन में जगह बनाने में सफल रहे। जेके टायर के गिल और न्यूजीलैंड के उनके सह-चालक जेरेड हडसन तालिका में शीर्ष पर काबिज जैक हॉक्सवुड से 30 सेकंड जबकि दूसरे स्थान पर मौजूद रॉबी स्टोक्स से 11 सेकंड पीछे है। गिल और हडसन 2022 एपीआरसी चैंपियन और 10 बार के ओटागो रैली विजेता हेडन पैडन की 'हुंडई आई20 एन रैली2 मशीन' चला रहे थे। रैली के 16 चरण में से पहले दिन ड्राइवरों ने आठ विशेष चरणों से होकर गुजरना था। गिल पांचवें चरण में एक गलती कर बैठे जिससे उन्होंने 15 सेकंड गंवा दिया। एपीआरसी के तीन बार के चैंपियन गिल चौथे, सातवें और आठवें चरण को जीतकर खिताब की दौड़ में बने हुए है।

# राजस्थान ने पंजाब को 147 के स्कोर पर रोका

## रॉयल्स के आवेश खान और केशव महाराज ने दो-दो विकेट झटके, पंजाब का कोई भी बल्लेबाज लंबी पारी नहीं खेल सका



आवेश खान

**मुल्लापुर, एजेंसी**

केशव महाराज की अगुवाई में गेंदबाजों के शानदार प्रदर्शन से राजस्थान रॉयल्स ने इंडियन प्रीमियर लीग टी20 मैच में शनिवार को यहां पंजाब किंग्स को आठ विकेट पर 147 रन पर रोक दिया।

महाराज ने चार ओवर में 23 रन देकर दो विकेट लिये। उन्हें आवेश खान (34 रन पर दो विकेट), ट्रेंट बोल्ट (22 रन पर एक विकेट), युजवेंद्र चहल (31 रन पर एक विकेट) और कुलदीप सेन (35 रन पर एक विकेट) का अच्छा साथ मिला। पंजाब की टीम 13वें ओवर में 70 रन पर पांचवां विकेट गंवा कर संघर्ष कर रही थी लेकिन आशुतोष शर्मा (16 गेंद में 31 रन), जितेश शर्मा (24 गेंद में 29 रन) और लियाम लिविंगस्टोन (14 गेंद में 21 रन) ने आखिरी ओवरों में तेजी से रन बनाकर टीम को चुनौती देने लायक स्कोर तक पहुंचाया। आशुतोष ने अपनी पारी में तीन छक्के और एक चौका जड़ा तो वहीं जितेश ने एक चौका और दो छक्के लगाये। लिविंगस्टोन ने दो चौके और एक छक्का लगाया। पंजाब को चोटिल कप्तान शिखर धवन की कमी खली। उनकी जगह टीम में आये अथर्व तायडे ने दूसरे ओवर में कुलदीप सेन का स्वागत लगातार दो चौके से कर आक्रामक तेवर दिखाये लेकिन चौथे ओवर में गेंदबाजी के लिए आये आवेश ने उनकी 12 गेंद में 15 रन की पारी को खत्म किया।

पावरप्ले में पंजाब की टीम एक विकेट पर 38 रन ही बना सकी। सातवें ओवर में गेंदबाजी के लिए आये चहल ने प्रभसिमरन सिंह (10 रन) को चलता किया तो अगले ओवर में महाराज ने जॉनी बेयरस्टो (15) का शिकार किया। पंजाब ने नौवें ओवर में मुश्किल से रनों का अर्धशतक पूरा किया। धवन की जगह टीम की कमान संभाल रहे सैम कुरेन भी बल्ले से कुछ कमाल नहीं कर सके। वह महाराज का दूसरा शिकार बने। जिससे पंजाब का स्कोर एक विकेट पर 41 रन से चार विकेट पर 52 रन हो गया। शानदार लय में चल रहे शशांक सिंह और लय तलाश रहे जितेश शर्मा ने 12वें ओवर में महाराज के खिलाफ एक-एक चौके लगाकर रन गति तेज करने की कोशिश की।

### अंकतालिका

| टीम | मैच | जीत | हार | अंक | रनरेट |
|---|---|---|---|---|---|
| राजस्थान | 5 | 4 | 1 | 8 | +0.871 |
| कोलकाता | 4 | 3 | 1 | 6 | +1.528 |
| चेन्नई | 5 | 3 | 2 | 6 | +0.666 |
| लखनऊ | 5 | 3 | 2 | 6 | +0.436 |
| हैदराबाद | 5 | 3 | 2 | 6 | +0.344 |
| गुजरात | 6 | 3 | 3 | 6 | -0.637 |
| मुंबई | 5 | 2 | 3 | 4 | -0.073 |
| पंजाब | 5 | 2 | 3 | 4 | -0.196 |
| दिल्ली | 6 | 2 | 4 | 4 | -0.975 |
| बेंगलुरु | 6 | 1 | 5 | 2 | -1.124 |

### पंजाब किंग्स : 147/8

| | |
|---|---|
| अथर्व तायडे का सेन बो आवेश | 15 |
| बेयरस्टो का हेटमायर बो महाराज | 15 |
| प्रभसिमरन का जुरेल बो चहल | 10 |
| सैम करेन का जुरेल बो महाराज | 06 |
| जितेश का पराग बो आवेश | 29 |
| शशांक का जुरेल बो सेन | 09 |
| लिविंगस्टोन रन आउट (कोटियान / सैमसन) | 21 |
| आशुतोष का महाराज बो बोल्ट | 31 |
| हरप्रीत बराड़ नाबाद | 03 |

**अतिरिक्त :** 08

**गेंदबाजी :** बोल्ट 4-0-22-1, कुलदीप सेन 4-0-35-1, आवेश खान 4-0-34-2, चहल 4-0-31-1, केशव महाराज 4-0-23-2



केशव महाराज

# चेन्नई और मुंबई के मुकाबले में नजरें धोनी पर

**मुंबई, एजेंसी**

गत चैम्पियन चेन्नई सुपर किंग्स और मेजबान मुंबई इंडियंस इंडियन प्रीमियर लीग के मैच में रविवार को आमने सामने होंगी तो नजरें महेंद्र सिंह धोनी पर रहेंगी जिनका वानखेड़े स्टेडियम पर संभवतः यह आखिरी मैच होगा। चेन्नई सुपर किंग्स पहली बार मुंबई में धोनी की कप्तानी के बिना खेलेगी।

नवंबर 2005 के बाद किसी भी टीम के साथ सिर्फ एक खिलाड़ी के तौर पर वह यहां पहली बार खेलेंगे। 42 वर्ष की उम्र में भी विकेट के पीछे धोनी कमाल का प्रदर्शन कर रहे हैं और खेल की उनकी समझ का कोई सानी नहीं। चेन्नई को उम्मीद है कि बाहरी मैदान पर इस सत्र में खराब रिकॉर्ड सुधारने में धोनी का रणनीतिक कौशल काम आयेगा। मुंबई के खिलाफ पिछले पांच मैचों में चेन्नई ने चार जीते हैं। पांच पांच बार आईपीएल खिताब जीत चुकी टूर्नामेंट की दो सबसे कामयाब टीमों के कप्तान इस बार बदले हैं। मुंबई ने रोहित शर्मा की जगह हार्दिक पंड्या को कप्तान बनाया जबकि चेन्नई की कमान धोनी ने रूतुराज गायकवाड़ को दी। इसके बावजूद दोनों टीमों की मैदानी प्रतिद्वंद्विता जस की तस रहने की उम्मीद है। दिल्ली कैपिटल्स के खिलाफ शानदार प्रदर्शन करने के बाद रॉयल चैलेंजर्स बेंगलोर के खिलाफ 200 के करीब का लक्ष्य हासिल करने वाले मुंबई के बल्लेबाजों को रोकना चेन्नई के गेंदबाजों के लिये कठिन चुनौती होगा। खराब शुरूआत के बाद पंड्या की मुंबई इंडियंस ने वापसी की है। पिछले दो मैचों में उसके बल्लेबाजों का प्रदर्शन शानदार रहा है। सूर्यकुमार यादव ने आरसीबी के खिलाफ 17 गेंद में अर्धशतक जड़ डाला। चेन्नई के गेंदबाजों ने चेपॉक की धीमी पिच पर अच्छा प्रदर्शन किया है लेकिन सपाट और बल्लेबाजों की मददगार पिचों पर अभी तक उनकी परीक्षा नहीं हुई है। ईशान किशन और रोहित शर्मा की शुरूआती साझेदारी मुंबई के लिये अहम रहेगी। दूसरी ओर चेन्नई को कप्तान गायकवाड़, रचिन रविंद्र, डेरिल मिचेल, शिवम दुबे, रविंद्र जडेजा और धोनी से अच्छी पारियों की उम्मीद होगी।

**मुंबई इंडियंस :** हार्दिक पंड्या (कप्तान), रोहित शर्मा, सूर्यकुमार यादव, डेवाल्ड ब्रेविस, जसप्रीत बुमराह, पीयूष चावला, जेराल्ड कोएत्ज़ी, टिम डेविड, श्रेयस गोपाल, ईशान किशन (विकेटकीपर), अंशुल कंबोज, कुमार कार्तिकेय, आकाश मधवाल, क्वेना मफाका, मोहम्मद नबी, शम्स मुलानी, नमन धीर, शिवालिक शर्मा, रोमारियो शेफर्ड, अर्जुन तेंदुलकर, नुवान तुषारा, तिलक वर्मा, विष्णु विनोद, नेहल वढेरा, ल्यूक वुड। **चेन्नई सुपरकिंग्स :** महेंद्र सिंह धोनी, अरावेली अवनीश, डेवोन कॉनवे, रुतुराज गायकवाड़ (कप्तान), अजिंक्य रहाणे, शेख रशीद, मोईन अली, शिवम दुबे, आरएस हंगरगेकर, रविंद्र जडेजा, अजय जादव मंडल, डेरिल मिशेल, रचिन रवींद्र, मिचेल सेंटनर, निशांत सिंधू, दीपक चाहर, तुषार देशपांडे, मुकेश चौधरी, मुस्तफिजुर रहमान, मथीसा पथिराना, सिमरजीत सिंह, प्रशांत सोलंकी, शारदुल ठाकुर, महेश तीक्षणा और समीर रिज्वी।

# ऑस्ट्रेलिया से पांचवां टेस्ट भी हारा भारत, सूपड़ा साफ

**पर्थ, एजेंसी**

भारतीय पुरुष हॉकी टीम को पांचवें और आखिरी टेस्ट में ऑस्ट्रेलिया ने 3-2 से हराकर पांच मैचों की शृंखला 5-0 से जीत ली। पिछले चार मैचों में भारत को 1-5, 2-4, 1-2, 1-3 से पराजय का सामना करना पड़ा था। पेरिस ओलंपिक की तैयारी के लिये यह दौरा काफी महत्वपूर्ण था।

भारत के कप्तान हरमनप्रीत सिंह (चौथा मिनट) और बॉबी सिंह धामी (53वां मिनट) ने गोल दागे। आस्ट्रेलिया के जेरेमी हैवर्ड (20वां), के विलोट (38वां) और टिम ब्रांड (39वां) ने गोल किये। भारत ने आक्रामक शुरूआत की। जुगराज सिंह ने आस्ट्रेलियाई हाफ में जरमनप्रीत सिंह को गेंद सौंपी लेकिन वह उसे पकड़ नहीं पाये। भारत को चौथे मिनट में हरमनप्रीत ने पेनल्टी कॉर्नर पर गोल करके कामयाबी दिलाई। हरमनप्रीत का यह शृंखला में तीसरा गोल था। ऑस्ट्रेलिया ने 20वें मिनट में हैवर्ड के गोल के दम पर बराबरी की। भारत के रिजर्व गोलकीपर सूरज करकेरा ने नाथन ई के शॉट पर मुस्तैदी से गोल बचाया। हाफटाइम के बाद ऑस्ट्रेलिया को पेनल्टी कॉर्नर मिला लेकिन सूरज करकेरा ने गोल बचाया। 37वें मिनट में पेनल्टी कॉर्नर पर हरमनप्रीत का निशाना चूक गया।

# बॉलीवुड हलचल

## परिणीति ने अमर सिंह चमकीला के लिए 15 किलो वजन बढ़ाया

**मुंबई, एजेंसी।** बॉलीवुड अभिनेत्री परिणीति चोपड़ा ने फिल्म ''अमर सिंह चमकीला'' के लिये 15 किलो वजन बढ़ाया था। बॉलीवुड फिल्मकार इम्तियाज अली की फिल्म अमर सिंह चमकीला में दिलजीत दोसांझ और परिणीति चोपड़ा अहम भूमिका में हैं। ''अमर सिंह चमकीला'' पंजाब के रॉकस्टार कहे जाने वाले अमर सिंह चमकीला पर आधारित है। इस फिल्म में दिलजीत दोसांझ, अमर सिंह की भूमिका में हैं, जबकि परिणीति अमर सिंह की पत्नी अमरजोत कौर बनी हैं। फिल्म 'अमर सिंह चमकीला' शुक्रवार को नेटफ्लिक्स पर रिलीज हो चुकी है। परिणीति चोपड़ा ने इस फिल्म के लिये 15 किलोग्राम वजन बढ़ाया था। परिणीति चोपड़ा ने बताया, किसी भी फिल्म या बायोपिक में अपने जैसा दिखने को कोई मतलब नहीं और इसलिए मैंने तुरंत अमरजोत के किरदार में ढलने की कोशिश की और इसके लिए इम्तियाज ने मुझे खूब परांठे भी खिलाए। इस फिल्म में मैं बिल्कुल अमरजोत कौर के जैसा दिखना चाहती थी और इसलिए मैंने 15 किलो वजन बढ़ाया। इम्तियाज के साथ इस फिल्म की शूटिंग में मुझे जितना मजा आया, मुझे नहीं लगता कि मुझे किसी और फिल्म में इतना मजा आएगा। ये बहुत अच्छा अनुभव था। गौरतलब है कि 08 मार्च, 1988 को अमर सिंह चमकीला और अमरजोत कौर अपने बैंड के साथ जालंधर से महसामपुर में लाइव परफॉर्मेंस के लिए गए थे। वह गाड़ी से निकलकर स्टेज पर जा रहे थे कि तभी कुछ बाइक सवारों ने दोनों की गोली मारकर हत्या कर दी।



## एकता कपूर की फिल्म एलएसडी 2 का ट्रेलर रिलीज

**मुंबई, एजेंसी।** बॉलीवुड फिल्मकार एकता कपूर की आने वाली फिल्म ''एलएसडी 2 का ट्रेलर रिलीज हो गया है। दिबाकर बनर्जी के निर्देशन में बनी फिल्म लव सेक्स और धोखा (एलएसडी) वर्ष 2010 में प्रदर्शित हुयी थी। राजकुमार राव की यह बतौर अभिनेता डेब्यू फिल्म थी। इस फिल्म में नुसरत भरूचा ने भी अहम भूमिका निभायी थी। फिल्म की कहानी ऑनर किलिंग, एमएमएस स्कैंडल और कास्टिंग काउच पर आधारित थी। एकता कपूर 14 साल बाद अपनी फिल्म एलएसएडी का सीक्वल एलएसडी 2 ला रही हैं। एलएसडी 2 में उर्फी जावेद, बोनिता राजपुरोहित और पारितोष तिवारी जैसे कलाकार अहम भूमिका निभाते नजर आ रहे हैं। फिल्म का ट्रेलर रिलीज कर दिया गया है। ट्रेलर की शुरुआत "मैं कैमरे में उस नूर को देख रही हूं जो साड़ी पहनकर राष्ट्रपति से बेस्ट एक्ट्रेस का अवॉर्ड ले रही है।" डायलॉग से शुरू होती है। फिर दिखाया गया कि कैसे व्यूज के लिए लोग आपस में झगड़ते हैं। व्यूज के लिए एक बेटा अपनी मां को ही जोरदार थप्पड़ मार देता है। ट्रेलर में व्यूज के लिए यंग जेनरेशन के बीच पागलपन और ट्रांसजेंडर्स के साथ यौन हिंसा जैसे मुद्दों की झलक दिखाई गई है। एलएसडी 2 19 अप्रैल को सिनेमाघरों में रिलीज होगी।



## ऋतिक और जूनियर एनटीआर की फिल्म में होगा जबरदस्त एयरक्राफ्ट सीक्वेंस

**मुंबई, एजेंसी।** बॉलीवुड अभिनेता ऋतिक रौशन और जूनियर एनटीआर की आने वाली फिल्म वॉर 2 में जबरदस्त एयरक्राफ्ट सीक्वेंस फिल्माया जायेगा। ऋतिक रौशन इन दिनों वर्ष 2019 में प्रदर्शित अपनी सुपरहिट फिल्म वॉर के सीक्वल वॉर 2 में काम कर रहे हैं। इस फिल्म में जूनियर एनटीआर खलनायक की भूमिका में हैं। फिल्म वॉर 2 में दिखाया जाएगा कि जासूस कबीर धालीवाल (ऋतिक) को एक और मिशन पर भेजा जाता है। यशराज बैनर तले अयान मुखर्जी के निर्देशन में बन रही वॉर 2 में जबरदस्त एयरक्राफ्ट सीक्वेंस फिल्माया जायेगा। बताया जाता है कि निर्माता आदित्य चोपड़ा और निर्देशक अयान मुखर्जी ने दक्षिण अफ्रीकी एक्शन निर्देशक फ्रांज स्पिलहास के साथ मिलकर इस सीक्वेंस की परिकल्पना की है, जो एक निजी जेट में सेट किया गया है।




स्वामी-रुहेलखंड इंटरप्राइजेज के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक शंभू दयाल वाजपेयी द्वारा प्लाट नं.-42, निकट बद्री नगर, इंडस्ट्रियल एरिया, नादरगंज, लखनऊ-226008 (उ.प्र.) से मुद्रित एवं 14/76-एल सिविल लाइन्स, कानपुर नगर 208001 (उ.प्र.) से प्रकाशित।
संपादक-शंभू दयाल वाजपेयी, 0512-2548300 (कार्यालय), ईमेल- amritvicharkanpur@gmail.com. आर.एन.आई नं0-UPHIN/2022/85730 (नोट-सभी विवादों का न्यायक्षेत्र कानपुर होगा)।


Video Recto Scope
The Ano-Rectal Clinic
Dr. Sanjay Kumar Yadav
M.S. (Ano-Rectal Surgeon)
अत्याधुनिक विधि द्वारा गुदाद्वार में होने वाली बीमारियों का परीक्षण
लेज़र विधि एवं DGHAL विधि द्वारा बवासीर (Piles) भगन्दर (Fistula) एवं गुदाद्वार में होने वाली अन्य बीमारियों का उचित* इलाज
क्लीनिक का पता एस-80, गोल चौराहा, महानगर कोतवाली के सामने, महानगर, लखनऊ www.anorectalclinic.com 7388913338, 8005423919


## षष्ठम कात्यायनी



कात्यायनी नवदुर्गा या हिंदू देवी पार्वती शक्तिद्ध के नौ रूपों में छठवां रूप हैं। कात्यायनी अमरकोष में पार्वती के लिए दूसरा नाम है। संस्कृत शब्दकोश में उमा, कात्यायनी, गौरी, काली, शाकुम्भरी व ईश्वरी इन्हीं के अन्य नाम हैं। शक्तिवाद में उन्हें शक्ति या दुर्गा, जिसमें भद्रकाली और चंडिका भी शामिल हैं में भी प्रचलित हैं। देवी कात्यायनी की पूजा से बृहस्पति ग्रह मजबूत होता है। देवी कात्यायनी की पूजा से बृहस्पति ग्रह मजबूत होता है।

बीज मंत्र-क्लीं श्री त्रिनेत्राय नमः।

www.amritvichar.com पर भी खबरें पढ़ें

# घर के बाहर मिला शव, हत्या की रिपोर्ट

## मुर्रा गांव के युवक पर शराब पिलाने के बाद पीटकर हत्या करने का आरोप, पुलिस जांच में जुटी

संवाददाता, संदलपुर

**अमृत विचार।** मुर्रा गांव में रात को एक युवक का शव घर के बाहर संदिग्ध हालत में पड़ा मिला। मृतक के पिता ने गांव के ही एक युवक पर शराब पिलाने के बाद पीट-पीटकर हत्या किए जाने का आरोप लगाया है। घटना की जानकारी पर एसपी ने मौके पर छानबीन की। तहरीर पर गांव के एक युवक के विरुद्ध हत्या की रिपोर्ट दर्ज की गई है।

डेरापुर थाना क्षेत्र के मुर्रा निवासी मोनू सविता (25) गांव में सैलून की दुकान किए था। शुक्रवार की देर शाम गांव का पंकज शर्मा उसे घर से बाइक पर बैठा कर कहीं ले गया था। उसके बाद वह वापस नहीं आया और मध्य रात्रि में उसका शव घर के बाहर संदिग्ध हालत में पड़ा मिला। उसके शरीर पर चोटों के निशान भी पाए गए। परिजनों की सूचना पर सीओ शिव ठाकुर व थाना प्रभारी अनिल कुमार मौके पर पहुंचे और छानबीन शुरू की। उन्होंने फॉरेंसिक टीम को बुला कर घटनास्थल से साक्ष्य संकलित कराए। इधर, देर रात एसपी बीबीजीटीएस मूर्ति, एएसपी राजेश पांडेय भी मौके पर पहुंचे और घटना की जानकारी ली। वहीं मृतक के पिता कैलाश सविता ने गांव के पंकज शर्मा पर बेटे को शराब पिलाने के बाद पीट-पीटकर हत्या किए जाने के आरोप लगाया है। घटना से परिजनों का रो रो कर बुरा हाल रहा। एएसपी राजेश पांडेय ने बताया कि शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा गया है।



मोनू सविता।

- एसपी, एएसपी ने की छानबीन फॉरेंसिक टीम ने जुटाए साक्ष्य

### पोस्टमार्टम रिपोर्ट में मौत का कारण हेड इंजरी आई

- शनिवार को मोनू सविता के शव का अकबरपुर में पोस्टमार्टम किया गया। जिसमे शरीर के बाएं तरफ कुछ चोटों के निशान मिले हैं। वहीं मौत होने का कारण हेड इंजरी बताया गया है।

प्रथम दृष्टया बाइक से गिरने से मौत होना प्रतीत हो रहा है। परिजनों से प्राप्त तहरीर के आधार पर रिपोर्ट दर्ज की गई है। पीएम रिपोर्ट आने पर कार्रवाई की जाएगी।



घटनास्थल पर छानबीन करती पुलिस। अमृत विचार

## सार-संक्षेप

### कथा पंडाल में मनाया गया नंदोत्सव

**संवाददाता रूरा।** अंबरपुर में चल रही श्रीमद्भागवत कथा सप्ताह के पांचवें दिन कृष्ण जन्म के प्रसंग में नंद बाबा के घर में जन्मोत्सव का वर्णन कथा वाचिका किशोरी पूनम देवी ने किया। कथा सुनकर श्रद्धालु भाव-विभोर हो गए। इस दौरान मिठाइयां बांटकर व बधाइयां देकर नंदोत्सव की खुशियां मनाई गई। शनिवार को किशोरी पूनम देवी ने कहा कि जब-जब पृथ्वी पाप के बोझ से दबने लगती है और पाप बढ़ता है। तब-तब श्री हरि अवतार लेकर पाप और पापी का नाश कर पुन: धर्म को स्थापित करते हैं। मथुरा के राजा कंस ने पाप का आचरण करते हुए अपने ही पिता को कारावास में डालकर सत्ता पर आसीन होकर प्रजा पर अत्याचार किया, जब उसे पता चला कि उसकी सगी बहन देवकी की आठवीं संतान ही उसके काल का कारण बनेगी तो उसने बहन व उनके पति वासुदेव को कारावास में बंद कर दिया, लेकिन श्री हरि की कृपा से माया के कारण कारावास के बंद पडे.द्वार खुल गए। मायावश वासुदेव भगवान कृष्ण को उफनाती यमुना को पार कर सकुशल बाबा नंद के घर छोड़ देते हैं। बाबा नंद के घर में पुत्र होने का समाचार पाकर पूरे नंद में आनंद छा जाता है। कथा सुन पंडाल में बैठे श्रद्धालु थिरकने पर मजबूर हो गए। इस दौरान कपिल, धीरेंद्र, विनोद, राजकुमार, मोहिनी, सोनम, राहुल समेत अन्य श्रद्धालु मौजूद रहे।



कथा सुनातीं किशोरी पूनम देवी।

### भक्तों का कष्ट दूर करने के लिए अवतरित होते प्रभु

**पुखरायां।** अधर्म का बोलबाला अत्याचार बढ़ता हैं। तब परमात्मा मानव शरीर धारण कर पृथ्वी पर अवतरित होकर भक्तों का कष्ट दूर करते हैं। यह बात कथावाचक विमलेश त्रिवेदी ने शनिवार को शीतला माता मंदिर भोगनीपुर में श्रीमद्भागवत कथा के दौरान कही। उन्होंने कहा कि जब-जब असुरों का पृथ्वी पर बोल वाला बढ़ता है। तब भगवान जन्म लेकर उनका संहार किया। उन्होंने बताया कि राजा दशरथ के कोई संतान नहीं थी। तब उनको वरदान मिला कि एक साथ चार पुत्रों का जन्म होगा। राजा दशरथ के घर में भगवान राम, लक्ष्मण, भरत व शत्रुघ्न ने बालक के रूप में जन्म लिया। अल्प आयु में ही ऋषि विश्वामित्र राम-लक्ष्मण को ले गए और उन्होंने असुरों का संहार किया। इसी तरह कंस का जब अत्याचार बढ़ा, तब भगवान श्री कृष्ण माता देवकी व वासुदेव के यहां अवतरित हुए और अत्याचार से प्रजा को मुक्ति दिलाई। कथा श्रवण के दौरान परीक्षित बाल मुकुंद सोनी, ज्योति सोनी व शीतला मंदिर कमेटी के प्रमुख चंद्रपाल सिंह पाल ने भक्तों का स्वागत किया। इस मौके पर चंद्रपाल, संतोष बाजपेई, अशोक बाजपेई, कमलेश, नरेश, शिवपाल आदि उपस्थित रहे।



कथा सुनाते आचार्य।



कार्यक्रम में मौजूद परिषद के नवनिर्वाचित पदाधिकारी। अमृत विचार

### रोडवेज कर्मचारी संयुक्त परिषद माती डिपो के अध्यक्ष बने अनिल

**कानपुर देहात।** रोडवेज कर्मचारी संयुक्त परिषद माती डिपो का चुनाव हुआ। शाखा अध्यक्ष पद पर अनिल यादव को निर्विरोध चुना गया है। शनिवार को क्षेत्रीय अध्यक्ष अरविंद कुरील, क्षेत्रीय मंत्री सुरेंद्र सिंह सेंगर और मंडल मंत्री अखिलेश मिश्र की देखरेख में चुनाव संपन्न हुआ। माती डिपो कार्यकारिणी चुनाव के लिए अध्यक्ष पद पर अनिल यादव ने नामांकन किया। दूसरा नामांकन न होने के कारण उन्हें निर्विरोध अध्यक्ष पद पर चुन लिया गया। अक्षय सिंह गौड़ शाखा मंत्री सहित 17 सदस्यीय कार्यकारिणी का गठन आम सहमति से हुआ। कार्यक्रम में पहुंचे पूर्व प्रदेश उप महामंत्री अशोक गुप्ता ने रोडवेज कर्मचारियों को एकजुटता बनाए रखने की बात कही। कहा कि एकता बनाए रखने से संगठन मजबूत होता है। उन्होंने नवनिर्वाचित नवीन कार्यकारिणी सदस्य विनीत कुमार श्रीवास्तव, राहुल गुप्ता, वेद प्रकाश श्रीवास्तव, भारत सिंह यादव, धर्मेंद्र सिंह, किशन, राजू यादव आदि को बधाई देते हुए निगम हित में कार्य करने पर बल दिया। इस दौरान राजेश पाल, एके सिंह, मो. शाकिर, आरके गुप्ता, ओम सिंह गौतम आदि मौजूद रहे।

### दलीय प्रतिनिधियों के सामने ईवीएम का पहला रेंडमाइजेशन

**कानपुर देहात।** लोकसभा चुनाव को शांतिपूर्ण व निष्पक्ष संपन्न कराए जाने के तहत डीएम व सीडीओ की अध्यक्षता में राजनीतिक दलों के प्रतिनिधियों के साथ ईवीएम मशीनों का प्रथम रेंडमाइजेशन किया गया। शनिवार को मां मुक्तेश्वरी देवी सभागार कक्ष कलेक्ट्रेट में रेंडमाइजेशन प्रक्रिया सभी दलों के प्रतिनिधियों के सामने की गई। जिला निर्वाचन अधिकारी आलोक सिंह ने बताया कि प्रथम रेंडमाइजेशन के बाद ईवीएम मशीनों को विधानसभा क्षेत्रवार अलग कर लिया जाएगा। यह कार्य 15 अप्रैल को सुबह 10 बजे से दलीय प्रतिनिधियों के समक्ष किया जाएगा। सीडीओ लक्ष्मी एन. ने आचार संहिता का अनुपालन करने की भी अपील की। इस दौरान पर उप जिला निर्वाचन अधिकारी अमित कुमार, भाजपा से महेंद्र कटियार व श्याम तिवारी, सपा से सतीश नारायण यादव, शेखू खान, कम्युनिस्ट पार्टी से रामऔतार, आमआदमी पार्टी से मनोज सिंह पाल, बसपा से सर्वेश कुमार, कांग्रेस से शमीम कुरैशी आदि रहे।

# कमजोर छात्रों के लिए उपचारात्मक कक्षाएं

कार्यालय संवाददाता, कानपुर देहात

**अमृत विचार।** परिषदीय विद्यालयों में एक अप्रैल से नया सत्र 2024-25 शुरू हो गया है। नए सत्र में प्रत्येक कक्षा में कमजोर विद्यार्थियों को चिह्नित करने के निर्देश भी दिए गए हैं। ऐसे विद्यार्थियों के लिए अलग से उपचारात्मक (रेमेडियल) कक्षाएं चलाई जाएंगी।

नए सत्र को लेकर महानिदेशक स्कूल शिक्षा कंचन वर्मा की ओर से परिषदीय व कस्तूरबा गांधी बालिका विद्यालयों में गुणवत्तापूर्ण शिक्षा को लेकर दिशा-निर्देश जारी किए गए हैं। विद्यालयों में एक


- बीएसए ने जारी किए गुणवत्ता से जुड़े दस सूत्रीय निर्देश

दर्जन रजिस्टर के डिजिटलीकरण को लेकर फिर सख्ती शुरु हो गई है। इसमें डिजिटल उपस्थिति भी शामिल है। बेसिक शिक्षा विभाग इसे चरणबद्ध तरीके से लागू करेगा। पहले चरण में छात्रों की ऑनलाइन उपस्थिति व मिडडे मील का रियल टाइम अपडेट करने पर जोर दिया जा रहा है। बीएसए रिद्धी पांडेय ने भी प्रधानाध्यापकों से स्पष्ट कहा है कि मिडडे मील व छात्र उपस्थिति पंजिका का विद्यालयों में डिजिटल प्रयोग सुनिश्चित किया जाए।

# धमकी देने पर की थी गला दबाकर हत्या

संवाददाता, शिवली

**अमृत विचार।** 13 दिन पहले लालपुर शिवराजपुर गांव में आंगनबाड़ी सहायिका का शव संदिग्ध हालत में घर के अंदर चारपाई पर पड़ा मिला था। मृतका के चेहरे व शरीर पर चोटों के निशान पाए गए थे। पीएम रिपोर्ट में हत्या की बात सामने आने पर पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज की थी। एक आरोपी को गिरफ्तार किया गया है। पूछताछ में बताया कि वह उसे मुकदमे में फंसाने की धमकी दे रही थी, इसीलिए गला दबाकर मार डाला।



आरोपी अभिषेक सिंह।

- पुलिस ने हत्यारोपी को किया गिरफ्तार, 13 दिन पहले की घटना

बता दें कि लालपुर गांव निवासी ज्ञानवती उर्फ़ गीता (50) गांव के ही आगनबाड़ी केंद्र में सहायिका के पद पर तैनात थी। पति की मौत हो जाने के बाद से उसके तीनों लड़के बाहर रह कर नौकरी करते थे और वह गांव में अकेली रहती थी। बीते एक अप्रैल को सहायिका का शव घर में संदिग्ध हालात में पड़ा मिला था और शरीर पर चोट के निशान भी मिले थे। पीएम में गला दबाने से मौत की पुष्टि हुई थी। पुत्र आशीष की तहरीर पर पुलिस ने अज्ञात के विरुद्ध रिपोर्ट दर्ज की थी। विवेचना के दौरान काल डिटेल में उसी गांव के अभिषेक सिंह चंदेल उर्फ डिंपल का नाम प्रकाश में आया था। तभी से वह फरार था। शनिवार की सुबह मुखबिर की सूचना पर कोतवाल संजय गुप्ता ने पुलिस टीम के साथ छापा मार कर मैथा रेलवे स्टेशन के पास से अभिषेक सिंह को गिरफ्तार कर लिया। पूछताछ में उसने आपस में प्रेम प्रसंग बताया। घटना के दिन ज्ञानवती से किसी बात को लेकर उसकी कहासुनी हो गई थी। वह फर्जी मुकदमे में फंसाने की धमकी देने लगी। जिसपर अभिषेक ने गला दबाकर ज्ञानवती को मार डाला था। कोतवाल संजय कुमार गुप्ता ने बताया की आरोपी को अदालत में पेश कर जेल भेजा जाएगा।

# वाहन की टक्कर से युवक की मौत

**पुखरायां।** कुसारजापुर गांव के समीप अज्ञात वाहन की टक्कर से हाईवे पार कर रहे युवक की मौके पर ही मौत हो गई। घटना की जानकारी पर पहुंची पुलिस ने छानबीन की है।

भोगनीपुर कोतवाली क्षेत्र के कंचनमठी गांव निवासी संतोष कुमार (45) कुसारजापुर गांव के समीप से निकले झांसी-कानपुर नेशनल हाइवे पार कर रहा था। इसी दौरान अज्ञात वाहन ने उसे जोरदार टक्कर मार दी। जिससे संतोष की मौके पर ही मौत हो गई। घटना की जानकारी मिलते ही मौके पर पहुंची पुलिस ने शव को अपने कब्जे में लेकर परिजनों को घटना की सूचना दी।



हाईड्रा की मदद से ट्राला को हाईवे से हटवाती पुलिस। अमृत विचार



हादसे के बाद जाम में फंसे वाहन व रोडवेज बस। अमृत विचार

# ट्रक में पीछे से भिड़ा ट्राला, हाईवे पर लगा जाम

संवाददाता, रनियां

**अमृत विचार।** झारखंड से दिल्ली सरिया लादकर जा रहा ट्राला रनियां पड़ाव के पास आगे चल रहे ट्रक में भिड़ गया। इस दौरान करीब तीन किमी तक एक घंटे जाम लगा रहा और यात्री परेशान रहे। सूचना पर पहुंची पुलिस ने हाइड्रा की मदद से वाहनों को हाइवे से हटवाकर जाम खुलवाया।

- एक घंटे बाद खुल सका जाम परेशान रहे राहगीर

शनिवार को नेशनल हाईवे की कानपुर-इटावा लेन पर रनियां पड़ाव पर एक ट्रक जा रहा था। इसी दौरान अचानक कार आ जाने से ट्रक चालक ने ब्रेक लगा दिए। जिससे पीछे से आ रहा सरिया लदा ट्राला ट्रक से भिड़ गया। हादसे में ट्राला का अगला हिस्सा क्षतिग्रस्त होने से कानपुर लेन पर जाम लग गया।

जाम करीब तीन किलोमीटर तक पहुंचने के बाद पुलिस को सूचना मिल सकी। जिसपर मौके पर पहुंची पुलिस ने क्षतिग्रस्त ट्राला को हाइड्रा से हटवाया। ट्राला में सरिया लोड होने से लगभग एक घंटे तक हाईवे पर जाम की स्थिति रही।

सड़क हादसे में ट्राला चालक राम किशन बाल-बाल बच गया। गर्मी के चलते जाम में फंसे छोटे वाहन व बाइक सवारों को काफी परेशानी उठानी पड़ी। एसओ महेंद्र पटेल ने बताया कि क्षतिग्रस्त वाहन को हाईवे से हटवा दिया गया है। लगभग एक घंटे के बाद जाम खुल सका है। तब लोग आ-जा सके।

# कुत्ते से टकराकर बाइक फिसली, महिला की मौत

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

**अमृत विचार।** अर्मापुर थाना क्षेत्र से एक दर्दनाक हादसा सामने आया है, जहां बीमार पत्नी को बच्चों के साथ लेकर घर लौट रहे युवक की बाइक के आगे अचानक कुत्ता आ गया। कुत्ते से टकराकर बाइक काफी दूर तक फिसलती चली गई। हादसे में महिला के सिर पर गंभीर चोट आई, जबकि पति और बच्चे जख्मी हो गए। महिला को अस्पताल पहुंचाया गया, जहां इलाज के दौरान दम तोड़ दिया।

कानपुर देहात के मूसानगर क्षेत्र के कछगांव निवासी अमित मिश्रा ने बताया कि उनकी 30 वर्षीय पत्नी पूजा मिश्रा को बुखार आ रहा था।

- अर्मापुर थाना क्षेत्र में हुआ हादसा, पति और दो बच्चे हुए जख्मी

वह शुक्रवार को पत्नी को दिखाने के लिए दोपहर करीब 12 बजे हैलट अस्पताल आए थे। साथ में दो बच्चे श्रेया व सनी भी थे। दवा लेने के बाद वह घर लौट रहे थे। अर्मापुर में आर्डिनेंस फैक्ट्री के सामने अचानक सामने कुत्ता आ गया, जिसे बचाने में बाइक अनियंत्रित हो गई और घिसटते चली गई। हादसे में अमित और दोनों बच्चों को हल्की चोटें आईं, जबकि पत्नी के सिर में गंभीर चोट लग गई। राहगीरों की मदद से उन्हें हैलट अस्पताल पहुंचाया, जहां डॉक्टरों ने मृत घोषित कर दिया।


**नवरात्र** पांचवें दिन स्कंदमाता का पूजन, भजन-कीर्तन कर भक्तों ने मांगी मुरादें

# मां मुक्तेश्वरी व परहुल देवी के दर्शन के लिए भक्त उमड़े

संवाददाता, मूसानगर/ रूरा

**अमृत विचार।** चैत्र नवरात्र पर शनिवार को मां दुर्गा के पांचवें स्वरूप स्कंदमाता की पूजा अर्चना के लिए सुबह से ही मंदिरों में श्रद्धालुओं की भीड़ उमड़ने लगी। मूसानगर यमुना तट पर विराजमान पौराणिक सिद्ध पीठ माता मुक्तेश्वरी देवी व रूरा-शिवली मार्ग पर लम्हरा गांव के पास रिंद नदी किनारे आल्हा कालीन परहुल देवी मंदिर में भक्तों की भीड़ सुबह से लगने लगी। महिलाओं ने घर व मंदिरों में पूजन व भजन-कीर्तन कर परिवार के सुख-समृद्धि की कामना की।

मूसानगर यमुना तट पर विराजमान पौराणिक सिद्ध पीठ माता मुक्तेश्वरी देवी में सुबह से ही भक्तों की भीड़ उमड़ी। मुख्य पुजारी अशोक द्विवेदी बताते हैं कि मां दुर्गा के पांचवें स्वरूप स्कंदमाता को सफेद और पीला रंग प्रिय है। यदि सफेद वस्त्र धारण करके माता की पूजा की जाए तो इससे विशेष कृपा होती है। मंदिर में पं. अजीत शुक्ला द्वारा नौ दिनों तक दुर्गा सप्तशती पाठ विधिविधान से किया जा रहा है। वहीं परिसर में लगे मेले में लोग अपने घरेलू जरूरत के सामान भी खरीद रहे हैं। कई लोगों ने अपने बच्चों का मुंडन संस्कार भी कराया। जबकि नवविवाहित जोड़ों ने अपनी ग्रंथि बंधन मां के दरबार में खुलवाए और शादी की मौर भी चढ़ाई। मां मुक्तेश्वरी जीर्णोद्धार सेवा समिति के अध्यक्ष महेंद्र तिवारी, उपाध्यक्ष बउआ शुक्ला, कोषाध्यक्ष गयाराम निषाद, हुब्बलाल पाल, अवधेश अवस्थी, महेश शुक्ला, केशव मिश्रा, राजेंद्र यादव, मयंक द्विवेदी, राजू सैनी, रमेश मिस्त्री आदि लोग मंदिर व्यवस्था में लगे रहे। इसी तरह रूरा-शिवली मार्ग पर लम्हरा गांव के पास रिंद नदी किनारे आल्हा कालीन परहुल देवी मंदिर श्रद्धालुओं की आस्था का प्रमुख केंद्र है। नवरात्र की अष्टमी पर दूरस्थ जनपदों व गैर प्रांतों से बड़ी संख्या में श्रद्धालु मन्नत मांगने आते हैं। एक किवदंती के अनुसार आल्हा ने विजय कामना के लिए इस मंदिर में कई किलो सोने का ज्योति कुंड बनवाया गया था। अखंड ज्योति की रोशनी से कन्नौज के राजमहल तक जाने पर रानी पद्मा के कहने पर ऊदल ने बुझाने के बाद ज्योति को रिंद नदी में फेंक दिया था। कहते हैं कि मंदिर में रात्रि को दीपक की रोशनी दिखाई देती है और मूर्ति पर सफेद व गुलाबी फूल चढ़े मिलते हैं।



लम्हरा स्थित परहुल देवी मंदिर।



मां मुक्तेश्वरी मंदिर में दुर्गा सप्तशती का पाठ करते पं. अजीत शुक्ला। अमृत विचार

### शुम्बाहा माता मंदिर में श्रद्धालुओं ने किया पूजन

**शिवली।** चैत्र नवरात्र के पांचवे दिन मैथा के देवीपुरवा गांव स्थित प्राचीन शुम्बाहा देवी मंदिर मी भक्तों ने माथा टेका और प्रसाद ग्रहण किया। मंदिर परिसर में चल रही श्रीमदभागवत कथा व दुर्गा सतचंडी यज्ञ का रसपान करते हुए मेले का आनंद लिया। मंदिर के पुजारी कालका प्रसाद बताते है मूर्ति को गड्ढे से निकालकर कर मठिया बनवाई गई थी।

# गायन में सानिया, रंगोली में प्रज्ञा ने मारी बाजी

संवाददाता, पुखरायां

**अमृत विचार।** कस्बा के रामस्वरूप ग्रामोद्योग परास्नातक महाविद्यालय में चल रही वार्षिक सांस्कृतिक प्रतियोगिताओं के दूसरे दिन शनिवार को गायन प्रतियोगिता हुई। प्रतियोगिता में सानिया प्रथम, अनामिका पांडे द्वितीय व प्रज्ञा वाजपेई तृतीय स्थान पर रहीं। रंगोली प्रतियोगिता में प्रज्ञा बाजपेई एवं सौम्य की जोड़ी प्रथम, अमृता मिश्रा द्वितीय व दिव्यांशी, नंदिनी और महक तृतीय स्थान पर रही।

आशु भाषण प्रतियोगिता में शगुन साहू प्रथम, दिव्यांशी द्वितीय, शिवेच्छा तृतीय स्थान पर रही। क्राफ्ट प्रतियोगिता में साहिब खातून पहले, खुशनुमा दूसरे व अर्शिफा तीसरे स्थान पर रहीं। लोक नृत्य प्रतियोगिता में मानसी प्रथम, एनसीसी कैडेट्स की टीम द्वितीय, अमृता मिश्रा तृतीय स्थान पर रही।

इस अवसर पर महाविद्यालय के प्राचार्य प्रोफेसर रामेश्वर प्रसाद चतुर्वेदी, पूर्व प्राचार्य प्रोफेसर मुकेश चंद्र द्विवेदी, सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रभारी प्रोफेसर सविता गुप्ता, डॉ हरीश कुमार सिंह, डॉ हेमेंद्र सिंह, डॉ रमणीक श्रीवास्तव, डॉ पीपी सिंह, डॉ रविंद्र सिंह, डॉ पर्वत सिंह, डॉ जितेंद्र कुमार, डॉ निधि अग्रवाल, डॉ अंशुमन उपाध्याय डॉ शिवनारायण यादव, संजय सिंह आदि मौजूद रहे।



वार्षिकोत्सव में प्रस्तुति देतीं एनसीसी कैडेट्स। अमृत विचार

अब घर बैठे आपके जीवन की जटिल समस्याओं का 100% पक्का समाधान
फ्री सलाह
अभी फोन करें :
GURU AADIL JI
9717810465
1% विश्वास आप करें
99% विश्वास हम बनाएंगे
स्पेशलिस्ट – प्रेम विवाह, पति-पत्नी में अनबन, दुश्मनों से छुटकारा, कारोबार में रुकावट, मनचाहा प्यार, रूठे प्रेमी को मनाना, वशीकरण आदि।

# शार्ट सर्किट से 40 बीघा फसल जलकर राख

## भीषण गर्मी के चलते बढ़ने लगीं आगजनी की घटनाएं, किसानों को हो रहा लाखों रुपयों का नुकसान

कार्यालय संवाददाता फतेहपुर



शॉर्ट सर्किट से लगी आग से जली पड़ी गेहूं की फसल । अमृत विचार

**अमृत विचार।** भीषण गर्मी के बीच आगजनी की घटना बढ़ गई हैं। इस समय खेतों में पकी खड़ी गेहूं की फसल बिजली के शार्ट-सर्किट के कारण जलकर राख हो रही हैं।

शनिवार सुबह खेत के बीच से निकले बिजली के तार में शार्ट-सर्किट होने से निकली चिंगारी के कारण आधा दर्जन किसानों की गेहूं की फसल जलकर राख हो गई। सूचना पर पहुंची फायर ब्रिगेड की टीम ने आग पर काबू पाया है। कल्यानपुर थाना क्षेत्र के महरहा गांव में शानिवार सुबह करीब नौ बजे के आसपास खेत में खड़ी गेहूं की फसल पर बिजली के तार में हुए शार्ट-सर्किट के कारण निकली चिंगरी से आग लग गई। आग लगते ही किसान आग पर काबू पाने का प्रयास करने लगे, लेकिन भीषण गर्मी के कारण आग ने विकराल रूप ले लिया। पहुंची फायर ब्रिगेड की टीम ने कड़ी मशक्कत बाद आग पर काबू पा लिया। आग लगने से किसान शिव बहादुर सिंह, रानी देवी, अमर बहादुर सिंह, संजय सिंह, जय प्रकाश कुमार सहित कई किसानों की 40 बीघा गेंहू की फसल जलकर राख हो गई है। किसानों ने आरोप लगाया कि बिजली के जर्जर तार के कारण आगजनी की घटना से गेहूं की फसल जल रही है। वहीं, विभाग को पहले ही जर्जर तारों को सही करने के लिए कहा गया था। खेत में खड़ी फसल में आगजनी के सूचना पर थाना प्रभारी राम शंकर सरोज ने राजस्व टीम को जानकारी दिया। मौके पर पहुंची राजस्व टीम ने जली फसलों का आकलन कर जिला प्रशासन को रिपोर्ट भेज दी है। जिले में आगजनी की करीब 10 से 12 घटनाएं हो चुकी हैं ।

### नऊवाबाग के पास फसल में लगी आग

**फतेहपुर।** सदर कोतवाली क्षेत्र के नऊवाबाग कांशीराम कालोनी के समीप शनिवार की दोपहर अचानक गेहूं की फसल में आग लग गई देखते ही देखते 40 बीघा फसल जलकर खाक हो गई। मौके पर पहुंची फायर ब्रिगेड की गाड़ी ने कड़ी मशक्कत करके आग पर काबू पाया। कांशीराम कालोनी के पीछे खड़ी गेहूं की फसल में आग लग गई। तेज हवा के चलते आग ने अपना विकराल रूप लेते हुए एक के बाद एक करके चालीस बीघा गेहूं के खेत को अपनी चपेट में ले लिया। जिससे आस-पास के लोगों के बीच हड़कंप मच गया। तभी किसी ने इसकी सूचना फायर ब्रिगेड को दे दी। मौके पर पहुंची फायर ब्रिगेड की टीम ने कड़ी मशक्कत करके आग पर काबू पाया। घटनास्थल पर मौजूद इम्तियाज ने बताया कि उसके साढ़े तीन बीघा खेत जले हैं। साथ ही वकील, जलील, झुरिया, शमशेर, सहित डेढ़ दर्जन लोगों के खेत स्वाहा हो गए हैं। इम्तियाज का कहना है कि कुछ लोग वहां पर खड़े सिगरेट पी रहे थे और जलती सिगरेट फेंक देने से हादसा हुआ है।

# फसल कटाई के साथ क्रय केंद्रों में बढ़ी खरीद

कार्यालय संवाददाता, फतेहपुर

**गेहूं खरीद**

- जिले में एक मार्च से खुले हैं गेहूं क्रय केन्द्र
- किसानों से संपर्क साध रहे हैं केन्द्र प्रभारी



**अमृत विचार।** अप्रैल माह में गेहूं की कतराई का कार्य प्रगति पर है, उसी के साथ गेहूं क्रय केंद्रों पर भी इसकी आवक लगातार बढ़ती जा रही है। स्थिति यह है कि अभी तक 273.50 क्विंटल गेहूं की खरीद क्रय केंद्रों पर की जा चुकी है। इसके साथ ही किसानों के खाते में भुगतान भी किया जा रहा है। आने वाले समय में बड़े पैमाने पर गेहूं आवक की उम्मीद है।

जिले में फिलहाल 79 सरकारी केंद्रों के माध्यम से गेहूं की खरीद जारी है। वैसे तो एक मार्च से गेहूं के क्रय केंद्र खोल दिए गए थे लेकिन गेहूं की कटाई का सिलसिला अप्रैल में शुरू हुआ। इसके बाद क्रय केंद्रों पर गेहूं पहुंचने लगा है। शुक्रवार तक जनपद के 24 क्रय केंद्रों पर कुल 273.50 कुंतल गेहूं की खरीद की जा चुकी है। अब जैसे-जैसे गेहूं की कतराई होती जाएगी क्रय केंद्रों पर इसकी आवक और बढ़ने की सम्भावना दिख रही है। कुल मिलाकर जिले के किसानों द्वारा क्रय केन्द्रों में गेहूं बेंचा जा रहा है। जिला खाद्य विपणन अधिकारी संजय कुमार श्रीवास्तव का कहना है कि सभी क्रय केंद्रों पर किसानों को सभी सुविधाएं मुहैया कराई जा रही हैं। साथ ही समय से उनके भुगतान भी किए जा रहे हैं, ताकि किसानों को किसी तरह की समस्या न हो।

# होमगार्ड की जेब काटकर 39 हजार रुपये किये पार

**फतेहपुर।** सीओ खागा कार्यालय से रिक्शे में बैठकर बैंक में पैसा जमा करने के लिए जा रहे होमगार्ड की जेब काटकर 39 हजार रुपये दो युवकों ने पार कर दिए। पुलिस अधीक्षक के निर्देश पर खागा कोतवाली में मुकदमा दर्ज किया है। हथगाम थाना क्षेत्र के साहीपुर मजरा सेमरा मानापुर निवासी ज्ञान सिंह होमगार्ड हैं। वह सुल्तानपुर घोष थाने में तैनात हैं। ज्ञान सिंह ने पुलिस अधीक्षक को शिकायती पत्र देकर बताया कि चार अप्रैल को डाक लेकर सीओ खागा कार्यालय गए थे।

डाक देने के बाद वह पैसा जमा करने के लिए बैंक जा रहे थे। तहसील के पास से एक रिक्शे पर बैठकर बैंक जाने लगे। रिक्शा में एक युवक दाहिनी ओर और दूसरा युवक सामने बैठा हुआ था। रिक्शा बाईपास के नजदीक पहुंचा तो दोनों युवक अचानक कूदकर भागे। वे दोनों पीछे से आ रही एक मोटरसाइकिल में बैठकर फरार हो गए। इस घटना के बाद उन्हें अपनी जेब कटने का अहसास हुआ। जेब में 39 हजार रुपये थे। रिक्शे की सीट पर एक पांच सौ रुपये का नोट कटा पड़ा मिला। उसने बताया कि सीसीटीवी फुटेज में दो युवक भागते हुए दिखाई दे रहे हैं।

# डीआरडीओ में रिसर्च करेगी गांव की बेटी शिखा

संवाददाता, अमौली फतेहपुर

- शिखा की सफलता पर परिजनों समेत लोगों ने दी बधाई



शिखा त्रिपाठी ।

**अमृत विचार।** साधारण परिवार में पल बढ़ कर देश सेवा का लक्ष्य प्राप्त करने के लिए दिन रात एक करने वाली बेटी ने रक्षा मंत्रालय के रक्षा अनुसंधान एवं विकास संगठन (डीआरडीओ) के वैज्ञानिक विश्लेषण समूह (एसएजी) में रिसर्च एसोसिएट पर स्थान पाकर जनपद का ही नहीं बल्कि प्रदेश का नाम रोशन किया है। शिखा की सफलता पर परिजनों में जहां खुशी का ठिकाना नहीं है वहीं नाते-रिश्तेदारों ने शिखा को बधाई दी है।

अमौली विकास खण्ड के कुलखेड़ा निवासी मनोज त्रिपाठी नलकूप विभाग में ऑपरेटर के पद पर कार्यरत हैं। मनोज त्रिपाठी की बेटी शिखा त्रिपाठी ने दसवीं तक की शिक्षा गफूर एजुकेशन सेंटर अमौली से 89 प्रतिशत अंको के साथ उत्तीर्ण की और इंटर मीडिएट विकास विद्या मंदिर इंटर कॉलेज जहानाबाद से 93.6 फीसदी अंक हासिल किया। स्नातक पीपीएन डिग्री कॉलेज कानपुर से मैथेमेटिक्स डिपार्टमेंट से प्रथम रैंक के साथ उत्तीर्ण किया था। इसके बाद बनारस हिंदू विश्वविद्यालय की प्रवेश परीक्षा में आल इंडिया 77वीं रैंक के साथ पास करके मैथेमेटिक्स एंड कंप्यूटिंग विषय में 86 प्रतिशत के साथ एमएससी उत्तीर्ण की। तत्पश्चात ऑल इंडिया 110 रैंक के साथ राष्ट्रीय पात्रता परीक्षा (नेट) और गेट की परीक्षा पास की। इसके बाद आइआइटी मंडी हिमांचल प्रदेश में पीएचडी के लिए चयन हुआ। पर दाखिला नहीं लिया। डीआरडीओ का इंटरव्यू देने के बाद शनिवार को घर पर ज्वाइनिंग लेटर आया तो खुशी का ठिकाना नहीं रहा। शिखा त्रिपाठी अपने लक्ष्य पर सफलता प्राप्त करते ही पहली सूचना अपनी मां मधू त्रिपाठी को दी। जिसके बाद बाबा सिद्धगोपाल त्रिपाठी, शिव गोपाल त्रिपाठी, दादी सुमित्रा त्रिपाठी, विवेक त्रिपाठी, जितेंद्र त्रिपाठी, वीरेन्द्र त्रिपाठी, शिवम, हरिओम, राधिका सहित अन्य लोगों ने बधाई दी।

# गर्मी के चलते अस्पताल के वार्ड फुल

कार्यालय संवाददाता, फतेहपुर



वार्ड में भर्ती मरीजों की भीड़ । अमृत विचार

**अमृत विचार।** गर्मी का कहर बढ़ते ही अस्पतालों में मरीजों की संख्या तेजी से बढ़ने लगी है। सर्दी, जुकाम व बुखार के मरीजों के अलावा डायरिया के मरीजों की संख्या में इजाफा हुआ है। डाक्टर गंभीर मरीजों को वार्ड में भर्ती करने की सलाह दे रहे हैं। ओपीडी में शनिवार को करीब 850 पर्चे बनाए गए वहीं वार्ड में करीब डेढ़ दर्जन मरीज भर्ती हुए।

शहर से लेकर गांव तक अस्पतालों में मरीजों की भीड़ बढ़ रही है। शनिवार को जिला अस्पताल की ओपीडी में मरीजों की भीड़ लगी हुई थी। ईएनटी, बाल रोग विशेषज्ञ समेत अन्य डाक्टरों के कमरों में मरीजों भी भीड़ रही। वहीं ओपीडी में पर्चा काउंटर पर भी भीड़ लगी हुई दिखी। डॉक्टरों को दिखाने के लिए मरीजों को काफी इंतजार करना पड़ा। डॉक्टर रघुनाथ सिंह ने बताया कि गर्मी के चलते लूज मोशन के मरीज बढ़ने लगे हैं। गर्मी में शरीर में पानी की कमी न होने दें। तरल पदार्थ व फलों के रस का अधिक सेवन करें।

### गंभीर मरीज वार्ड में किये जा रहे भर्ती

अस्पताल पहुंचने वाले सामान्य मरीजों को डॉक्टर दवाइयां लिख रहे हैं। जबकि डायरिया से पीड़ित गंभीर व्यक्तियों को वार्ड में भर्ती कराकर उपचार किया जा रहा है। वार्ड में मौजूद स्वास्थ्य कर्मी ने बताया कि डेढ़ दर्जन से अधिक मरीज भर्ती हुए। जिसमें उल्टी दस्त के अलावा बुखार में आई कमजोरी के मरीज शामिल रहे।

# सड़क हादसों में तीन लोग घायल

**फतेहपुर।** जनपद के अलग-अलग थाना क्षेत्रों के अंतर्गत हुए सड़क हादसों के दौरान पिता-पुत्र समेत दो लोग घायल हो गए। हुसैनगंज थाना क्षेत्र के हैदरपुर इटौली गांव निवासी रामराज का 45 वर्षीय पुत्र दिनेश कुमार अपने 12 वर्षीय पुत्र सत्यम के साथ मोपेड से बिंदकी कोतवाली क्षेत्र के अंतर्गत रिश्तेदारी में जा रहा था। जैसे ही यह लोग कस्बा बाईपास के पास पहुंचे तभी अज्ञात वाहन ने टक्कर मार दिया। जिससे दोनों बुरी तरह घायल हो गए। इसी प्रकार इसी थाना क्षेत्र के चितीसा गांव निवासी मो. याकूब की 40 वर्षीय पत्नी शहनाज अपने पति के साथ रिश्तेदारी में जा रही थी। यह लोग हसवां गांव के समीप पहुंचे तभी अचानक चलती बाइक से महिला गिरकर घायल हो गई।

# संविधान बचाने को लड़नी होगी निर्णायक लड़ाई

संवाददाता, धाता फतेहपुर

- धाता नगर में आयोजित हुआ सपा का कार्यकर्ता सम्मेलन
- सपा प्रदेश अध्यक्ष ने बीजेपी सरकार पर साधा निशाना



कार्यकर्ताओं को संबोधित करते नरेश उत्तम पटेल । अमृत विचार

**अमृत विचार।** नगर पंचायत के एक गेस्ट हाउस में शनिवार को समाजवादी पार्टी का ब्लॉक स्तरीय कार्यकर्ता सम्मेलन का आयोजन हुआ। जिसमें सपा प्रदेश अध्यक्ष नरेश उत्तम पटेल समेत बड़ी संख्या में आम जनता के अलावा समाजवादी पार्टी के पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता उपस्थित रहे। कार्यक्रम की अध्यक्षता विधानसभा अध्यक्ष डॉक्टर अफसर अली ने तो संचालन शिक्षक सभा के जिलाध्यक्ष महफूज आलम ने किया।

सभा की अध्यक्षता करते हुए डॉक्टर अफसर अली ने आने वाले लोकसभा चुनाव में समाजवादी प्रत्याशी को बहुमत के साथ जिताने की अपील की । वहीं जिलाध्यक्ष सुरेंद्र यादव ने कहाकि इस तानाशाही सरकार को सभी लोग अपने मत रूपी हथियार से उखाड़ फेंके। जिससे हमारे देश का संविधान का सम्मान बना रहे। वहीं पूर्व सांसद डॉक्टर अशोक पटेल ने कहा की 10 गुना अंतर से हम भाजपा के प्रत्याशी को हराने का काम करेंगे। प्रदेश अध्यक्ष नरेश उत्तम पटेल ने कहा कि बीजेपी सरकार संविधान की भाषा को गलत परिभाषित कर रही है। लोकतंत्र में एक पक्ष होता है, दूसरा विपक्ष होता है। पक्ष में बैठा हुआ आदमी शासन चलाने काम करता है वहीं विपक्ष का काम शासन में बैठी सरकार को गलत काम होने पर उसका विरोध करती है। लेकिन इस तानाशाही सरकार से जो भी विरोध करता है उसको ईडी, सीबीआई के जरिए जेल में भेजने का काम करती है।

अभी ताजा मामला दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल हो या झारखंड के मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन हों बीजेपी सरकार को लोकतंत्र से कुछ मतलब नहीं।

पढ़ लिख कर भी नौजवान बच्चे बेरोजगार घूम रहे हैं। वहीं बीजेपी सरकार उद्योगपतियों की जेबें भर रही है। इस सरकार में किसानों का कर्ज तो माफ नहीं होता है, वहीं उद्योगपतियों का भारी भरकम कर्ज माफ कर दिया जाता है। इसलिए संविधान बचाने के लिए हम लोगों को आखिरी व निर्णायक लड़ाई लड़नी ही होगी।

# राधा-कृष्ण की लीला देख दर्शकों ने बजाईं तालियां

कार्यालय संवाददाता, फतेहपुर

- राजकीय महिला महाविद्यालय में हुआ आयोजन

**अमृत विचार।** शहर के डॉ. भीमराव आम्बेडकर राजकीय महिला स्नातकोत्तर महाविद्यालय में शनिवार को वार्षिकोत्सव और विदाई समारोह का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता प्राचार्य प्रो. सरिता गुप्ता ने किया।

कार्यक्रम का उद्घाटन मां सरस्वती की प्रतिमा पर माल्यार्पण एवं दीप प्रज्ज्वलन के साथ हुआ। उसके बाद महाविद्यालय की छात्रा स्मृति श्रीवास्तव द्वारा मां सरस्वती की वन्दना नृत्य के माध्यम से किया और शिवानी वर्मा तथा अर्पिता सोनी ने नृत्य के माध्यम से सभी का स्वागत किया। उसके बाद छात्राओं ने एक से बढ़कर एक सांस्कृतिक कार्यक्रमों की प्रस्तुति दी। जिसमें राधा-कृष्ण की लीला की भावपूर्ण प्रस्तुति दी गई। प्रियंका, वैशाली, रोशनी, शिवानी और स्मृति ने चैत्र माह में ही गाई जाने वाली 'चैती' की बहुत ही मनमोहक प्रस्तुति दी। महाविद्यालय के अंग्रेजी विभाग की छात्राओं ने जहां 'नारी की महिमा' पर प्रस्तुति दी तो वहीं वनस्पति विज्ञान विभाग की छात्राओं ने 'वन है तो जीवन है, पर मनमोहक प्रस्तुति दी। वहीं विभागीय परिषदों द्वारा आयोजित विभिन्न प्रतियोगिताओं में विजेता छात्राओं को सम्बन्धित विभाग प्रभारियों ने प्रमाण-पत्र व शील्ड देकर उन्हें पुरस्कृत किया।

# खदान कर्मियों पर मारपीट का मुकदमा दर्ज

**फॉलोअप**

संवाददाता, किशुनपुर फतेहपुर

- रास्ते से निकलने को लेकर हुआ था विवाद
- ग्रामीणों की तहरीर पर पुलिस ने उठाया कदम

**अमृत विचार।** थाना क्षेत्र के मझिगवां मौरंग खदान में शुक्रवार की देर रात ग्रामीणों व खदान कर्मियों के बीच मारपीट हो गई थी।

मारपीट के बाद मौके पर पहुंची पुलिस ने दोनों पक्षों को समझा-बुझाकर मामले को शांत कराया। दूसरे दिन पुलिस ने ग्रामीणों की तहरीर पर खदान कर्मियों पर मारपीट का मुकदमा दर्ज कर लिया है। ग्रामीणों का आरोप है कि गांव के रहने वाले धीरज सिंह व शिवम सिंह अपने साथियों के साथ किसी कार्यक्रम में शामिल होकर घर वापस जा रहे थे। जिस पर खदान कर्मियों ने रास्ते से निकल रहे लोगों की बाइक रोककर गाली गलौज शुरू कर दी। गाली गलौज के बाद दोनों पक्ष आपस में भिड़ गए और जमकर मारपीट हुई। मारपीट में गांव के रहने वाले धीरज सिंह व शिवम सिंह गम्भीर रूप से घायल हो गए। वहीं खदान कर्मियों को भी चोटें आ गई। वहीं दूसरे दिन गांव के रहने वाले धीरज सिंह ने खदान कर्मियों के खिलाफ मारपीट की तहरीर दी। तहरीर के बाद पुलिस ने दो नामजद व तीन अज्ञात खदान कर्मियों पर मारपीट का मुकदमा दर्ज कर लिया है। बताया जा रहा है कि मारपीट के दौरान खदान कर्मियों ने बाइक सवार युवकों की बाइक भी जेसीबी के सहारे तोड़ दी। ग्रामीणों पर दबाव बनाने के लिए खदान कर्मियों ने अपने ही वाहनों पर कई राउंड फायरिंग भी की। फायरिंग के बाद ग्रामीणों में दहसत फैल गई। हालांकि पुलिस ने फायरिंग की बात को दरकिनार कर फर्जी बताया है। वही मामले में किशनपुर थानाध्यक्ष सुनील कुमार सिंह ने बताया कि ग्रामीणों की तहरीर पर खदान कर्मियों पर मारपीट का मुकदमा दर्ज कर आगे की कार्यवाही की जा रही है। वहीं खनन कर्मियों ने भी 11 नामजद व आठ अज्ञात लोगों के खिलाफ तहरीर दी है।

### पुलिस की लापरवाही से बढ़े खदान कर्मियों के तेवर

पिछले दिनों हुई मारपीट के बाद कई स्कूली छात्राओं संग मिल ग्रामीणों ने खदान कर्मी दीपक की हरकत की शिकायत पुलिस से की थी। ग्रामीणों का आरोप था कि स्कूल जानें वाली लड़कियों को देख खदान कर्मी दीपक अश्लील कामेंट कर सीटी बजाता था। वही शराब के नशे में होकर पूरे गांव में घूमकर गाली गलौज करता है। उस समय पुलिस ने ग्रामीणों की बात को अनसुना कर दिया। जिसके बाद खदान कर्मियों के हौसले और बुलंद हो गए हैं जिस वजह से आए दिन वह मारपीट करते हैं।

### पिछले दिनों भी ग्रामीणों से हो चुकी है मारपीट

करीब तीन माह पहले रास्ते से निकल रही स्कूली लड़कियों को देखकर खदान कर्मी दीपक द्वारा उल्टे सीधे कामेंट करने व सीटी बजाने को लेकर गुरुवल गांव के ग्रामीणों से मारपीट हुई थी। जिस पर भी खदान कर्मियों ने ग्रामीणों पर ही मुकदमा दर्ज करा दिया था। खदान कर्मियों की इस हरकत को लेकर ग्रामीणों ने उच्चाधिकारियों से भी शिकायत की थी। शिकायत के बाद भी खदान कर्मियों पर कार्यवाही नहीं हुई।

## सार-संक्षेप

### परिवार में चले लाठी- डंडे, रिपोर्ट दर्ज

**औंग।** थाना कल्यानपुर के ग्राम मवईया निवासी रोहित पुत्र चुन्नीलाल ने पुलिस को लिखित तहरीर देकर चार लोगों के खिलाफ मारपीट की रिपोर्ट दर्ज कराई है। तहरीर में कहा गया है कि बीते दिन वादी अपने पिता के साथ पुराने घर की साफ सफाई कर रहा था, तभी परिवार के मुन्नीलाल, विमल व पत्तर उर्फ पवन पुत्र मुन्नीलाल तथा निखिल पुत्र विमल लाठी-डंडे, साबड़ व कुल्हाड़ी लेकर आए और हमला बोल दिया। जिससे वादी को चोटें आई तो वहीं पर वादी के पिता चुन्नीलाल का सिर फट गया। पुलिस मामले की छानबीन कर रही है।

### तमंचे के साथ युवक गिरफ्तार

**जाफरगंज।** थाना क्षेत्र के गढ़ी पेट्रोल पंप के पास से मंसूरपुर निवासी गंगासागर पुत्र श्यामलाल को 315 बोर तमंचे व 2 जिन्दा कारतूस के साथ गिरफ्तार कर पुलिस ने अभियुक्त को जेल भेजा है।

प्रवेश प्रारम्भ
प्रवेश प्रारम्भ
वरुण अर्जुन विश्वविद्यालय
वरुण अर्जुन कॉलेज ऑफ नर्सिंग
उत्तर प्रदेश मेडिकल फैकल्टी से मान्यता प्राप्त
बी.एस.सी. नर्सिंग
(4 वर्षीय डिग्री कोर्स)
शैक्षिक योग्यता : इण्टरमीडिएट साइंस (बायोलॉजी) के साथ
पोस्ट बेसिक नर्सिंग
(2 वर्षीय कोर्स, योग्यता जी.एन.एम. पास आउट)
जी.एन.एम.
(3 वर्षीय नर्सिंग कोर्स, शैक्षिक योग्यता-इंटरमीडिएट 10+2)
ए.एन.एम.
(2 वर्षीय नर्सिंग कोर्स, शैक्षिक योग्यता-इंटरमीडिएट 10+2)
प्रवेश हेतु संपर्क करें :-
मो. 9412151327, 7521001992
पता
वरुण अर्जुन मेडिकल कॉलेज एवं रोहिलखण्ड हॉस्पिटल
NH-24, बन्थरा, जिला शाहजहाँपुर

**धर्म- अध्यात्म** — शहर के रेलबाजार स्थित गुरुद्वारे में सुबह से हुए शबद कीर्तन

# खालसा पंथ का 325वां स्थापना दिवस मनाया

कार्यालय संवाददाता, फतेहपुर



गुरुदारे में प्रसाद चखते भक्त । अमृत विचार

- महिलाएं और बच्चे भी उत्साह के साथ हुए शामिल

**अमृत विचार।** शहर के रेलबाजार में स्थित गुरुद्वारे में शनिवार को खालसा पंथ का स्थापना दिवस उत्साह के साथ मनाया गया। गुरुद्वारा श्रीगुरु सिंह सभा कमेटी की अगुवाई में आयोजन 325वें स्थापना दिवस में सिख समुदाय के लोगों ने हिस्सा लिया। सुबह से ही गुरुद्वारे में सबद कीर्तन आयोजित हुए।

ज्ञानी गुरुवचन सिंह ने बताया कि खालसा पंथ की स्थापना सिखों के दसवें गुरु गोविंद सिंह ने 13 अप्रैल 1699 को पंजाब जिले आनंदपुर साहिब केसगण साहिब में की थी। गुरु गोविंद से सिंह ने खालसा पंथ की स्थापना पांच युवकों को गुरु का पंच प्यारा, गुरु गोविंद सिंह ने साथ में ऐलान किया कि गुरु का हर सिख पंच ककार केश, कड़ा, कंघा, कछ, कृपाण धारण करेगा। यहीं से खालसा पंथ की स्थापना हुई। खालसा का अर्थ शुद्ध होता है, इसी दिन सिख धर्म के दसवें गुरु, गुरु गोविंद सिंह ने प्रेरणादायक विचार दिए। जिसमें पहला था बचन करके पालना, दूसरा किसी से निंदा, चुगली, ईर्ष्या नहीं करनी, तीसरा मेहनत करने में लापरवाही नहीं करनी, चौथा विचार गुरबाणी याद करना तथा पांचवा विचार दसवंड देना यानि अपनी कमाई का दसवां हिस्सा किसी जरूरतमंद की मदद करना, शामिल है।

इस अवसर पर प्रधान सेवक चरनजीत सिंह, जतिन्दर पाल सिंह, परमजीत सिंह, संतोष सिंह, जसवीर सिंह, सोनी, वरिंदर सिंह, सुरिंदर सिंह, गुरमीत सिंह, सतनाम सिंह समेत महिलाओं में मंजीत कौर, हरजीत कौर, हरविंदर कौर, जसपाल कौर, परमीत कौर, नवनीत कौर, सिमरन, खुशी, वीर सिंह आदि मौजूद रहे।

# जागी पुलिस, आरोपियों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज

**खबर का असर**

संवाददाता, असोथर फतेहपुर

- कुएं से पानी भरने पर मां-बेटे की हुई थी पिटाई
- खबर प्रकाशित होने के बाद पुलिस ने दर्ज किया मुकदमा

**अमृत विचार।** थाना क्षेत्र अंतर्गत एक गांव में अनुसूचित जानि के युवक से कुएं में पानी भरने को लेकर 10 अप्रैल को हुए विवाद में कोई कार्रवाई नहीं करने से पुलिस की कार्यशैली पर सवाल खड़े कर दिए थे। मां बेटे के साथ मारपीट और पुलिस द्वारा मामले को गंभीरता से न लेने की खबर अमृत विचार ने प्रमुखता के साथ अपने शुक्रवार के अंक में प्रकाशित किया था। जिसका संज्ञान लेकर पुलिस ने एक नामजद महिला लक्ष्मी पटेल और एक युवक संदीप तिवारी पर मुकदमा दर्ज किया है।

बताते चलें कि असोथर थाना क्षेत्र के बौंडर गांव में एक दलित समाज के परिवार को कुंए से पानी भरने पर दबंगों ने पिटाई कर दिया था। पिटाई से मां बेटे घायल हो गए थे। पीड़ित के शिकायत करने के बाद भी पुलिस ने कोई कार्रवाई नहीं किया था।

वहीं थाना प्रभारी विनोद कुमार मौर्य ने कहा कि तहरीर के अनुसार मुकदमा पंजीकृत किया गया है। आरोपियों के गिरफ्तारी के प्रयास किए जा रहे हैं।

# आफत : मच्छरों के आगे बौना साबित हो रहा मलेरिया विभाग

## बेमानी साबित हो रहा एक अप्रैल से चल रहा संचारी रोग नियंत्रण अभियान

कार्यालय संवाददाता, फतेहपुर

**अमृत विचार।** गर्मी आते ही डेंगू-मलेरिया की दस्तक भी शुरू हो जाती है। स्वास्थ्य विभाग अलर्ट होते हुए मच्छर जनित बीमारियों से बचाने के लिए एक अप्रैल से संचारी रोग नियंत्रण अभियान चलाया जा रहा है, लेकिन मच्छर जनित बीमारियों पर नियंत्रण को जिम्मेदार मलेरिया विभाग स्टॉफ और संसाधनों की कमी से जूझ रहा है। वह मच्छरों के आगे बौना साबित हो रहा है।

मच्छर जनित बीमारियों पर काबू के लिए स्वास्थ्य विभाग ने रणनीति तो बनाई है पर अमल करने के लिए मलेरिया विभाग में कर्मियों का टोटा है। संक्रमित जगहों पर फॉगिंग व एंटीलार्वा का छिड़काव, मरीजों की पहचान मलेरिया विभाग की जिम्मेदारी है। ऐसे में स्टॉफ की कमी से विभाग जिम्मेदारी ठीक ढंग से पूरी नहीं कर पा रहा है। जानकारों की माने तो डेंगू, मलेरिया जैसे रोगों की पहचान को कीट संग्रहाक पद की जिम्मेदारी होती है। जो मच्छरों की पहचान कर, आबादी वाले क्षेत्रों में मच्छरों के घनत्व की जांच इसी के जिम्मे होती है। कीट संग्राहक ही मच्छरों की ब्रीडिंग की जानकारी विभाग तक पहुंचाता है। जिसके बाद विभाग मच्छरों से निजात दिलाने के लिए अभियान चलाता है। मच्छरों की रोकथाम के लिए जमीनी स्तर पर सृजित पदों के सापेक्ष कम ही वर्कर की तैनाती है। जिससे विभाग अपनी गतिविधियों को संचालित कर रहा है।



गलियों में बजबजाती नाली।

### जांच के लिए मिली दो किट

डेंगू की जांच के लिए शासन ने स्वास्थ्य विभाग को दो एलाइजा किट मुहैया कराई हैं। इसके जरिए करीब दो सौ मरीजों की डेंगू जांच हो सकेगी। बताते चलें कि सबसे पहले रैपिड डॉयग्नोस्टिक टेस्ट के जरिए डेंगू की जांच की जाती है। रिपोर्ट पॉजिटिव होने पर एलाइजा किट के जरिए मरीज में डेंगू की पुष्टि की जाती है।

### शहर में गंदगी की भरमार

संचारी रोगों की रोकथाम के खिलाफ चलाए जा रहे अभियान में सफाई कर्मी पलीता लगा रहे हैं। जानकारों की माने तो घरों से निकलने वाली गंदगी को सफाई कर्मी आसपास के खाली प्लॉट में फेंक देते हैं। हवा चलने पर यह गंदगी उड़कर नालियों में चली जाती है और उन्हें चोक कर देती है। पानी का बहाव न होने और जलभराव की हालत में इसी गंदे पानी में मच्छर पनपते हैं और लोगों को बीमार करते हैं।

कचरे का निस्तारण ठीक ढंग से कराने को नगर पालिका की गाड़ियों के जरिए घरों से कूड़ा एकत्रित करने के निर्देश दिए हैं। सफाई कर्मियों को खाली प्लॉट में कूड़ा न फेंकने के निर्देश हैं। ऐसे कर्मचारियों को चिन्हित कर कार्रवाई की जाएगी।

–राकेश गौड़, सफाई निरीक्षक, नगर पालिका

## संदिग्ध परिस्थितियों में महिला की मौत

**बिंदकी फतेहपुर।** संदिग्ध परिस्थितियों में महिला की मौत हो गई। हालांकि उसे सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र ले जाया गया, जहां पर चिकित्सक ने महिला को देखकर मृत घोषित कर दिया। मायके पक्ष के लोगों ने ससुराली जनों पर दहेज हत्या का आरोप लगाया है।

कोतवाली क्षेत्र के लाला का पुरवा मजरे घोरहा गांव निवासी अर्जुन की शादी 11 जून 2023 को थाना चांदपुर क्षेत्र के ग्राम खदरिन मजरे द्वारिकापुर में रामकृपाल की पुत्री ललिता देवी के साथ हुई थी। शनिवार की सुबह करीब 10 बजे ललिता देवी की संदिग्ध परिस्थितियों में मौत हो गई। महिला की मौत की जानकारी मायके पक्ष के लोगों को मिली तो मायके पक्ष से सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पहुंचे। मृतका के पिता राम कृपाल ने पुलिस को तहरीर दिया, जिसमें दहेज हत्या का आरोप लगाया है। बताया कि बाइक तथा 50 हजार रुपये नकद की मांग को लेकर उसकी पुत्री का पति अर्जुन तथा देवर पंचू व रामकेश ने गला दबाकर उसकी पुत्री की हत्या कर दी है।

# घोषणा: रास्ता नहीं तो वोट नहीं

- कई बार आवाज उठाने के बाद भी नहीं बनी रोड
- ग्रामीणों ने लोकसभा चुनाव में सबक सिखाने का बनाया मूड


कार्यालय, संवाददाता फतेहपुर

**अमृत विचार।** बिंदकी तहसील के पीछे नई बस्ती वार्ड तेरह के रहने वाले बहुतायत लोग निर्माणाधीन बस स्टाप बाउंड्री के अंदर से बीस फिट चौड़ा रास्ते की मांग कर रहे हैं। बताया गया कि आवागमन का कोई रास्ता नहीं है, जिससे आग लगने की घटना पर लोगों को जूझना पड़ सकता है। कई बार मांग के बाद भी समस्या का हल नहीं निकलने पर इस बार के चुनाव में प्रत्याशियों को सबक सिखाने के लिए वोट न देने का लोगों ने मन बनाया है।

इस वार्ड में रहने वाले लोगों ने बीस फीट चौड़ा रास्ता दिए जाने की मांग की है। वहीं कृष्णा विद्यालय जूनियर हाई स्कूल की प्रबंध समिति ने उपजिलाधिकारी बिंदकी को एक मांग पत्र देकर निर्माणाधीन उत्तर प्रदेश राज्य परिवहन विभाग के बस स्टाप से 20 फुट चौड़ा रास्ता की मांग की है,उनका कहना है कि पूर्व में इसी बस स्टाप से बस्ती के लोगों के आवागमन का रास्ता रहा है, लेकिन नए बस स्टाप के निर्माण में विभाग के निर्देश पर कार्यदाई संस्था रास्ते को बाउंड्री वाल बनाकर अवरुद्ध कर रही है। मांग पत्र में बताया गया है कि पालिका के वार्ड 13 नई बस्ती की आबादी करीब 500 है।




मोहल्ले में वोट बहिष्कार का लगाया बैनर। अमृत विचार



बस्ती में विद्यालय भी है जहां के लोगों के आवागमन का कोई रास्ता नहीं है। यदि आग लगने जैसी घटना हो जाए तो अग्निशमन की गाड़ी भी नहीं पहुंच पाएगी आवागमन की समस्या को देखते हुए यहां के रहने वाले लोगों ने जनहित को ध्यान में रखकर 20 फुट चौड़ा आम रास्ता दिये जाने की मांग की है। मामले में एसडीएम बिंदकी ने लोगों को न्याय का भरोसा दिया है।

# ट्रक की टक्कर से बाइक सवार युवक की मौत

- मृतक का एक साथी भी गम्भीर रूप से हुआ घायल
- ललौली थाना क्षेत्र के बहुआ कस्बे के समीप हुई दुर्घटना

संवाददाता, फतेहपुर

**अमृत विचार।** ललौली थाना क्षेत्र के बहुआ कस्बे के प्रताप इंटर कॉलेज के समीप ट्रक की टक्कर से बाइक सवार युवक की मौत हो गई वहीं एक साथी गंभीर रूप से घायल हो गया है।

जानकारी के अनुसार थाना क्षेत्र के बहुआ कस्बे के विजय नगर मोहल्ला निवासी रज्जन यादव का 25 वर्षीय पुत्र सोहन यादव बाइक से किसी काम से निकला था। जब वह बहुआ कस्बे के प्रताप इंटर कॉलेज के समीप पहुंचा तभी उसकी बाइक को ट्रक ने टक्कर मार दिया जिससे बाइक सवार सोहन की मौत हो गई। वहीं पोस्टमार्टम हॉउस पहुंचे मृतक के भाई जगमोहन ने बताया की भाई और उसके दो और साथी बाइक पर सवार होकर किसी काम से जा रहे थे। तभी प्रताप इंटर कॉलेज के सामने ट्रक ने उनकी बाइक को टक्कर मार दिया। जिसमें भाई की मौत हो गई और उसके साथी घायल हो गए। घायलों को इलाज के लिए अस्पताल में भर्ती कराया गया जहां उनका इलाज चल रहा है।




## दुष्कर्म का आरोपी दबोचा गया

**असोथर।** पुलिस ने दो माह से फरार चल रहे दुष्कर्म के आरोपी को गिरफ्तार कर न्यायालय भेजा है। वेलेंटाइन डे पर घर में अकेली लड़की से दुष्कर्म कर फरार हो गया था। थाना क्षेत्र के एक गांव की रहने वाली लड़की के पिता ने थाने में तहरीर देते हुए बताया था कि वेलेंटाइन डे पर घर में मेरी पुत्री अकेली थी। जिसपर गांव के युवक विमल उर्फ मूसे पुत्र कुंभकरण ने दुष्कर्म किया और किसी से बताने पर जान से मारने की धमकी देते हुए भाग गया था।

पीड़िता ने अपने परिवारिकजनों को पूरी बात बताई थी। जिस पर पिता ने थाने आकर पुलिस को तहरीर दी थी। पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर आरोपी युवक की गिरफ्तारी के प्रयास कर रही थी। जिसमें पुलिस ने आरोपी युवक को गिरफ्तार कर न्यायालय भेजा है।

# स्कंदमाता की पूजा कर मांगा पुत्र की सलामती का वरदान

चैत्र नवरात्र का पांचवा दिन

- चिलचिलाती धूप में भी नहीं टूट रहीं भक्तों की लाइन
- भोर से घरों एवं मंदिरों में गूंज रही देवी मइया की जयकार

कार्यालय संवाददाता, फतेहपुर

**अमृत विचार।** चैत्र नवरात्र में पंचमी पर शनिवार को घरों से लेकर मंदिरों में स्कंद माता की पूजा हुई। मां अम्बे के दर्शन करने वाले श्रद्धालुओं की भारी भीड़ मंदिरों में जुटी रही । भोर पहर से ही मंदिरों में भक्तों का आवागमन शुरू रहा। चिलचिलाती धूप के बाद भी मां के दर्शन की होड़ लगी रही। देवी भक्त श्रद्धा अनुसार प्रसाद चढ़ाकर मां से मनवांछित फल की कामना की। घरों में भी घंटों व शंख के स्वरों से चारों तरफ का गुंजायमान रहा।

शहर के दुर्गा मंदिर समेत अन्य मंदिरों में श्रद्धालु सुबह शाम पहुंच रहे हैं। जहां श्रद्धालुओं ने मां की अर्चना अराधना पूरे विधि विधान के साथ की। भक्ति भाव में सराबोर भक्तों ने देवी भजन कीर्तन गाए और नृत्य किया। सभी मंदिरों में घंटों व शंख की गूंज से वातावरण भक्ति रस में सराबोर रहा। वहीं घरों एवं मंदिरों में कन्या भोज का भी आयोजन किया गया। जैसे जैसे नवरात्र के दिन आगे बढ़ रहे हैं वैसे वैसे अन्य धार्मिक अनुष्ठानों का भी सिलसिला चल रहा है। कहीं अखंड पाठ तो कहीं दुर्गा चालीसा का पाठ कर देवी भक्त संकट काल से उबरते हुए दुखों से मुक्ति की प्रार्थना की जा रही है। महिला मंडली द्वारा देर शाम तक घरों में देवी गीतों को गाकर मां को खुश कर रही हैं।



नवरात्र में मातारानी की पूजा -आरती में शामिल महिलाएं। अमृत विचार

### लोग करा रहे हैं बच्चों के मुंडन और कर्ण छेदन

चैत्र नवरात्र में पूरा जिला देवी आराधना में लीन हो गया है। देवी मंदिरों में सुबह से ही श्रद्धालुओं की भारी भीड़ उमड़ रही है। हर कोई पूजा-अर्चना कर रहा है। मंदिरों में घंटे-घड़ियाल की ध्वनि के बीच माता को प्रसन्न किया जा रहा है। घरों में स्थापित कलश के सामने लोग सुबह-शाम दीपक जलाकर देवी के सामने शीश झुका रहे है। कोई दुर्गा सप्तशती का पाठ कर रहा है, तो कोई दुर्गा चालीसा का पाठ। शनिवार को शहर के कालिकन मंदिर सहित अन्य मंदिरों में कई लोगों ने मंदिरों में मुंडन, छेदन संस्कार आदि कराए।

### मां काली माता के दरबार में लगा मेला

**थरियांव फतेहपुर।** हसवां क्षेत्र के लक्ष्मनपुर गांव में नवरात्र पर हर वर्ष की तरह इस बार पंचमी पर पौराणिक मेले का आयोजन किया गया। जिसमें तमाम लोगों की सहभागिता रही। मेले में पहुंचे लोगों ने मां काली माता के दरबार में पूजा-अर्चना की तो वहीं लगी दुकानों में जहां बच्चों ने खेल-खिलौने तो वहीं बड़ों ने अपने जरूरत का सामान खरीदा। शनिवार को नवरात्र के अवसर पर पंचमी तिथि को मां काली माता मैदान में भव्य मेले का आयोजन हुआ। जहां दूर दराज से हजारों की तादात में लोग मेले का लुफ्त उठाने आए। बताया गया कि यह परंपरा बहुत ही पुरानी है। पौराणिक मेला विगत कई वर्षों से आयोजित हो रहा है। हर वर्ष दूर से आने वाले लोगों को खाना खाने, पानी पीने की व्यवस्था भी की जाती है। बताया कि यह मेला करीब 40 वर्ष से लगता चला आ रहा है। मेले में झूला, मिट्टी के बर्तन, बच्चों के लिए खिलौने की दुकानें लगाई गई थी।

# शेर अली हत्याकांड का आरोपी गया जेल

कार्यालय संवाददाता फतेहपुर

**अमृत विचार।** ईद के दिन मटन की दुकान में पहले मीट लेने को लेकर दो युवकों में विवाद के बाद एक युवक ने बकरा काटने वाले औजार से दूसरे युवक पर हमला कर मौत के घाट उतार दिया था। पुलिस ने हत्या का खुलासा करते हुए आरोपी को गिरफ्तार किया है।

पुलिस लाइन परिसर के मनोरंजन कक्ष में हत्या का खुलासा करते हुए अपर पुलिस अधीक्षक विजय शंकर मिश्रा ने बताया कि 11 अप्रैल के दिन ईद पर्व पर ईद की नमाज के बाद दोपहर में थरियांव थाना क्षेत्र के कस्बे में सब्बीर मटन शॉप पर कस्बे के ही रहने वाला शेर अली (32) पुत्र टिरी अहमद मीट लेने गया गया था। उसी समय कस्बे के रहने वाले आरोपी युवक चमन (40) पुत्र निसार अहमद भी पहुंचा। मटन शॉप में पहले मीट लेने का विवाद शेर अली ने शुरू कर दिया क्योंकि मृतक नशे की हालत में था। आरोपी युवक से विवाद होने पर बात बढ़ने पर बकरा काटने वाले चाकू से सीने और पेट में वार कर मौत के घाट उतार दिया। भाई अशरफ की तहरीर पर आरोपी सहित दो अज्ञात लोगों के खिलाफ हत्या का मुकदमा दर्ज किया गया था। पलिस ने बताया कि आलाकत्ल भी बरामद हो गया।



हत्याकांड का खुलासा करते एएसपी विजय शंकर मिश्रा। अमृत विचार

## मधुमक्खियों के हमले से कई घायल

**जाफरगंज फतेहपुर।** चांदपुर थाना क्षेत्र के बाबूपुर गांव में वयोवृद्ध सरजू प्रसाद के अंत्येष्टि कार्यक्रम के दौरान चिता में आग लगने के थोड़ी देर बाद पास ही खड़े पीपल के पेड़ में मधुमक्खियों का छत्ता लगा हुआ था।

अचानक मधुमक्खियां भड़क गई और मौके पर मौजूद लोगों पर हमला कर दिया। अफरा तफ़री के बीच लोगों में भगदड़ मच गयी। इन्द्रपाल, अंश, नागेन्द्र, ब्यास, लल्लन, आनन्दपाल सहित आधा दर्जन से अधिक लोगों को मधुमक्खियों ने काट कर घायल कर दिया। वहीं पर एक की हालत खराब होने पर परिजन अस्पताल ले गए।

# बहन की शादी का कार्ड बांटने जा रहे युवक की मौत

संवाददाता, गाजीपुर फतेहपुर

**अमृत विचार।** बहन की शादी का कार्ड बांटने जा रहा बाइक सवार युवक के सामने अचानक नील गाय आ जाने से टक्कर हो गई। जिससे उसकी मौत हो गई।

थाना क्षेत्र के शिवदुलारे का डेरा मजरे बावन निवासी फतेबहादुर अपनी बहन के शादी कार्ड देने जा रहा था। तभी रास्ते में नील गाय आ जाने से गाड़ी अनियंत्रित होकर खेत में बंधे तार से टकरा जाने से वह घायल हो गया। अस्पताल ले जाते समय उसकी मौत हो गई।

24 वर्षीय फतेबहादुर पुत्र जगदेव निषाद मुंबई से अवकाश लेकर अपनी बहन की शादी में शामिल होने आया था। शनिवार को दोपहर दो बजे शादी के कार्ड चिल्ला निमंत्रण देने जा रहा था। तभी शंकर पुरवा थाना ललौली के पास नीलगाय बाइक के सामने आ गई। बचाने के प्रयास में बाइक अनियंत्रित होकर खेत में बंधे कटीले तार से टकरा गई। जिससे फतेबहादुर गंभीर रूप से घायल हो गया। जिसे एम्बुलेंस से गाजीपुर सीएचसी लाया गया, जहां डाक्टर ने मृत घोषित कर दिया।

## सार-संक्षेप

### 29 तक होगा राशन का वितरण

**फतेहपुर।** जिला पूर्ति अधिकारी ने बताया कि 13 से 29 अप्रैल के मध्य राशन दुकानों पर अंतोदय व पात्र गृहस्थी कार्ड धारकों को खाद्यान्न का वितरण कराया जा रहा है। यह वितरण नई ई-पास मशीन के माध्यम से हो रहा है। उन्होंने बताया कि अंतोदय कार्डधारकों को 14 किलोग्राम गेहूं, इतना ही चावल और 7 किलोग्राम बाजरा प्रति कार्ड मिलेगा। जबकि पात्र गृहस्थी राशन कार्ड धारकों को प्रति यूनिट एक किलो ग्राम गेहूं, दो किलोग्राम चावल और दो किलोग्राम बाजरा का निशुल्क वितरण किया जाएगा।

### बिजली की चपेट में आने से महिला की मौत

**थरियांव फतेहपुर।** शनिवार को दूसरे पहर तेज हवा के साथ हुई हल्की बारिश के दौरान क्षेत्र में आकाशीय बिजली भी गिरी। जिसकी चपेट में आकर एक महिला की मौत हो गई। उस समय मृतका खेत में गेहूं की कटाई कर रही थी। थरियांव थाना क्षेत्र के दिहुली गांव निवासी रामदयाल पासवान की 40 वर्षीय पत्नी गायत्री देवी अपने खेतों में गेहूं काट रही थी। तभी 4 बजे आकाशीय बिजली महिला के ऊपर गिर गई। वहीं पास के खेतों में मृतका के पति राम दयाल पासवान अपने जानवर चारा रहे तभी मंजर देख चिल्लाने लगे। आसपास के किसान एकत्र हो गए और तत्काल महिला को सरकारी एंबुलेंस अस्पताल ले गए जहां डाक्टरों ने महिला को मृत घोषित कर दिया। घटना से परिजनों का रो- रोकर बुरा हाल रहा। परिजनों का करुण क्रंदन सुनकर वहां पर मौजूद सभी लोगों की आंखें नम हो गईं।

किसान हलकान

यमुना कटरी क्षेत्र में शुक्रवार की रात हुई ओलावृष्टि, शनिवार को दोपहर बाद फिर आई आंधी और हुई हल्की बारिश

# आंधी और बारिश से खेतों में तैयार गेहूं पर गहराया संकट

कार्यालय संवाददाता, फतेहपुर

**अमृत विचार।** एक बार फिर मौसम में अचानक हुए बदलाव ने किसानों का संकट बढ़ा दिया है। शुक्रवार की देरशाम असोथर यमुना कटरी क्षेत्र में ओलावृष्टि और बारिश होने के बाद शनिवार को दोपहर के बाद आंधी समेत हल्की बारिश ने किसानों की चिंता बढ़ा दी है। हालांकि सुबह से ही बादलों ने डेरा डाल रखा था और करीब साढ़े तीन बजे तेज हवा के साथ हल्की बारिश हो गई। इससे गेहूं की फसल के लिए संकट खड़ा हो गया है। दिनभर किसान गेहूं की फसलों की कटाई में जुटे रहे। ऐसे में खेत से खलिहान तक आपाधापी मची रही।

सुबह से ही मौसम का मिजाज देख किसानों की सांसें अटकी रहीं। किसानों का कहना है कि बारिश हुई तो फसल को भारी नुकसान होगा। बुवाई से लेकर अब तक गेहूं की फसलों को मौसम का साथ मिला है। इस बार पिछले साल की अपेक्षा गेहूं की फसल अच्छी बताई जा रही है। किसान फसल से अच्छी पैदावार की उम्मीद लगाए हैं। खेतों में फसल तैयार भी हो चुकी है। किसान फसलों को सहेजने में जुटे हुए हैं। दिन-रात खेतों में फसलों की कटाई का कार्य चल रहा है। लेकिन ऐन वक्त पर मौसम का मिजाज बदलने से किसानों की चिंता बढ़ गई है।

इन दिनों स्थिति यह है कि खेतों में रबी की फसल गेहूं पकी खड़ी है तो कहीं काटी जा चुकी है, लेकिन शुक्रवार को देरशाम अचानक मौसम ने करवट ली और तेज हवा के साथ बूंदाबांदी हुई। वहीं यमुना कटरी क्षेत्र में ओलावृष्टि भी हुई। शनिवार को सुबह से तेज धूप निकली तो लोगों के पसीने छूट गए। दोपहर बाद एक बार फिर मौसम बदला और तेज गरज के साथ आंधी और हल्की बारिश हुई तो किसान सहम उठे।

**खेतों में कटे पड़े गेहूं भीग गये:** बारिश ने किसानों की मुश्किलें बढ़ा दी हैं। गेहूं की फसल पककर तैयार खड़ी है। गेहूं भीगने के कारण तेज हवा से गिरने का डर है। जबकि खेतों में कटाई के बाद पड़े गेहूं भीग गए हैं। अब फसल सूखने के बाद ही उनकी कटाई हो सकेगी। मौसम के बदले मिजाज ने किसानों की चिंता को और अधिक बढ़ा दिया है। किसानों का कहना है कि यदि बारिश तेज होती है तो गेहूं की बाली काली पड़ जाएगी। कटाई व मड़ाई में देरी होगी। इससे उपज पर प्रतिकूल प्रभाव पड़ेगा। वैसे गेहूं की फसल के तैयार होने के साथ कटाई व मड़ाई का कार्य शुरू हो गया है।



खेत में गिरे पड़े ओले। अमृत विचार

### चिंतित किसान बोले, कैसे पीले होंगे बिटिया के हाथ

ग्रामीण इलाकों में ज्यादातर लोग खेती से घर की गृहस्थी संभालते हैं। बेटी या बेटे की शादी हो या किसी संबंधी की मदद करनी हो। हर काम में खेती से होने वाली आय अहम होती है। इस बार भी किसानों को बहुत उम्मीदें थीं कि उत्पादन अच्छा होगा और बेटी के हाथ पीले कराएंगे अब चिंता सता रही है कि आखिर शादी होगी कैसे या तो कम खर्च में करें या फिर कर्ज लेना पड़ेगा। कुछ किसानों ने बैंकों से गेहूं की फसल के लिए कर्ज लिया है बीमा कंपनी से बीमा कराया है। बारिश हुई तो कर्ज अदायगी व बेटी के हाथ पीले करने की उम्मीद पर पानी फिर जाएगा।

### चहुंओर से किसानों की मेहनत पर फिर रहा पानी

**फतेहपुर।** गर्मी की शुरुआत होते ही बीते सालों की भांति इस साल भी किसानों की मेहनत पर बिजली विभाग की लापरवाही भारी पड़ रही है। विभाग के ढीले व हाईटेंशन लाइन के तारों में हवाओं के कारण होने वाले शार्ट सर्किट के कारण किसानों की उपज जलकर राख हो रही है। इसके बावजूद विभाग द्वारा तारों को दुरुस्त नहीं करवाया जा रहा। जिससे किसानों को हर साल लाखों रुपये की क्षति उठानी पड़ रही है। गेहूं की फसल की कतराई के समय ही गर्मी शुरू हो जाती है। दोपहर के समय चलने वाली तेज हवाओं के कारण तारों में शार्ट सर्किट होने का सिलसिला चलता रहता है। इसके बावजूद विभाग द्वारा अब तक तारों को दुरुस्त नहीं करवाया जा सका। जिससे फसल के ऊपर से गुजरने वाले हाईटेंशन तार किसानों के लिए परेशानी का सबब बनते जा रहे है। इससे काफी नुकसान हो रहा है।

### आंधी से उड़े टिन शेड

शुक्रवार की शाम एवं शनिवार को अपराह्न तेज हवाओं के बीच बूंदाबादी होने से किसानों की धुकधुकी तेज हो गई। तेज हवा के चलते ग्रामीणांचलों में कई स्थानों में पेड़ गिर गए। तो वहीं शहरी क्षेत्र में टीन, छप्पर उखड़ गए। अचानक बदले मौसम के दौरान रुक रुक तेज हवा से लोग भयभीत बने रहे। गनीमत यह रही कि हादसों में अब तक कोई जनहानि का मामला संज्ञान में नहीं आया है।

### अभी तो खेत में खड़ी है फसल

पिछले दिनों से मौसम की बेरुखी से फसलों पर खतरा मंडरा रहा है। आंधी, बारिश और ओलावृष्टि के चलते गेहूं की कटाई में बाधा उत्पन्न हो रही है। छोटे किसान गेहूं कटाई को लेकर हलकान दिख रहे हैं। किसानों ने बताया कि अभी क्षेत्र में 75 फीसदी गेहूं की फसल खड़ी है। कुछ खेतों में कटाई तो हो गई है। लेकिन, मड़ाई अभी नहीं हो पाई। यदि कुदरत ने कहर ढाया तो किसान कहीं का नहीं रह जाएगा।

अमृत विचार
एक सम्पूर्ण अखबार
क्लासीफाइड

वर्गीकृत विज्ञापन हेतु अमृत विचार अखबार के कार्यालय में सम्पर्क करें

**सूचना**

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि मैंने अपना नाम इंद्रजीत से बदलकर इंद्रजीत चौहान रख लिया है अब मुझे इसी नाम से जाना एव समझा जाय। **–इंद्रजीत चौहान पुत्र भगवान दास, निवासी– ग्राम– बरसीपार छावनी टोला, पोस्ट चकोरवा बघेर दास, जिला देवरिया**

**सूचना**

सूचित हो कि पीएमश्री केंद्रीय विद्यालय इटावा में प्रवेश के समय मेरे पुत्र का नाम आर्यन पुत्र सतीश दर्ज है। जबकि वास्तविक एवं सही नाम आर्यन कुमार पुत्र सतीश कुमार है। मेरे पुत्र का नाम आर्यन कुमार ही सही माना जावे। **–सतीश कुमार पुत्र श्री कृष्ण कुमार निवासी ग्राम व पोस्ट दतावली, इटावा**

**सूचना**

सूचित हो कि पीएम श्री केंद्रीय विद्यालय इटावा में प्रवेश के समय मेरे पुत्र अभी पुत्र सतीश कुमार दर्ज है। जबिक वास्तविक एवं सही नाम अभी कुमार पुत्र सतीश कुमार है। मेरे पुत्र का नाम अभी कुमार ही माना जावे। **–सतीश कुमार पुत्र कृष्ण कुमार, निवासी– ग्राम व पोस्ट दतावली इटावा**

**सूचना**

सूचित हो कि मैं **सावित्री देवी पत्नी पूर्णमाशी निवासिनी–ग्राम मेंहदीपुर, ब्लाक हरख, तहसील नवाबगंज, जनपद–बाराबंकी** मेरे आधार कार्ड जिसका नम्बर–8798 7233 6367 में मेरा नाम त्रुटिवश प्रेमा देवी अंकित हो गया है जबकि मेरा सही नाम सावित्री देवी है। यहकि सावित्री देवी व प्रेमा देवी दोनों नाम स्वंय अर्थात मेरे है अन्य कोई दूसरी महिला इस नाम की नहीं है। अत: मेरे आधार कार्ड में मेरा नाम सावित्री देवी अंकित किया जाय।

**सूचना**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है मैंने अपने पुत्र शेख असफाक हुसैन एवं पुत्रवधू नाज फातिमा के गलत कार्य व्यवहारों से व्यथित होकर अपनी चल व अचल संपत्ति से बेदखल करता हूँ। इनके द्वारा किये गये किसी कार्य एवम् लेन–देन के प्रति मेरा व मेरे परिवार की कोई जिम्मेदारी नहीं होगी। **–जुवेद अहमद पुत्र सफदर अली निवासी–587ए/307, गाँधी नगर ई–ब्लॉक, तीसरी गली, तेलीबाग, लखनऊ, उ0प्र0–226002**

# लो वोल्टेज से जिला अस्पताल में सीटी स्कैन बंद

## पूरे दिन सीटी स्कैन कराने को बैठे रहे मरीज, अवर अभियंता बोले- एक्सईएन को भेजें शिकायती पत्र, तभी सुधार

कार्यालय संवाददाता, कन्नौज

**अमृत विचार।** दस दिन बाद ठीक हुई जिला अस्पताल की सीटी स्कैन मशीन शनिवार को लो वोल्टेज की भेंट चढ़ गई। सही वोल्टेज न मिलने से करीब 15 मरीज पूरे समय बैठ कर सही वोल्टेज आने का इंतजार करते रहे। शिकायत करने पर जेई ने कहा कि अधिशासी अभियंता को शिकायती पत्र सीएमएस की ओर से भिजवायें, तभी सुधार होगा।

जिला अस्पताल में मरीजों का लाभ देने के लिये लगाई गई सीटी स्कैन मशीन बीते दस दिन से खराब चल रही थी। शुक्रवार को इस मशीन को इंजीनियरों ने आकर ठीक किया। जांच की गई तो मशीन पूरी तरह से काम करते मिली। इंजीनियर के चले जाने के बाद शनिवार को सीटी स्कैन कराने के लिय जब मरीज पहुंचे तो पाया गया कि लो वोल्टेज आ रहे हैं। इससे मशीन चल नहीं रही है। टेक्नीशियन सही वोल्टेज आने का इंतजार करता रहा। आने वाले मरीजों से भी कहा गया कि वह सही वोल्टेज आने का इंतजार कर रहे हैं। जैसे ही वोल्टेज की समस्या का निदान होगा, वैसे ही सभी के सीटी स्कैन की जांच कर दी जायेगी। इस दौरान रिंकी विलग्राम जनपद हरदोई, नैतिक सरायमीरा, ऊषा देवी भदौसी, रेखा पट्टी, श्रुति गंगधरापुर के अलावा करीब 15 मरीज सीटी स्कैन कराने के लिये जिला अस्पताल के कक्ष के बाहर बैठे रहे। कुछ मरीज कुर्सी व कुछ जमीन में बैठ कर सही वोल्टेज आने का इंतजार करते रहे। जब दो बजे तक इस समस्या का समाधान नहीं हुआ तो टेक्नीशियन ने कहा कि वह कुछ देर प्रतीक्षा और कर ले। जब अस्पताल परिसर में लगी अन्य मशीनें व एसी, पंखा बंद हो जायेंगे तो वोल्टेज सही आ सकते हैं। इससे लोग दो बजे के बाद तक प्रतीक्षा करते रहे। इस संबंध में जेई दीपक कनौजिया से बात की गई दो वह बोले कि बहादुरपुर विद्युत उपकेंद्र राजेश कुमार जेई के क्षेत्र में आता है। इसलिये या तो राजेश कुमार जेई को फोन मिलाओ या अधिशासी अभियंता को जिला अस्पताल के सीएमएस से पत्र भिजवा कर समस्या का निदान करायें।


जिला अस्पताल में सीटी स्कैन कराने के लिए आए मरीज व तीमारदार। अमृत विचार


बंद पड़ी सीटी स्कैन मशीन।

### नौ लाख रुपये खर्च कर ठीक हुई सीटी स्कैन मशीन

जिला अस्पताल की सीटी स्कैन मशीन 11 दिन पहले खराब हो गई थी। इस की खराबी दूर कराने के लिये शासन को पत्र लिखने के बाद स्वीकृति ली गई। इसके बाद कंपनी के इंजीनियर को पत्र भेज कर मशीन को ठीक करने को कहा गया। शुक्रवार को जिला अस्पताल पहुंची इंजीनियरों की टीम ने मशीन की जांच की। इस दौरान एक पार्ट खराब मिलने पर उसे नया डाला गया। बताया जाता है कि जिस पार्ट को बदला गया वह नौ लाख रुपये कीमत का था।

जिला अस्पताल में लो वोल्टेज की समस्या का निदान कराने के लिये अधिशाषी अभियंता को पत्र लिखा जायेगा। जिससे लो वोल्टेज की समस्या का निदान किया जा सके।

**–मगन सिंह, अधिशासी अभियंता विद्युत**

- **जिला अस्पताल में बिजली की समस्या बरकरार**

### 15 मरीजों की प्रतिदिन सीटी स्कैन जांच होती

जिला अस्पताल में लगाई गई सीटी स्कैन मशीन में नियमित 15 मरीजों की जांच की जाती है। खास बात तो यह है कि जिला अस्पताल में सीटी स्कैन कराना पूरी तरह से फ्री है। इस लिये जिन मरीजों को मेडिकल कालेज में रिपोर्ट दिखानी होती वह मरीज भी जिला अस्पताल में सीटी स्कैन कराने के बाद रिपोर्ट लेकर मेडिकल कालेज चले जाते हैं। इस कारण मेडिकल कालेज की तुलना में जिला अस्पताल में सीटी स्कैन कराना मरीज अधिक चाहते हैं।

## किसी क्षेत्र में बेटों से कम नहीं हैं बेटियां

**जलालाबाद-कन्नौज।** शनिवार को पूर्व माध्यमिक विद्यालय जेवां में प्रधानाध्यापक राजीव कुमार मीना मंच का आयोजन किया गया। इसमें बालिकाओं की शिक्षा के स्तर को बढ़ाने के लिए सुगमकर्ता रूचि पांडेय के द्वारा तैयार आधा फुल टीम द्वारा एक नाटिका प्रस्तुत की गई। जिसमें बदलापुर गांव में चार बच्चों पर आधारित खजाने का नक्शा मिलने से लेकर खजाने तक पहुंचने और खजाना मिलते का प्रस्तुतीकरण किया गया।

इस नाटिका का उद्देश्य यह था कि जो काम लड़के कर सकते हैं। वह काम लड़कियां भी कर सकती हैं। बस उनके साथ समाज में भेदभाव न किया जाए। नाटिका में आंशिकी पाल (सीमा), प्रियंका (तारा), सोनाक्षी (अदरख), गौरी (किट्टी) का किरदार निभाया। सुगमकर्ता ने कहा कि बेटियां किसी क्षेत्र में कम नहीं है। बेटियों को बढ़ावा देने के लिए सरकार बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ सहित आदि योजनाएं चला रही है। सभी माता पिता अपनी बालिकाओं को जरूर पढाए। इस दौरान अनुदेशक मिलन कुमार, ज्योति पाल व छात्राएं मौजूद रही।

## एक नजर

### छत गिरने से तीन बच्चे दबकर घायल

**गुरसहायगंज।** शुक्रवार देर रात ग्राम सराय प्रयाग के मजरा भुडा निवासी प्रेम पाल कच्चे मकान में परिवार के साथ खाना खा रहे थे। तभी कमरे की छत अचानक गिर गई। इससे उसकी पुत्री शालिनी (18), डाली (08) व पुत्र नकुल (04) उसमें दब गए। शोर सुन ग्रामीण मौके पर पहुंच गए और राहत कार्य कर मलवे में दबे बच्चों को पुलिस की मदद से बाहर निकाला। इसके बाद तीनों बच्चों को नगर के सीएससी में भर्ती कराया।

### पिकअप की टक्कर से बाइक सवार घायल

**तालग्राम।** ग्राम बनियानी निवासी अभिषेक ने बताया कि 23 मार्च को उनका भाई शैलेश गांव के कुलदीप के साथ बाइक से छिबरामऊ जा रहा था। तभी पिकअप के अज्ञात चालक ने ग्राम हिम्मत नगला गांव के पास बाइक में टक्कर मार दी थी। इससे उसका भाई गंभीर रूप से घायल हो गया। कानपुर में उसका उपचार चल रहा है। पुलिस ने दुर्घटना की रिपोर्ट दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

### अश्लीलता कर रहे युवक को पकड़ा

**तालग्रम, कन्नौज।** अमोलर चौकी प्रभारी राममनोज द्विवेदी ने बताया कि ग्राम बिरियाहार टिकुरियनपुर्वा निवासी सत्येन्द्र भागवत कथा में आने जाने वाली महिलाओं व युवतियों से अश्लीलता कर रहा था। जिसे पुलिस ने ग्राम दलापुर्वा से पकड़ लिया। पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज कर कार्रवाई की है।

### शोक संवेदना व्यक्त की

**छिबरामऊ, कन्नौज।** क्षेत्र के ग्राम सुखरामपुर में ट्रैक्टर की टक्कर से बाइक सवार एक युवक की मौत हो गई थी तथा उसका साथी घायल हो गया था। शनिवार को उनके आवास पर पहुंच कर पूर्व विधायक अरविन्द सिंह यादव ने पीड़ित परिवार को शोक संवेदना व्यक्त की।

# टर्न आउट एप पर वोटर को हर घंटे रिपोर्ट देंगे सेक्टर

कार्यालय संवाददाता, कन्नौज

- **छिबरामऊ विधानसभा क्षेत्र के सेक्टर मजिस्ट्रेटों को दिया गया प्रशिक्षण**
- **12 मई को छिबरामऊ से रवाना होंगी पोलिंग पार्टियां, 12 बजे देंगे बूथ पर हाजिरी**

**अमृत विचार।** लोकसभा चुनाव में इस बार सेक्टर मजिस्ट्रेटों को हर घंटे चुनाव आयोग को रिपोर्ट ऑनलाइन भेजनी होगी। इसके लिए निर्वाचन आयोग ने वोटर टर्न आउट एप जारी किया है, जिसमें पीठासीन अधिकारियों के नंबर फीड किए जाएंगे और मतदान का प्रतिशत तथा अन्य सभी जानकारियां उसी में दर्ज की जाएंगीं। शनिवार को कलेक्ट्रेट सभागार में छिबरामऊ विधानसभा क्षेत्र के सेक्टर मजिस्ट्रेटों को दिए गए प्रशिक्षण में यह जानकारी सदर खंड विकास अधिकारी अमित कुमार सिंह ने दी।

लोकसभा चुनाव के लिए जिले की तीनों विधानसभा क्षेत्रों में 140 सेक्टर मजिस्ट्रेट नियुक्त किए गए हैं, जिनमें शनिवार को छिबरामऊ विधानसभा क्षेत्र के सेक्टर मजिस्ट्रेटों को प्रशिक्षण दिया गया। मास्टर ट्रेनर बीडीओ सदर ने सभी को ईवीएम के बारे में बताया और निर्वाचन आयोग की गाइड लाइन की जानकारी दी। उन्होंने बताया कि सभी सेक्टर मजिस्ट्रेट अपने सेक्टर के मतदान केंद्रों पर जाकर सभी मूलभूत सुविधाओं जैसे सड़क, बिजली, पानी, शौचालय, फर्नीचर आदि की व्यवस्थाओं को पूरा करा लें और इसकी रिपोर्ट जिला निर्वाचन अधिकारी को दें। छिबरामऊ क्षेत्र की पोलिंग पार्टियां निगम मंडी से रवाना होगीं। सेक्टर मजिस्ट्रेट यह सुनिश्चित करें कि प्रत्येक पोलिंग पार्टी दोपहर 12 बजे तक पोलिंग बूथ पर पहुंच जाएं और उनकी उपस्थित एप पर दर्ज करें। सुबह मतदान से पहले निर्धारित समय पर मॉक पोल हो। उन्होंने बताया कि इस बार मतदान कार्मिकों को मानदेय नकद धनराशि के रूप में नहीं दिया जाएगा। निर्वाचन आयोग ने उनके खाते में मानदेय भेजने की व्यवस्था की है। मतदान के बाद सभी बूथों की ईवीएम निगम मंडी कन्नौज में जमा होंगीं। सेक्टर मजिस्ट्रेट अपने क्षेत्र की ईवीएम को जमा कराकर पोलिंग पार्टियों को रिलीव करेंगे। इस दौरान अपर जिलाधिकारी आशीष कुमार सिंह व सहायक जिला निर्वाचन अधिकारी बिनीत कुमार कटियार समेत सभी सेक्टर मजिस्ट्रेट उपस्थित थे।


सेक्टर मजिस्ट्रेटों को प्रशिक्षण देते सदर बीडीओ अमित कुमार सिंह। अमृत विचार

# बिजली के पोल गिराऊ, विभाग बेखबर

कार्यालय संवाददाता,कन्नौज

- **कहीं तिरछे तो कहीं जंग लगे पोल पर दौड़ रही बिजली**
- **बिजली के सुधार को आये रुपये कहां हो रहे खर्च**

**अमृत विचार।** शहर में बिजली व्यवस्था को सुधारने के लिये किये जा रहे प्रयास विभागीय लापरवाही की भेंट चढ़ रहे हैं। शहर के मोहल्ला हम्मालीपुरा में लगा लोहे का बिजली पोल दुर्घटना का कारण बन सकता है। यह पोल जंग खा चुका है। फिर भी बिजली दौड़ रही है। इसी तरह का एक पोल मकरंदनगर के मोहल्ला गदनपुर बड्डू में है जिस पर बिजली की लाइन तो नहीं है पर यह पूरी तरह से झुका और स्टे के सहारे रुका है। यह कभी भी गिर सकता है।

बिजली सुधारने के कार्य में विभाग लापरवाही बरत रहा है। इसी का नतीजा है कि शहर में कई स्थानों पर लगे लोहे के पोल जंग खा चुके हैं। उन पर बिजली भी दौड़ रही है। यदि पोल टूट कर गिरता है तो बड़ा हादसा हो सकता है। कई स्थानों पर पोल झुके हैं। इनकी शिकायत भी विभाग के पास पहुंच चुकी है पर कोई नतीजा नहीं निकल रहा है। यह हाल तब है जब बिजली सुधार के नाम पर जिले को करीब तीस करोड़ रुपये मिले हैं। इनसे क्या काम हो रहा है यह विभाग को ही पता है। इस संबंध में अधिशाषी अभियंता मगन सिंह का कहना है कि शहर में इस तरह के पोल की लाइनमैन से जानकारी ली जायेगी। जिस स्थान पर टूटे या जंग लगे व तिरछे पोल हैं उनको ठीक कराया जायेगा।


शहर के मोहल्ला हम्मालीपुरा में जंग लगा बिजली का पोल। अमृत विचार


मोहल्ला गदनपुरबड्डू में पानी टंकी रोड पर तिरछा खाली खड़ा बिजली का पोल।

## आंबेडकर प्रतिमाओं की पुलिस ने बढ़ाई सुरक्षा

**तिर्वा, कन्नौज।** आगामी लोकसभा चुनाव व डॉ. भीमराव आंबेडकर की जयंती से पूर्व अराजकता फैलाने वालों से निपटने की तैयारी कर ली है। इसे रोकने के लिए पुलिस प्रशासन ने क्षेत्र में स्थित सभी बाबा साहेब भीमराव आंबेडकर की प्रतिमाओं की सुरक्षा बढ़ा दी है। राजनीतिक ध्रुवीकरण व जयंती से पहले माहौल ख़राब करने की फिराक में शुक्रवार को कोतवाली क्षेत्र के पाला गांव में स्थित बाबा साहेब भीमराव आंबेडकर की प्रतिमा को क्षतिग्रस्त कर दिया था। घटना की पुनरावृति न हो इसको लेकर कोतवाली क्षेत्र में 14 स्थानों पर बाबा साहेब भीमराव आंबेडकर की प्रतिमाओं की सुरक्षा बढ़ा दी गई है।

**व्यवस्थाएं पूरी** — लोगों को बताए जा रहे गर्म थपेड़ों से बचाव के तरीके

# हीट वेव से निपटने को जिला अस्पताल तैयार, बनाया गया वार्ड

कार्यालय संवाददाता, कन्नौज

**अमृत विचार।** हीट वेव से निपटने के लिये जिला अस्पताल में व्यवस्थायें पूरी कर ली गई हैं। अस्पताल में इससे पीड़ित मरीजों को उपचार देने के लिये वार्ड तैयार किया गया है। लोगों को हीट वेव से बचाव के तौर तरीके बताये जा रहे हैं। पंपलेट का वितरण भी किया जा रहा है।। ओआरएस घोल का काउंटर खोला गया है। जिस मरीज व तीमारदार को इस घोल की जरुरत होती है, उसे निशुल्क उपलब्ध कराया जा रहा है।

गर्मी के मौसम में लू लगने से उल्टी दस्त की समस्या किसी को भी हो सकती है। इसी को देखते हुए साशन ने जिला अस्पताल में वार्ड तैयार करने के अलावा जागरूकता अभियान चलाने के निर्देश दिये हैं। इसी के तहत जिला अस्पताल को पूरी तरह से तैयार किया गया है। जिला अस्पताल के सीएमएस डॉ. शक्ति बसु का कहना है कि अस्पताल के वार्ड तीन में हीट वेव के मरीजों के लिये एक छह बेड का वार्ड बनाया गया है। इस वार्ड में लगी एसी व पंखों को पूरी तरह से चालू कर दिया गया है, जिससे मरीज के भर्ती होने पर उसे लू लगने पर चंद घंटों में ठीक किया जा सके।



जिला अस्पताल में बनाया गया हीट वेव के मरीजों के लिये वार्ड। अमृत विचार


ओपीडी में खोला गया ओआरएस कार्नर। अमृत विचार

### खोला गया ओआरएस वितरण को काउंटर

जिला अस्पताल की ओपीडी में एक ओआरएस कार्नर खोला गया है। यहां बैठा स्वास्थ्य विभाग का कर्मचारी आने वाले मरीजों को हीट वेव (लू) से बचाव के लिये ओआरएस घोल पीने की सलाह देता है। साथ ही मागने वाले मरीज व तीमारदार को दो पैकेट दे देता है। घोल को किस तरह से पीना है इसकी जानकारी भी देता है।

### बताये जा रहे हीट वेव से बचाव के उपाय

जिला अस्पताल के सीएमएस डॉ. शक्ति बसु ने लोगों को हीट वेव से बचने के उपाय बताते हुए कहा कि गर्मी के मौसम में रसीले फलों का सेवन करें। धूप से बचाव करें। यदि धूप में निकलना हो तो हल्के कपडे पहने धूप से शरीर को पूरी तरह से बचाव करें। खाली पेट घर से निकले। अत्यधिक भोजन न करें। प्याज व हरी मिर्च को खाना में सामिल करें। पानी अधिक मात्रा में पीते रहें। नारियल पानी, छाछ व सलाद को खाने में अधिक प्रयोग करें। चाय, कोल्ड ड्रिंक, काफी को न पियें।

### वाटर कूलर कराये ठीक

जिला अस्पताल में ने वाले मरीजों व तीमारदारों को पीने के पानी की दिक्कत न हो इसके लिये खराब पड़े वाटर कूलर सीएमएस ने ठीक करा दिये हैं। इन के ठीक हो जाने से लोगों को साफ और ठंडा पानी मिलता रहेगा।

# यूरोलॉजी विभाग दो दिन करेगा ओपीडी

**तिर्वा, कन्नौज।** पिछले महीने डॉ भीमराव रामजी आंबेडकर राजकीय चिकित्सा महाविद्यालय में यूरोलॉजी विभाग की शुरुआत की गई थी। प्रत्येक सोमवार को विभाग के डॉ. निखिल गुप्ता की अगुवाई में ओपीडी में मरीजों को देखना शुरू कर दिया। इसी दौरान मेडिकल कॉलेज में पहली बार दो मरीजों का पेशाब सम्बंधित सफल ऑपरेशन भी किया जा चुका है। लगातार मरीजों की बढ़ती हुई संख्या को देखते हुए मेडिकल प्रशासन ने सप्ताह मं दो दिन सोमवार और बुधवार समेत दो दिन ओपीडी शुरू कर दी है। डॉ. निखिल गुप्ता ने बताया कि सप्ताह में एक दिन ओपीडी में मरीजों की संख्या अधिक हो रही थी जिसको देखते हुए बुधवार को भी ओपीडी शुरू की गई है।

### पुरुष के प्रोस्टेट का कैंसर

प्रोस्टेट एक छोटी-सी अखरोट जैसी ग्रंथि होती है जो शुक्राणु संबंधी तरल पदार्थ पैदा करती है। पुरुष का प्रोस्टेट शुक्राणु को पोषित और लाने-ले जाने का काम करने वाला वीर्य-संबंधी तरल पदार्थ बनता है।

### प्रोस्टेट कैंसर के लक्षण

पेशाब करने की इच्छा और रिसाव, पेशाब की कमज़ोर धार, पेशाब की धार बनाकर रखने में कठिनाई, पेशाब टपकना, पेशाब रुक जाना, बार–बार पेशाब आना, या रात में अत्यधिक पेशाब आना।

## सार-संक्षेप


बाजार में सजी फलों की दुकान। अमृत विचार

### नवरात्र पर महंगा हुआ फलों का बाजार

**गुरसहायगंज, कन्नौज।** कोई भी धार्मिक पर्व आता है तो पूजा सामग्री से लेकर फल व आहार सामग्रियां भी महंगी हो जाती है। रमजान के साथ नवरात्र में मांग बढ़ने से फलों के दाम उछाल मार गए हैं। नवरात्र फलों व अन्य खाद्य पदार्थों के दाम आम दिनों की अपेक्षा बढ़े हैं। कुछ दिनों पूर्व सेब की कीमत 80 से 100 रुपये थी। अब 120 से 160 रुपये किलो है। सर्वाधिक बिक्री वाले केला 40 से बढ़कर 70 से 80 रुपये प्रति दर्जन हो गया। अंगूर भी 60 से 80 रूपये किलो है। 100 रुपये प्रति किलो वाले अनार की कीमत 120 रुपये, संतरा 60 से 80 रुपये प्रति किलो बिक रहा है। पूजा में चढ़ने वाला नारियल 30 से 50 रुपये हो गया। मां की चुनरी से लेकर नारियल व अन्य सामग्री के दाम भी आसमान छू रहे हैं। फल दुकानदार आफताब का कहना है कि पहले रमजान और अब नवरात्र के कारण फलों के दाम बढ़े है। दुकानदारी तो बढ़ी है लेकिन लोग कम फल खरीद रहे है।


नलकूप में रजिस्टर का निरीक्षण करते ईओ अनिल पंडित। अमृत विचार

### ईओ ने नलकूपों का किया निरीक्षण, दिए निर्देश

**गुरसहायगंज, कन्नौज।** शनिवार को अधिशासी अधिकारी अनिल पंडित ने नगर की पेयजल व्यवस्था को सुदृढ़ बनाने के लिए नलकूपों का औचक निरीक्षण किया। जिसमें उन्होंने नगर के नलकूप संख्या 01, 09, 12 का स्थलीय निरीक्षण किया। जिसमें उन्होंने पम्प ऑपरेटर लखन सक्सेना, विकास सक्सेना, सचिन गुप्ता ने पेयजल आपूर्ति के रोस्टर की जानकारी ली और समय से आपूर्ति मुहैया कराने के निर्देश दिए। उन्होंने समस्याओं के बारे में जानकारी ली और लापरवाही व मनमानी न बरतने के निर्देश दिए। कहा कि नागरिकों को समय से जलापूर्ति प्रदान की जाए। उन्होंने रजिस्टर का निरीक्षण कर कमियों को दूर करने के निर्देश दिए। इस दौरान वरिष्ठ लिपिक आरपी सिंह, जिलेदार सिंह, जनार्दन मिश्रा, मनोज तिवारी, प्रसन्नजीत मिश्रा, पूरन सिंह आदि मौजूद रहे।


कथा का श्रवण करते श्रोता व इनसेट में पं. घनश्याम पांडेय। अमृत विचार

### श्रीकृष्ण से सीखना होगा मुसीबत से निपटना

**गुरसहायगंज–कन्नौज।** भगवान श्री कृष्ण ने कभी भी अपने जीवन में हार नहीं मानी और उन्होंने हर समस्या का समाधान किया है। ऐसे ही आज के मनुष्य को बनना चाहिए और उनसे सीखना चाहिए कि कितनी भी बड़ी मुसीबत क्यों न आ जाए हमें उसका डटकर सामना करना चाहिए। अधर्म पर चलने वालों को कोई आशीर्वाद नहीं देता है। जो सच्चाई और धर्म के रास्ते पर चलते हैं, उनको ही सदा आशीर्वाद निकलता है। मनुष्य को कर्म के अनुसार ही फल मिलेगा। यह विचार शनिवार को सराय प्रयाग के ग्राम सूलनपुर में चल रही श्रीमद् भागवत कथा के पांचवे दिन कथा व्यास पंडित घनश्याम पाण्डेय ने व्यक्त किए। उन्होने कहा कि मनुष्य ने स्वयं बुरे कर्म कर के जीवन में अमंगल को निमंत्रण दे रखा है। हमारे कर्मों के कारण ही जीवन में कठिनाइयां है। जीवन में सुख चाहते हो तो सनातन के बताए हुए मार्ग पर चलों और वेद, पुराण का अनुशरण करों। जीवन में कभी भी अमंगल नहीं होगा। जिसके घर में श्रीमद् भागवत और रामायण होती है। उसका जीवन सद्मार्ग और सफलता की ओर अग्रसर होता है। इस दौरान परीक्षित सूबेदार सत्य मनोहर सिंह, चंद्र मनोहर सिंह, कृष्ण मनोहर सिंह, संत हरि सिंह, राकेश चौहान, अभय सिंह, शर्मीला सिंह, वैष्णवी सिंह सहित श्रद्धालु मौजूद रहे।

### सौ रुपए में ऑनलाइन बनवाएं फूड लाइसेंस

**तिर्वा–कन्नौज।** बिना फूड लाइसेंस के खाद्य सामग्री बेचते हुए पाए जाने पर खाद्य सुरक्षा विभाग अधिकतम पांच लाख रुपए का जुर्माना लगा सकता है। लोगों को लाइसेंस बनवाने के लिए विभाग ने ऑनलाइन आवेदन करने पर दुकानदार का फूड लाइसेंस बना रहा है। लाइसेंस बनवाने के लिए विभाग जगरूकता अभियान भी चला रहा है। सहायक आयुक्त खाद्य उमेश प्रताप सिंह ने बताया कि किसी भी खाद्य सामग्री की बिक्री कर रहे दुकानदार का सालाना टर्न ओवर 12 लाख से कम है तो वह फूड लाइसेंस बनवाने के लिए किसी भी जनसेवा केंद्र पर सौ रुपए की फीस जमा कर के आवेदन कर सकता है। वहीं 12 लाख रुपए से अधिक टर्न ओवर पर दुकानदार दो हज़ार रुपए की फीस जमा कर आवेदन कर लाइसेंस बनवा सकता है। कोई दुकानदार किसी खाद्य सामग्री का उत्पादन कर रहा है तो तीन हज़ार रुपए फीस जमा करनी होंगी। कहा कि आवेदक के दस्तावेज सही होने पर सात दिनों में ऑनलाइन लाइसेंस जारी कर दिया जाता है।


सम्मान पत्र लेकर एसपी के साथ खड़ीं महिला सिपाही प्रज्ञा व महिमा सिंह।

### उत्कृष्ट कार्य पर दो महिला पुलिसकर्मी सम्मानित

**कन्नौज।** महिला सशक्तीकरण में उत्कृष्ट व सराहनीय योगदान के लिये दो महिला पुलिसकर्मियों को सम्मानित किया गया। पुलिस कार्यालय में एसपी ने प्रशस्ति–पत्र व प्रशंसा चिन्ह प्रदान कर सम्मानित किया। पुलिस अधीक्षक अमित कुमार आनन्द की ओर से मिशनशक्ति कार्यक्रम व ऑपरेशन जागृति में उत्कृष्ट व सराहनीय कार्य करने पर महिला एवं बाल संगठन इकाई में तैनात महिला सिपाही महिमा सिंह व थाना इंदरगढ़ में तैनात महिला सिपाही प्रज्ञा को अपर पुलिस महानिदेशक महिला एवं बाल सुरक्षा संगठन उत्तर प्रदेश, लखनऊ की ओर से बेहतर कार्य पर प्रशस्ति–पत्र व प्रशंसा चिन्ह प्रदान किया गया। एसपी ने प्राप्त प्रशस्ति–पत्र व प्रशंसा चिन्ह प्रदान किया। भविष्य में भी पूर्ण दक्षता के साथ कार्य करने के लिये उत्साहवर्धन भी किया।

# विधानसभा क्षेत्रवार आवंटित हुईं ईवीएम

## राजनीतिक दलों के प्रतिनिधियों के सामने किया गया रेंडमाइजेशन, सुरक्षित की गईं मशीनें

कार्यालय संवाददाता, कन्नौज

**अमृत विचार।** लोकसभा चुनाव के लिए भारत निर्वाचन आयोग ने ईवीएम का विधानसभा क्षेत्रवार आवंटन कर दिया है। राजनीतिक दलों के प्रतिनिधियों के सामने एनआईसी ऑफिस में रेंडमाइजेशन किया गया। इसके बाद वेयर हाउस में आवंटित बैलेट यूनिट, कंट्रोल यूनिट व वीवीपैट की स्कैनिंग कर उन्हें विधानसभा क्षेत्रवार रख दिया गया। अब तीन मई को दूसरे रेंडमाइजेशन में ईवीएम को बूथवार आवंटित किया जाएगा।

शनिवार को एनआईसी सभागार में दोपहर 12 बजे रेंडमाइजेशन की प्रक्रिया प्रारंभ हुई। जिला निर्वाचन अधिकारी शुभ्रांत कुमार शुक्ल, उप जिला निर्वाचन अधिकारी आशीष कुमार सिंह व सहायक जिला निर्वाचन अधिकारी बिनीत कुमार कटियार व सभी मान्यता प्राप्त राजनीतिक दलों के प्रतिनिधियों की मौजूदगी में बैलेट यूनिट, कंट्रोल यूनिट व वीवीपैट का जनपद की तीनों विधानसभा क्षेत्रों में आवंटन किया गया। भारत निर्वाचन आयोग ने ऑनलाइन प्रक्रिया से रेंडमाइजेशन किया, जिसमें सीरियल नंबर, मॉडल नंबर तथा यूनिक आईडी से ईवीएम को छिबरामऊ, तिर्वा व कन्नौज सदर विधानसभा क्षेत्रों के लिए भेजा। इसकी एक-एक प्रति राजनीतिक दलों के प्रतिनिधियों को भी दी गई। इसके बाद वेयर हाउस में बैलेट यूनिट, कंट्रोल यूनिट व वीवीपैट के बारकोड को स्कैन कर उन्हें अलग-अलग विधानसभा क्षेत्रों के स्ट्रांग रूम में रखा गया। सहायक जिला निर्वाचन अधिकारी ने बताया कि अब तीन मई को दूसरा रेंडमाइजेशन होगा, जिसमें ईवीएम को बूथवार आवंटित किया जाएगा।


राजनीतिक दलों के प्रतिनिधियों के साथ रेंडमाइजेशन कराते डीएम शुभ्रांत कुमार।

- वेयर हाउस में की ईवीएम की स्कैनिंग, दूसरे रेंडमाइजेशन में बूथवार आवंटन

### प्रत्येक विधानसभा क्षेत्र के दो-दो लेखपालों को दिए गए स्कैनर

- भारत निर्वाचन आयोग ने ईवीएम के रेंडमाइजेशन में पूरी तरह से पारदर्शी व्यवस्था की है। ईवीएम को विधानसभा क्षेत्रवार सुरक्षित रखने के लिए प्रत्येक विधानसभा क्षेत्र से दो-दो लेखपालों को स्कैनर प्रदान किए गए थे। लेखपालों ने बैलेट यूनिट, कंट्रोल यूनिट व वीवीपैट के बारकोड को अपने मोबाइल से स्कैन किया। इस दौरान वह जिस विधानसभा क्षेत्र की निकली, उसे उसी के स्ट्रांग रूम में रखवा दिया गया। इसके बाद ईवीएम पर विधानसभा क्षेत्र और उसके कोड का लेवल चस्पा कर दिया गया। स्कैनिंग प्रक्रिया में तीनों तहसील क्षेत्रों के लेखपालों को लगाया गया था।

**प्रथम रेंडमाइजेशन की स्थिति**

| विधानसभा क्षेत्र | बूथ | बीयू | सीयू | वीवीपैट |
|---|---|---|---|---|
| 196-छिबरामऊ | 547 | 683 | 683 | 738 |
| 197-तिर्वा | 487 | 608 | 608 | 657 |
| 198-कन्नौज | 485 | 606 | 606 | 654 |

### 125 प्रतिशत बीयू व सीयू और 135 प्रतिशत वीवीपैट सुरक्षित


- जिले के तीनों विधानसभा क्षेत्रों में 1519 बूथ बनाए गए हैं। निर्वाचन आयोग ने पहले रेंडमाइजेशन में कुल बूथों के हिसाब से 125 प्रतिशत बैलेट यूनिट (बीयू), कंट्रोल यूनिट (सीयू) व 135 प्रतिशत वीवीपैट (वोटर वेरीफाइड पेपर ऑडिट ट्रोल) को सुरक्षित किया है। इसके अनुसार जिले में तीनों विधानसभा क्षेत्रों में 1519 बूथों के सापेक्ष 1897 सीयू व बीयू तथा 2049 वीवीपैट को सुरक्षित किया है। उप जिला निर्वाचन अधिकारी ने बताया कि प्रशिक्षण में लगी ईवीएम को छोड़कर कर कुल उपलब्धता के अनुसार शेष बची ईवीएम को रिजर्व रखा जाएगा।

# बदला नियम, कार्मिकों को डाक से नहीं जाएगा पोस्टल बैलेट

खास खबर

कार्यालय संवाददाता, कन्नौज

- मतदान कार्मिकों को अपने गृह जनपद में आकर ही करना होगा वोट
- तैनाती व गृह क्षेत्र में अलग-अलग तारीखों में चुनाव तो सुविधा नहीं



**अमृत विचार।** निर्वाचन आयोग ने सरकारी नौकरी करने वाले कार्मिकों के लिए पोस्टल बैलेट से मतदान करने का नियम बदल दिया है। अब उनको तैनाती वाले जिले में पोस्टल बैलेट नहीं भेजा जाएगा। गृह जनपद (जहां वोट है) में ही आकर मतदान करने की सुविधा मिलेगी। इसके लिए चुनाव तिथि से पहले अलग से कैंप लगेगा।

सहायक जिला निर्वाचन अधिकारी बिनीत कटियार ने बताया कि कन्नौज जनपद के रहने वाले व दूसरे जिले में तैनात कर्मचारियों की ड्यूटी उस लोकसभा क्षेत्र के चुनाव में लग गई है और दोनों जिलों या संसदीय क्षेत्र में मतदान की तारीख एक ही है तो उनको 12क फार्म दिया जाता है। मतदानकार्मिक का प्रशिक्षण लेने के दौरान 12क फार्म भरकर जमा करना होता है। यह इसलिए होता है कि मतदानकार्मिक वोट करने से वंचित न रह जाएं। सहायक जिला निर्वाचन अधिकारी ने बताया कि दूसरा प्रशिक्षण तीन से आठ मई को पुलिस लाइन मार्ग स्थित एक निजी विद्यालय में होगा। उसी में पोस्टल बैलेट से मतदान के लिए सुविधा केंद्र खुलेगा। कन्नौज के रहने वाले या जिनका यहां मत है उनको पोस्टल बैलेट की सूचना पहुंच जाएगी। पहले पोस्टल बैलेट तैनाती वाले जिले में ही भेज दिया जाता था। सहायक जिला निर्वाचन अधिकारी ने बताया कि गोपनीयता भंग न हो, इसलिए आयोग ने यह फैसला लिया है। अगर तैनाती व गृह क्षेत्र में अलग-अलग चरण में मतदान होता है तो पोस्टल बैलेट से मतदान की सुविधा नहीं मिलेगी। पोस्टल बैलेट से मत देने के लिए चुनाव ड्यूटी व मतदाता पहचान पत्र लाना जरूरी होगा। अगर पहचान पत्र नहीं है तो आयोग से तय कुल 12 विकल्पों में से कोई एक होना चाहिए। दूसरी ओर पहले चरण का प्रशिक्षण 18 से 21 अप्रैल तक होगा। पहले ट्रेनिंग का समय 18 से 22 अप्रैल तक का था, उसमें 21 तारीख को अवकाश घोषित किया गया था। बाद में इसे बदल दिया गया।

## मतदान कर अपने अधिकार व कर्तव्य का करें प्रयोग

**गुरसहायगंज।** शनिवार को नगर के जेपी एजूकेशन एकेडमी में सुव्यवस्थित मतदाता शिक्षा एवं निर्वाचन सहभागिता कार्यक्रम (स्वीप) के तहत कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिसमें प्रधानाचार्य अमरेंद्र सिंह ने छात्र-छात्राओं को स्वीप का अर्थ बताकर मतदान के महत्व को समझाया। छात्र और छात्राओं ने विभिन्न गतिविधियों में प्रतिभा का प्रदर्शन किया।

प्रधानाचार्य ने बताया कि 13 मई 2024 को लोकसभा चुनाव के लिए शत प्रतिशत मतदान की अपील की। छात्रों ने लघु नाटक का मंचन कर मतदान के लिए जागरूक किया। छात्र-छात्राओं ने लोकतंत्र में मतदान के महत्व को इंगित करते हुए भाषण प्रस्तुत किया। कार्यक्रम संयोजक सिद्धार्थ गुप्ता, आरती शर्मा, आशुतोष राजपूत ने बताया कि उच्चाधिकारियों के निर्देशन में मतदाता जागरुकता कार्यक्रम संचालित किए जा रहे हैं। प्रधानाचार्य अमरेंद्र सिंह ने सभी को मतदाता शपथ दिलाई। कहा कि मतदान करने के बाद हमें गर्व की अनुभूति होती है। यदि हम अपने इस अधिकार का प्रयोग नहीं करते तो हम अपने अधिकार व कर्तव्य से वंचित रह जाते हैं।

## 1459 स्कूलों में कल हस्ताक्षर अभियान

कार्यालय संवाददाता, कन्नौज

**अमृत विचार।** जिलेभर के 1459 प्राथमिक, जूनियर व कंपोजिट विद्यालयों (परिषदीय स्कूलों) में कल यानि 15 अप्रैल को अभिभावक व अध्यापकों की बैठक होगी। इसमें मतदाता जागरुकता अभियान के तहत हस्ताक्षर अभियान कार्यक्रम चलेगा। छात्र-छात्राएं नुक्कड़ नाटक पेश करेंगे। शपथ के अलावा सरल क्विज प्रतियोगिताएं भी होंगी।

बीएसए उपासना रानी वर्मा ने बताया कि कार्यक्रमों के लिए सभी बीईओ व नगर शिक्षा अधिकारी को चिट्ठी जारी हो चुकी है। लोकसभा क्षेत्र के सामान्य चुनाव के लिए बैठकों में सभी अभिभावकों को 13 मई को वोट जरूर देने के लिए प्रेरित किया जाएगा। 15 मई को बैठक में स्वघोषणा करते हुए बैनर में हस्ताक्षर के अलावा सेल्फी प्वाइंट पर सेल्फी क्लिक कर उसे सोशल मीडिया पर पोस्ट करने के लिए अभिभावकों को प्रेरित किया जाएगा। मतदान के लिए शपथ भी दिलाई जाएगी। छात्र-छात्राओं की ओर से गीत भी पेश किए जाएंगे। बीएसए ने बताया कि कार्यक्रम का शुभारंभ सभी विद्यालयों में सुबह 10 से हो जाएगा जो दोपहर 12 बजे तक चलेगा। इसके बलावा स्कूल चलो अभियान के तहत बच्चों के विद्यालयों में प्रवेश कराने, निपुण भारत मिशन के तहत विद्यार्थियों के शैक्षिक स्तर व शत-प्रतिशत हाजिरी पर चर्चा होगी।

**इस तरह मिला है विद्यालयों को लक्ष्य**

| ब्लॉक | कुल विद्यालय | कुल विद्यार्थी | छात्रों का लक्ष्य |
|---|---|---|---|
| कन्नौज | 177 | 20451 | 16360 |
| गुगरापुर | 90 | 9090 | 7272 |
| जलालाबाद | 90 | 10596 | 8476 |
| तालग्राम | 186 | 16863 | 13490 |
| छिबरामऊ | 231 | 19436 | 15548 |
| सौरिख | 181 | 13519 | 10815 |
| हसेरन | 159 | 11511 | 9208 |
| उमर्दा | 325 | 26124 | 20900 |
| कन्नौज नगर | 20 | 1779 | 1423 |

- अभिभावक-अध्यापक की बैठकों में मतदान जरूर करने का होगा आह्वान
- विद्यालयों में शपथ, सरल क्विज प्रतियोगिताएं व नुक्कड़ नाटक भी होंगे

## तमंचे के साथ पुलिस ने तीन को दबोचा

कार्यालय संवाददाता, कन्नौज

**अमृत विचार।** सदर कोतवाली व ठठिया थाना पुलिस ने अलग-अलग स्थानों पर छापेमारी कर दो शातिरों को तमंचा समेत गिरफ्तार किया है। वहीं सौरिख में एक युवक को तंचा के साथ पुलिस ने पकड़ा।

प्रभारी निरीक्षक कोतवाली कन्नौज दिग्विजय सिंह के नेतृत्व में मकरंदनगर चौकी प्रभारी दीपक कुमार ने राजा पुत्र मुस्लिम निवासी मोहल्ला गदनपुर बड्डू थाना कोतवाली कन्नौज को देशी तमंचा 315 बोर के साथ गिरफ्तार किया गया। आरोपी के खिलाफ दस मुकदमें सदर कोतवाली में दर्ज हैं। इसी तरह क्षेत्राधिकारी तिर्वा डॉ. प्रियंका बाजपेई के मार्ग दर्शन में ठठिया थानाध्यक्ष किशन पाल सिंह के नेतृत्व पुलिस ने शातिर अपराधी विवेक यादव उर्फ गप्पू पुत्र जगदीश यादव निवासी ग्राम दीवान निवादा थाना ककवन जनपद कानपुर नगर को कुढिना नहर पुल के पास से देसी तमंचा 315 बोर के साथ गिरफ्तार किया है। संबंधित के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कराई गई है। शातिर के खिलाफ इंदरगढ़, कानपुर नगर के थाना बिल्हौर, ककवन व ठठिया थाने में आधा दर्जन मुकदमें दर्ज हैं।

**सौरिख संवाददाता के अनुसार** मुखबिर की सूचना पर बिधूना रोड इण्डेन गैस गोदाम के पास अमरूद के बाग में एक युवक को पुलिस ने संदेह पर पकड़ा। जामा तलाशी के दौरान युवक के कब्जे से तमंचा और एक जिंदा कारतूस बरामद हुआ। पूछताछ में युवक ने अपना नाम अंकित गिहार पुत्र मिलाप गिहार निवासी नगरिया महादेव बताया। पुलिस ने युवक के खिलाफ आर्म्स एक्ट में मुकदमा दर्ज कर जेल भेज दिया।

### एक नजर

#### युवक से मारपीट करने की रिपोर्ट दर्ज

**गुरसहायगंज, कन्नौज।** ग्राम सौसरापुर निवासी इकबाल ने दर्ज कराई रिपोर्ट में बताया कि सात अप्रैल की शाम लगभग छह बजे पड़ोस के मुन्ना, सलमान, खुर्शीद व बिलाल ने घर में बकरा घुसने के विवाद में दरवाजे पर आकर गाली गलौज की। मना करने पर उसे लाठी डंडों से मारपीट कर घायल कर दिया और जान से मारने की धमकी दी। कोतवाली पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज कर मामले की जांच शुरू कर दी है।

#### कार को क्षतिग्रस्त कर युवक को दी धमकी

**गुरसहायगंज, कन्नौज।** ग्राम गुगरापुर निवासी सौरभ सिंह ने दर्ज कराई रिपोर्ट में बताया कि 12 अप्रैल की रात लगभग 10 बजे गांव के अवनीश कुमार ने दरवाजे पर आकर शराब के लिए रुपये मांगे। मना करने पर घर पर खड़े ट्रैक्टर को चला कर उसके घर के बाहर खड़ी उसकी कार में टक्कर मार दी और जान से मारने की धमकी दी। कोतवाली पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज कर मामले की जांच शुरू कर दी है।

#### बाइक की टक्कर से युवक घायल, रेफर

**सौरिख, कन्नौज।** क्षेत्र के कूकापुर गांव निवासी रवि पुत्र सिपाही लाल शनिवार को परौर गांव अपने दोस्त से मिलने गया था। वापस आते समय जैसे ही उनकी बाइक ईजलपुर पुलिया के पास पहुंची, तभी कुसमरा की तरफ से आ रहे तेज रफ्तार बाइक सवार ने पीछे से टक्कर मार दी, जिससे रवि गंभीर रूप से घायल होकर गिर गया। राहगीरों की मदद से 108 एंबुलेंस की सहायता से सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र भेजा गया, जहां प्राथमिक उपचार के बाद डॉक्टर ने तिर्वा मेडिकल कॉलेज रेफर कर दिया।

## स्कंदमाता की पूजा कर मांगा संतान प्राप्ति का वरदान

कार्यालय संवाददाता, कन्नौज

**अमृत विचार।** नवरात्र के पांचवें दिन माता के स्वरूप स्कंदमाता की पूजा-अर्चना की गई। स्कंदमाता संतान की देवी मानी जातीं हैं, इसलिए निःसंतान दंपतियों ने मंदिर जाकर मातारानी के दर्शन किए तथा मनौतियां मांगीं। दिन भर मंदिरों में पूजा-अर्चना का क्रम चलता रहा तो घरों में भक्तों ने दुर्गा सप्तशती का पाठ किया।

शनिवार को नवरात्र के पांचवें दिन माता के मंदिरों में सुबह से ही भक्तों के आने का सिलसिला जारी हो गया था। सिंहवाहिनी देवी मंदिर में महिलाएं अपने सुहाग के साथ पूजा अर्चना के लिए पहुंचीं। पुजारी ने बताया कि मां स्कंदमाता की पूजा पवित्र और एकाग्र मन से करनी चाहिए। स्कंदमाता की उपासना से भक्त की सारी इच्छाएं पूरी होती हैं। इसके अलावा स्कंदमाता की कृपा से संतान के इच्छुक दंपती को संतान सुख प्राप्त होता है। अगर बृहस्पति कमजोर हो तो स्कंदमाता की पूजा आराधना करनी चाहिए। माता फूलमती और क्षेमकली मंदिर में दर्शनों के लिए भक्तों की भीड़ जुटी रही। भक्तों ने मां की पूजा अर्चना कर सुख, शांति और समृद्धि का आशीर्वाद लिया।

**महाआरती के बाद बांटा गया प्रसाद**

नवरात्र के पांचवें दिन शहर के प्रमुख देवी मंदिरों में भक्तों ने धूमधाम से पूजा-अर्चना की। सिद्धपीठ फूलमती देवी मंदिर में मातारानी का ताजे फूलों से श्रृंगार किया। शाम को महाआरती के बाद प्रसाद का वितरण किया गया। इस दौरान सपा नेता नवाब सिंह यादव ने भी भक्तों को प्रसाद वितरित किया। सुरक्षा व्यवस्था के लिए मंदिरों के बाहर भारी संख्या में पुलिस बल तैनात रहा।

## रामकथा में बताए मुक्ति के उपाय


कथावाचक कौशल महाराज।


कथा पंडाल में उपस्थित श्रद्धालु। अमृत विचार

कार्यालय संवाददाता, कन्नौज

**अमृत विचार।** संत समागम हरि कथा तुलसी दुर्लभ होय..अर्थात संतों का सानिध्य और भगवान की कथा प्राप्त होना बहुत ही दुर्लभ होता है। भगवान की कृपा से कथा श्रवण करने का अवसर प्राप्त होता है। जो कथा का श्रवण कर लेता है, उसके जन्म जन्मांतर के पाप दूर हो जाते हैं। राम कथा के उपरांत रात में भव्य राम बारात निकाली गई।

शनिवार को तिर्वा क्षेत्र के डम्मरपुर गांव में चल रही रामकथा के पांचवे दिन आनंदेश्वर पीठाधीश्वर कौशल जी महाराज ने भक्तों को कथा का महत्व बताया। आचार्य ने सीता स्वयंवर की कथा में बताया कि धर्म स्थापना के लिए भगवान का अवतरण होता है। ज्ञान पाना हो तो काशी जाए, वैराग्य पाना है तो अयोध्या जाएं, प्रेम पाना हो तो वृंदावन धाम जाएं। भक्ति पाने के लिए यमुना के किनारे, मुक्ति पाने के लिए गंगा के किनारे जाएं लेकिन भगवान को पाने के लिए कथा श्रवण करनी पड़ेगी। महाराज जी ने कहा कि बच्चों को संस्कारित करने के लिए माताओं का विशेष योगदान है। वही माताएं पुत्रवती जिन्होंने बालकों को राम भक्त बनाया। रात्रि बेला में नगर में भव्य राम बारात में निकाली गई। रथ पर विराजमान चारों भाइयों राम, लक्ष्मण, भरत, शत्रुघ्न की छटा अद्भुत थी। लोगों ने राम बरात पर पुष्पवर्षा की और जयकारे लगाए। युवा बैंड बाजों की धुनों पर थिरकते रहे। प्रभात त्रिपाठी, बलराम सिंह बघेल, मुन्नू सिंह, रिंकू मौजूद रहे।

सोशल मीडिया पर छाए | लोकसभा चुनाव में वोटर्स को प्रेरित कर मतदान प्रतिशत बढ़ाने की पहल

# बनाए गए मतदान जागरुकता के लोगो

कार्यालय संवाददाता, कन्नौज

**अमृत विचार।** कन्नौज लोकसभा क्षेत्र का सांसद चुनने के लिए 13 मई को वोट डाले जाएंगे। जिला निर्वाचन अधिकारी ने मतदान प्रतिशत बढ़ाने व वोटरों को जागरूक करने के लिए कई विभागों को जिम्मेदारी दी है। उसी के तहत कुछ परिषदीय विद्यालयों ने ऐसे लोगो जारी किए हैं, जो बिना प्रलोभन के मत देने को प्रेरित कर रहे हैं।

स्वीप कार्यक्रम के तहत बेसिक शिक्षा विभाग भी लगा है। लोकसभा सामान्य निर्वाचन 2024 को लेकर मतदाताओं को जागरूक किया जा रहा है। इसके लिए अधिकारी व शिक्षक सोशल मीडिया प्लेटफार्म का सहारा ले रहे हैं। यह लोग व्हाट्सएप पर डीपी के अलावा स्टेटस भी इस तरह लगा रहे हैं जो मतदाताओं को 13 मई को वोट जरूर देने की बात कह रहे हैं। व्हाट्सएप पर डीपी लग रही है।



बेसिक शिक्षा विभाग ने जारी किया लोगो।

**इन विद्यालयों के वायरल हो रहे लोगो**

ब्लॉक सदर कन्नौज क्षेत्र के उच्च प्राथमिक स्कूल हैवतपुर कटरा ने मतदाताओं से अपील है कि मतदान केंद्र पहुंचकर राष्ट्रहित में मतदान अवश्य करें का लोगो बनाया है। इसमें उम्र 18 पूरी है, मत देना बहुत जरूरी है... भी लिखा है। इसी ब्लॉक के अंग्रेजी माध्यम प्राथमिक स्कूल बहादुरपुर उज्जैना ने संकल्प वृक्ष पर हस्ताक्षर अभियान वाला लोगो जारी किया है। इसमें धर्म, वर्ग, जाति, समुदाय व बिना किसी प्रलोभन के वोट करने की माब कही गई है। ब्लॉक सौरिख क्षेत्र के प्राथमिक विद्यालय सराय प्रताप ने पहले मतदान फिर अन्य काम वोट करें, दूसरों को भी प्रेरित करें स्लोगन लिखा व ईवीएम बना लोगो बनाया है। अन्य कई विद्यालय के भी लोगो बनाए गए हैं।

> बेसिक शिक्षा विभाग ने लोकसभा क्षेत्र के चुनाव में सभी की भागेदारी तय करने के लिए लोगो जारी किया है। इसमें चुनाव का पर्व, देश का गर्व और 13 मई दिन सोमवार को कन्नौज करेगा वोट स्लोगन लिखे हैं। कई शिक्षक इसमें सहयोग कर रहे हैं। अभियान का मकसद मतदान प्रतिशत में वृद्धि करना है।
>
> -उपासना रानी वर्मा, सह नोडल अधिकारी, स्वीप/ बीएसए

## मारपीट में महिला सहित तीन घायल रिपोर्ट दर्ज

**गुरसहायगंज।** ग्राम डुंडवाबुजुर्ग निवासी शहनाज बेगम ने दर्ज कराई रिपोर्ट में बताया कि 12 अप्रैल की शाम लगभग 07.30 बजे रंजिश को लेकर गांव के मोहसिन, तसलीम व अनस ने दरवाजे पर आकर गाली गलौज की। मना करने पर उसे लाठी डंडों से मारपीट कर घायल कर दिया और जान से मारने की धमकी दी। बीच बचाव में आए उसके पुत्र नूर मोहम्मद को भी मारपीट कर घायल कर दिया। जबकि दूसरे पक्ष से तसलीम ने गांव के नूर मोहम्मद, शबनम पर गाली गलौज व मारपीट का आरोप लगाया है। कोतवाली पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज कर मामले की जांच शुरू कर दी है।

## सार-संक्षेप


गंगेश्वरनाथ मंदिर में आरती करते श्रद्धालु। अमृत विचार

### संध्या आरती में भक्तों ने की आराधना

**गुरसहायगंज, कन्नौज।** पावर हाउस स्थित गंगेश्वर नाथ मंदिर में श्री गंगेश्वरनाथ सेवा समिति के तत्वावधान में 23वें विशाल दुर्गा महोत्सव का आयोजन चल रहा है। नवरात्रि के पंचम दिवस की संध्या पर भाजपा नेता दिनेश यादव, संजीव गुप्ता संजू, नगर अध्यक्ष धर्मेन्द्र कौशल, रामअवतार चैरसिया, विहिप जिला कार्याध्यक्ष नीरज मिश्रा, अरविंद यादव, रविंद्र सक्सेना, उमाकांत सैनी, अनुराग गुप्ता, अंकित चैरसिया, धर्मेन्द्र गुप्ता सहित तमाम श्रद्धालुओं ने संध्या आरती में मां स्कंदमाता की आरती वंदना कर पूजा अर्चना की और का गुणगान किया।


कालिका देवी मंदिर में पूजा-अर्चना करते भक्त। अमृत विचार

### भजन कीर्तन कर स्कंदमाता का किया गुणगान

**छिबरामऊ, कन्नौज।** चैत्र नवरात्र के पांचवे दिन गुरूवार को मां स्कंदमाता के भक्तों ने सिद्धपीठ मां कालिकादेवी मन्दिर पहुंचकर मां दुर्गा की पांचवीं शक्ति मां स्कंदमाता की आराधना की। व्रत रखने वाले श्रृद्धालुओं ने मां के भवन पर पांचवीं अझारी लगा व्रत शुरू किया। नगर में देवी मंडपों में आयोजित किए जा रहे धार्मिक अनुष्ठानों में भक्तों ने भजन कीर्तन कर मां का गुणगान किया। गमा देवी मंदिर पर भी महिलाओं ने माता का गुणगान किया। शाम को महाआरती में भक्तों की भारी भीड़ उमड़ पड़ी।


सिकंदरपुर में जागरुकता रैली निकालते छात्र-छात्राएं। अमृत विचार

### सारे काम छोड़कर पहले करें मतदान

**छिबरामऊ, कन्नौज।** स्वीप कार्यक्रम के तहत भारतीय शिक्षा सदन इण्टर कालेज सिकंदरपुर के छात्र-छात्राओं मतदाता जागरूकता रैली निकाल कहा कि मतदान के वक्त सबसे पहले सारे काम छोड़कर मतदान करें। कस्बे में जीटी रोड पर मैन बाजार होते हुए रैली निकाली गई। अध्यापकों व छात्र छात्राओं ने बैनर लेकर अधिक से अधिक मतदान करने के लिए लोगों को प्रेरित किया। इस दौरान कालेज समिति के अध्यक्ष राजेश मिश्रा, प्रधानाचार्य योगेंद्र कुमार, सुरेंद्रनाथ कुरील, सप्तऋषि त्रिपाठी, योगेंद्र प्रकाश शुक्ला, प्रवेश कुमार, डीडी दीक्षित, राजीव, राधेश्याम श्याम व महिला अध्यापक नीरजा व अंजना बाजपेई मौजूद रहे।


जलालाबाद में रूटमार्च करते पुलिसकर्मी व असम राइफल्स के जवान।

### गलियों में भ्रमण कर दिलाया सुरक्षा का भरोसा

**जलालाबाद, कन्नौज।** लोकसभा चुनाव के को देखते हुए कोतवाली पुलिस ने असम राइफल्स के जवानों के साथ रूट मार्च किया। जनता को शांति व सुरक्षा का एहसास दिलाया। सोमवार को आगामी लोकसभा सामान्य निर्वाचन 2024 के मद्देनजर कोतवाल जयप्रकाश शर्मा के नेतृत्व में जसोदा चौकी प्रभारी सुनील कुमार चौधरी व असम राइफल्स के जवानों ने रूटमार्च किया। जिसमें टीम ने कस्बा के जीटी रोड, जेल रोड, हरदेवपुरवा, सदर बाजार, गांधी चौक, इमाम चौक, अखिल नगर, विजय नगर आदि स्थानों पर भ्रमण कर जनता को शांति व सुरक्षा व्यवस्था का भरोसा दिलाया। इस दौरान सत्यवान सिंह, मान बहादुर सिंह, नीरज कुमार, कृष्णकांत, कर्मेंद्र सिंह आदि मौजूद रहे।

### किशोर के साथ किया कुकर्म, आरोपी गिरफ्तार

**सौरिख-कन्नौज।** युवक ने किशोर को अकेला देखकर उसके साथ कुकर्म की घटना को अंजाम दिया। पिता की तहरीर पर पुलिस ने मुकदमा पंजीकृत कर युवक को जेल भेज दिया। कस्बा निवासी किशोर के पिता ने बताया शुक्रवार को बेटा गाय को चराने के लिए गया हुआ था। उसी समय वहां पहले से ही मौजूद एहसन पुत्र बाबू अली ने पुत्र को पकड़ लिया और उसके साथ कुकर्म किया।

# समझौता न करने पर दबंगों ने घर में घुसकर परिवार से मारपीट की

संवाददाता फर्रुखाबाद

**अमृत विचार।** थाना मऊदरवाजा क्षेत्र में पुराने विवाद में समझौता न करने पर दबंगों ने पांच लोगों को मार पीट कर घायल कर दिया। थाना क्षेत्र के गांव ढिलावल निवासी स्वर्गीय रामपाल सिंह के 55 वर्षीय पुत्र रनवीर सिंह का गांव के ही राम रहीस पुत्र राम सिंह, श्याम सिंह पुत्र राम सिंह, रतन पुत्र अजय सिंह, विशाल पुत्र श्याम सिंह से पुराना विवाद चल रहा है। रणवीर सिंह से यह लोग पुराने विवाद में समझौते का दबाव बना रहे थे। रणवीर सिंह ने समझौता करने से मना कर दिया। तो इन सभी गांव के दबंगों ने स्व. रामपाल सिंह के पुत्र रनवीर सिंह, विनय सिंह, रनवीर सिंह के पुत्र जयवीर सिंह, रनवीर सिंह की पत्नी किरण देवी, रनवीर सिंह की पुत्री प्रीती सिंह, को घर में घुसकर लाठी-डंडों से पीटकर घायल कर दिया है। सूचना पर पहुंची पुलिस ने सभी घायलों को लिंजीगंज सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में भर्ती कराया। तहरीर के आधार पर सभी घायलों का इलाज के बाद मेडिकल परीक्षण कराया गया है।

मामले पर थाना मऊदरवाजा थानाध्यक्ष अमित गंगवार ने बताया कि पुराने विवाद को लेकर दो पक्षों में मारपीट हुई है। तहरीर के आधार पर पांच लोगों का मेडिकल परीक्षण कराया गया है आगे की जांच कर कार्रवाई की जाएगी।

### पुत्र ने पिता पर धारदार हथियार से हमला किया

**फर्रुखाबाद।** कलयुगी बेटे ने पिता को हमला कर घायल कर दिया। पुलिस ने लोहिया अस्पताल में घायल का मेडिकल परीक्षण कराया है। थाना कादरीगेट क्षेत्र के गांव खानपुर कोटा निवासी नत्थूलाल के पुत्र सुरेश के ऊपर कलयुगी बड़े बेटे विशाल ने धारदार हथियार से हमलाकर घायल कर दिया। सूचना पर पहुंची पुलिस ने घायल पिता सुरेश को जिला अस्पताल लोहिया की इमरजेंसी में भर्ती कराया है। तहरीर के आधार पर पुलिस ने घायल सुरेश का इलाज कराने के बाद मेडिकल परीक्षण कराया है। थानाध्यक्ष अवधनारायण पांडे ने बताया कि सुरेश के बड़े बेटे विशाल ने मारपीट कर दी है। सुरेश की तहरीर के आधार पर पुलिस ने जिला अस्पताल लोहिया में मेडिकल परीक्षण कराया गया है। बेटे के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर कड़ी कार्रवाई की जाएगी।


लोहिया अस्पताल में परीक्षण के लिए आया पिता।

# अन्ना मवेशी की टक्कर से बाइक सवार की मौत

संवाददाता, फर्रुखाबाद

● मिर्जापुर ब्लाक के पास रात को हुआ हादसा

**अमृत विचार।** अन्ना मवेशी की टक्कर से घायल बाइक सवार की मौत हो गई। परिजन देर रात घायल को लेकर लोहिया अस्पताल पहुंचे, जहां डॉक्टर ने मृत घोषित कर दिया। पड़ोसी जिला शाहजहांपुर के थाने परोर के गांव अजीत नगला निवासी अशोक (30) का भतीजा दानवीर बाहर नौकरी करता है। वह शुक्रवार रात 10 बजे फर्रुखाबाद पहुंचा। अशोक भतीजे को बाइक से लेकर गांव जा रहा था। मिर्जापुर ब्लाक के पास किसानों ने खेतों से अन्ना मवेशियों को भगाया। अचानक एक मवेशी अशोक की बाइक से टकरा गया। इससे वह गंभीर रुप से घायल हो गया। घायल को जरियनपुर सीएचसी के बाद देर रात लोहिया अस्पताल लाया गया। यहां डॉक्टर ने मृत घोषित कर दिया। शव मोर्चारी में रखवा दिया गया हैं। परिजनों का रो रो कर बुरा हाल है।

### बाइक की चपेट में आने से वृद्ध घायल

**फर्रुखाबाद।** थाना मऊदरवाजा क्षेत्र के गांव मंगलीरूपपुर निवासी सियाराम के 63 वर्षीय पुत्र लड़ैते फर्रुखाबाद की तरफ से गांव मंगलीरूपपुर पैदल जा रहे थे। तभी सामने से आ रही तेज रफ्तार बाइक सवार ने वृद्ध लड़ैते के टक्कर मार दी। वृद्ध लड़ैते गंभीर रूप से घायल हो गया। स्थानीय लोगों की मदद से जिला अस्पताल लोहिया की इमरजेंसी में भर्ती कराया गया। जहां ड्यूटी पर तैनात डॉक्टर भानु प्रताप सिंह ने बताया 108 एंबुलेंस की सहायता से घायल 62 वर्षीय वृद्ध लड़ैते को लाया गया है। हालत गंभीर होने पर भर्ती कर इलाज शुरू कर दिया गया है।




# आंगनबाड़ी केंद्रों पर नहीं लगे झूले, लौटाना पड़ गया बजट

कार्यालय संवाददाता फर्रुखाबाद

● लापरवाही से बच्चे नहीं उठा पाएंगे झूलों का आनंद
● आठ माह में भी बजट का उपयोग नहीं कर सके जिम्मेदार

**अमृत विचार।** जनपद के 55 आंगनबाड़ी केंद्रों (परिषदीय विद्यालय में संचालित आंगनबाड़ी केंद्र) में 27.50 लाख रुपये से लगाए जाने वाले झूले टेंडर न होने के चलते नहीं लगाए जा सके। लगभग आठ माह तक बजट पड़ा रहा, लेकिन ठेका न उठने से बजट वापस लौट गया। इसके चलते अब नौनिहाल झूलों का आनंद नहीं उठा सकेंगे।

लगभग आठ माह पहले शासन ने जनपद के 55 को-लोकेटेड आंगनबाड़ी केंद्रों में झूले लगवाए जाने के लिए विभाग को 27.50 लाख का बजट आवंटित किया था। प्रति आंगनबाड़ी केंद्र पर 50 हजार रुपये की लागत से पांच-पांच झूले लगाए जाने हैं। सरकार का उद्देश्य था कि झूले लगने से नौनिहालों का मन स्कूल में लगेगा।

बजट मिलने के बाद टेंडर प्रक्रिया तो शुरू हुई, लेकिन ठेका नहीं उठाया जा सका। विभागीय सूत्रों ने बताया कि पहली बार पांच फर्मों ने जेम पोर्टल पर आवेदन किए थे, लेकिन कमीशन तय न होने पर टेंडर निरस्त कर दिए गए। इसके बाद दो-तीन बार टेंडर हुए, लेकिन ठेका उठ नहीं सका। इसके चलते 31 मार्च 2024 को वित्तीय वर्ष समाप्त होने से झूलों के लिए मिला बजट वापस लौट गया।



### केंद्रों पर इन झूलों को लगाया जाना था

- एआरसी रिंग टू सीटर
- शीशा टू सीटर
- स्टैंडिंग एमजीआर
- स्लाइडर
- रॉकिंग वोट टू सीटर

### बोले जिम्मेदार

"झूले लगाए जाने के लिए 27.50 लाख का बजट मिला था, लेकिन टेंडर प्रक्रिया में जो शर्तें शामिल थीं। ठेकेदार उसे पूरा नहीं कर पा रहे थे, जिसके चलते ठेका नहीं उठ सका। वित्तीय वर्ष समाप्त होने के चलते झूले का बजट वापस भेज दिया गया।

– **गौतम प्रसाद,** जिला बेसिक शिक्षाधिकारी

# गर्मी बढ़ते ही उल्टी, दस्त, पेट दर्द कर रहा परेशान

## दो चिकित्सकों के न होने पर गड़बड़ा गई लोहिया अस्पताल की ओपीडी, सर्वाधिक डायरिया के आ रहे मरीज

कार्यालय संवाददाता, फर्रुखाबाद

**अमृत विचार।** गर्मी जैसे-जैसे जोर पकड़ती जा रही है वैसे-वैसे गर्मी से उत्पन्न होने वाले रोगों से पीड़ित रोगियों की संख्या बढ़ती जा रही है। डॉ राम मनोहर लोहिया अस्पताल में आज 670 रोगियों ने अपना रजिस्ट्रेशन कराया। जिनमें सर्वाधिक रोगी उल्टी ,दस्त और पेट दर्द से पीड़ित पाए गए हैं। वहीं दूसरी तरफ डॉक्टरों की कमी ओपीडी में मरीजों को खल रही है। कई मरीजों को बिना दवा लिए वापस लौटना पड़ा है।

डॉक्टर प्रवीण कुमार फिजिशियन का कहना है कि जैसे-जैसे पारा चढ़ रहा है। वैसे-वैसे डायरिया के मरीजों की संख्या में इजाफा हो रहा है। उनका कहना है कि सर्वाधिक रोगी उल्टी, दस्त और पेट दर्द से पीड़ित आ रहे हैं। हालांकि बुखार से पीड़ित रोगी भी आ रहे हैं। लेकिन उनकी संख्या बहुत कम है। उल्टी, दस्त के रोगियों की संख्या बढ़ने का खास कारण है कि एकाएक पढ़ रही गर्मी से खानपान की चीज बहुत जल्दी खराब हो जाती हैं। लोग उन्हें पहले की तरह प्रयोग कर रहे हैं। उन्हें अंदाज नहीं है की मौसम पूरी तरह से बदल चुका है। अब प्रचंड धूप और गर्मी की वजह से खाना दो घंटा तक सुरक्षित नहीं रह पाता। दो घंटे में ही यदि भोजन को फ्रिज में ना रखा जाए तो वह खराब हो जाता है। लेकिन लोग आज भी सर्दियों की तरह भोजन का इस्तेमाल कर रहे हैं। सुबह बनी रोटी को लोग शाम को खा रहे हैं।

इसकी वजह से वह तरह-तरह के रोग का शिकार हो रहे हैं। उनका कहना है कि अब तक वह 200 से अधिक मरीज उल्टी ,दस्त और पेट दर्द से पीड़ित देख चुके हैं। यह नियम रोज का है। डॉक्टर प्रवीण कुमार का कहना है कि लोगों को चाहिए वह वासा भोजन बिल्कुल प्रयोग ना करें और सब्जी भी रखी हुई ना खाएं। जिससे उनके स्वास्थ्य की रक्षा हो सके।

वहीं दूसरी तरफ लोहिया अस्पताल की ओपीडी में आज डॉक्टर नीरज वर्मा के सरकारी काम पर चले जाने की वजह से और डाक्टर रोहित तिवारी के ऑपरेशन थिएटर में होने की वजह से ओपीडी गड़बड़ा गई। ओपीडी में मरीजों की भारी भीड़ लग गई। यहां दवा लेने आए लव कुश ने बताया कि वह राजेपुर थाना क्षेत्र से यहां दवा लेने आए ,लेकिन हड्डी रोग विशेषज्ञ के न बैठे होने से वह दवा लिए बिना वापस लौट रहे हैं। इसी तरह से यहां दवा लेने आए मनोज तिवारी का कहना है कि वह खुदागंज से अपने बच्चे के फोड़े का ऑपरेशन कराने के लिए आए थे, लेकिन ओपीडी में सर्जन डॉक्टर रोहित तिवारी के मौजूद न होने से उन्हें बिना दवा लिए वापस लौटना पड़ रहा है। इसी तरह से सैकड़ो मरीज आज बिना दवा लिए वापस लौट गए। जिसकी खास वजह है कि लोहिया अस्पताल में डॉक्टरों की बेहद कभी है।

इस संबंध में जब मुख्य चिकित्सा अधीक्षक डॉक्टर राजकुमार गुप्ता से बातचीत की गई तो उन्होंने बताया कि लोहिया अस्पताल में 30 डॉक्टर के पद सृजित हैं। जिसके सापेक्ष में उनके पास 20 डॉक्टर हैं। 10 डॉक्टरों की कमी मरीज को खल रही है। जिस दिन ओपीडी का कोई डॉक्टर आपातकालीन ड्यूटी अथवा सरकारी काम में चला जाता है तो उस दिन ओपीडी गड़बड़ा जाती है। आज भी दो डॉक्टरों के न होने की वजह से मरीज को दिक्कत हुई है। डॉक्टर गुप्ता का कहना है कि वह इस संबंध में शासन को लिख चुके है। शीघ्र ही यहां डॉक्टरों की तैनाती हो जाएगी और मरीजों की समस्या का समाधान हो जाएगा।


रोगी को देखते डॉक्टर प्रवीण। अमृत विचार


लोहिया अस्पताल में लगी रोगियों की भीड़। अमृत विचार

# गेहूं की फसल काटने का विरोध, मारपीट की

**जहानगंज फर्रुखाबाद।** मूल निवासी जहानगंज थाना क्षेत्र के गांव सितौली हाल निवासी फतेहगढ़ कोतवाली क्षेत्र के मोहल्ला नवदिया निवासी सुभाष दीक्षित के गांव में ही खेत हैं। शनिवार को सुभाष अपने पुत्र आशीष के साथ गेहूं की फसल कटवाने गए थे। कुछ देर रुकने के बाद सुभाष दीक्षित घर चले आए। उसी दौरान मोहल्ला नेकपुर चौरासी निवासी भाई प्रभाष दीक्षित, पुत्र पीयूष दीक्षित, अंकित यादव, अभिषेक यादव व एक अज्ञात युवक के साथ खेत पर पहुंचे। फसल की कटाई करने का विरोध कर गाली-गलौज किया। आशीष ने खेत अपना बताकर फसल काटने की बात कही। इस पर सभी लोगों ने लाठी-डंडों से आशीष की पिटाई कर दी। आशीष के शोर मचाने पर बटाईदार सुनील सहित गांव के लोगों के ललकारने पर यह लोग जान से मारने की धमकी देकर वहां से भाग गए। पुलिस ने घायल आशीष का कमालगंज सीएचसी पर मेडिकल कराया। एसओ भोलेंद्र चतुर्वेदी ने बताया कि खेत को लेकर दोनों भाइयों को पुराना विवाद चल रहा है। गेहूं फसल की कटाई करने को लेकर मारपीट के मामले में रिपोर्ट दर्ज की गई है।

## सार-संक्षेप

### बाइकों की भिड़ंत में दो लोग घायल

**अमृतपुर फर्रुखाबाद।** दो बाइकों की आमने-सामने भिड़ंत होने से दो लोग गंभीर रूप से घायल हो गए। घायलों को राजेपुर स्वास्थ्य केंद्र भेजा गया। थाना क्षेत्र के ग्राम हरिहरपुर के पास से गुजर रही मोटरसाइकिलों की आमने-सामने भिड़ंत में राजेपुर की तरफ से आ रहे धर्मवीर व गोपाल गंभीर रूप से घायल हो गए। जिसमें घायल धर्मवीर को लोहिया अस्पताल के लिए रेफर कर दिया गया। एक अन्य घटना मे अमृतपुर थाना क्षेत्र के ग्राम हरसिंहपुर निवासी विवेक पुत्र सत्यवीर बाइक से जा रहे थे। अमृतपुर तहसील के पास उनकी बाइक फिसल गई और वह गंभीर रूप से घायल हो गए। ग्रामीणों ने उन्हें एंबुलेंस द्वारा राजेपुर स्वास्थ्य केंद्र भेज दिया।

### बहला-फुसला कर किशोरी को भगा ले जाने का आरोप

**फर्रुखाबाद।** कोतवाली मोहम्मदाबाद क्षेत्र के एक गांव में किशोरी को बहला-फुसलाकर ले जाने के मामले में पुलिस अधीक्षक के आदेश पर पांच लोगों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज की गई है। एक गांव निवासी ग्रामीण की पुत्री को 18 मार्च को एक युवक बहला-फुसलाकर भगा ले गया था। ग्रामीण ने जनपद मैनपुरी थाना करहल गांव मानसिंह निवासी वीरू, थाना एलाऊ गांव सलेमपुर निवासी अंशुल, गांव कसमापुर निवासी गौरव, सुमित व कौशल के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कराई है। दर्ज कराई गई रिपोर्ट में कहा कि उसकी 13 वर्षीय पुत्री को 18 मार्च को आरोपित बहला-फुसलाकर अपने साथ ले गए। ग्रामीण ने आशंका जताई की यह लोग पुत्री को कहीं बेच सकते हैं। इस मामले में थाने में तहरीर देने के बाद सुनवाई नहीं हुई। एसपी के आदेश पर पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर शीघ्र बरामदगी करने का भरोसा दिया है।

### पांचाल घाट पर गंगा किनारे मिला युवती का शव

**फर्रुखाबाद।** गंगा किनारे युवती का शव मिलने से सनसनी फैल गई। पुलिस ने शव को कब्जे में ले लिया। थाना कादरी गेट के पांचाल घाट स्थित उत्तरी किनारे पर शनिवार सुबह एक लगभग 27 वर्षीय युवती का शव किनारे पड़ा मिला। जिससे मौके पर भीड़ एकत्रित हो गई। सूचना पर पांचाल घाट चौकी प्रभारी अमित शर्मा मौके पर पंहुचे और शव को कब्जे में लेकर जांच की। मृतका हरे रंग का सूट पहने थी। एक हाथ में धागा बंधा हुआ था। शव का चेहरा मछलीयों ने खा लिया था। शव लगभग तीन दिन पुराना बताया गया। लेकिन पुलिस के काफी प्रयास के बाद भी उसकी पहचान नही हो सकी। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर शव गृह में रखा दिया। चौकी प्रभारी ने बताया की शव की शिनाख्त नहीं हुई है। जांच की जा रही है।


सभा में मौजूद यूनुस अंसारी। अमृत विचार

### यूनुस अंसारी फिर बनाए गए पिछड़ा वर्ग के प्रदेश महासचिव

**फर्रुखाबाद।** समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव की अनुमति एवं प्रदेश अध्यक्ष नरेश उत्तम पटेल की संसतुति से मोहम्मद युनुस अंसारी व राजपाल कश्यप पांचवी बार प्रदेश सचिव नामित किया है। नवनिर्वाचित प्रदेश सचिव ने लोहिया मूर्ति पर अपने सैकड़ो समर्थकों के साथ माल्यार्पण किया। इसके बाद समर्थकों ने युनुस अंसारी को फूलमालो से लाद दिया। लोकसभा प्रत्याशी नवल किशोर शाक्य ने कहा मोहम्मद यूनुस अंसारी को प्रदेश सचिव बनाए जाने से चुनाव को नई ताकत और ऊर्जा मिलेगी। महानगर अध्यक्ष राघव दत्त मिश्रा, अनुराग यादव जिला अध्यक्ष लोहिया वाहिनी, हर्ष गंगवार जिला अध्यक्ष छात्रसभा, जहांनसिंह लोधी जिला महासचिव, पूर्व मंत्री सर्वेश अंबेडकर, पूर्व ब्लाक प्रमुख उमर खान सहित सैकड़ों पदाधिकारी व कार्यकर्ता मौजूद रहे।

### वाहन की टक्कर से युवक गंभीर घायल

**फर्रुखाबाद।** जिला एटा थाना राजा का रामपुर क्षेत्र के गांव रामनगर निवासी जगबीर सिंह का 27 वर्षीय पुत्र बाइक से जिला फर्रुखाबाद क्षेत्र में कस्बा कायमगंज किसी काम से आया हुआ था। वापस जाते समय गांव रामनगर के पास प्रदीप की बाइक में अज्ञात वाहन ने टक्कर मार दी। प्रदीप गंभीर रूप से घायल हो गया। स्थानीय लोगों की मदद से घायल को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र कायमगंज में भर्ती कराया गया। वहां से डॉक्टर ने जिला अस्पताल लोहिया के लिए रेफर कर दिया। जिला अस्पताल लोहिया में ड्यूटी पर तैनात डॉक्टर भानु प्रताप सिंह ने बताया 108 एंबुलेंस की सहायता से घायल प्रदीप को लाया गया है। सर में गंभीर चोट आने से हेड इंजरी हो गई है। उसको हायर सेंटर के लिए रेफर का दिया गया है।

### मार्ग दुर्घटना में दो घायल, एक रेफर

**कायमगंज फर्रुखाबाद।** अलग अलग स्थान पर क्षेत्र के गांव इजौर निवासी वीरेन्द्र सिंह, गांव जिजपुरा निवासी गंगा सिंह का 17 वर्षीय पुत्र आशुतोष मार्ग दुर्घटना में घायल हो गए। आसपास के लोगों ने सीएचसी में भर्ती कराया। जहां प्राथमिक इलाज के बाद आशुतोष को गंभीर हालत में लोहिया अस्पताल के लिए रेफर कर दिया।

### बिना बिल तंबाकू लेकर जा रहे ट्रक को पकड़ा

**कायमगंज।** बिना बिल जा रहे तंबाकू से भरे ट्रक को उपजिलाधिकारी ने पकड़वा कर पुलिस के सुपुर्द कर दिया। शनिवार को उप जिलाधिकारी यदुवंश कुमार वर्मा ने कड़ी कार्रवाई करते हुए कम्पिल से तंबाकू लाद कर ले जा रहे एक ट्रक को पकड़ कर मंडी चौकी पर खड़ा करा दिया है। जीएसटी विभाग के एसटीओ अभिषेक मिश्रा ने मौके पर पहुच कर तंबाकू का नमूना लिया।

### मच्छरों को पनपने का मौका न दें

**फर्रुखाबाद।** संचारी रोग नियंत्रण कार्यक्रम के तहत शनिवार को होमियोपैथिक विभाग के तत्वावधान में राजकीय होमियोपैथिक चिकित्सालय किराचिन द्वारा गुजरपुर कस्बे में संचालित प्राथमिक विद्यालय में समस्त छात्रों को जागरूक कर उन्हे उचित खानपान, साफ सफाई और शारीरिक व्यायाम और योग के महत्व को समझाया गया। साथ ही कोई रोग इत्यादि होने पर नजदीक के आयुष विधा (होमियोपैथिक) के सरकारी अस्पतालों में आकर अपने स्वास्थ्य की जांच करवाकर संबंधित रोगों की औषधिया प्राप्त कर सकते हैं।

# पुराने विवाद में युवक को पीटा, चार पर रिपोर्ट

संवाददाता फर्रुखाबाद

● पीड़ित ने मोहम्मदाबाद कोतवाली जाकर दी तहरीर

**अमृत विचार।** पुराने विवाद में हमलावरों ने युवक को मारपीट कर घायल कर दिया। पीड़ित की तहरीर पर पुलिस ने चार लोगों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर ली है। जनपद एटा थाना नयागांव कस्बा सराय अगहत निवासी राजेश गुप्ता ने मोहम्मदाबाद कोतवाली के गांव नगला दरियाब निवासी नीटू, डिंपल यादव, मकने यादव व अभिषेक के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कराई है। दर्ज कराई गई रिपोर्ट में कहा कि 10 अप्रैल की रात वह पिकअप से भाई दीपक के साथ घर वापस आ रहा था। नीबकरोरी गांव में आर्यावर्त बैंक के पास नीटू सहित चारों लोगों ने पिकअप रोक ली और गाली-गलौज करने लगे। विरोध करने पर चारों लोगों ने लात-घूसों व लाठी-डंडों से मारपीट कर उसको व भाई दीपक को घायल कर दिया। शोर गुल सुनकर आसपास के रहने वाले लोगों के ललकारने पर यह लोग जान से मारने की धमकी देकर भाग गए। पुलिस ने घायल भाइयों का सीएचसी पर मेडिकल कराया।

# अलग-अलग स्थानों पर तीन ने पीया कीटनाशक

**कायमगंज फर्रुखाबाद।** अलग अलग स्थानों पर तीन ने कीटनाशक का सेवन कर लिया। जिससे उनकी हालत बिगड़ गयी। इलाज के लिए सरकारी अस्पताल कायमगंज में भर्ती कराया गया। जानकारी के अनुसार मेरापुर थाना क्षेत्र के गांव रमापुर दवीर निवासी अनवेश कुमार, कंपिल थाना क्षेत्र के गांव पुरौरी निवासी हेमलता, नगर के मोहल्ला पृथ्वीदरवाजा निवासी शिवम कुमार ने संदिग्ध हालात में कीटनाशक पदार्थ का सेवन लिया। तीनों के परिजन सीएचसी लाए। जहां प्राथमिक इलाज के बाद चिकित्सकों ने शिवम को लोहिया अस्पताल के लिए रेफर कर दिया।

# भाकियू नेता सहित चार के खिलाफ सरकारी काम में बाधा पहुंचाने की एफआईआर

संवाददाता अमृतपुर फर्रुखाबाद

● दरवाजे के सामने कूड़ादान बनाने को लेकर हुआ था विवाद

**अमृत विचार।** थाना राजेपुर में भाकियू नेता सहित चार लोगों के खिलाफ लेखपाल ने सरकारी कार्य में बाधा पहुंचाने व जहर खाकर मुकदमे में फंसाने की धमकी देने की रिपोर्ट दर्ज कराई है। लेखपाल सावन कुमार ने गांव कमालउद्दीनपुर निवासी भारतीय किसान यूनियन के नेता रामनारायण पांडेय, उनकी पत्नी नीता पांडेय, बहू शोभा पांडेय, पुत्र देवाशीष पांडेय के खिलाफरिपॉर्ट दर्ज कराई। इसमें बताया कि गांव कमालउद्दीनपुर में आरआरसी (कूड़ा निस्तारण केंद्र) बनवाने के लिए 10 अप्रैल को तहसीलदार अमृतपुर, कानूनगो के साथ बात कर रहा था। उसी दौरान रामनारायण पांडेय ने कहा कि यहां आरआरसी सेंटर नहीं बनने देंगे। रामनारायण व उसके परिजन गाली-गलौज कर जान से मारने की धमकी देने लगे। रामनारायण पांडेय ने किसी व्यक्ति से फोन पर बात की और घर के अंदर घुस गया। कुछ देर बाद घर से शीशी लेकर बाहर निकला। बताया कि उसने जहर पी लिया है। रामनारायण ने मुकदमे में फंसाने की धमकी दी। मौके पर वीडियो व फोटो खींच लिए थे। रामनारायण के परिजनों ने मोबाइल जमीन पर पटक कर तोड़ दिया। घर के आंगन में फेंक दिया। सरकारी कार्य में बाधा पहुंचाकर ग्राम समाज की भूमि पर कब्जा किए हुए है।

गुरुवार को इसी प्रकरण में नीता पांडेय ने ग्राम प्रधान सहित छह लोगों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कराया था। ग्राम प्रधान ने रामनारायण सहित छह के खिलाफ जवाबी मुकदमा लिखाया था। पुलिस ने आचार संहिता के उल्लंघन में भाकियू नेता सहित कई के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कराई थी।

धर्म-कर्म | चैत्र नवरात्र के पांचवें दिन बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं ने मंदिरों में पहुंच कर पूजा-अर्चना की

# देवी मंदिरों में उमड़ा श्रद्धा का सैलाब, गूंजे जयकारे

कार्यालय संवाददाता फर्रुखाबाद

**अमृत विचार।** चैत्र नवरात्र के पांचवें दिन बड़ी संख्या में श्रद्धालु देवी मंदिरों में पहुंचे। मां अंबे की विधि-विधान से पूजा अर्चना की गई। देवी मंदिरों में सुबह से लेकर देर शाम तक जय माता दी के जयकारे गूंजते रहे।

श्री शीतला देवी मंदिर बढ़पुर में श्रद्धालुओं ने मातारानी के दर्शन कर परिक्रमा लगाई। महिलाएं ढोलक की थाप पर भजन कीर्तन कर रही थीं। मंदिर में सुबह से लेकर देर रात तक जयकारे गूंजते रहे। पास में ही स्थिथ श्री संतोषी माता मंदिर में भी भीड़ देखी गई। वैष्णों देवी मंदिर भोलेपुर में कतार में लगकर महिलाएं और पुरुष दर्शन कर रहे थे। किसी ने मां को चुनरी चढ़ाई तो कोई नारियल चढ़ा रहा था। श्री गुरुगांव देवी मंदिर में शाम को श्रद्धालुओं की भीड़ उमड़ी। मातारानी के दर्शन कर भक्त मत्था टेककर मनौती मांग रहे थे। मंदिर परिसर में लगे मेले में भी भीड़ दिखाई दी। बच्चे झूलों का आनंद उठा रहे थे। इसके साथ ही रेलवे रोड स्थित मठिया देवी और गमा देवी मंदिर फतेहगढ़ में श्रद्धालुओं के आने का सिलसिला देर शाम तक जारी रहा। शाम को दूधिया रोशनी से जगमगाते मंदिर देखते ही बन रहे थे। हर कोई श्रद्धा में डूबा जय माता दी के जयकारे लगा रहा था। मंदिरों में अमीर-गरीब सब एक कतार में खड़े होकर मातारानी के दर्शन को लालायित दिखे।


गुड़गांव देवी मंदिर में पूजा करते भक्त। अमृत विचार


शीतला देवी मंदिर पर तैनात पुलिस के जवान। अमृत विचार

# जवानों ने गांवों में किया पैदल मार्च

**कायमगंज।** लोकसभा चुनाव को लेकर पीएसी के साथ पुलिस फोर्स ने आधा दर्जन से अधिक गांव में पैदल मार्च कर ग्रामीणों को सुरक्षा का भरोसा दिलाया।

लोकसभा चुनाव को क्षेत्राधिकारी सतेंद्र कुमार के निर्देशन में कुआखेड़ा चौकी प्रभारी विश्वनाथ आर्य व पीएसी प्लाटून कमांडर प्रणव कुमार के नेतृत्व में भारी संख्या में पुलिस व पीएसी के जवानों ने संयुक्त रूप से पैदल मार्च किया। फोर्स ने कटरी के गांव अजमतपुर, सिनोली अहमदगंज शाहआलमपुर, भुकसा, होरीनगला, गढ़िया व साहबगंज समेत अन्य जगह मार्च किया। जैसे ही गांव में भारी फोर्स पहुंचा तो ग्रामीण अपने अपने घरों, खिड़कियो व छतों से उन्हे निहारते नजर आए।

## एक नजर

### डीएम, एसएसपी ने बूथों का निरीक्षण कर दिए निर्देश

**जसवंतनगर, इटावा।** जिलाधिकारी अवनीश राय और एसएसपी संजय कुमार वर्मा ने जसवंतनगर के ग्राम कुरसेना में स्थित विद्यालय में बनाये गए मतदान केंद्र पहुंचकर बूथों का निरीक्षण किया। उन्होंने कहा कि मतदाताओं को मतदान के दौरान किसी भी प्रकार की समस्या नहीं आए। मतदान दिवस से पहले सभी बूथों की सुविधाएं दुरुस्त रहें। एडीएम अभिनव रंजन श्रीवास्तव, उपजिलाधिकारी कुमार सत्यम जीत, क्षेत्राधिकारी विवेक जावला, तहसीलदार भूपेंद्र विक्रम सिंह, कोतवाली प्रभारी निरीक्षक कपिल दुबे समेत सम्बंधित अधिकारी आदि मौजूद रहे।

### एसएसपी ने सीओ कार्यालय का किया औचक निरीक्षण

**जसवंतनगर, इटावा।** वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक संजय कुमार वर्मा ने सीओ कार्यालय का निरीक्षण किया। अपराध रजिस्टर, विवेचना रजिस्टर, जांच, प्रार्थना पत्र, आरजीआरएस, रिकार्ड व साफ-सफाई का बारीकी से निरीक्षण किया। मौजूद पेशकार को सभी मामलों को समय पर ही कंप्यूटर में दर्ज करने को कहा। एसएसपी ने कहा कि हर हाल में पुलिस को जनता के प्रति जवाबदेह होना चाहिए। उन्होंने लंबित विवेचनाओं के समयबद्ध निस्तारण के निर्देश दिए। कार्यालय निरीक्षण के बाद एसएसपी संतुष्ट नजर आए। इस दौरान सीओ विवेक जावला समेत सम्बंधित कर्मचारी आदि मौजूद रहे।

### देवी जागरण 16 को

**महेवा, इटावा।** ग्राम लीटेपुर में 16 अप्रैल को भोलेश्वर एवं दुर्गा देवी मंदिर पर देवी जागरण कार्यक्रम का आयोजन रात्रि आठ बजे से होगा। आयोजक संतोष परिहार ने बताया कि ज्वाला देवी पूजा जागरण पार्टी बिधूना द्वारा भक्ति गीत प्रस्तुत किए जाएंगे।

### दस्तक अभियान शुरू

**महेवा , इटावा।** विशेष संचारी रोग नियंत्रण अभियान के तहत घर घर दस्तक अभियान चालू हो गया है। शनिवार को सीएचसी अधीक्षक डॉ. गौरव त्रिपाठी ने टीम सहित ग्राम बहेड़ा पहुंचकर ग्रामीणों को जागरूक किया। डॉ. दिलीप अग्रहरि, महेंद्र सिंह, उपासना गौतम सहित आशा कार्यकत्री आशा देवी, रानी, आदर्श कुमारी आदि मौजूद रहीं।

### भागवत कथा से बड़ा कोई सत्य नहीं : पूनम शास्त्री

**महेवा ,इटावा।** महेवा स्थित फूलबाग में आयोजित श्रीमद्भागवत कथा के पांचवे दिन सरस कथा वाचक पूनम शास्त्री ने कृष्ण जन्म की कथा सुनाई। कहा कि व्यक्ति को सभी सुख केवल भगवान के चरणों में है। उन्होंने कहा कि भागवत कथा से बड़ा कोई सत्य नहीं है। भागवत कथा अमृत है, इसके श्रवण करने से मनुष्य अमर हो जाता है। इस दौरान परीक्षित शिव शंकर यादव और उनकी धर्मपत्नी मालती देवी, अरुण यादव, अनिल यादव, प्रवक्ता शिव शंकर यादव, अभषेक यादव, अमोल सिंह ठेकेदार, किसान यूनियन की प्रदेश अध्यक्ष एवम वरिष्ठ सपा नेत्री सरिता यादव, सहकारी समिति अध्यक्ष अहेरीपुर गंभीर सिंह यादव, शिक्षिका ममता मिश्रा, रमेश बाबू उर्फ़ कल्लू नेता, विजय यादव, प्रशांत सविता सहित तमाम श्रद्धालु मौजूद रहे|

### सक्षम जिला इकाई की बैठक आज 9 बजे से

**इटावा।** सक्षम जिला इटावा इकाई की आवश्यक बैठक 14 अप्रैल को प्रात : 9 बजे से जिलाध्यक्ष आदित्य यादव के आवास नौरंगाबाद पर होगी। सक्षम के महामंत्री डॉ. सुशील सम्राट ने बताया कि बैठक में प्रांत के पदाधिकारी भी भाग लेंगे।

# दो दिन बारिश की संभावना ने उड़ाई किसानों की नींद

## गेहूं की फसल के नुकसान का सता रहा डर, तेजी से हो रही कटाई

कार्यालय संवाददाता, इटावा

**अमृत विचार।** अप्रैल के महीने में बिगड़े मौसम में किसानों की नींद उड़ा दी है। इस समय स्थिति यह है कि बरसात की आशंका बनी हुई है। गेहूं की फसल पककर तैयार खड़ी है, जो कटाई भी हो गई है। वह फसल भी खेतों में ही है। ऐसे में यदि झमाझम बरसात हुई तो गेहूं का काफी नुकसान हो जाएगा। किसानों की पिछले 6 महीने की मेहनत पर पानी फिर जाएगा।

ऐसे में किसान इंद्रदेव से दुआ कर रहे हैं कि अभी कुछ दिनों तक कृपा करें और बारिश न हो । जिले के 90000 हेक्टेयर में गेहूं की खेती की गई है और अब फसल कटाई का काम चल रहा है। ऐसे में होने मौसम के रुख को देखते हुए किसानों ने तेजी के साथ फसल की कटाई शुरू कर दी है फिर भी जो स्थिति है उसमें ज्यादातर किसानों की फसल अभी खेत पर ही खड़ी है और फसल कट गई है वह भी खेत पर ही रखी है। इससे किसान आसमान में बादल देखकर चिंतित है।



### 15 तक हल्की से तेज बारिश की संभावना

**इटावा।** यह बताया गया है कि 15 अप्रैल तक मौसम किसानों के हिसाब से गड़बड़ रहेगा। इस दौरान हल्की से तेज बारिश भी हो सकती है जो रवी की फसल के नुकसान दायक होगी। मौसम वैज्ञानिक एसएन सुनील पांडेय का कहना है कि 15 अप्रैल तक बारिश की संभावना बनी हुई है। हल्की या तेज बारिश हो सकती है।

### किसान जल्दी करें कटाई

**इटावा।** जिला कृषि अधिकारी कुलदीप राणा ने किसानों को गेहूं की फसल की कटाई की सलाह दी है। उन्होंने कहा है कि फसल पककर तैयार हो गई है उसकी कटाई कर लें। उन्होंने यह भी सलाह दी है कि कटाई के बाद जो फसल खेत पर ही रखी हुई है उसे भी बिगड़े मौसम से बचाने के लिए जल्दी ही घर पहुंचा दें।

# ओवरब्रिज की रेलिंग तोड़ सर्विस रोड पर गिरा ट्राला

संवाददाता बकेवर, इटावा

- चालक व एक सवारी घायल अस्पताल में भर्ती

**अमृत विचार।** कस्बे से होकर निकले आगरा-कानपुर सिक्सलेन हाईवे ओवरब्रिज से चूना से लदा ट्राला बेकाबू होकर फ्लाई ओवर से नीचे सर्विस सड़क पर जा गिरा। ट्राला के गिरते ही वह दो टुकङो मे बंट गया। हादसे में ट्रक चालक और एक सवारी समेत दो लोग गंभीर रूप से घायल हो गए। उन्हें सीएचसी महेवा सीएचसी भेजा गया। भरथना एसडीम, सीओ एवं थाना पुलिस फोर्स मौके पर पहुंचकर ट्राला को क्रेन की मदद से हटवा कर यातायात सुचारू करवाया

हादसा शनिवार की दोपहर में आगरा-कानपुर सिक्सलेन हाईवे के बकेवर कस्बा के फ्लाई ओवरब्रिज का है। चूना लादकर एक ट्राला ट्रक ओवरब्रिज से जा रहा था। तभी वह अनियंत्रित होकर ओवरब्रिज की रेलिंग तोड़ते हुए नीचे सर्विस रोड पर गिर गया। हादसे मे ट्राला के दो टुकङे हो गये। ट्राला पर सवार चालक और तीन सवारी समेत चार लोग थे। हादसे में अलवर राजस्थान निवासी चालक भगवत सिंह पुत्र मधुवन सिंह और पवन कुमार पुत्र लाल सिंह नया पुरवा बेला औरैया घायल हो गए। जबकि दो सवारी मामूली रूप से घायल होने के चलते वह घटनास्थल से अपने गंतव्य की ओर चले गए। तीनों सवारी जसवंत नगर से औरैया के लिए सवार हुए थे

भरथना एसडीएम सुशांत श्रीवास्तव एवं नायब तहसीलदार मनीष द्विवेदी, भरथना सीओ अतुल प्रधान एसएसआई हेमंत सोलंकी, कस्बा इंचार्ज रामप्रताप सिंह सहित पुलिस फोर्स मौके पर पहुंचा। हादसे में घायल चालक और एक सवारी को सीएचसी महेवा पहुंचाया। जब कि दो सवारी मामूली रुपसे घायल अपने गंतव्य की ओर चले गये। क्रेन की मदद से ट्राला ट्रक को एक साइड हटवाकर यातायात सुचारू रूप से चालू करवाया। फिलहाल कोई जनहानि नहीं हुई है।

## घायल चील का सफारी में किया गया इलाज

**इटावा।** सफारी में एक घायल चील का इलाज किया गया। इसके पैर में चोट है। यह चील घायलावस्था में 10 अप्रैल को मिला था जिसका सफारी लाकर इलाज किया गया। सफारी के डिप्टी डायरेक्टर डॉ. विनय सिंह ने बताया कि एक ब्लैक काइट चील ग्राम आलमपुर हौज के पास होने की सूचना गांव के लोगों ने दी थी। उन्होंने बताया कि सफारी पार्क प्रबन्धन उस चील को सफारी लाया। जिसका तत्काल इलाज सफारी पार्क के पशु चिकित्सक डॉ. रोबिन सिंह यादव तथा डॉ. शैलेन्द्र सिंह ने किया। चील के दाहिने पैर में चोट है। माना जा रहा है कि पंतग उड़ाने के लिए प्रयोग किये जाने वाले मांझा में इस चील का पैर फंसने के कारण यह जख्मी हुआ है।

# 10 वोटरों को बूथ तक ले जाएंगे बच्चे

कार्यालय संवाददाता, इटावा

**अमृत विचार।** समारंभा फाउंडेशन ने मतदाता जागरुकता अभियान के तहत सिया देवी मेमोरियल अस्पताल के सभागार में एक कार्यशाला आयोजित की। कार्यक्रम का उद्घाटन फाउंडेशन की अध्यक्ष ऋचा राय और सिया देवी मेमोरियल की निदेशक डॉ. रजनी रावत ने किया।

ऋचा राय ने कहा कि एक एक वोट महत्वपूर्ण है। सभी वोटरों को मतदान के लिए मताधिकार का प्रयोग अवश्य करना चाहिए। डॉ. रमाकांत रावत ने युवाओं को मतदान के प्रति सजग होकर राष्ट्र के प्रति कर्तव्य निभाने को प्रेरित किया। डॉ. रजनी रावत ने मतदान संबंधित कार्य के संपादन हेतु कार्मिकों को विशेष अवकाश देने की घोषणा की। डॉ. शशिप्रभा ने मतदान संबंधित नारे लगा कर सभी को प्रेरित किया। समाजशास्त्र के प्रोफेसर डॉ. नृपेन्द्र सिन्हा ने कार्यक्रम के संचालन किया। फाउंडेशन के इटावा, मैनपुरी के समन्वयक प्रोफेसर डॉ. अमित यादव ने जागरुकता अभियान में प्रतिभाग करते सभी को धन्यवाद दिया। राशिका, मोहाली यादव, छवी, आभ्या पोरवाल, गोपाल पांडेय, प्रीति आदि विद्यार्थी तथा नर्सिंग स्टाफ में प्रियंका शबा अंजना शिप्रा वंदना आरती ने मतदान की शपथ ग्रहण की। ऋचा राय ने मतदाताओं को मतदान की शपथ और 18 से कम उम्र के बच्चों को, किन्ही दस मतदाताओं को मतदानस्थल पर ले जाने की शपथ ग्रहण कराई।



मतदाता जागरुकता अभियान में शामिल ऋचा राय, डॉ. रजनी रावत।

## कालका मंदिर में भक्तों ने की देवी की पूजा-अर्चना

**बकेवर, इटावा।** कालका देवी मंदिर लखना में नवरात्र के मौके पर शनिवार को भक्तों ने देवी मां की पूजा-अर्चना के साथ झंडा घंटा चढ़ाए। शुक्रवार की रात से ही भक्तों ने मंदिर में डेरा जमा लिया था। सुबह कपाट खुलते ही दर्शन करके अपने घरों को रवाना हो गए।चैत्र नवरात्र होने के चलते दिन भर भारी भीड़ उमड़ने से लखना-बकेवर मार्ग पर जाम लगा रहा। इस मौके पर कानपुर, कानपुर देहात, औरैया, मैनपुरी सहित इटावा जनपद के ग्रामीण क्षेत्र के भक्तों की भीड़ उमड़ पड़ी। इसके चलते पूरे दिन झंडा, घंटा चढ़ाने का सिलसिला चलता रहा। लखना बकेवर मार्ग पर चार पहिया वाहनों का जाम लगा रहा।



पुरस्कृत छात्र-छात्राओं के साथ लायन सफारी के निदेशक अनिल पटेल एवं अन्य।

## उत्तम प्रदर्शन करने वाले छात्र पुरस्कृत

**इटावा।** नारायन कॉलेज आफ साइंस एंड आर्ट्स के आडीटोरियम में कक्षा नर्सरी से 11 तक में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले छात्र-छात्राओं को सम्मानित किया गया। कार्यक्रम का उद्घाटन मुख्य अतिथि निदेशक लायन सफारी, डॉ. अनिल पटेल, कृषि इंजीनियरिंग कॉलेज के डीन डॉ. एनकेशर्मा ने किया।

कक्षा नर्सरी से दीपमाला, एलकेजी से तेजस्वी दीक्षित, यूकेजी से अंशुल, एक से दक्ष, दो से अंशिका, तीन से शौर्य कुशवाहा, चार से अग्रिम, पांच से यशिका, छह से उत्सव, सात से अनुष्का, आठ से कार्तिक कुशवाह, कक्षा नौ से अभिनव राजौरिया, कक्षा 11 से अनुष्का सिंह व ध्रुविका शर्मा को कक्षा में प्रथम स्थान प्राप्त करने पर शील्ड व किताबों सहित स्कूल बैग देकर सम्मानित किया।

प्रधानाचार्य डॉ. धर्मेन्द्र शर्मा ने बताया कि फेथ हाउस को वेस्ट हाउस ऑफ द इयर के खिताब से नवाजा गया। निदेशिका डॉ. श्वेता तिवारी ने कहा कि इसी प्रकार लगन व मेहनत करके आप सभी अपने भविष्य को उच्चतम शिखर तक ले जायें।

## छेड़छाड़ व पॉक्सो एक्ट का आरोपी बरी

**इटावा।** विशेष न्यायाधीश पॉक्सो एक्ट कल्पना द्वितीय ने सात माह पुराने किशोरी से छेडछाड़ व पॉक्सो एक्ट के मामले की सुनवाई करते हुए आरोपी को साक्ष्यों के अभाव में बरी कर दिया। सिविल लाइन थाना क्षेत्र के एक गांव की रहने वाली महिला ने थाने में दर्ज कराई रिपोर्ट में आरोप लगाया कि 31 जुलाई 2023 को उसकी पुत्री स्कूल जाने के लिए घर से निकली थी। रास्ते में उसके ही गांव के नितिन उर्फ ढोलू राम ने उसके साथ छेडछाड की। विरोध करने पर युवक ने जान से मारने की धमकी दी। । पीड़िता की तहरीर पर पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज की थी। मामले की सुनवाई विशेष न्यायाधीश पॉक्सो एक्ट की कोर्ट में हुई बचाव पक्ष के अधिवक्ता सुबोध चंद्र द्विवेदी ने पैरवी की। उनके द्वारा पेश की दलीलों के आधार पर कोर्ट ने नितिन को दोष मुक्त कर दिया।

# मधुमक्खियों के हमले में सात किसान घायल

- खेत पर गेंहू काटते समय किया हमला, मचा हड़कंप

**भरथना, इटावा।** क्षेत्रीय गांव ग्राम साम्हों में शनिवार की सुबह साढ़े 8 बजे खेतों पर गेंहू की फसल काट रहे आधा दर्जन से अधिक महिला-पुरुष किसानों पर मधुमक्खियों के एक झुंड ने हमला कर बुरी तरह घायल कर दिया। किसानों ने खेतों से चीख पुकार के साथ दौड़ लगाकर अपने घरों और सुरक्षित स्थानों पर पहुंचने का प्रयास किया लेकिन मधुमक्खियों के झुंड ने किसानों का पीछा नहीं छोड़ा।

किसानों की चीख पुकार सुन दूर दराज खेतों पर कृषि कार्य कर रहे अन्य किसानों में हड़कंप मच गया। अन्य किसान भी अपना काम छोड़ कर अपने घरों व सुरक्षित स्थानों की ओर भाग खड़े हुए। पीड़ित किसानों के परिजन पहुंचे जहां से गंभीर घायल बुजुर्ग किसान होतीलाल प्रजापति (85) पुत्र सूरज प्रसाद, शांति देवी (80) पत्नी होतीलाल,हरिशंकर प्रजापति (35) पुत्र होतीलाल, राधाकृष्ण (54) पुत्र सूरज प्रसाद, भारत सिंह (36) वर्ष व रामचंद (45) वर्ष पुत्र शिवराम प्रजापति, दीप कुमार 25 वर्ष पुत्र ब्रजेश कुमार प्रजापति आदि को गांव के ही एक निजी चिकित्सालय ले गए। जहां चिकित्सक ने होतीलाल, शांति देवी और हरी शंकर की हालत गंभीर बताई है।

समाजसेवी इंद्रपाल सिंह यादव ने जिलाधिकारी से मांग की है कि उपरोक्त घायल सभी किसानों का स्वास्थ्य विभाग की टीम गांव भेजकर इलाज कराया जाए।

## सार-संक्षेप


गुरुद्वारा में लंगर छकते श्रद्धालु। अमृत विचार

### बैसाखी खुशियों व समृद्धि का पर्व: तरनपाल सिंह

**इटावा।** उत्साह,उमंग, खुशियों और संकल्प का त्योहार खालसा साजना दिवस बैसाखी उल्लास और उत्साह के माहौल में मनाया गया। सुबह से ही गुरुद्वारा श्री गुरुतेग बहादुर साहिब धार्मिक जयकारों के जाप से गूंजता रहा। श्रद्धालुओं ने अखंड पाठ में भाग लिया। गुरुद्वारा में सजे दरबार के दौरान रागी जत्थे ने मधुर शबद कीर्तन किया। बच्चों ने धार्मिक कविता,पाठ में भी भाग लिया। गुरुद्वारा कमेटी के अध्यक्ष सरदार तरनपाल सिंह कालरा ने बताया कि बैसाखी समृद्धि, खुशियों और संकल्प का त्योहार है। वर्ष 1699 में आज ही के दिन खालसा पंथ की स्थापना हुई थी। श्री गुरुगोविंद सिंह ने बैसाखी के विशाल समागम में कौम के लिए शहीदी के जजबे की पांच सिक्खों की परीक्षा ली गुरु और सिक्ख धर्म के प्रति पांच सिक्खों की निष्ठा और समर्पण को देखते हुए गुरू साहिब ने उन्हें अमृत छकाया और पांच प्यारों का नाम दिया। पांच प्यारों को अमृत छकाने के बाद गुरु साहिब ने स्वयं भी पांच प्यारों से अमृत गृहण किया। अखंड पाठ साहिब करवाने वाले बलविंदर सिंह, दीपिंदर अरोड़ा और लंगर सेवा करवाने वाले परिवार सरदार दीपू अरोड़ा को सिरोपा भेंट किया गया। सरदार मनदीप सिंह, चरनजीत सिंह, दलजीत सिंह, जसवीर सिंह (पप्पी), गुरमीत सिंह साहनी, त्रिलोचन सिंह ने मिलकर सहयोग के लिए गुरुद्वारा कमेटी की ओर से सभी का आभार जताया और कमेटी ने सभी को वैशाखी की बधाई दी।


ईद मिलन समारोह में जिला पंचायत अध्यक्ष अंशुल यादव व अन्य। अमृत विचार

### सपा नेता के आवास पर ईद मिलन समारोह का आयोजन

**इटावा।** समाजवादी पार्टी के वरिष्ठ नेता एवं साबितगंज वार्ड के सेक्टर प्रभारी ज़ैनुल आबेदीन राईन के आवास पर ईद मिलन समारोह का आयोजन किया गया। जहां जिला पंचायत अध्यक्ष अंशुल यादव मुख्य अतिथि रहे। ज़ैनुल आबेदीन राईन और उनकी पत्नी नीलोफर शैला ने अंशुल यादव को प्रतीक चिन्ह व बुके देकर स्वागत किया। इसके बाद अंशुल यादव सहित सपा नेताओं ने सिवई का आनंद लिया। उपस्थित लोगों को ईद की मुबारकबाद दी। अंशुल यादव ने कहा लोकसभा चुनाव का विगुल बज चुका है। समाजवादी पार्टी के कार्यकर्ता अभी से चुनाव की तैयारी में जुट जाएं। सपा प्रत्याशी जितेंद्र दोहरे को ऐतिहासिक जीत दिलाकर समाजवादी पार्टी को मजबूत करें। सपा अल्पसंख्यक प्रकोष्ठ के जिला अध्यक्ष फरहान शकील, वरिष्ठ नेता एसएम मुस्तकीम, रामबाबू प्रधान, व्यापारी नेता ज़ैनुल आबेदीन, हसन राइन, तहसीनुल आबेदीन अजान, मुजम्मिल राइन, जैद उद्दीन, यासिर रियाज़, जुहेब, शुएब आदि उपस्थित रहे।



मतदाता जागरुकता अभियान में भाग लेतीं छात्राएं व शिक्षक। अमृत विचार

### ज्यादा मतदान करने से मजबूत होगा लोकतंत्र

**इटावा।** ज्ञान स्थली आवासीय विद्यालय कर्वा खेड़ा में नव मतदाता शिक्षक, शिक्षिकाओं ने मताधिकार का प्रयोग करने की शपथ ली। सभी मतदाताओं ने निर्वाचन की गरिमा को अक्षुण्ण रखने की कसम खाई। ज्ञान स्थली ग्रुप के उपप्रबंधक विनीत यादव ने बताया कि मतदान एक ऐसा जरिया है जिसके माध्यम से हम राष्ट्र सेवा की ओर अपने को समर्पित करते हैं। जितना ज्यादा मतदान होगा लोकतंत्र उतना ही मजबूत बनेगा। विद्यालय के प्रधानाचार्य डॉ. मुकुल कुमार सिन्हा ने कहा कि मतदाता देश के भाग्यविधाता है। अत : वे निर्भीक होकर धर्म, वर्ग, जाति, भाषा, समुदाय अथवा अन्य किसी भी प्रलोभन से प्रभावित हुए अपने मताधिकार का प्रयोग कर लोकतंत्र के इस महापर्व के साक्षी बनें। स्पोर्टस टीचर वाशिफ खान भी मौजूद रहे।

### गृह क्लेश के चलते महिला ने लगाई फांसी

**ताखा, इटावा।** घर के सामने रखी झोपड़ी में फंदा लगाकर विवाहिता ने आत्महत्या कर ली। परिजनों ने ससुराल पक्ष पर हत्या का आरोप लगाया है। मामला ऊसराहार थाना क्षेत्र के नगला भगे गांव का है। गांव निवासी निधि (24) पत्नी महेंद्र सिंह की पत्नी ने शुक्रवार रात को घर के बाहर बनी झोपड़ी में फंदा से लटककर आत्महत्या कर ली। पति ने मामले की सूचना महिला के परिजनों को दी। महिला के पिता रविंद्र सिंह यादव निवासी हरिनारायणपुर घसारा औरेया ने घटना की सूचना शनिवार सुबह ऊसराहार पुलिस को दी। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भिजवाया है। बताते चलें कि परिवार में बंटवारे को लेकर पिछले चार दिन से पंचायत हो रही थी। बंटवारा नहीं होने से आपस में क्लेश था। जिसको लेकर महिला ने आत्महत्या कर ली। पांच वर्ष पूर्व महिला की शादी हुई थी। जिससे एक बेटा आठ माह का है। थाना प्रभारी बेचन सिंह ने बताया कि सूचना पर शव को पोस्टमार्टम के लिए भिजवाया गया है। तहरीर मिलने पर आगे की कार्रवाई की जाएगी।

**आयोजन** सेंट मेरी इंटर कॉलेज में खेलकूद समारोह, चैंपियन छात्र-छात्राओं को किया गया सम्मानित

# खेलों से बच्चों का होता है सर्वांगीण विकास : थॉमस

कार्यालय संवाददाता, इटावा

**अमृत विचार।** खेलकूद प्रतियोगिताओं से विद्यार्थियों को अनुशासन में रहने की सीख मिलती है। वहीं शारीरिक विकास के साथ-साथ उनका सर्वांगीण विकास होता है। यह बातें सेंट मेरी इंटर कॉलेज में स्पोर्ट्स डे के अवसर पर मुख्य अतिथि ऑक्सीलेरी बिशप इटावा राजस्थान रीजन मार थॉमस पडियाथ ने व्यक्त किए।

समारोह की शुरूआत बच्चों के प्रार्थना गीत से हुई। प्रिंसिपल फादर जोबी जोसेफ ने सभी प्रतिभागियों को खेल भावना की शपथ दिलाई। तत्पश्चात मुख्य अतिथि ने खेल प्रतियोगिताओं के विधिवत शुरूआत की घोषणा की।

100 मीटर सीनियर बॉयज दौड़ में हर्षित यादव प्रथम, अभिनव चौहान द्वितीय व शुभेन्द्र प्रताप सिंह तृतीय स्थान पर रहे। 100 मीटर सीनियर गर्ल्स में शिवानी यादव प्रथम, श्रष्टि यादव द्वितीय व शीति वर्मा तृतीय स्थान पर रहीं। 100 मीटर जूनियर बॉयज में दीपेन्द्र सिंह प्रथम, साहिल द्वितीय व रूद्र यादव 7 जी तृतीय स्थान पर रहे। 100 मीटर जूनियर गर्ल्स में कृतिका तिवारी प्रथम, अक्षरा दुबे द्वितीय व इशिता यादव तृतीय स्थान पर रहीं।

उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले जूनियर बॉयज दीपेन्द्र सिंह, जूनियर गर्ल्स अक्षरा दुबे व सीनियर बॉयज रोनित करकेटा, अभिनव प्रताप सिंह एवं सीनियर गर्ल्स शिवानी को चैंपियन घोषित किया गया। उत्कृष्ट प्रदर्शन के आधार पर सेंट अल्फोंसा (येलो हाउस 124 अंक), सेंट एंटोनीज (ग्रीन हाउस 85 अंक), सेंट फ्रांसिस (रेड हाउस 78 अंक) एवं मदर टेरेसा (ब्लू हाउस 49 अंक) प्राप्त करने पर सभी

प्रतिभागियों को मुख्य अतिथि मार थॉमस पडियाथ, प्रिंसिपल फादर जोबी जोसेफ, मेनेजर फादर बिंसन, फादर बिबिन, सिस्टर जोशमिन व सिस्टर नवीना ने मेडल व प्रमाण पत्र देकर पुरस्कृत किया। चैंपियन प्रतिभागियों को ट्रॉफी देकर सम्मानित किया।

खेलकूद समारोह को सफ़ल बनाने में खेल प्रशिक्षक अरुण सिंह,प्रताप भानु,सत्येंद्र सिंह सुची वर्मा,ज्योति परिहार एवं नीना यादव सहित सेंटमेरी परिवार का सराहनीय योगदान रहा।


चैंपियन छात्रों के साथ बिशप थामस पडियाथ एवं फादर जोबी जोसेफ। अमृत विचार

### चौकीदार पर सोलर पैनल चोरी की रिपोर्ट

**बकेवर, इटावा।** थाना क्षेत्र के ग्राम सैदपुर में जल निगम द्वारा पेयजल आपूर्ति के लिए बनाई जा रही पानी टंकी के चौकीदार ने सोलर पैनल की 16 प्लेट चोरी कर ली। अवर भियंता ने रिपोर्ट दर्ज कराई है। अवर अभियंता पंकज कुमार ने बताया कि ग्राम सैदपुर में पानी की टंकी का निर्माण जलनिगम के द्वारा किया जा रहा है। इसकी देखरेख रवि चन्द्र पुत्र लल्ला निवासी नगला भजू कर्वाबुर्जुग बकेवर के द्वारा चौकीदार के रूप में की जा रही है। चौकीदार ने 7 अप्रैल की रात को 16 सोलर पैनल चोरी कर लिए ।

### विमल स्वरूप बने वरिष्ठ उपाध्यक्ष

**इटावा।** गवर्नमेंट पेंशनर्स वेलफेयर आर्गेनाइजेशन में नए पदाधिकारी बनाए गए। बैठक जिला अध्यक्ष दिलीप मिश्रा की अध्यक्षता में हुई। विमल स्वरूप पाठक को वरिष्ठ उपाध्यक्ष बनाया गया है। बीआर वर्मा, श्याम बाबू यादव, साधो सिंह को उपाध्यक्ष बनाया गया।



# राष्ट्र सर्वोपरि आस्था



हृदय नारायण दीक्षित
पूर्व विधानसभा अध्यक्ष उ.प्र.

**आंबेडकर ने प्राचीन इतिहास का गहन अध्ययन किया। शूद्रों को अलग नस्ल बताने वाली नेतागिरी का प्रतिकार किया। मार्क्सवाद पढ़ा और भारतीय परिस्थितियों खासतौर से दलितों के लिए अनुपयोगी बताया। उन्होंने बहुचर्चित 'आर्य आक्रमण के सिद्धांत' का प्रतिकार किया। भारतीय इतिहास बोध के प्रेमी उनके ऋणी रहेंगे।**

डॉ.बी.आर. आम्बेडकर वाकई भारत रत्न हैं। प्रख्यात मनीषी, संविधान सर्जक, व श्रद्धेय राष्ट्र निर्माता। वे अद्वितीय थे, प्रेरक थे, अमर थे। उन्होंने भारतीय सार्वजनिक जीवन में हस्तक्षेप किया। उनके व्यक्तित्व, कृतित्व और विचार आधुनिक राजनीति को भी लगातार प्रभावित कर रहे हैं। वे अपने जीवनकाल से ज्यादा आधुनिक काल में भी प्रभावी हैं। वर्तमान जैसे विद्यमान श्रीमान है। प्रखर राष्ट्रवादी हैं। डॉ. आम्बेडकर अपने समकालीन विद्वानों, राजनेताओं के मध्य श्रेष्ठ बुद्धिजीवी थे। राष्ट्रनिष्ठ और बहुपठित थे। वे भारतीय समाज संरचना के तर्कनिष्ठ आलोचक थे। उन्होंने ऋग्वेद सहित सम्पूर्ण प्राचीन भारतीय वाङ्.मय पढ़ा। उपनिषद पुराण और स्मृति ग्रंथ भी उनके प्रिय विषय रहे। उन्होंने प्राचीन इतिहास का गहन अध्ययन किया। शूद्रों को अलग नस्ल बताने वाली नेतागीरी का प्रतिकार किया। मार्क्सवाद पढ़ा और भारतीय परिस्थितियों खासतौर से दलितों के लिए अनुपयोगी बताया। उन्होंने बहुचर्चित 'आर्य आक्रमण के सिद्धांत' का प्रतिकार किया। भारतीय इतिहास बोध के प्रेमी उनके ऋणी रहेंगे।

राजनीति ने 'जाति और शूद्र' को भारतीय इतिहास का प्राचीन तत्व बनाया है। ब्रिटिश विद्वान व जातिवादी राजनीति का एक बड़ा धड़ा आर्यों को विदेशी हमलावर और शूद्रों को पराजित नस्ल बताता रहा है। डॉ. आम्बेडकर ने लिखा, "यह धारणा गलत है कि आर्य आक्रमणकारियों ने शूद्रों को जीता। पहली बात तो यह कि आर्य भारत में बाहर से आए थे और उन्होंने यहां के मूल निवासियों पर आक्रमण किया, इस कहानी के समर्थन के लिए कोई भी प्रमाण नहीं है। भारत ही आर्यो का मूल निवास स्थान था, यह सिद्ध करने के लिए प्रमाण-सामग्री काफी बड़े परिमाण में है। आर्यो और दस्युओं में युद्ध हुआ, यह साबित करने के लिए कोई प्रमाण नहीं है। फिर दस्युओं का शूद्रों से कुछ लेना-देना नहीं है।" (डॉ. बाबा साहब आम्बेडकर राइटिंग्स एण्ड स्पीचेज खण्ड 7 पृष्ठ 420) आर्यों को विदेशी मानने का झूठ अभी भी जारी है।

डॉ.आम्बेडकर की पुस्तक "हू वेयर शूद्राज" (शूद्र कौन थे?) (1946) पठनीय है। उन्होंने एक विद्वान अधिवक्ता की तरह पहले पाश्चात्य विद्वानों के विचार दिये हैं। उन स्थापनाओं को तर्क सहित गलत बताया है। उन्होंने ऐसे विद्वानों की 7 मुख्य स्थापनाएं बनाई - 1. जिन लोगों ने वैदिक साहित्य रचा था, वे आर्य नस्ल के थे। 2. आर्य नस्ल बाहर से आई थी और उसने भारत पर आक्रमण किया था। 3. भारत के निवासी दास और दस्यु रूप में जाने जाते थे और ये आर्यो से नस्ल के विचार से भिन्न थे। 4. आर्य श्वेत नस्ल के थे, दास और दस्यु काली नस्ल के थे। 5. आर्यो ने दासों और दस्युओं पर विजय प्राप्त की। 6. दस और दस्यु विजित होने के बाद दास बना लिए गए और शूद्र कहलाए। 7. आर्यो में रंगभेद की भावना थी। इसलिए उन्होंने चातुर्वर्ण्य का निर्माण किया। इसके द्वारा उन्होंने श्वेत नस्ल को काली नस्ल से, यथा दासों और दस्युओं से अलग किया। (वही, खण्ड 7, पृष्ठ 65) इसके बाद सातों विचार बिन्दुओं की सभी स्थापनाओं को गलत बताया। ऋग्वेद के उद्धरण दिये और लिखा "इन (शब्दो) के प्रयोग देखने से निष्कर्ष यह निकलता है कि ये शब्द नस्ल के अर्थ में कहीं भी प्रयुक्त नहीं हुए" (वही पृष्ठ 70) वे आर्यों को विदेशी बताने का तर्क काटते हैं "जहां तक वैदिक साहित्य का संबंध है, वह इस सिद्धांत के प्रतिकूल है कि आर्यो का मूल निवास भारत से कहीं बाहर था।" (वही) आर्य विदेशी होते तो भारतीय नदियों को माता कहकर प्रणाम न करते। आर्य हम सबके पूर्वज थे।

डॉ. आम्बेडकर ने रंग (वर्ण) भेद के आधार पर आर्यो और शूद्रों को अलग बताने वाली स्थापना को भी गलत बताया। उन्होंने ऋग्वेद के तमाम उद्धरण दिए और लिखा, "आर्य गौर वर्ण के थे और श्याम वर्ण के भी थे। अश्विनी देवों ने श्याव और रूक्षती का विवाह करवाया। श्याव श्याम वर्ण है, रूक्षती गौर वर्ण है।" डॉ. आम्बेडकर की स्थापना है "इन उद्धरणों से ज्ञात होता है कि वैदिक आर्यो में रंगभेद की भावना नहीं थी। ऋग्वेद के एक ऋषि दीर्घ तमस् है, वे श्याम वर्ण के, और कण्व भी श्याम वर्ण के थे।" आर्यो के दोनों अवतारी पुरुष श्रीराम व श्रीकृष्ण सांवले थे। महाभारत के प्रतिष्ठित योद्धा अर्जुन भी श्याम रंग के थे। समूचा आर्य समाज एक था। हिन्दू प्राचीन आर्य समाज की ही नई संज्ञा है।

डॉ. आम्बेडकर ने लिखा "हिन्दुओं से अछूतों को अलग करने की मांग पर मुसलमानों ने जोर दिया था। 27 जनवरी 1910 को उन्होंने सरकार के सामने एक आवेदन प्रस्तुत किया था। उनका दावा था कि देश की राजनीतिक संस्थाओं में उनके प्रतिनिधित्व का अनुपात सभी हिंदुओं की संख्या के अनुसार निश्चित न किया जाना चाहिए वरन् सवर्ण हिंदुओं की संख्या के अनुरूप ही निश्चित होना चाहिए। उनका कहना था कि अछूत हिंदू नहीं हैं।" (खण्ड 5 पृष्ठ 7) लिखा कि "1909 में मुसलमानों की ओर से आगा खां ने वायसराय मिंटों के सामने आवेदन पेश किया था-राजनीतिक संस्थाओं और सार्वजनिक सेवाओं में मुसलमानों को पृथक् और पर्याप्त प्रतिनिधित्व मिलना चाहिए। 1901 में जो मर्दुमशुमारी हुई थी उसमें मुसलमान कुल आबादी का चैथाई या पांचवां हिस्सा थे। यदि हिन्दू समुदाय से अस्पशर्य अंगों को निकाल दिया जाए, जो प्रकृति पूजक हैं या छोटे-मोटे धर्म मानने वालें हैं, वे निकाल दिये जाएं, तो बहुसंख्यक हिंदुओं के मुकाबले मुसलमानों की संख्या का अनुपात पहले से बढ़ जाता है।" (खण्ड 7, पृष्ठ 311-12)

ऋग्वेद में कहीं भी 4 वर्ण नहीं है। शब्द ब्राह्मण का भी वर्ण के अर्थ में प्रयोग नहीं हुआ। डॉ. रामविलास शर्मा ने लिखा (भारतीय संस्कृति और हिन्दी प्रदेष, पृष्ठ 53) है, "ऋग्वेद में ब्रह्मन् शब्द बहुत बार आया है। इसका अर्थ ब्राह्मण वर्ण नहीं है। ब्रह्मन् की तरह अनेक बार ब्रह्मा का भी प्रयोग हुआ है। इसका मूल अर्थ प्रषस्तिपरक काव्य है। कवि इन्द्र से कहता है, हम तेरे लिए अभूतपूर्व स्तोत्र कहते हैं। (8.90.3) ब्रह्मन् की तरह ब्रह्मा भी कवि, गायक, स्तोता हैं। वशिष्ठ इसी अर्थ में ब्रह्मन् है। (8.90.3) इन्द्र वशिष्ठ से कहते हैं-हे वशिष्ठ, ब्राह्मन्, तू उर्वषी के मन से उत्पन्न हुआ है। (7.33.11) इन तमाम संदर्भो में स्तुति और स्तोत्र की चर्चा है। ब्राह्मणाम् का अर्थ ब्राह्मण जाति या वर्ण नहीं, कवि, ब्रह्मकार गायक है।"

राष्ट्र सर्वोपरि आस्था है। डॉ. आंबेडकर ने लिखा, "भारत एक भौगोलिक इकाई है। इस इकाई का निर्माण प्रकृति ने किया है। यह सही है कि भारतवासी आपस में झगड़ते रहते हैं,परंतु इन झगड़ों से उस एकता का नाश नहीं हो सकता जो प्रकृति के समान ही सनातन है। भौगोलिक एकता के साथ ही यहां सांस्कृतिक एकता भी है।" डॉ. आम्बेडकर के निष्कर्ष रोमांचकारी हैं। भारत प्रकृति निर्मित राष्ट्र है। राष्ट्र की सांस्कृतिक एकता प्रकृति के समान सनातन है। संविधान निर्माण के आखिरी दिन (25.11.1949) उन्होंने भावुक भाषण दिया। अंत में कहा, "यहां मैं अपना भाषण खत्म कर देता किन्तु मेरा मस्तिष्क देश की भविष्य चिन्ता से परिपूर्ण है। क्या भारत अपनी स्वतंत्रता बनाये रखने में कामयाब होगा? जाति और मत-मतान्तर राजनैतिक पक्ष बन रहे हैं। क्या भारतीय मत-मतान्तरों को राष्ट्र से श्रेष्ठ मानेंगे या राष्ट्र के मत मतान्तरों से ऊपर?" डॉ. आम्बेडकर की आस्था का केन्द्र राष्ट्र था। हम सबको अपने भारतरत्न पर गर्व है।

# दिल्ली: केंद्र की किंकर्तव्यविमूढ़ता

**केंद्र और उसका गृह मंत्रालय व दिल्ली के उपराज्यपाल इतने असहाय भी नहीं हैं, जैसा वे आचरण कर रहे हैं। राज्य सरकारें संधिधान के अनुच्छेद 356 के तहत केंद्र द्वारा बर्खास्त की जा सकती हैं।**



रघोत्तम शुक्ला
सेवानिवृत्त पीसीएस

अधूरे प्रदेश दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल 21 मार्च को शराब घोटाले में जेल भेजे जा चुके हैं,तब से वहीं पर हैं और जन तथा विधायी कार्य देखने की स्थिति में नहीं हैं। वे त्याग पत्र नहीं दे रहे हैं और वहीं से सरकार चलाने की हठ कर रहे हैं। इस बिंदु पर संविधान में कोई स्पष्ट व्यवस्था नहीं है। हर चीज पर कानून या सांविधानिक प्रावधान हो भी नहीं सकते। व्यवहारिक पक्ष और नैतिकता भी मायने रखती है।

हालांकि आजकल नैतिकता शब्द केवल डिक्शनरी तक सीमित है,व्यवहार में दृष्टिगत नहीं होता है। इसके पहले कई बार पदासीन मुख्यमंत्रियों के जेल जाने की नौबतें आई, तब उन्होंने पहले ही इस्तीफा दे दिया और जगहंसाई नहीं करवाई। केजरीवाल अद्वितीय निकले। त्यागपत्र तो नहीं ही दे रहे हैं, जेल से सरकार चलाने का भी दावा कर रहे हैं। उनका एक दुर्गुण आज उनके लिए लाभकारी सिद्ध हो रहा है। वह यह कि उन्होंने अपने पास कोई विभाग ही नहीं रखा जिससे फिलहाल रोजमर्रा के काम नहीं रुक रहे। इस तरह फिलहाल वे चन्द्रमा पर से भी दिल्ली के मुख्यमंत्री बने रह सकते हैं।

दिक्कतें आएंगी, जब उनकी सदन, विधान मंडल दल और जनता में उपस्थिति जरूरी होगी, किंतु तत्काल तो वे समस्याएं पैदा ही कर रहे हैं। देश में एक केंद्र सरकार भी है। उसकी इस प्रकरण पर तीन हफ्ते से तटस्थता आश्चर्यजनक है। जब मुख्यमंत्री को कारागार भेजा है तो परवर्ती परिणामों का भी ख्याल रखना चाहिए था और उपाय कर लेना था। शायद भाजपा ने सोचा होगा कि इस्तीफा तो हो ही जाएगा और फिर विधायकों की तोड़फोड़ करके अपनी सरकार बना लेंगे जिससे दिल्ली व अन्यत्र भी लोकसभाई चुनावों में लाभ मिलेगा। गणित फेल हो गई। अब निरुपाय होकर टुकुर-टुकुर क्या देख रहे हैं? विश्व में एक नमूना कायम हो रहा है,क्योंकि दिल्ली संसार के सबसे बड़े लोकतांत्रिक देश की राजधानी है। विश्व में यह संदेश जा रहा है कि मुख्यमंत्री या उस जैसा कोई अन्य जन प्रतिनिधि अपराधिक मामले में जेल में बंद रहकर भी पद पर बना रह सकता है।

केंद्र और उसका गृह मंत्रालय व दिल्ली के उपराज्यपाल इतने असहाय भी नहीं हैं, जैसा वे आचरण कर रहे हैं। राज्य सरकारें संविधान के अनुच्छेद 356 के तहत केंद्र द्वारा बर्खास्त की जा सकती हैं। बशर्ते कि वहां संवैधानिक तंत्र चरमरा गया हो। यह शर्त दिल्ली में स्पष्टतया पूरी हो रही है। मुख्यमंत्री नेता सदन होता है। सदन के प्रति वह उत्तरदायी भी है। क्या जेल से वह सदन में बैठ सकेगा? वह कैबिनेट बैठकों की अध्यक्षता भी करता है। कारागार से कैसे करेगा?

जनता का दुख दर्द समस्याएं सुनना,समझना और निराकरण उसका दायित्व है। आज के हालात में वह यह सब कैसे करेगा? तब फिर केंद्र किस बात इंतजार कर रहा है? जनता की समस्याओं से मुंह क्यों फेरे हैं? शायद चुनावी नफा नुकसान! या सुप्रीमकोर्ट का डर कि कहीं राष्ट्रपति शासन लगाने की उद्घोषणा का न्यायिक पुनरीक्षण न कर ले और स्थगित न कर दे। तब चुनाव बुरी तरह प्रभावित हो जाएंगे,जो भी हो केंद्र को कदम तो उठाना ही होगा। साहसहीनता आधारित किंकर्तव्य विमूढ़ता ठीक नहीं। दिल्ली प्रांत के लिए संविधान में एक प्रावधान और है,जो राज्य सरकार को निष्क्रिय कर देगा। वह है-अनुच्छेद 239 ए बी। इसका प्रयोग भी किया जा सकता है। बहरहाल हर हाल में कदम तो बढ़ाना ही पड़ेगा।

# आधुनिक भारत के शिल्पी, सर्व समाज के आदर्श बाबा साहेब



प्रो.एच.सी.पुरोहित
दून विश्वविद्यालय

दुनिया के सबसे बड़े लोकतांत्रिक देश के संविधान की रचना करने वाले महामुनी डॉ. भीमराव आंबेडकर की 125 वीं जयंती के अवसर पर वर्ष 2015 में भारत सरकार ने 26 नवंबर को 'संविधान दिवस' के रूप बनाने का निर्णय लिया,क्योंकि इसी संविधान सभा ने 1949 में अपना काम पूरा कर लिया था,तब से हर वर्ष 26 नवंबर को संविधान दिवस धूमधाम से मनाया जाता है। बाबा साहेब डॉ.भीमराव आंबेडकर की राष्ट्र निर्माण एवं संविधान निर्माण में अद्वितीय, अतुलनीय और अप्रतिम योगदान के लिए उनके प्रति कृतज्ञता ज्ञापित करने का इससे बेहतर कोई और विकल्प मेरी समझ से हो नहीं सकता था। विश्व के सबसे बड़े लोकतंत्र में संवैधानिक मूल्यों के प्रति देश के नागरिकों में सम्मान की भावना प्रबल करने और नई पीढ़ी को इन मूल्यों के प्रति जागरूक करने लिए के इस दिवस का विशेष महत्व है।

संविधान सभा की प्रारूप समिति में जिन सात लोगों को शामिल किया गया,उनमें कन्हैयालाल मुंशी,मोहम्मद सादुल्लाह,अल्लादि कृष्णस्वामी अय्यर,गोपाल स्वामी अय्यंगार,एन. माधव राव और टीटी कृष्णामचारी थे। इनमें से एक सदस्य बीमार हो गए,दो दिल्ली के बाहर थे,एक विदेश में थे, एक ने बीच में ही इस्तीफा दे दिया और एक सदस्य किन्हीं कारणों से नहीं आ सके। इस तरह से सात सदस्यों वाली कमेटी में अकेले डॉ. आंबेडकर के कंधों पर संविधान का मसौदा तैयार करने की सारी जिम्मेदारी थी। यह तथ्य ड्राफ्टिंग कमेटी के ही सदस्य टीटी कृष्णामाचारी ने नवंबर 1948 में संविधान सभा में कहा कि 'मृत्यु, बीमारी और अन्य व्यस्तताओं' की वजह से कमेटी के ज्यादातर सदस्यों ने मसौदा बनाने में पर्याप्त योगदान नहीं दिया। इसके चलते संविधान तैयार करने का बोझ डॉ. आंबेडकर पर आ पड़ा। इससे समझा जा सकता है कि इतने महत्वपूर्ण मसौदे को तैयार करने में कितनी शक्ति एवं विचार की आवश्यकता रही होगी।

संविधान में सर्व कल्याण की मूल भावना समाहित है,क्योंकि उसमें इस श्लोक के विचार को समाहित किया गया है। 'सर्वे भवन्तु सुखिनः सर्वे सन्तु निरामया। सर्वे भद्राणि पश्यंतु मा कश्चित् दुःखभाग् भवेत्।।' मंत्र को केंद्र में रखते हुए सर्व समाज के कल्याण एवं हितों का संरक्षण करने वाले संविधान की रचना की। इस मंत्र को साकार करने के लिए संविधान में आर्टिकल 41 एवं 42 के अंतर्गत स्पष्ट प्रावधान किए गए हैं कि राज्य अपनी आर्थिक क्षमता और विकास की सीमाओं के अनुसार काम पाने,शिक्षा पाने, बेकारी, बुढ़ापा, बीमारी और निःशक्तता तथा अन्य अनर्ह अभाव की दशाओं में लोक सहायता पाने के अधिकार को प्राप्त कराने, काम की न्यायसंगत और मानवोचित दशाओं का तथा प्रसूति सहायता का प्रभावी उपबंध करेगा। इन्हीं प्रावधानों के करण पिछले 75 वर्षों से देश के सभी नागरिकों को विभिन्न प्रकार की सामाजिक कल्याण



की सुविधाएं प्राप्त हो रही है और इन कल्याणकारी सुविधाओं या योजनाओं में किसी प्रकार का जाति,धर्म, क्षेत्र या वर्ग में कोई भेद नहीं है,ये प्रावधान सर्व समाज के लिए एवं देश के प्रत्येक नागरिक के लिए उपलब्ध हैं। हमारे आपस में दलगत राजनीति के कारण कितने ही मतभेद क्यों न हों,लेकिन जब भी देश की बात होती है तो सभी लोगों की राय एक ही रहती है कि देश चलेगा तो संविधान से ही,यह भाव इसकी सर्वग्राहता एवं सार्वभौमिकता का द्योतक है। बाबा साहब डॉ. आंबेडकर सामाज में व्याप्त भेदभाव से वाकिफ थे और इसके निवारण के लिए वे शिक्षा के प्रसार एवं गुणवत्ता युक्त शिक्षा पर जोर देते थे,उनका स्पष्ट मानना था कि समाज के हर व्यक्ति को शिक्षित होना आवश्यक है। क्योंकि शिक्षा के माध्यम से ही समाज में हर प्रकार के भेदभाव को समाप्त किया जा सकता है। परिवार ने निजी तौर पर कई दुश्वारियां झेली,उनके चार-चार बच्चे काल के गाल में समा गए,लेकिन बाबा साहब इन सबको दरकिनार कर निजी दुख से विचलित हुए बिना देश के करोड़ों बच्चों के भविष्य को सवांरने की चिंता में लीन राष्ट्र निर्माण एवं सामाजिक कल्याण के लिए एक तपस्वी संत की भांति पूर्ण मनोयोग से समर्पित रहे। नित रोज कुछ नया करने एवं सीखने की ललक डॉ. आंबेडकर को पुस्तकों के करीब ले जाती थी। वे हर दिन घंटों अपने निजी पुस्तकालय में अध्ययन करते थे, उनके पुस्तकालय में हजारों पुस्तकें थी,उनको लिखने का बहुत शौक था। डॉक्टर आंबेडकर लगभग 65 वर्ष से भी कम समय तक हम लोगों के बीच रहे। इतने कम समय में इतनी पुस्तकों का अध्ययन व रचना करना उनके उच्च अकादमिक कैलिबर के व्यक्तित्व को प्रदर्शित करता है।

एक बार सांसद को संबोधित करते हुए बाबा साहब ने मजाकिया अंदाज में जिक्र किया था कि इस समाज को जब कभी दिशा देने की आवश्यकता पड़ी तो समाज ने हमको चुना। महाभारत काल में मत्स्यगंधा के पुत्र महर्षि वेद व्यास ने महाभारत ग्रंथ की रचना की,त्रेता युग में महर्षि वाल्मीकि ने रामायण रची और आधुनिक काल में यह दायित्व डॉक्टर आंबेडकर को मिला। महर्षि वाल्मीकि का चित्र वाला रामायण देश व दुनिया के करोड़ों घरों व देवालयों में स्थापित है। महर्षि वेद व्यास द्वारा रचित महाभारत भी करोड़ों घरों और देवालयों में शोभायमान है। बाबा साहब डॉक्टर भीमराव आंबेडकर का स्थान एक समाज के नायक, महान समाज सुधारक,महामुनि और महान तपस्वी संत से अधिक आधुनिक भारत के निर्माण के शिल्पी के रूप में युगों-युगों तक याद किया जाएगा।

# वंचितों के मसीहा डॉ.आंबेडकर



डॉ. सुभाष चन्द्र
सह. पुस्तकालय अध्यक्ष एमजेपीआरयू, बरेली

भक्ति काल में वंचित एवं पिछड़ी जातियों में अनेक संतों का उदय हुआ था। उनमें मुख्यतः कबीर, रविदास, घाना, पीपा इत्यादि महान संत हुए। इसके इतर सामाजिक बुराइयों से संघर्ष करने वालों में नारायण गुरु, पेरियार, महात्मा ज्योतिबा फुले आदि शख्सियतों ने महत्वपूर्ण योगदान दिया। वर्ण व्यवस्था कई तरह के अन्यायों यथा- आर्थिक अन्याय, सामाजिक अन्याय, राजनीतिक अन्याय, धार्मिक अन्याय एवं सांस्कृतिक अन्याय की जननी रही है। हम सभी जानते है कि डॉ. आंबेडकर का जन्म एक अछूत जाति में हुआ था। बाल्यकाल से ही उन्हें उपरोक्त अन्यायों को सहन करना पड़ा और इन अन्यायों ने जीवन पर्यंत किसी न किसी रूप में उनका पीछा नहीं छोड़ा।

कई बार लोग कहते हैं कि आंबेडकर स्वतंत्रता आंदोलन में कहां थे? वे स्पष्ट कहते हैं कि 'इस देश को आजादी मिलनी चाहिए, जितना आप चाहते हैं, उतना ही मैं भी चाहता हूं,लेकिन मेरे मन में एक प्रश्न है कि देश की आजादी आएगी तो मेरी और मेरे मित्रों और बंधुओं की आजादी या नहीं या वे वैसे ही गुलाम बने रहेंगे'। वे कांग्रेस के नेताओं से पूछते थे कि 'क्या आप मुझे विश्वास दिला सकते हो कि आजादी मिलने के बाद मेरे इन बंधुओं की भी आजादी आ जाएगी, क्या वे स्वतंत्र होंगे'? उस समय हिंदू नारियों की अवस्था भी वंचित तबके के समान ही दयनीय थी। इस संदर्भ में हिंदू कोड बिल के माध्यम से उन्होंने जो कानूनी प्राविधान किए थे,वे ऐतिहासिक स्वरूप के हैं।

आंबेडकर ने वंचित समाज के लोगों को एक मंच दिया,मूक लोगों को वाणी दी, जैसा कि 'मूकनायक' नाम के उनके समाचार पत्र को हम जानते हैं। एक अस्तित्व दिया, आधार दिया, उनमें आत्मविश्वास पैदा किया। उन्होंने अधिकारों के लिए लोगों को जागरूक किया,संगठित किया, अनुशासित किया,संघर्ष के लिए तैयार किया। लोगों को स्वाभिमानी बनाया,शिक्षित होने का आह्वान किया,अपने अधिकार लेने के लिए लोगों को एकत्रित किया और कई सफल आंदोलन किए।

डॉ. आंबेडकर के प्रयासों से ही आजादी के उपरांत वंचित समाज के उत्थान एवं विकास के लिए आरक्षण को एक संवैधानिक प्रावधान के तहत स्वीकार किया गया। आजादी के सतहत्तर वर्षों उपरांत भी यह नीति सरकार,संविधान एवं न्याय पालिका के संरक्षण में क्रियान्वित है। कोई भी व्यक्ति या सरकारी संस्था आरक्षण के प्रावधानों का उल्लंघन नहीं कर सकती। आरक्षण नीति का समाज के दलित, शोषित, वंचित समाज को बहुत लाभ भी मिला है। अधिकारों के प्रति जागरूकता का भी विकास हुआ है।

# फुले, आंबेडकर और राहुल सांकृत्यायन



सुरेन्द्र सोनकर
सामाजिक चिंतक

अप्रैल माह का पहला पखवाड़ा स्वतंत्रता, समता,भाईचारे का आधुनिक भारत में जिन महापुरुषों ने सपना देखा था की जयंती का है। ज्योतिराव फुले का जन्म 11 अप्रैल 1827 को,डॉ. बी.आर आंबेडकर का जन्म 14 अप्रैल 1891 को और महापंडित राहुल से सांकृत्यायन का जन्म 9 अप्रैल 1891 को हुआ। इन तीनों महापुरुषों में व्यक्तित्व, कृतित्व, दर्शन, विचार समान हैं, हिंदुत्ववादी व्यवस्था में संस्कारों, परंपराओं, वर्ण जाति व्यवस्था, पितृसत्ता का समर्थन करने वाले मूल्यों का खंडन किया। महात्मा ज्योतिराव फुले ने अपनी पुस्तक गुलामगिरी,डॉ. आंबेडकर ने 'जाति का विनाश' और राहुल सांकृत्यायन ने अपनी पुस्तक 'तुम्हारी क्षय' में वर्ण व जाति व्यवस्था के आधार पर समाज में व्याप्त व्यवस्था पर सच्चाई वर्णित की है। बाबा साहब आंबेडकर की जयंती के कार्यक्रम बहुत बड़े स्तर पर पूरे भारत में मनाए जाते हैं।

बरेली में भी पखवाड़े के रूप में रन फॉर आंबेडकर 11 अप्रैल को महात्मा फुले की जयंती, जनजागरण के लिए प्रभातफेरी, प्रश्नोत्तरी कार्यक्रम होते हैं,लेकिन महापंडित राहुल सांकृत्यायन की जयंती 9 अप्रैल को होती है। महात्मा ज्योतिराव फुले आधुनिक भारत के पहले व्यक्ति हैं जिन्होंने सामाजिक गुलामी, अवमानना, उपेक्षा, शोषण उत्पीड़न के शिकार शूद्रों, अंत्यजों और स्त्रियों की मुक्ति, शिक्षा, पूर्ण बराबरी का आह्वान किया,फुले की दृष्टि अत्यंत व्यापक थी। थॉमस पेन की पुस्तक 'राइट्स ऑफ मैन' का उन पर बहुत असर था। जाति व्यवस्था में अछूत समझी जाने वाली महार जाति में 14 अप्रैल 1891 को जिस बालक का जन्म रामजी सकपाल भीमाबाई दंपती के यहां हुआ वह आगे चलकर डॉ बी.आर आंबेडकर के नाम से विश्व विख्यात हुए। डॉ.आंबेडकर की पुस्तक जाति का विनाश पढ़कर महात्मा गांधी भी प्रभावित हुए और कहा आंबेडकर हिंदुत्व के लिए सबसे बड़ी चुनौती है,उन्होंने यह भी कहा कोई भी समाज सुधारक इस किताब की अनदेखी नहीं कर सकता। भविष्य में आंबेडकर को किसी भी विशेषण से जोड़े,परंतु आंबेडकर ऐसे व्यक्ति नहीं हैं जिन्हें भुला दिया जाए। गांधी जी का कथन पूरी तरह से सही साबित हुआ। आज आंबेडकर पराधीनता और अपमान की आग से झुलस रहे लोगों के लिए शीतल छांव बनकर उभरे और उनके मसीहा बन गए। चाहे राजनीतिक या विविध कारणों से ही सही उनसे नाइत्तेफाकी रखने वाले भी उनका नाम लेने और उन्हें स्वीकार करने को आतुर हैं। भारत की समस्याओं की भीतरी तहों को जानने वाला कोई भी व्यक्ति इस बात से इंकार नहीं कर सकता कि भविष्य के किसी भी खूबसूरत भारत की रचना का रास्ता आंबेडकर से गुजर कर जाएगा।

आंबेडकर ने कहा अगर किसी एक चीज ने भारतीय समाज को एक पतनशील समाज में परिवर्तित किया तो वह जाति व्यवस्था है जिसने जिंदा कौम को मुर्दा कौम में तब्दील कर दिया। एक जगह उन्होंने कहा था,लोग जिसे धर्म कहते हैं,वह और कुछ नहीं आदर्शों और प्रतिबंधों की भीड़ है। धर्म बस आदेशों व निषेधों की सहिंता के रूप में ही मिलता है। वास्तविक धर्म वह है जिसमें आध्यत्मिक सिद्धांतों का विवेचन हो,जो वास्तव में विश्व के सभी समुदायों के लिए सर्वजनीन हो हर विषय में उपयोगी होकर तत्व नहीं पाया जाता। इतिहास ने उन्हें यह अवसर दिया जिससे सबके लिए मुकम्मल दस्तावेज लिखा,जिसे भारत का संविधान कहते हैं। संविधान में मूल अधिकार दिए जो किसी व्यक्ति की गरिमा की रक्षा के लिए आवश्यक हैं। नागरिकों के इन अधिकारों के उल्लंघन होने पर या इसको लागू करवाने के लिए सीधे उच्चतम न्यायालय जाने का अधिकार है। अनुच्छेद-14 के मुताबिक समता का अधिकार है। कानून के समक्ष समानता तथा सभी कानूनों से समान सरंक्षण का अधिकार प्रत्येक नागरिक को है।

# अदम्य साहस और इच्छाशक्ति की कहानी



अशोक पांडेय
हल्द्वानी

उसकी स्मृति में यह बात अब तक गड़ी हुई है कि अपनी मां की पहली संतान होने के कारण उसे तब तक घर वालों से अपने हक का वह स्नेह नहीं मिला जब तक कि उसके बाद दो भाई और पैदा नहीं हो गए। पिता टैक्सी चलाते थे। आर्थिक-सामाजिक रूप से बेहद निचली पायदान पर खड़े उसके परिवार के पास उसे देने को तमाम तरह के ढेर सारे कष्ट थे। दुनियाभर की तकलीफों के बीच उसके पास एक मां थी,जो उसे बहुत प्यार करती थी। वही उसका सबसे बड़ा संबल थी। यह और बात कि निर्धनता की हिंसा के बीच बचपन से ही मां को खटते देखने की तमाम स्मृतियां भी उसके जेहन से कभी नहीं गईं।

स्कूल जाती थी,लेकिन उसे बार-बार यह अहसास दिलाया जाता कि वह एक लड़की है जिसके पढ़ने-लिखने का कोई मतलब नहीं। कई बार किताबों के लिए पैसे नहीं होते थे। वह किसी सहपाठी से याचना कर किताब उधार मांग कर लाती थी। कई बार यह भी होता कि उसे स्कूल भेजने के बजाय मां के साथ घास-लकड़ी के लिए जंगल भेज दिया जाता। मां घास ढोने वाली टोकरी में उसकी किताब छिपाकर ले जाया करती। मां काम करती,वह पढ़ने की कोशिश करती,लेकिन उसके आंसू निकल आते थे कि संसार की निगाह में बेटी होना इतना बड़ा अपराध कैसे हो गया। वह बहुत कुछ करना चाहती थी, लेकिन सारे रास्ते या तो बंद थे या बंद करा दिए जाते थे। एक बार उसके दोस्त से उधार मांगी गई किताब आग के हवाले कर दी गई। उसे दोस्त से झूठ बोलना पड़ा कि किताब गुम हो गई। उस शर्मिंदगी की याद भी उसके मन से नहीं गई। जब वह दस साल की हुई, उसकी मां को आंगनबाड़ी सहायिका की नौकरी हासिल हो गई। घर की अनिश्चित आमदनी में आठ सौ रुपये माहवार की बढ़ोतरी हुई।

विषमतम संभव परिस्थितियों में उसने पिथौरागढ़ जिले के सल्मोड़ा गांव से फर्स्ट क्लास में हाईस्कूल पास करने में सफलता हासिल कर ली। उसे विज्ञान के विषय पढ़ने का मन था,लेकिन गांव के स्कूल में वह सुविधा न थी। उसके लिए पिथौरागढ़ जाना पड़ता-बीस रुपये रोज आने-आने के खर्च करने पड़ते जो नहीं थे। सो वहीं इंटर आर्ट्स में दाखिला ले लिया। घर पर दादी का रुतबा चलता था। उन्होंने कहा लड़कियों को पढ़ने-पढ़ाने की कोई जरूरत नहीं होती और टनकपुर में तैनात एक पुलिस वाले से उसकी शादी तय कर दी। दादी के हठ से किसी तरह उसे पिता ने बचा लिया। सातवीं क्लास से ही उसने एनसीसी में भी दाखिला ले लिया था। एनसीसी का सबसे बड़ा आकर्षण उसमें लगने वाले दो-तीन हफ्तों के कैंप होते थे। घर से बाहर रहना एक बड़ी नेमत हुआ करती थी। जीवन ने उसे यही एक सुअवसर उपलब्ध कराया था जिसे उसने दोनों हाथों से दबोच लिया। जैसे-तैसे इंटर करने के बाद कॉलेज में बीए में दाखिला ले तो लिया पर फिर से शादी का दबाव बढ़ने लगा। यह 2014 का साल था जब अठारह साल की आयु में उसने अपने पिता से तीन साल की मोहलत मांगी कि उसके बाद जो चाहो कर लेना अभी मुझे कुछ कर लेने दिया जाए। उसकी बात मान ली गई।



कॉलेज में भी एनसीसी थी। रुड़की में कैंप लगा जिसमें गणतंत्र दिवस की परेड के लिए बच्चे छांटे जाने थे। कद में छोटी होने के कारण इस परेड के लिए उसका सेलेक्शन न हो सका। उदास होकर घर वापस आना पड़ा। दो माह बाद एनसीसी की तरफ से उसके पास चिट्ठी आई कि उसका नाम रुद्र गैरा पर्वत पर चढ़ाई करने वाले एक अभियान दल के लिए छांटा गया है। पर्वतारोहण का यह उसका पहला अनुभव था जिसमें उसके साथ पच्चीस हम उम्र लड़कियां थीं। पांच हजार आठ सौ मीटर ऊंची इस चोटी की मुश्किल चढ़ाई चढ़ने में दस दिन लगे। शिखर पर पहुंचने के बाद उसके मन में सबसे पहले जंगल में घास काटती अपनी मां की छवि आई जिसने कैसे-कैसे कष्ट सहते हुए उसे यहां तक पहुंचाने में हरसंभव मदद की थी। उसे यह अहसास भी हुआ कि वह इस जीवन में खुद कुछ कर सकती है। रुद्र गैरा अभियान में उसका प्रदर्शन देखते हुए एनसीसी की तरफ से उसे अन्य अभियानों में शामिल किया गया। 2016 में जब उसका चयन त्रिशूल चोटी के आरोहण के लिए हुआ तो स्थानीय अखबारों ने खबर छापी। पहली बार उसके माता-पिता को अहसास हुआ कि शीतल कुछ ऐसा करती है,जो महत्वपूर्ण है।

त्रिशूल अभियान के लिए उत्साहपूर्वक तैयारियों में जुटी शीतल को अचानक झटका लगा जब उसका नाम अचानक मुख्य सूची से हटाकर रिजर्व सूची में रख दिया गया और अंततः वह अभियान से बाहर हो गई। उसने हार नहीं मानी और जम्मू कश्मीर में एक एडवांस कोर्स के लिए अप्लाई किया। सात हजार रुपये फीस थी। घर पर इतने पैसे न थे। किस्मत से उन दिनों पिथौरागढ़ में एक डांस प्रतियोगिता हुई,जिसे उसके छोटे भाई ने जीत लिया। उसे इनाम में दस हजार रुपये मिले,जो उसने अपनी दीदी के हाथ में रख दिए।

1996 में जन्मी शीतल की इसके बाद की कहानी एक छोटी सी लड़की के अदम्य साहस और उसकी इच्छाशक्ति की दृढ़ता की कहानी है। शीतल ने मुझे बताया बचपन से ही उसे पहाड़ों में चेहरे दिखाई देते थे। जब उसका मन व्यथा से भर जाता वह अकेली उनसे बात करने लगती थी और अपनी पूरी आत्मा उनके सम्मुख उड़ेल देती थी। कभी वे जवाब देते थे कभी नहीं।

# नींद की गोलियां खिलाईं फिर प्रेमी को मौत के घाट उतारा

## आरोपी दंपति गिरफ्तार, युवक से पीछा छुड़ाना चाहती थी महिला

संवाददाता अयाना, औरैया

- हत्या में प्रयोग की गई सब्बल और बाइक बरामद
- मां के साथ जेल में रहेगा एक साल चार माह का बच्चा

**अमृत विचार।** महिला मित्र से मिलने आये युवक के जबरदस्ती करने पर महिला व उसके पति ने उसकी हत्या कर शव ड्रम में भरकर सड़क किनारे फेंक दिया था। पुलिस ने आरोपी दंपती को हत्या में प्रयोग किए गए सब्बल व बाइक के साथ गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है।

अयाना थाना पुलिस ने शनिवार को जनपद जालौन के कुठौंद थाना क्षेत्र के तौलकपुर में दबिश देकर रीता देवी व उसके पति अनिल कुमार को गिरफ्तार कर लिया। थाना प्रभारी जयप्रकाश पाल ने बताया कि पूछताछ में आरोपी महिला रीता देवी ने बताया कि उसका पति पूर्व में गुजरात के मेघाणी थाना क्षेत्र के परिहार नगर में रहकर पेंटर का काम करता था। इसी बीच उसके संबंध कपड़ा व्यापारी रवि तोमर से हो गए। वहां से आने के बाद भी युवक उसका पीछा नहीं छोड़ रहा था।


आरोपियों को ले जाती पुलिस। अमृत विचार

इस पर 21 जनवरी को उसने युवक को मिलने के लिए औरैया के समरथपुर स्थित घर पर बुलाया। युवक को नींद की गोलियां खिलाने के बाद सब्बल से हत्या कर दी। इसके बाद शव को रजाई में लपेट कर ड्रम में भरा और बाइक में बांध कर अयाना थाना की चौकी-गूजरी मार्ग पर एक सरसों के खेत में रख गए। 21 मार्च को थाने आए मृतक के भाई आनंद ने फोटो व कपड़ो के शिनाख्त कर दोनों पर हत्या का आरोप लगाया था। थाना प्रभारी जय प्रकाश पाल ने बताया कि कोर्ट में पेश करने के बाद आरोपी दंपती को जेल भेजा गया है। कोर्ट के आदेश अनुसार महिला का एक साल चार माह का बेटा हर्ष अपनी मां के साथ जेल प्रशासन की देखरेख में रहेगा।

# शत प्रतिशत मतदान कराने के लिए ली शपथ

कार्यालय संवाददाता, औरैया

- विवेकानंद ग्रामोद्योग महाविद्यालय दिबियापुर में गोष्ठी का आयोजन

**अमृत विचार।** विवेकानंद ग्रामोद्योग महाविद्यालय दिबियापुर में शनिवार को मतदाता जागरुकता पर गोष्ठी का आयोजन किया गया। इस अवसर पर महाविद्यालय के समस्त स्टाफ तथा समस्त छात्र-छात्राओं ने शत-शत मतदान करने की शपथ ली तथा समस्त विद्यार्थियों से मतदान करने हेतु संकल्प पत्र भरवाया गया।

गोष्ठी की अध्यक्षता कर रहे महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. इकरार अहमद ने सभी छात्र-छात्राओं जिनकी उम्र 18 वर्ष हो चुकी है से मतदान के अधिकार के अनिवार्य प्रयोग करने के लिए प्रोत्साहित किया। गोष्ठी के मुख्य वक्ता राष्ट्रीय सेवा योजना के प्रभारी डॉ. यश कुमार ने कहा कि लोकतंत्र की मजबूती के लिए मतदान करना अति आवश्यक है। अतः सभी नागरिकों को अपने कर्तव्य की भावना से मतदान के अधिकार का प्रयोग करना चाहिए।

डॉ. राकेश तिवारी विभागाध्यक्ष जंतु विज्ञान ने सभी विद्यार्थियों से कहा कि इस लोकतंत्र की पर्व में सभी शामिल होकर मतदान के अधिकार का प्रयोग करें।



शपथ दिलाते प्राचार्य। अमृत विचार

# चलो शिक्षा की ज्योति जलाएं

संवाददाता फफूंद, औरैया

**अमृत विचार।** विकासखंड भाग्यनगर के प्राथमिक विद्यालय जैतपुर-फफूंद से शनिवार को समग्रशिक्षा अभियान के तहत बच्चों और शिक्षकों ने स्कूल चलो रैली निकाली। ग्राम प्रधान प्रतिनिधि मनोज कुमार ने इसे झंडी दिखाई। इस दौरान बच्चों ने अभिभावकों को बच्चों का स्कूलों में नामांकन कराने के लिए प्रेरित किया।

परिषदीय स्कूलों में छह से 14 वर्ष के बच्चों के शत प्रतिशत नामांकन कराने को लेकर विद्यालय के बच्चे हाथों ने नारे लिखे 'चलो शिक्षा की ज्योति जलाएं, बच्चों को विद्यालय लाएं, 'घर में खुशियां लाना है तो हर बच्चे को पढ़ाना है', 'समग्र शिक्षा का अभियान, सबको मिले प्राथमिक ज्ञान' आदि नारे लगा रहे थे। रैली विद्यालय से प्रारंभ होकर जैतपुर-फफूंद एवं करही गांव भ्रमण करते हुए वापस विद्यालय पर समाप्त हुई। प्रधानाध्यापक ज्ञान प्रकाश ने कहा कि शिक्षा हमं' योग्य नागरिक बनाती है इसलिए हम सभी का कर्तव्य है कि हम बिना भेदभाव के अपने सभी बच्चों को स्कूल जरूर पढ़ने भेजें। सुमन तिवारी, फरहत फातमा, बेबी, डीएलएड प्रशिक्षु सोनल पाल, सुनील, पवन, फारुख अली आदि मौजूद रहे।



रैली निकालते बच्चे। अमृत विचार

### रैली निकालकर किया गया जागरूक

**कंचौसी।** स्कूल चलो अभियान के अंतर्गत पूर्व माध्यमिक विद्यालय लक्षियामऊ में विद्यालय के छात्र-छात्राओं ने अभिभावकों को जागरूक करने के लिए पूरे ग्राम पंचायत में रैली निकाली। रैली के माध्यम से सरकार द्वारा प्रदत्त सुविधाओं मिड डे मील, किताबें, बैग, जूते, ड्रेस आदि की जानकारी दी गई। विद्यालय के प्रभारी प्रधानाध्यापक माघवेंद्र प्रताप सिंह, विकास गुप्ता, सरिता, कुसुमा, शिवनारायण आदि विद्यालय के स्टाफ द्वारा पूरे क्षेत्र में स्कूल चलो अभियान के अंतर्गत रैली निकालकर जनता को जागरूक करने का कार्य संपन्न किया गया।



रैली निकालते छात्र-छात्राएं। अमृत विचार


आग से जलकर राख हुई गेहूं की फसल। अमृत विचार

# आग से डेढ़ बीघा गेहूं की फसल जलकर राख

संवाददाता ककोर, औरैया

**अमृत विचार।** जिला मुख्यालय के निकट गांव ककोर गांव में गेहूं की फसल में आग लग गई। ग्रामीणों की मदद से एक घंटे बाद आग पर काबू पाया। यह आग 33 केवीए लाइन के स्पार्क होने से बताई गई है। आग से चार किसानो की डेढ़ बीघा फसल जलकर राख हो गई।

क्षेत्रीय लेखपाल ने मौके पर पहुंचकर किसानों को उचित मुआवजा दिलाने का हर संभव वायदा किया।

# कार ने बाइक में मारी टक्कर, तीन घायल

संवाददाता सहार, औरैया

**अमृत विचार।** थाना क्षेत्र के अंतर्गत बिलराया-पनवाड़ी राष्ट्रीय राजमार्ग पर सहार रजवाहा के पास अपने गांव तिलकपुर से सहार आ रहे तीन युवकों को कार ने पीछे से टक्कर मार दी। जिससे तीन लोग घायल हो गए। तीनों घायल नीरज कुमार पुत्र गजराज सिंह, राहुल कुमार पुत्र सूबेदार, मोहम्मद शाहरुख पुत्र सुलेमान निवासीगण तिलकपुर सड़क पर गिर पड़े।

कार की टक्कर से मोटर साइकिल सवार सड़क पर काफी दूर तक घिसटते चले गए, जिससे काफी चोट आईं। पुलिस ने घायलों को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र सहार में भर्ती कराया, जहां से हालात नाजुक होने पर राजकीय मेडिकल कॉलेज तिर्वा के लिए रिफर कर दिया गया। वहीं कार चालक मौके कार छोड़कर फरार हो गया। दोनों वाहनों को पुलिस ने थाने में खड़ा कर दिया। थाना अध्यक्ष विनोद कुमार ने बताया कि तहरीर के आधार पर अभियोग पंजीकृत किया जाएगा।



घटनास्थल पर खड़ी क्षतिग्रस्त कार व बाइक। अमृत विचार

### बैक करते समय डंपर की टक्कर से बस क्षतिग्रस्त

**सहार, औरैया।** थाना सहार क्षेत्र के ग्राम पंचायत पुर्वा रावत में नेताजी धर्मकांटा के सामने औरैया कन्नौज रूट की बस जिसकी संख्या U P 79 B 9995 जो कि कन्नौज की तरफ से आ रही थी, तभी बैक कर रहे डंपर ने बस में ज़ोरदार टक्कर मार दी। जिससे बस का एक तरफ का हिस्सा क्षतिग्रस्त हो गया। बस में बैठी सवारी बाल बाल बच गईं। बस के कंडक्टर देवेंद्र कुमार पांडे का कहना है कि डंपर चालक की लापरवाही से घटना घटी। डंपर का चालक घटना स्थल से फरार हो गया।

# गांजा के साथ युवक को किया गिरफ्तार

**फतेहपुर।** कोतवाली प्रभारी राजेंद्र सिंह, उपनिरीक्षक अनुज यादव, कांस्टेबल सुमित व नरेंद्र के साथ क्षेत्र में गश्त कर रहे थे, तभी मुखबिर की सूचना पर पक्का पुल पीरनपुर के पास से वकार कुरैशी उर्फ रंपत पुत्र मुख्तार निवासी मुचियानी मस्जिद थाना कोतवाली को गिरफ्तार करते हुए एक किलो तीन सौ ग्राम गांजा बरामद किया है। उसके विरुद्ध कार्रवाई कर न्यायालय भेज दिया।

**छह पर शांति भंग की कार्रवाई**

जनपद के अलग-अलग थाना क्षेत्रों के अंतर्गत शनिवार की सुबह पुलिस ने आधा दर्जन लोगों के विरुद्ध 151 के तहत कार्रवाई की है। पुलिस प्रवक्ता के अनुसार हथगाम थानाध्यक्ष एक, जहानाबाद दो तथा राधानगर थानाध्यक्ष ने तीन लोगों के विरूद्ध शांति भंग के तहत कार्रवाई कर न्यायालय भेज दिया है।

## सार-संक्षेप


अतिरिक्त जिला मजिस्ट्रेट को ज्ञापन देते प्राथमिक शिक्षक संघ के पदाधिकारी।

### शिक्षक संघ ने अतिरिक्त जिला मजिस्ट्रेट को सौंपा ज्ञापन

**संवाददाता फफूंद, औरैया।** उत्तर प्रदेशीय प्राथमिक शिक्षक संघ ने विद्यालयों में समय परिवर्तन के लिए जिला अधिकारी को संबोधित ज्ञापन अतिरिक्त जिला मजिस्ट्रेट को सौंपा। जिसमें मांग की गई कि भीषण गर्मी और लू को देखते हुए विद्यालयों का समय 7:30 से 12:30 किया जाए। जिससे कि विद्यालय आने वाले बच्चों के स्वास्थ्य पर कोई प्रतिकूल प्रभाव ना पड़ सके। मौसम विभाग ने भी हीट वेव चलने की चेतावनी जारी की है। इसके अतिरिक्त चुनाव ड्यूटी में महिलाओं को उनके निकट ब्लाको में ड्यूटी लगाई जाने, पति-पत्नी दोनों की ड्यूटी होने पर एक की ही ड्यूटी लगाई जाए। विकलांग व बीमार शिक्षक शिक्षिकाओ को चुनाव ड्यूटी से मुक्त रखा जाए। ज्ञापन देने वालों में जिला अध्यक्ष अखिलेश चंद्र यादव, जिला मंत्री अरविंद राजपूत, वरिष्ठ उपाध्यक्ष सुनील कुमार यादव, ब्लॉक अध्यक्ष अजीतमल दीपक दुबे आदि शामिल रहे।

### पूजन कर कन्याओं को कराया भोज

**फफूंद।** चैत्र नवरात्र के पावन पर्व पर पंचमी को कस्बे के मंदिरों में श्रद्धा का सैलाब देखा गया। सुबह से पूजा-अर्चना का दौर चलने के साथ ही प्रसाद वितरण किया गया। इसके साथ ही व्रत रखने वाले भक्तों ने अपने घरों पर कन्याओं का पूजन कर उन्हें भोज कराया। शनिवार को चैत्र नवरात्रि पंचमी पर्व पर सुबह से ककोर मार्ग पर ग्राम जैतपुर के पास में स्थित सुप्रसिद्ध माता मंगलाकाली के दर्शन करने के लिए श्रद्धालुओं की भीड़ उमड़ पड़ी। माता के भक्तों ने मंदिर में फूल, झंडा व मिठाई का भोग लगाया। मंदिरों में प्रसाद का वितरण किया गया। भक्तों ने श्रद्धापूर्वक लाइन में लगकर माता का प्रसाद ग्रहण किया। नई बस्ती दिबियापुर रोड निवासी भक्त नीटू पांडे की पत्नी प्रतिमा पांडे ने घर पर कन्याओं का पूजन कर उन्हें भोज कराया तथा दक्षिणा देकर आशीर्वाद लिया।


कन्याओं को भोज करवाती भक्त। अमृत विचार

# नरसिंह अवतार की कथा सुनाई

संवाददाता बिधूना, औरैया

**अमृत विचार।** रामगढ़ क्षेत्र के गांव सरायपुख्ता में स्थित प्राचीन रामजानकी मंदिर पर चल रही सात दिवसीय श्रीमद् भागवगत सप्ताह ज्ञान यज्ञ के चौथे दिन कथावाचक पंडित अरुण अवस्थी ने भक्त प्रह्लाद व नरसिंह अवतार की कथा सुनाई। इस पर श्रोता भावविभोर हो गये। आचार्य ने कहा कि भगवान की भक्ति में ही शक्ति है। भागवत कथा हमें पापों से दूर रखने के साथ सही जीवन जीने का मार्ग दिखाती है। उन्होंने कहा भक्ति करनी है तो ध्रुव और भक्त प्रहलाद जैसी करो। प्रहलाद की कठिन भक्ति से प्रसन्न होकर भगवान को नरसिंह रुप धारण कर हिरण्कश्यप का वध करना पड़ा।


भागवगत कथा सुनतीं महिलाएं। अमृत विचार

इस अवसर पर ग्राम प्रधान राजीव आर्या व उनकी टीम के द्वारा कथावचक व उनकी मंडली का माल्यार्पण व अंगवस्त्र भेंट कर स्वागत किया गया। कार्यक्रम के दौरान बड़ी संख्या में भक्त मौजूद रहे।

# शिविर में सांस्कृतिक कार्यक्रम आयोजित

**औरैया।** बीएड एवं डीएलएड के स्काउट गाइड के अंतर्गत इंट्रोडक्टरी पांच दिवसीय शिविर तिलक स्टेडियम औरैया में संचालित हो रहा है। चौथे दिन सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन प्रशिक्षुओं द्वारा किया गया। जिसमें आयोजकों ने मुख्य अतिथि के रूप में जिला आयुक्त स्काउट सुनील कुमार मिश्रा एवं विशिष्ट अतिथि रजनीश कुमार सिंह, जिला सचिव भारत स्काउट और गाइड उत्तर प्रदेश जिला को आमंत्रित किया। प्रशिक्षुओं ने एक से बढ़कर एक सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किए गए। कार्यक्रम की अध्यक्षता अनुपम बिड़ला ने किया। कार्यक्रम डॉ. राजेश यादव की देखरेख में संपन्न हुआ।

# करंट की चपेट में आने से युवक झुलसा

संवाददाता अजीतमल, औरैया

**अमृत विचार।** अजीतमल कोतवाली क्षेत्र के अंतर्गत ग्राम धर्मपुर लालपुर में एक बार फिर 11 हजार विद्युत की लाइन की चपेट में आने से नागेश पुत्र (17) शिवदत्त झुलस गया। हादसा उस समय हुआ जब वह छत पर था। तभी 11000 की लाइन की चपेट में आ गया।

परिजनों और ग्रामीणों की मदद से उसे सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र अजीतमल लाया गया। जहां से डॉक्टर ने प्राथमिक उपचार कर सैफई रेफर कर दिया। जिसकी हालत नाजुक बनी हुई है। जानकारी के अनुसार बिजली विभाग की लापरवाही के चलते एक युवक पिछली वर्ष गंभीर रूप से घायल हो गया था जिसका इलाज तकरीबन दो से तीन माह चला था। पीड़ित ने मदद के लिए ब्लॉक प्रमुख अजीतमल रजनीश पांडे से न्याय की गुहार लगाई। जनप्रतिनिधि ने हर संभव मदद का भरोसा दिया और विद्युत तार छत से निकलवाने के लिए विद्युत विभाग के उच्च अधिकारियों को अवगत कराया। कोतवाली प्रभारी ने बताया कि एक युवक के घायल होने की सूचना प्राप्त हुई। घायल की हालत गंभीर देखते हुए सैफई रेफर कर दिया गया।

# महिला भक्तों ने किया डांडिया नृत्य

**औरैया।** शहर के निझाई मुहाल स्थित श्री राधा कृष्ण मंदिर में चैत्र नवरात्र के अवसर पर महिला भक्तों ने विशेष पूजा अर्चना कर मां भगवती की आराधना की। कार्यक्रम संयोजक नविता व महिमा के संरक्षण में कीर्तन भजन के अलावा डांडिया नृत्य के माध्यम से मां भगवती को मनाया गया। भक्तों का मानना है की मां भगवती की पूजा से भक्तों का आत्मबल मजबूत होता है तथा बुद्धि का विकास होता है। महिला भक्तों ने देवी की आराधना में भक्ति संगीत प्रस्तुत किया व डांडिया नृत्य के माध्यम से अपने भाव प्रस्तुत किए। संयोजक नविता, महिमा के अलावा रीना शर्मा, किरण शर्मा, अर्चना कपूर, रति कपूर, सोनी बरसैया, पूनम पुरवार, लक्ष्मी वर्मा, एकता आदि ने भाग लिया।


डांडिया नृत्य करतीं महिलाएं। अमृत विचार

परेशानी | संपर्क क्रांति एक्सप्रेस 20 मिनट तक आउटर पर खड़ी रही

# 55 मिनट तक जाम से हांफे लोग

संवाददाता अछल्दा, औरैया

**अमृत विचार।** अछल्दा रेलवे क्रॉसिंग पर शनिवार दोपहर रेलवे फाटक देर से खुलने कि चलते लंबा जाम लग गया। क्रॉसिंग के दोनों तरफ जाम लगने से वाहनों की कतार लग गईं। जिसके चलते लगभग 55 मिनट लोगों को जाम की झाम झेलनी पड़ी।

दिल्ली-हावड़ा रूट के अछल्दा रेलवे क्रॉसिंग पर शनिवार सुबह 11:50 बजे गेट बंद हुआ। जिसके बाद लगातार ट्रेनों के आवागमन से देर तक गेट नहीं खोला गया। इसके चलते अछल्दा-फफूंद-बिधूना मार्ग पर वाहनों की लंबी कतारें लग गईं। लगभग 30 मिनट फाटक बंद रहने के बाद गेट दोपहर 12:23 बजे खोला गया।

गेट खुलते ही बड़े वाहनों के आगे बाइकों का काफिला निकल पड़ा।


क्रॉसिंग पर लगा जाम। अमृत विचार

- लगातार ट्रेनों के आवागमन से देर से खुला फाटक

जिससे बड़े वाहन अपनी जगह से भी नहीं हिल सके।

वहीं जाम के चलते राहगीरों को भी भारी परेशानी का सामना करना पड़ा। भयंकर जाम लगा होने पर क्रॉसिंग बंद नहीं हो सकी और इटावा से कानपुर की तरफ जा रही संपर्क क्रांति एक्सप्रेस को 20 मिनट आउटर पर रोक दिया गया। करीब 20 मिनट बाद आरपीएफ पहुंची। थाना प्रभारी अशोक उपाध्याय ने कड़ी मशक्कत से जाम को खुलवाया और 12 बजकर 44 मिनट पर क्रॉसिंग को बंद करा ट्रंन को रवाना किया गया।

# 11.50 लाख रुपये छीनने का लगाया आरोप

कार्यालय संवाददाता, औरैया

- भट्ठे में पार्टनरशिप खत्म होने के चलते हुआ विवाद

**अमृत विचार।** ब्रजेंद्र यादव उर्फ कल्लू निवासी रजपुरा चिमकुनी, अछल्दा का भट्ठा गांव में है। जिसमें अमित यादव उर्फ चीकू व कन्हैया शुक्ला का श्री बालाजी ईंट उद्योग पार्टनरशिप में 2021 से चल रहा था। किसी कारणवश आपस में मतभेद हुआ। पार्टनरशिप खत्म करने का निर्णय लिया गया। इस पर सह हिस्सेदार बृजेंद्र सिंह पुत्र बलवंत सिंह निवासी चिमकुनी ने बीते 9 अप्रैल को 20 लाख रुपये वापस कर दिया था।

शुक्रवार को ब्रजेन्द्र, लोकेंद्र पुत्र ब्रजेंद्र, कन्हैया शुक्ला, अमित चीकू एग्रीमेंट कैंसिल करने हेतु बिधूना तहसील गए थे। एग्रीमेंट रद होने पर बाकी के साढ़े 11 लाख रुपये ब्रजेन्द्र कुमार को कन्हैया शुक्ल को देने थे। जिसे लेने हेतु कन्हैया शुक्ला के पिता नारायण शुक्ला, चाचा के पुत्र रामपद शुक्ला के साथ रजपुरा गांव निवासी ब्रजेन्द्र के परिवार के रवि के घर पर थे। जैसे ही घर से रुपये लेकर निकले तो ब्रजेन्द्र यादव उर्फ कल्लू, व उनका पुत्र लोकेंद्र उर्फ ओम, गोविंद व 4 अज्ञात लोगों घर के बाहर गेट पर पहले से ही घात लगाए बैठे थे। जैसे ही बाहर ये लोग निकले तो उनके साथ मारपीट कर लहू लुहान कर दिया और साढ़े ग्यारह लाख रूपये का बैग छीनकर जान से मारने की धमकी देते हुए गाड़ी संख्या यूपी 79 डी 5051 स्कार्पियो से भाग गए।

सीओ अशोक कुमार ने बताया तीन नामजद और कुछ अज्ञात लोगों के खिलाफ सुसंगत धाराओं में रिपोर्ट दर्ज कर ली गई है।

# क्षेत्र में हरे पेड़ों की हो रही अवैध कटान

**अछल्दा।** ग्राम समाज की जमीन पर खड़े हरे पेड़ो को ठेकेदार द्वारा कटवाया जा रहा है। थाना पुलिस ने पेड़ों को कटने से रुकवा दिया। मौके से ठेकेदार भाग गया। कस्बा के हरीगंज बाजार के रेलवे लाइन किनारे स्थित तालाब किनारे पड़ी खाली जमीन ग्राम सभा वैसोली के अन्तर्गत आती है। इसी जमीन किनारे यूपीलिप्टिस के करीब आधा दर्जन से अधिक हरे पेड़ खड़े हैं। शनिवार शाम क्षेत्रीय लेखपाल सतेन्द्र कुमार के पास ग्रामीणों ने ग्राम सभा की जमीन पर कट हरे पेड़ के बारे में जानकारी दी। लेखपाल की सूचना पर पहुंचे कस्बा इंचार्ज सुरेश कुमार व उपनिरीक्षक रामस्वरूप ने कटान रुकवा दी। बताया जाता है कि कुछ माह पहले अमृत सरोवर के लिये तालाब की नापजोख भी हो चुकी है। लेखपाल सत्येंद्र कुमार ने बताया कि ग्राम समाज की जमीन पर खड़े पेड़ों के काटने की सूचना मिली थी। पुलिस द्वारा कार्य को रुकवा दिया गया है।

# उत्तराखंड में चुनौती तो दूर प्रचार से ही बाहर नजर आ रही कांग्रेस

अरविंद मलिक, हल्द्वानी

**अमृत विचार** : लोकसभा चुनाव के लिए उत्तराखंड में पहले चरण में 19 अप्रैल मतदान होगा। ऐसा पहली बार है कि मतदान में सिर्फ एक हफ्ता बचा है, लेकिनर विपक्षी दल कांग्रेस का प्रचार कहीं नहीं दिख रहा है। दूसरी ओर भाजपा के प्रचार में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की दो जनसभाएं रुद्रपुर व ऋषिकेश में हो चुकी हैं। भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा, कैबिनेट मंत्री स्मृति ईरानी के दौरे भी हो गए हैं। 13 अप्रैल को उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ हल्द्वानी आ रहे हैं। इसी दिन कांग्रेस के पक्ष में स्टार प्रचारक प्रियंका गांधी वाड्रा की रामनगर में जनसभा प्रस्तावित है। इस चुनाव में मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी की उभरती युवा सनातनी नेता की छवि ने मतदाताओं के बीच मोदी-धामी का 'मैजिक' प्रभावी बना दिया है।

उत्तराखंड में केंद्र सरकार की लाभार्थी योजनाएं तो चल ही रही हैं साथ ही मोदी सरकार ने यहां एक लाख 25 हजार करोड़ की बड़ी योजनाएं भी दी हैं, जिनमें चार धाम की विकास, ऑल वेदर रोड, कर्णप्रयाग-ऋषिकेश रेल प्रोजेक्ट, मानसखंड प्रोजेक्ट आदि शामिल हैं।



प्रधानमंत्री मोदी को शंख भेंट करते मुख्यमंत्री धामी। फाइल फोटो

## आचार संहिता से पहले हर सीट का दौरा कर चुके सीएम धामी

- मुख्यमंत्री पुष्कर धामी के समान नागरिक संहिता कानून लागू करने, लैंड जिहाद पर प्रभावी कारवाई करने, धर्मांतरण कानून लागू करने, दंगा विरोधी कानून लाने, गो हत्या, गो तस्करी के खिलाफ गैंगस्टर लगाने जैसे कार्यों उनकी छवि को सनातनी बनाने के साथ छवि जनता में सख्त हिंदू प्रशासक की भी बना दी है। भाजपा को इस छवि का लाभ लोकसभा चुनाव में मिलता दिख रहा है। युवाओं के लिए नकल विरोधी कानून लाकर नौकरियों में पारदर्शिता लाने से भी भाजपा को फायदा मिल रहा है। मुख्यमंत्री धामी हर रोज तीन जनसभाएं कर रहे हैं। चुनाव की घोषणा से पहले वह सभी विधानसभाओं के दौरे कर चुके थे। वहीं कांग्रेस, वामपंथी दल और क्षेत्रीय नेता एकजुट होकर भी मोदी सरकार के खिलाफ अपनी आवाज मुखर नहीं कर पाए हैं।

**1.25** लाख करोड़ की बड़ी योजनाएं भी दी मोदी सरकार ने

- मोदी-धामी मैजिक से राज्य में जीत की हैट्रिक की उम्मीद
- प्रधानमंत्री मोदी की रुद्रपुर व ऋषिकेश में हो चुकी दो सभाएं
- मुख्यमंत्री पुष्कर धामी हर रोज कर रहे हैं तीन जन सभाएं
- कांग्रेस की तरफ से अभी तक कोई रैली या सभा नहीं हुई



### नैनीताल सीट

नैनीताल ऊधमसिंह नगर सीट पर रक्षा राज्य मंत्री अजय भट्ट दूसरी बार किस्मत आजमा रहे हैं। उनका मुकाबला दो बार विधानसभा चुनाव हार चुके प्रकाश जोशी से है। इस सीट से पूर्व में कृष्ण चंद्र पंत, नारायण दत्त तिवारी, भगत सिंह कोश्यारी जैसे बड़े नेता सांसद बन चुके हैं। यहां कुल दस प्रत्याशी मैदान में हैं। पिछली बार अजय भट्ट ने कांग्रेस के दिग्गज हरीश रावत को 3,39,096 वोटों से धूल चटाई थी। इस बार कांग्रेस ने ठाकुर के बजाय ब्राह्मण उम्मीदवार उतारा है। लेकिन कांग्रेस के कई नेता भाजपा में शामिल हो गए हैं। बसपा ने अख्तर अली को प्रत्याशी बनाया है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की यहां जनसभा हो चुकी है। कांग्रेस की तरफ से कोई बड़ा नेता अभी नहीं आया है।

### अल्मोड़ा (सुरक्षित ) सीट

इस आरक्षित सीट पर एक बार फिर भाजपा के पूर्व केंद्रीय मंत्री अजय टम्टा और कांग्रेस के पूर्व राज्यसभा सदस्य प्रदीप टम्टा के बीच मुकाबला है। 2019 चुनाव में भाजपा के अजय टम्टा को 4,44,651 और कांग्रेस को 2,11,665 वोट मिले थे। अल्मोड़ा, पिथौरागढ़, चंपावत व बागेश्वर जिले का प्रतिनिधित्व करने वाली इस लोकसभा सीट पर मुख्यमंत्री धामी ने चुनाव घोषित होने से पहले ही चार बड़ी जनसभाएं करके भाजपा की राह आसान कर दी। कुछ माह पूर्व प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी भी पिथौरागढ़ व्यास घाटी आदि कैलाश व जागेश्वर में शिव आराधना कर सभा कर गए हैं। कांग्रेस प्रचार से बाहर नजर आ रही है।



### पौड़ी गढ़वाल सीट

भाजपा ने यहां पूर्व मुख्यमंत्री तीरथ सिंह रावत का टिकट काटकर अपने राष्ट्रीय मीडिया प्रमुख अनिल बलूनी को टिकट दिया है। उनका मुकाबला कांग्रेस के गणेश गोदियाल से हो रहा है। अनिल बलूनी नया युवा चेहरा हैं।पिछली बार 2019 में यहां भाजपा को 5,06,980 और कांग्रेस के मनीष खंडूरी को 2,04,311 वोट मिले थे। मनीष खंडूरी अब भाजपा में हैं उनके अलावा बद्रीनाथ के कांग्रेस विधायक राजेंद्र भंडारी और तीन पूर्व विधायक भी भाजपा का दामन थाम चुके हैं। यहां कुल 13 प्रत्याशी हैं। एक सीट है, जहां कांग्रेस चुनाव प्रचार में ताकत लगाए है।

### टिहरी सीट

इस सीट पर टिहरी राज परिवार का कब्जा रहा है। भाजपा ने इस बार भी महारानी माला राज लक्ष्मी को उम्मीदवार बनाया है। टिहरी राज परिवार ने यहां से 12 बार लोकसभा चुनाव जीता है। 2019 में यहां महारानी को 5,65,333 कांग्रेस के प्रीतम सिंह को 2,64,747 वोट मिले थे। इस बार कांग्रेस ने यहां जोत सिंह गुनसोला को टिकट दिया है। टिहरी राजघराने के प्रति जनता में आदर भाव रहता आया है। राजमहल से ही भगवान बद्री विशाल के द्वार खुलने और बंद होने की तिथि घोषित होने की परंपरा है। कुल 11 उम्मीदवार चुनाव मैदान में है। मुकाबला भाजपा और कांग्रेस में है।

### हरिद्वार सीट

यहां भाजपा से पूर्व मुख्यमंत्री त्रिवेंद्र सिंह रावत का मुकाबला हरीश रावत के पुत्र वीरेंद्र रावत से है। कांग्रेस में अंर्तकलह के चलते कई नेता व कार्यकर्ता पार्टी को अलविदा कह चुके हैं। यहां से खानपुर के विधायक उमेश कुमार निर्दलीय प्रत्याशी हैं, जबकि बसपा ने मौलाना जमील अहमद को टिकट दिया है। पिछली बार यहां से पूर्व केंद्रीय मंत्री डॉ. रमेश पोखरियाल निशंक को 6,65,674 वोट मिले थे, कांग्रेस को 4,06,945 और बसपा को 1,73,528 वोट मिले थे। यहां मुस्लिम वोटों की संख्या भाजपा के लिए थोड़ा चिंता का सबब है। हरिद्वार से कुल 14 प्रत्याशी भाग्य आजमा रहे हैं।

## बारामती लोकसभा सीट



### ननद सुप्रिया की जीत का चौका भाभी सुनेत्रा बनाने में लगीं कैच का मौका

**मुंबई।** महाराष्ट्र की बारामती लोकसभा सीट इस बार पूरे देश में चर्चा के केंद्र में है। पूर्व केंद्रीय मंत्री शरद पवार का गढ़ कही जाने वाली इस सीट पर इस बार मुकाबला कांटे का है। शरद पवार की बेटी सुप्रिया सुले 2009 से लगातार तीन चुनाव इस सीट से जीत चुकी हैं और वह इस बार चौका लगाने की तैयारी कर रही हैं, लेकिन उनकी राह में उनके चचेरे भाई उप मुख्यमंत्री अजित पवार की पत्नी सुनेत्रा ही दीवार बनकर खड़ी हो गई हैं। सुप्रिया जहां एनसीपी शरद पवार गुट से मैदान में हैं तो अजित पवार के नेतृत्व वाली (एनसीपी) ने अपनी पत्नी सुनेत्रा पवार को उम्मीदवार बनाया है। ऐसे में इस बार ननद सुप्रिया के सामने उनकी भाभी कड़ी चुनौती पेश करती नजर आ रही हैं। सुप्रिया की जीत सुनिश्चित करने के लिए शरद पवार जहां मतदाताओं से वर्षों पुराने रिश्ते की दुहाई दे रहे हैं तो उनकी बहू सुनेत्रा पीएम मोदी की गारंटी के नाम पर वोट मांग रही हैं। भाजपा के साथ ही शिवसेना शिंदे गुट भी सुनेत्रा की जीत सुनिश्चित करने में जुटी हुई है। फिलहाल शरद पवार के लिए इस बार उनकी पारंपरिक सीट बारामती में सियासी राह कठिन नजर आ रही है। शरद पवार पार्टी और सिंबल पर अधिकार की लड़ाई में भतीजे अजित पवार के हाथ पहले ही शिकस्त खा चुके हैं, अब वह बारामती में बेटी की शकस्त झेलने के लिए तैयार नहीं हैं। ऐसे में उनके सामने बहू के खिलाफ चुनाव लड़ रही बेटी को जिताना प्रतिष्ठा का प्रश्न बन गया है।



# यूं ही नहीं कोई शहर बीजेपी के लिए बुलंद बन जाता है

### भाजपा की हैट्रिक रोकने के लिए हाथी को जहां पहली जीत की तलाश, वहीं अर्से बाद हाथ बाजी पलटने को दिख रहा तैयार

मनोज त्रिपाठी

बुलंदशहर यानी भाजपा का मजबूत गढ़। 2014 में प्रधानमंत्री पद के उम्मीदवार रहे नरेंद्र मोदी ने यहीं से अपने चुनावी अभियान का शंखनाद किया था, तो 2024 में राम मंदिर की प्राण प्रतिष्ठा के दो दिन बाद बुलंदशहर से ही 400 पार की हुंकार भरते हुए एक बार फिर लोकसभा चुनाव अभियान का आगाज किया। उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के साथ पहुंचे प्रधानमंत्री ने इससे पहले जिले में 19,000 करोड़ से ज्यादा की तमाम विकास परियोजनाओं का उद्घाटन करके पश्चिमी उत्तर प्रदेश से लेकर एनसीआर और हरियाणा तक की दो दर्जन से अधिक लोकसभा सीटों पर राम का नाम और मोदी के काम का चुनावी संदेश फैला दिया।

बुलंदशहर वह जगह है, जिसे भाजपा चुनावी बिगुल के लिए शुभ मानती है। 2014 में यहां से अभियान शुरू करने पर पार्टी ने पश्चिमी उत्तर प्रदेश में मुस्लिम बाहुल्य समेत सभी 14 सीटों पर क्लीन स्वीप किया था, जबकि 2019 में सहारनपुर से प्रचार शुरू करने पर भाजपा को पश्चिमी उत्तर प्रदेश में सात सीटों पर नुकसान उठाना पड़ा था। ऐसे में यह देखना काफी दिलचस्प होगा कि इस बार यूपी में मिशन-80 का लक्ष्य लेकर चल रही भाजपा क्या इस बार भी 2014 की तरह बुलंदशहर के तीर से पश्चिम यूपी की सभी सीटों पर कमल खिला पाएगी।



भोला सिंह, भाजपा। गिरीश चंद्र, बसपा। शिवराम, कांग्रेस।

### 2009 का जनादेश

| दल | प्रत्याशी | प्राप्त मत | वोट प्रतिशत |
|---|---|---|---|
| सपा | कमलेश कुमार | 2,36,257 | 35.34 |
| भाजपा | अशोक प्रधान | 1,70,192 | 25.46 |
| बसपा | राजकुमार गौतम | 1,42,186 | 21.27 |

### नगीना के सांसद यहां से मैदान में

बुलंदशहर लोकसभा सीट पर वर्तमान में भारतीय जनता पार्टी का कब्जा है और वह यहां इस बार चुनावी जीत की हैट्रिक लगाना चाहती है। मुकाबले में छह प्रत्याशी हैं। भाजपा के मौजूदा सांसद और प्रत्याशी डा. भोला सिंह को इंडिया गठबंधन से कांग्रेस के प्रत्याशी शिवराम वाल्मीकि, बसपा के टिकट पर मैदान में उतरे सांसद गिरीश चंद्र के अलावा ऋषिवादी कर्मशील युवा परमार्थी पार्टी के राजेश तुरैहा समेत निर्दलीय सोनम भारती व प्रदीप कुमार चुनौती दे रहे हैं। यह लोकसभा क्षेत्र मुस्लिम, दलित, जाट, ब्राह्म बहुल गिनी जाती है। हालांकि वैश्य, त्यागी, गुर्जर, राजपूत के अलावा अन्य ओबीसी मतदाता अच्छी संख्या में हैं। सीट आरक्षित होने के बाद जहां पिछले तीन चुनावों में सपा एक बार यहां से जीत चुकी है, वहीं बसपा का खाता नहीं खुला है। जीत की तलाश में ही बसपा ने इस बार यहां नगीना सुरक्षित सीट के सांसद गिरीश चंद्र जाटव को मैदान में उतारा है।

**2014** में नरेंद्र मोदी ने यहीं से किया था चुनावी अभियान का शंखनाद तो 2024 में बुलंदशहर से ही भरी 400 पार की हुंकार

### लोकसभा क्षेत्र की पांचों विधानसभा सीटों पर खिला था भाजपा का कमल

- बुलंदशहर लोकसभा क्षेत्र में पांच विधान सभा सीटें अनूपशहर, बुलंदशहर, डिबाई, शिकारपुर और स्याना शामिल हैं। 2022 में हुए विधानसभा चुनाव में इन सभी पांच विधानसभा सीटों पर भाजपा का कमल खिला था। किसान आंदोलन के बावजूद भी सपा-रालोद का गठबंधन यहां फेल साबित हुआ था।

### भाजपा के बाद बसपा लगातार बढ़ा रही अपना प्रभाव

- बुलंदशहर में सपा ने 2009 में जीत भले दर्ज की हो, लेकिन जिले की राजनीति में भारतीय जनता पार्टी के साथ बहुजन समाज पार्टी का वर्चस्व बढ़ता हुआ नजर आता है। दरअसल, मुस्लिम और दलित मतदाताओं का गठजोड़ जहां बसपा के पक्ष में खड़ा दिखता रहा है, वहीं ठाकुर, लोध, ब्राह्मण और वैश्य समाज भाजपा के साथ लामबंद है। कांग्रेस अब यहां चौथे नंबर की पार्टी बन चुकी है। कल्याण सिंह के बाद यहां किसी नेता का ऐसा कोई आधार नहीं रही कि वह वोट किसी के पक्ष में ट्रांसफर करा सके। जातीय आधार पर जरूर वोट इधर से उधर होते रहे हैं। दो-तीन विधानसभा क्षेत्रों में रालोद का अच्छा असर है। वह इस बार भाजपा को समर्थन देकर उसकी जीत की राह आसान कर रहा है।

### 2019 लोकसभा जनादेश

| भाजपा | बसपा | कांग्रेस |
|---|---|---|
| 60.64 % | 34.82 % | 02.63 % |
| 6,81,321 मत | 3,91,264 मत | 29,465 मत |
| डॉ. भोला सिंह | योगेश वर्मा | बंशी सिंह |

### 2014 का जनादेश

| | |
|---|---|
| भाजपा | 59.86% |
| बसपा | 18.07 % |
| सपा | 12.75 % |

| दल | प्रत्याशी | प्राप्त मत |
|---|---|---|
| भाजपा | डॉ. भोला सिंह | 6,04,449 |
| बसपा | प्रदीप कुमार जाटव | 1,82,476 |
| सपा | कमलेश | 1,28,737 |

### चार लाख से ज्यादा ब्राह्मण और क्षत्रिय पर ओबीसी-दलित लिखते हार-जीत की पटकथा

- बुलंदशहर सुरक्षित सीट पर लोकसभा चुनाव 2024 में मतदाताओं की संख्या 18 लाख के करीब है। इनमें पुरुष मतदाता 9 लाख 50 हजार और महिला मतदाता साढ़े आठ लाख हैं। ट्रांसजेंडर वोटर 127 हैं। इस लोकसभा सीट पर ओबीसी और अनुसूचित जाति के मतदाता जीत-हार का फैसला करने में आगे रहते हैं। जातीय आधार पर आकलन के मुताबिक इस लोकसभा क्षेत्र में 3.10 लाख मुस्लिम मतदाताओं के बाद 2.20 लाख ब्राह्मण, 2 लाख क्षत्रिय मतदाता हैं। जाटव बिरादरी के 2.25 लाख और लोध बिरादरी के दो लाख मतदाता हैं। जाट मतदाताओं की संख्या करीब 1.65 लाख है। इनके अलावा खटिक, वाल्मीकि, गुर्जर, त्यागी, कश्यप, प्रजापति, पाल जाति के मतदाताओं की संख्या चार लाख के आसपास है।

### भाजपा के छत्रपाल लगातार चार बार जीते

वर्ष 1952 से 1971 तक यहां हुए पांच लोकसभा चुनावों में कांग्रेस का कब्जा रहा। लेकिन साल 1971 के बाद मतदाताओं ने अलग-अलग पार्टियों को चुना। आपातकाल के बाद 1977 और 1980 के चुनाव में जनता पार्टी ने जीत दर्ज की। 1984 में इंदिरा गांधी की हत्या के बाद हुए चुनाव में कांग्रेस ने फिर वापसी की। 1989 के चुनाव में जनता दल के जीत दर्ज करने के बाद 90 के दशक में राम लहर के दौरान राजनीति बदल गई और वर्ष 1991 से लेकर 2004 तक हुए पांच चुनावों में बुलंदशहर सीट पर लगातार भारतीय जनता पार्टी ही जीत दर्ज करती रही। भाजपा के छत्रपाल सिंह लोधा ने 1991 के बाद 1996, 1998 और 1999 में लगातार जीत का चौका लगाया। वर्ष 2004 के चुनाव में भाजपा ने पूर्व मुख्यमंत्री कल्याण सिंह को यहां से चुनावी मैदान में उतारा। कल्याण सिंह अलीगढ़ को अपनी जन्म भूमि तो बुलंदशहर को कर्म भूमि मानते थे। उन्होंने बुलंदशहर में भाजपा की लगातार पांचवीं जीत सुनिश्चित कर दी। 2009 लोकसभा चुनाव से पहले इस सीट का परिसीमन बदल गया और यह लोकसभा क्षेत्र अनुसूचित जाति वर्ग के लिए आरक्षित हो गया। परिसीमन के बाद हुए 2009 के पहले चुनाव में समाजवादी पार्टी के कमलेश वाल्मीकि ने जीत हासिल करके भाजपा को जीत का छक्का लगाने से रोक दिया। लेकिन 2014 की मोदी लहर में भाजपा के डा. भोला सिंह ने बड़ी जीत दर्ज की और 2019 में भी जीत का सिलसिला बरकरार रखते हुए इस बार जीत की हैट्रिक लगाने के इरादे से मैदान में हैं।

मंडी का रणक्षेत्र | कांग्रेस ने मंत्री विक्रमादित्य सिंह को मैदान में उतारा

# कांग्रेस के विक्रमादित्य रोकेंगे कंगना की जीत का 'बेताल'

महेश शर्मा, नई दिल्ली



**अमृत विचारः** हिमाचल प्रदेश का मंडी लोकसभा क्षेत्र भाजपा के टिकट पर कंगना रनौत के मैदान में आने के बाद चर्चा में आ गया है। कांग्रेस ने यहां से हिमाचल सरकार में मंत्री विक्रमादित्य सिंह को अपना उम्मीदवार बना दिया है। कांग्रेस की कोशिश है कि वह किसी भी सूरत में तीन सौ से ज्यादा मंदिरों वाले मंडी लोकसभा क्षेत्र को कंगना का अंगना न बनने दे। अब पार्टी ने विक्रमादित्य को मैदान में उतारकर मुकाबले को रोचक बना दिया है।


कांग्रेस के दबदबे वाली मंडी लोकसभा क्षेत्र के चुनावी इतिहास में 13 बार कांग्रेस जीत दर्ज करा चुकी है। ब्राह्मण और राजपूत बहुल इस सीट से ब्राह्मण और राजपूत प्रत्याशी ही जीतकर संसद पहुंचता रहा है। कांग्रेस के दिग्गज नेता रहे स्व.वीरभद्र सिंह के परिवार लोग यहां से छह बार जीते हैं। कांग्रेस के सुखराम भी तीन बार जीत चुके हैं। 2019 में रिकार्ड वोटों से जीते भाजपा के रामस्वरूप शर्मा की मृत्यु होने से यहां पर 2021 में उपचुनाव हुए जिसमें कांग्रेस की प्रतिभा सिंह ने जीत दर्ज की थी। अब कंगना के मुकाबले विक्रमादित्य सिंह का नाम तय कर दिया है। तीन उपचुनाव मिलाकर मंडी लोकसभा सीट पर 19 चुनाव हुए हैं। 2019 के चुनाव में भाजपा के रामस्वरूप शर्मा ने कांग्रेस के आश्रय शर्मा को हराकर जीत हासिल की थी। भाजपा ने 68.75 फीसद रिकार्ड वोट पाए थे। कांग्रेस को 25.68 फीसद पर ही संतोष करना पड़ा था। 2021 में भाजपा सांसद शर्मा का निधन के बाद उपचुनाव में प्रतिभा सिंह आठ हजार वोटों से जीती थी। यहां पर 2004 में हुए चुनाव से देखें तो प्रतिभा सिंह कांग्रेस से जीती थी पर 2009 में खुद वीरभद्र सिंह मैदान में आए और जीत गए। 2013 में उपचुनाव में फिर प्रतिभा सिंह जीतीं। 2014 और 2019 में भाजपा जीती पर 2021 में उप चुनाव हारी।

### 33 फीसदी राजपूत, 28 फीसदी दलित और 21 फीसदी ब्राह्मण मतदाता

- जातीय आंकड़ों पर नजर डालें तो मंडी में 33.6 फीसद राजपूत आबादी है। 21.4 फीसद ब्राह्मण मतदाता हैं। मंडी में दलित 29.85 फीसद हैं। फिर भी सिर्फ एक बार ही दलित सांसद गोपीराम 1052 में लोकसभा पहुंचे थे। मंडी लोकसभा क्षेत्र में 17 विधानसभा सीटें आती हैं जिनमें 12 पर भाजपा काबिज है।

### भाजपा अलर्ट, कंगना की जुबान न फिसल जाए

- विवादित बयानों से चर्चा में आयीं कंगना ने नेताजी सुभाष चंद्र बोस को देश का पहला प्रधान मंत्री बनाया तो ट्रोल हुईं। असम के सीएम हेमंता विस्व सरमा को उनके बचाव के लिए एक्स पर आना पड़ा। कंगना पीएम नरेंद्र मोदी को राम का अंश बता चुकी हैं। कांग्रेस का आईटी सेल कंगना की जुबान फिसलने का इंतजार कर रहा, जुबान फिसली नहीं कि उसने मुद्दा बनाया।



जीतेंगे बाजी

मुजफ्फरनगर में समाजवादी पार्टी मुखिया अखिलेश यादव की रैली में समर्थक में जबरदस्त उत्साह देखने को मिला।

## एक नजर

### दो करोड़ 78 लाख की शराब व नकदी जब्त

**अमृत विचार, लखनऊ :** प्रदेश में आदर्श आचार संहिता के तहत चल रही कार्रवाई के तहत दो करोड़ 78 लाख की शराब व नकदी जब्त की गई, जबकि अब तक कुल 92,91,280 प्रचार-प्रसार सामग्री हटाई गई। मुख्य निर्वाचन अधिकारी नवदीप रिणवा ने बताया कि निष्पक्ष व स्वतंत्र चुनाव कराने के लिए आचार संहिता का सख्ती से पालन कराया जा रहा है। बीते दिन बाराबंकी की हैदरगढ़ विधानसभा क्षेत्र में 12.50 लाख रुपये अनुमानित कीमत की 250 ग्राम ड्रग व मिर्जापुर विधानसभा क्षेत्र में 12.50 लाख रुपये अनुमानित कीमत की 65 ग्राम ड्रग पकड़ी गई। अब तक सार्वजनिक स्थानों से 56,03,727 व निजी स्थानों से 36,87,553 प्रचार-प्रसार सामग्री हटाई गई है। बताया कि 16 मार्च से 12 अप्रैल तक पुलिस विभाग की कार्रवाई में अपराधिक व्यक्तियों के 483 लाइसेंसी शस्त्र जब्त किये गये।

# देश-धर्म की रक्षा को गुरु गोविंद ने की खालसा पंथ की स्थापना

## बैसाखी पर्व पर नाका हिंडोला स्थित गुरुद्वारे पहुंचे मुख्यमंत्री योगी, गुरु ग्रंथ साहिब के समक्ष टेका मत्था

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

- प्रदेशवासियों संग सिख भाइयों-बहनों को बैसाखी की शुभकामनाएं दीं

**अमृत विचार :** गुरु गोविंद सिंह महाराज ने वर्ष 1699 में देश और धर्म की रक्षा के लिए शक्तिपुंज के रूप में खालसा पंथ की स्थापना की, जो आज दुनिया में बिना रुके, डिगे, झुके धर्म की ध्वज पताका को गौरव के साथ आगे बढ़ाने का कार्य कर रहा है। बैसाखी का पर्व खालसा पंथ की स्थापना दिवस के रूप में एक नई प्रेरणा और प्रकाश का स्रोत है।

ये बातें मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने शनिवार को बैसाखी के अवसर पर राजधानी के नाका हिंडोला स्थित गुरुद्वारे में आयोजित कार्यक्रम में कही। इससे पहले उन्होंने गुरु ग्रंथ साहिब को मत्था टेका और प्रदेशवासियों संग सिख भाइयों-बहनों को बैसाखी की शुभकामनाएं दीं।

इस दौरान योगी को अंगवस्त्र एवं स्मृति चिन्ह प्रदान कर सम्मानित किया गया। वहीं उन्होंने भी प्रधान सेवादार गुरुद्वारा नजरबाग अयोध्या बाबा महेंद्र सिंह, गुरुनानक विद्यालय चंदन नगर की प्रिंसिपल रंजित कौर, गुरु नानक गर्ल्स इंटर कॉलेज बांसमंडी की प्रिंसिपल निशा तिवारी, खालसा इंटर कॉलेज के प्रिंसिपल वीरेंद्र सिंह को अंगवस्त्र पहनाने के साथ स्मृति चिन्ह प्रदान कर सम्मानित किया।


बैसाखी पर्व पर राजधानी स्थित नाका गुरुद्वारे में आयोजित समारोह में शामिल हुए मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ।

कार्यक्रम में मंत्री सरदार बलदेव सिंह औलख, भाजपा महानगर अध्यक्ष आनंद द्विवेदी, पार्टी के वरिष्ठ नेता नीरज सिंह, गुरुद्वारा कमेटी के अध्यक्ष सरदार राजेंद्र सिंह बग्गा आदि मौजूद रहे।

# संपत्तियों की जांच शुरू

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

**आरओ-एआरओ परीक्षा प्रश्नपत्र लीक प्रकरण**

**अमृत विचार :** आरओ-एआरओ परीक्षा प्रश्नपत्र लीक मामले में अब तक गिरफ्त में आए नौ आरोपियों के खिलाफ कार्रवाई शुरू हो गई है। थानों को निर्देश दिया गया है कि इन आरोपियों की संपत्तियों की एक-एक जानकारी खंगाल कर भेजी जाय। ऐसी स्थिति में आरोपियों से संबंधित जिलों में जांच शुरू हो गई है। इसके अलावा आरोपियों की आय के वैध स्रोत, इनके प्रतिष्ठानों और अन्य तरह की संपत्तियों की डिटेल भी एकत्रित की जा रही है। एसटीएफ अफसरों के मुताबिक इन आरोपियों को शिक्षा माफिया घोषित कर कार्रवाई की जाएगी, जिससे कि इन्हें अधिक से अधिक सजा मिल सके।

गौरतलब हो कि मेरठ एसटीएफ द्वारा कार्रवाई करते हुए अब तक नौ शातिरों को आरोपी बनाया गया है। इनमें से मास्टरमाइंड राजीव नयन मिश्रा एवं रवि अत्री के अलावा गुरुग्राम स्थित ग्रीन हवेली रिसॉर्ट के मालिक सतीश धनखड़, मध्य प्रदेश के रीवा स्थित महाशक्ति रिसॉर्ट के मालिक, पटना के अतुल वत्स, विशाल चौरसिया, जौनपुर के अजीत चौहान, बागपत के नीटू, शामली के अरविंद राणा, अलवर के बलराम गुर्जर, झज्झर हरियाणा के मोनू ढाकला, सिपाही विक्रम पहल शामिल हैं। एसटीएफ अफसरों का कहना है कि अब तक जो पेपर लीक होते थे, उसमें पकड़े जाने पर सजा होती थी, लेकिन बाद में यही आरोपी छूट जाते थे। लेकिन इसबार ऐसा नहीं होगा।

# पहला चरण : सत्तापक्ष-विपक्ष ने प्रचार में झोंकी ताकत

## लोकसभा चुनाव में प्रदेश की आठ सीटों के लिए होने वाले मतदान में अब मात्र पांच दिन शेष

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

- मोदी, योगी और शाह एनडीए प्रत्याशियों के लिए कर रहे ताबड़तोड़ जनसभाएं
- अखिलेश, मायावती ने भी तेज की रैलियां, अब 'दो लड़कों की जोड़ी' के रोड-शो का इंतजार

**अमृत विचार :** प्रदेश में पहले चरण के लिए 19 अप्रैल को मतदान है। प्रदेश की 8 सीट के लिए होने वाले मतदान में अब मात्र पांच दिन शेष हैं। ऐसे में इन चंद दिनों में खासकर एनडीए और इंडिया के स्टार प्रचारकों के बीच आरोपों-प्रत्यारोपों का घमासान देखने को मिलेगा। इस बीच जहां प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी, गृहमंत्री अमित शाह, भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा और उप्र. के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ जैसी हस्तियां एनडीए प्रत्याशियों के प्रचार में ताबतोड़ जनसभाएं कर रही हैं। वहीं, देर से ही सही लेकिन सपा प्रमुख अखिलेश यादव, कांग्रेस के उप्र. प्रभारी अविनाश पांडेय और बसपा नेत्री मायावती व राष्ट्रीय कोआर्डिनेटर आकाश आनंद भी अब जनसभाओं को संबोधित कर रहे हैं।

वहीं, भाजपा के सहयोगी दल भी उप्र. के चुनावी रण में खूब पसीना बहा रहे हैं। हालांकि, राजनीतिक दलों के नेताओं, आम कार्यकर्ताओं से लेकर आम मतदाताओं को अभी भी सबको उप्र. के दो लड़कों की जोड़ी की संयुक्त रैली, रोड-शो का इंतजार है। सूत्रों के मुताबिक, जल्द ही राहुल और अखिलेश संयुक्त रैली कर सकते हैं। सपा-कांग्रेस गठबंधन के मुख्य नेताओं ने आपस में बैठकर पिछले दिनों संयुक्त प्रचार की रूपरेखा बना ली है। प्रचार के दौरान आप नेता संजय सिंह और दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल की पत्नी सुनीता केजरीवाल भी नजर आ सकती है।

दरअसल, दिल्ली का रास्ता तय कराने वाले उप्र. में सात चरणों में चुनाव होगा। पहले चरण की वोटिंग 19 अप्रैल को है। पहले चरण में पश्चिमी उप्र. की कई सीट समेत कुल 8 सीटों पर चुनाव होना है। इसमें बिजनौर, कैराना, मुरादाबाद, मुजफ्फरनगर, नगीना, पीलीभीत, रामपुर और सहारनपुर सीट शामिल हैं। जिसमें से कई सीट पर भाजपा और सपा की अंदरूनी कलह पार्टी को नुकसान पहुंचा सकती है।

### प्रचार को लेकर कुछ और है विपक्ष की राजनीतिक सोच

बहरहाल, चुनाव प्रचार की रेस में एनडीए के मुकाबले सपा-कांग्रेस गठबंधन के नेता निःसंदेह देर से शामिल हुए हैं। इसपर भाजपा के स्टार प्रचारकों ने चुटकी भी ली कि एनडीए की तैयारी देखकर विपक्षी खेमा प्रचार से भी दूर है। वहीं, सूत्र बता रहे हैं कि प्रदेश में विपक्षी गठबंधन में शामिल दल खामोशी से प्रचार की रणनीति पर आगे बढ़ रहे हैं। बड़ी रैलियों के बजाय लोकसभा क्षेत्र के स्तर पर छोटी-छोटी सभाएं करने पर जोर है। हर चरण के चुनाव में एक-दो ही बड़ी रैलियां करने की योजना पर काम हो रहा है। सूत्र बताते हैं कि इसके पीछे विपक्ष की रणनीति भाजपा में अतिआत्मविश्वास भरकर अपनी चिन्हित कई सीटों से दूर रखना है।

### विपक्षी दलों के लिए वित्तीय प्रबंधन भी बड़ी चुनौती

कांग्रेस के एक पुराने नेता का तर्क है कि पिछले कई चुनावों में कांग्रेस ने बड़ी चुनावी रैलियां तो कीं लेकिन परिणाम लगभग सिफर ही रहा। इस बार कांग्रेस को वित्तीय प्रबंधन की भी चिंता है। वहीं, प्रत्याशी भी खामोशी से चुनाव लड़ना चाहते हैं। यही स्थिति अमूमन अन्य दलों की भी है। क्योंकि क्षेत्र में जो भी उनकी मजबूत बेल्ट हैं, वह नहीं चाहते कि भाजपा की उनमें भी सेंधमारी हो। सूत्रों की मानें तो इंडी गठबंधन में शामिल दलों की रणनीति यह है कि उनके परंपरागत वोटबैंक में अतिरिक्त मतदाताओं को बिना किसी शोर-शराबे के जोड़ने का प्रयास करते हुए जीतने की जुगत भिड़ाई जाए, बाकी 'अंडर करंट' पर निर्भर रहें।

# रामनवमी से पहले सुरक्षा एजेंसियां सतर्क

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

- मुख्य सचिव, डीजीपी ने बैठक कर व्यवस्थाओं की ली जानकारी
- सरयू में जलपुलिस के माध्यम से होगी निगरानी, ड्रोन भी रहेगा सक्रिय

**अमृत विचार :** रामनवमी के अवसर पर अयोध्या में होने वाली भीड़ को देखते हुए देश और प्रदेश की समस्त सुरक्षा एजेंसियां सक्रिय हो गई हैं। एनआई, एटीएस के अलावा यूपी पुलिस भी अयोध्या की प्रत्येक गतिविधि पर नजर बनाए हुए हैं। शनिवार को इस संबंध में प्रदेश के मुख्य सचिव ने भी बैठक कर सुरक्षा एवं अन्य व्यवस्थाओं से जुड़ी बारीकियां भी परखीं। उन्होंने कहा कि 17 अप्रैल को अयोध्या में 25 लाख से अधिक श्रद्धालुओं के पहुंचने की उम्मीद है।


विगत दिनों पकड़े गए तीन आतंकियों के खुलासे के बाद प्रदेश की सभी खुफिया एजेंसियां अलर्ट मोड पर हैं। पूछताछ के दौरान आतंकियों ने रामनवमी के दिन किसी घटना को अंजाम देने की ओर इशारा किया था। हालांकि एटीएस ने उन्हें गिरफ्तार करके उनके मंसूबों पर पानी फेर दिया। हालांकि आतंकियों के इनपुट को ध्यान में रखते हुए अयोध्या में देश और प्रदेश की सभी सुरक्षा एजेंसियां सक्रिय हो गई हैं। एक-एक गतिविधि पर नजर रखी जा रही है। मुख्य सचिव ने समीक्षा बैठक के दौरान राम की पैड़ी और सरयू नदी में जलपुलिस भी तैनात करने का निर्देश दिया है। इसके अलावा ड्रोन के माध्यम से अयोध्या की निगरानी करने का आदेश दिया है। उन्होंने कहा कि सीसीटीवी मॉनिटरिंग भी की जाए।

## वृद्धा आश्रमों की सीसीटीवी से होगी निगरानी

**अमृत विचार, लखनऊ :** समाज कल्याण विभाग की ओर से संचालित वृद्धा आश्रम में अब कर्मियों की मनमानी पर विराम लगाने की तैयारी कर ली है, ताकि बुजुर्गों की देखरेख और बेहतर तरीके से हो सके। प्रदेश के सभी 75 वृद्धा आश्रमों में सीसीटीवी लगाए जाएंगे और इसका कंट्रोल रूम निदेशालय में बनाया जाएगा। कंट्रोल रूम में बैठकर आश्रम के क्रियाकलापों पर नजर रखी जाएगी।

समाज कल्याण विभाग के 75 वृद्धा आश्रम में लगभग साढ़े छह हजार बुजुर्ग हैं। सबसे अधिक बुजुर्ग अलीगढ़ में हैं। आश्रम की गतिविधियों और कर्मियों की कार्यशैली पर नजर रखने के लिए सीसीटीवी लगाए जाएंगे। 15 दिनों के भीतर सीसीटीवी लगने का काम पूरा हो जाएगा। कंट्रोल रूम समाज कल्याण निदेशालय में बनाया जाएगा। निदेशालय में बैठे अधिकारी आश्रम की हर गतिविधि पर नजर रख सकेंगे।

# भाजपा संविधान की भक्षक : अखिलेश


चुनावी जनसभा में सपा प्रमुख अखिलेश यादव का स्वागत करते पार्टी पदाधिकारी व कार्यकर्ता।

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

- अखिलेश यादव ने नगीना और बिजनौर में इंडी गठबंधन के प्रत्याशियों के समर्थन में चुनावी जनसभा को किया सम्बोधित

**अमृत विचार :** समाजवादी पार्टी प्रमुख अखिलेश यादव ने बिजनौर लोकसभा क्षेत्र में आयोजित जनसभा में भाजपा सरकार पर जनता के अधिकारों को छीनने का आरोप लगाया है। सपा प्रमुख ने फिर दोहराया कि ये संविधान खत्म करना चाहते है और भाजपा संविधान की भक्षक है, लोकतंत्र को कमजोर कर रही है।

शनिवार को नगीना में इंडी गठबंधन के प्रत्याशी मनोज कुमार और बिजनौर लोकसभा क्षेत्र के प्रत्याशी दीपक सैनी के समर्थन में चुनावी जनसभा को सम्बोधित किया। यहां उन्होंने कहा, सत्ता में बैठे लोग पता नहीं कहां से ऐसी भाषा सीख कर आये है। संविधान की शपथ लेकर बड़े पदों पर बैठे भाजपा नेताओं की भाषा डराने वाली है। भाजपा के नेता जिस तरह की भाषा का प्रयोग कर रहे हैं, वह संविधान की शपथ लेने वाले नेताओं की नहीं है।

उन्होंने कहा, बड़े पदों पर बैठने वालों की भाषा और व्यवहार विनम्र होना चाहिए, तभी हमारा संविधान और लोकतंत्र बचेगा। 2024 लोकसभा चुनाव विशेष परिस्थितियों का चुनाव है। एक तरफ संविधान बचाने वाले समाजवादी पार्टी और इंडिया गठबंधन के लोग हैं तो दूसरी तरफ संविधान को कमजोर करने वाली भाजपा है।

अखिलेश यादव ने कहा कि भाजपा सरकार किसानों के खिलाफ तीन काले कृषि कानून लायी थी। काले कानूनों के खिलाफ आंदोलन में लगभग एक हजार किसानों की जान चली गयी। आज किसानों की फसलों को लागत मूल्य भी नहीं मिल रहा है। भाजपा ने वादा करके भी किसानों को एमएसपी की गारंटी नहीं दी। गठबंधन की सरकार बनने पर किसानों को एमएसपी का कानूनी अधिकार दिया जाएगा।

# बूथ स्तर तक जुटें कांग्रेस कार्यकर्ता : अविनाश

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

**अमृत विचार :** कांग्रेस के राष्ट्रीय महासचिव व प्रदेश प्रभारी अविनाश पांडेय ने कहा कि इंडिया गठबंधन के प्रत्याशियों को जिताने के लिए पार्टी कार्यकर्ता बूथ स्तर तक जुट जायं। साथ ही, गठबंधन में शामिल दलों के कार्यकर्ता से बेहतर समन्वय बनाये रखें। राष्ट्रीय महासचिव शनिवार को कैराना समेत पश्चिमी उत्तर प्रदेश के कई जिलों में कार्यकर्ता समन्वय बैठकों को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने रामपुर विधानसभा क्षेत्र के शेखपुरा कदीम व सहारनपुर देहात विधानसभा क्षेत्र के अंबाला रोड पर दो सभाओं को संबोधित किया।

सहारनपुर में कांग्रेस प्रत्याशी इमरान मसूद को जिताने की अपील करते हुए उन्होंने कहा कि यह हार और जीत का चुनाव नहीं है, वास्तव में यह चुनाव सत्य-असत्य का है। कार्यक्रम को राष्ट्रीय सचिव प्रदीप नरवाल, प्रदेश उपाध्यक्ष विदित चौधरी, सपा विधायक उमर अली खान, सपा विधायक शाहनवाज खान, कांग्रेस के कोषाध्यक्ष शिव पाण्डेय आदि ने संबोधित किया।

### धरातल पर कोई काम नहीं किया: अजय

कांग्रेस के प्रदेश अध्यक्ष पूर्व मंत्री अजय राय ने कहा कि भाजपा की केंद्र व प्रदेश की सरकारों ने धरातल पर कोई काम नहीं किया। यहां जारी बयान में उन्होंने कहा कि जब चुनाव आता है तो भाजपा नेताओं के पास धार्मिक उन्माद वाली बातें करने, झूठे राष्ट्रवाद का दिखावा करने और जुमले उछालने के अलावा कुछ बचता नहीं है।

## एक्सप्रेस-वे परियोजनाओं को मिला 368.76 करोड़

**अमृत विचार, लखनऊ :** गोरखपुर, पूर्वांचल, गंगा और बुंदेलखंड एक्सप्रेस वे को लेकर प्रदेश सरकार गंभीर है। औद्योगिक विकास विभाग ने इसके लिए 368.76 करोड़ की धनराशि जारी की है। शासन ने पूर्वांचल एक्सप्रेस वे परियोजना और बुंदेलखंड एक्सप्रेस वे परियोजना के लिए धनावंटन के तहत 50-50 करोड़ की धनराशि दी है। पूर्वांचल एक्सप्रेस वे परियोजना की कुल लागत 23349.37 करोड़ है, जिसमें से अबतक 13303.10 करोड़ भुगतान मिला है। बुंदेलखंड एक्सप्रेस वे परियोजना के लिए लोन पर ब्याज 135.25 करोड़ दिया गया है। गंगा एक्सप्रेस वे परियोजना में भूमि खरीद के लिए लोन पर ब्याज 47.96 करोड़, पूर्वांचल एक्सप्रेस वे परियोजना के लिए लोन पर ब्याज के लिए 130.97 करोड़, गंगा एक्सप्रेस वे परियोजना में मूल धन की तिमाही किशत के रूप में 45.97 करोड़, गोरखपुर लिंक एक्सप्रेस वे परियोजना के निर्माण कार्य हेतु वित्तीय संस्थाओं को भुगतान के लिए 40.38 करोड़ रुपये की धनराशि जारी की गई है।


## वर्ग पहेली-39

**बाएं से दाएं**

1. दुगना, दूना।
3. दे. ऐलबम।
5. रिकार्ड किए संगीत को बजाने का उपकरण (जो उत्कृष्ट स्वर उत्पन्न करता है)।
7. क्षार, खार।
9. 1. संगीन अपराधियों को रखने के लिए कारावास में बनी बहुत छोटी और अँधेरी कोठरी 2. बहुत छोटा और अँधेरा कमरा।

**ऊपर से नीचे**

2. 1. दस का मान या भाव 2. लिखे हुए अंकों की गिनती के क्रम में दाहिनी ओर से दूसरे स्थान पर आने वाला अंक जिसका मान पहले अंक से दस गुना होता है।
4. 1. शक्तिशाली, ताकतवर 2. महारथी।
6. 1. वह मादा खच्चर जो मिस्र के हाकिम ने मुहम्मद साहब को भेंट की थी 2. मुहर्रम की आठवीं तारीख़ को जुलूस के साथ निकाला जाने वाला वह कोतल घोड़ा जिसके साथ शिया मुसलमान मातम करते हुए चलते हैं।
8. 1. नाम संबंधी 2. केवल नाम मात्र का जिसका वास्तविक तथ्य से कोई संबंध न हो, (नॉमिनल)।



### वर्ग पहेली -38 का हल

| | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 नि | का | ला | | 2 गि | | |
| मे | | | 3 धु | न | की | |
| ष | | 4 ज | क | ना | | 5 उ |
| | 6 नु | | धु | | | प |
| 7 वे | मा | नि | की | | | च |
| | इ | | | | | रि |
| 8 बे | श | र | मी | | | त |

## सुडोकू -118

सुडोकू एक तरह का तर्क वाला खेल है, जो एक वर्ग पहेली की तरह होता है। जब आप इस खेल को खेलना सीख जाते हैं तो यह बहुत ही सरलता से खेला जा सकता है। सुडोकू खेल में बॉक्स में 1 नंबर से 9 नंबर तक आने वाले अंक दिए हैं। इसमें कुछ बॉक्स खाली हैं, जिन्हें आपको भरना है। कोई भी अंक दोबारा नहीं आना चाहिए। एक सीधी लाइन और एक खड़ी लाइन तथा बॉक्स में नंबर रिपीट नहीं होना चाहिए।

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | | 7 | | | | 9 | |
| 6 | | 2 | | | | | 7 | |
| 9 | | | 4 | | | 5 | | |
| 4 | | 7 | | | 1 | 8 | | |
| | 3 | | | | | | 6 | |
| | | 5 | 9 | | 6 | | | 3 |
| | | 8 | | | 2 | | | 7 |
| | 9 | | | | | 2 | 5 | |
| | 1 | | | | 3 | | | |

### सुडोकू -117 का हल


| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 5 | 8 | 1 | 2 | 6 | 7 | 4 | 3 | 9 |
| 9 | 7 | 4 | 3 | 8 | 1 | 5 | 6 | 2 |
| 2 | 6 | 3 | 4 | 9 | 5 | 8 | 1 | 7 |
| 7 | 3 | 9 | 5 | 1 | 8 | 6 | 2 | 4 |
| 4 | 5 | 6 | 9 | 3 | 2 | 7 | 8 | 1 |
| 1 | 2 | 8 | 7 | 4 | 6 | 3 | 9 | 5 |
| 6 | 4 | 7 | 1 | 2 | 3 | 9 | 5 | 8 |
| 3 | 9 | 2 | 8 | 5 | 4 | 1 | 7 | 6 |
| 8 | 1 | 5 | 6 | 7 | 9 | 2 | 4 | 3 |

## आज का भविष्यफल

-पं.डॉ. ज्ञानेन्द्र शर्मा

आज की ग्रह स्थिति : 14 अप्रैल रविवार 2024 संवत-2081, शक संवत 1946 मास-चैत्र, पक्ष-शुक्ल पक्ष, तिथि- षष्ठी 11.43 तक तत्पश्चात सप्तमी।

### आज का पंचांग




**दिशाशूल**-पश्चिम। **ऋतु**-वसंत।
चन्द्रबल-मेष, मिथुन, सिंह, कन्या, धनु, मकर।
ताराबल-अश्विनी, कृत्तिका, मृगशिरा, आर्द्रा, पुनर्वसु, पुष्य, मघा, उत्तरा फाल्गुनी, चित्रा, स्वाति, विशाखा, अनुराधा, मूल, उत्तराषाढ़ा, धनिष्ठा, शतभिषा, पूर्वाभाद्रपद, उत्तराभाद्रपद।
नक्षत्र-आर्द्रा 15 अप्रैल 01.35 तक तत्पश्चात पुनर्वसु।

**मेष** – आज व्यवसाय में बिक्री बढ़ने से मन प्रसन्न रहेगा। प्रतियोगी परीक्षाओं में सफलता मिलने की संभावना बन रही है। आपकी आर्थिक स्थिति अच्छी रहेगी। नया व्यवसाय शुरू कर सकते हैं। रिश्तेदारों और मित्रों के साथ अच्छा समय बिता सकते हैं।

**वृष** – आज यात्रा कर रहे हैं तो सामान और धन की स्थिति का ध्यान रखें। पुराने कर्ज को उतारने के लिए दिन बहुत अच्छा है। पारिवारिक जीवन में थोड़ी परेशानी होगी। दिन लिए काफी खर्चीला रहेगा।

**मिथुन** – आज आपको कुछ शुभ समाचार मिल सकते हैं। धन के लेन-देन में सावधानी रखें। आर्थिक स्थिति उत्तम रहने वाली है। विद्यार्थियों के लिए दिन बहुत अच्छा है। जीवनसाथी के प्रति मन में सम्मान भाव बढ़ेगा। दोस्ती प्रेम संबंधों में बदल सकती है।

**कर्क** – आज आपका स्वास्थ्य थोड़ा कमजोर रहेगा। युवाओं को वैवाहिक जीवन में मनमुटाव से बचना चाहिए। स्वार्थी प्रवृत्ति के लोगों से आपको नुकसान हो सकता है। अनावश्यक कार्यों से आपको बचना चाहिए। पुराने उधार के कारण समस्या हो सकती है।

**सिंह** – आज प्रेमीजन के साथ महत्वपूर्ण डेट्स पर जाने की योजना बना सकते हैं। तकनीकी शिक्षा ले रहे विद्यार्थियों को जॉब के अवसर मिलने की संभावना बन रही है। आपके सभी कार्य तय समय पर पूर्ण हो जाएंगे।

**कन्या** – आज पुराने सामान को बेचकर धन कमा सकते हैं। छोटे व्यापारियों की आय में अचानक वृद्धि हो सकती है। सरकारी कार्यों की रुकावटें दूर होंगी। मन काफी चंचल रहेगा,लेकिन फिर भी आपके विचारों को लोग काफी महत्व देंगे।

**तुला** – आज लेखन आदि कार्यों में सफलता मिलेगी। जीवन के प्रति आपका दृष्टिकोण किसी कारणवश बदल सकता है। अपने स्वभाव में लचीलापन बनाए रखें। करियर को लेकर काफी आशावादी और प्रयत्नशील रहेंगे।

**वृश्चिक** – आज व्यवसाय में टीमवर्क की भावना ध्यान रखें। दूसरों की कही-सुनी बातों को ज्यादा महत्व न दें। इससे आपके काम बिगड़ सकते हैं। आज शान्त होकर परिस्थितियों का आकलन करें। नया काम शुरू न करें।

**धनु** – आज काफी समय से रुका हुआ धन आपको वापस मिल सकता है। व्यापारिक संबंध और सुदृढ़ होंगे। कार्यक्षेत्र में बेहतरीन धन लाभ होगा। आप काफी प्रसन्न रहने वाले हैं। टीमवर्क में काम करने से काम शीघ्र सफल होंगे।

**मकर** – आज अपने खर्चों पर नियंत्रण रखें। बीमार लोगों को अपनी सेहत को लेकर लापरवाह नहीं होना चाहिए। आपके मन में कुछ नया करने की इच्छा जागृत होगी,किंतु आपके चलते हुए कार्यों में किसी कारण बाधा आ सकती है।

**कुंभ** – आज आपको अपने मान-सम्मान की चिंता रहेगी। जीवनसाथी से वैचारिक तनाव दूर होगा। प्रेमी जन से झगड़ा हो सकता है। संतान के जिद्दी व्यवहार के कारण परेशानी होगी। बाहर का तला भुना व गरिष्ठ भोजन न करें।

**मीन** – आज नजदीकी लोगों को लेकर थोड़ा परेशान रहेंगे। गुप्त शत्रु खुलकर आपको नुकसान पहुंचाने की कोशिश कर सकते हैं। व्यापार में नया प्रयोग करने से आपको बचना चाहिये। विद्यार्थियों को पढ़ाई में कुछ समस्या होगी।

## आज की फिल्में

**B4U Movies**
कातिलों के कातिल – दोपहर : 12.00
मिस्टर नटवर लाल – रात : 08.38

**Sony Pix**
बुलैट ट्रेन – सुबह : 09.34
द अनहोली – रात : 09.00

**&pictures**
राधे – सुबह : 11.14
टॉइलेट-एक प्रेम कथा – शाम : 04.57

**Zee Cinema**
रक्षा बंधन – सुबह : 11.30
खिलाड़ी – रात : 08.30

**StarGold Select**
मेड इन चाइना – सुबह : 09.30
बैंग बैंग – शाम : 06.30

### आज की सुपरहिट फिल्म



एंड पिक्चर्स पर शाम : 04.57 बजे

## जोक्स ऑफ द डे

छोरो- तू वाट्सऐप पर है क्या?
छोरी- नहीं मैं तो मेरे घर हूं।
छोरो- मेरा मतलब है,वाट्सऐप यूज करती है क्या?
छोरी- नहीं मैं तो गोरी होने के लिए क्रीम यूज करती हूं।
छोरो- मेरी मां वाट्सऐप चलाना आता है क्या?
छोरी- तू चला लेना मैं पीछे बैठ जाऊंगी।

पत्नी-मैं रोज पूजा करती हूं, काश एक दिन भगवान श्रीकृष्ण के दर्शन हो जाए।
पति- एक बार मीराबाई बनकर जहर पी ले, फिर देख श्रीकृष्ण तो क्या तूझे सारे भगवान नजर आ जाएंगे।

## चुनावी गतिविधियां

● **मतदान के लिए तैयारी तेज, 19 को पहले चरण का मतदान :** प्रदेश में पहले व दूसरे चरण की आठ-आठ सीटों के लिए मतदान की तैयारी तेज हो गई है। पहले चरण में मतदान 19 अप्रैल व दूसरे चरण का मतदान 26 अप्रैल को होगा। पहले चरण में रामपुर, सहारनपुर, पीलीभीत, नगीना, बिजनौर, मुरादाबाद, मुजफ्फरनगर और कैराना सीटों पर मतदान होगा, जबकि दूसरे चरण में अमरोहा, मेरठ, बागपत, गाजियाबाद, गौतमबुद्धनगर, बुलंदशहर, अलीगढ़ व मथुरा में मतदान होगा। मुख्य निर्वाचन कार्यालय के अधिकारियों ने बताया कि मतदाताओं को गर्मी व लू से बचाने के लिए जिला निर्वाचन अधिकारियों को निर्देश दिये गये हैं। इसके साथ ही, बीएलओ के जरिये मतदाताओं को सूचना पर्ची समय पर पहुंचाने को कहा गया है। इसके साथ ही, सुरक्षा बलों की तैनाती के लिए इंतजाम किये जा रहे हैं। उन्होंने बताया कि मतदान केंद्रों पर केंद्रीय सुरक्षा बलों के साथ ही, प्रदेश के पुलिस बल तैनात करने के निर्देश दिये गये हैं। इसके साथ मतदान केंद्रों पर भी सुरक्षा व अन्य सुविधाओं को लेकर विशेष ध्यान दिया जा रहा है ,जिससे की इस बार प्रदेश का मतदान प्रतिशत पिछली बार से और अधिक बढ़ाया जा सके।

# किसान हित की योजनाओं का असर दिखेगा चुनाव में

**मिशन 80** साधने में न सिर्फ केंद्र बल्कि प्रदेश सरकार की भी होगी परीक्षा

**2.68 करोड़ को पीएम किसान सम्मान निधि में मिले 68,139 करोड़ रुपये**

**निजी नलकूपों से सिंचाई को मुफ्त बिजली का राज्य सरकार ने दिया तोहफा**

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

**अमृत विचार :** लोकसभा चुनाव में किसान का मुद्दा खूब हावी है, लेकिन किसान कहीं जाति में बंटे नजर आ रहे हैं, तो कहीं चुप्पी साधे हुए हैं। विपक्ष महंगी हो रही खेती के मुकाबले आय कम होने से एमएसपी के मुद्दे को गरमा रहा है, जबकि भाजपा गठबंधन के नेता कांग्रेस और सपा सरकारों की याद दिलाकर किसानों की न सिर्फ सुधरी हालत, बल्कि दबंगई और गुंडागर्दी समेत नौकरी में उनके बच्चों से वसूली की मुद्दे पर माहौल बना रहे हैं। लेकिन असली परीक्षा डबल इंजन सरकार की किसान हित की योजनाओं की होने वाली है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी, मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ से लकेर राजग के सभी बड़े-छोटे नेता डबल इंजन सरकार में पीएम किसान सम्मान निधि से लेकर राज्य सरकार की ओर से नलकूपों से सिंचाई के लिए मुफ्त बिजली और गन्ना मूल्य के भुगतान से लेकर नई चीनी मिलों की स्थापना पर वोट मांग रहे हैं। देखना होगा मिशन-80 सीटों के लक्ष्य को पूरा करने में कितना ट्रंप कार्ड साबित होगी। भाजपा के मुताबिक किसानों को निजी नलकूपों से सिंचाई के लिए मुफ्त बिजली का ऐलान करके अपने संकल्प को पूरा किया है।





**न्यूनतम आय सहायता के रूप में 6 हजार रुपए प्रति वर्ष**

अन्नदाता किसानों को राहत देने के लिए केंद्र सरकार द्वारा शुरू की गई योजनाओं को भी प्रदेश में कुशलता के साथ लागू किया गया है। प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि के अंतर्गत केंद्र सरकार ने किसानों को न्यूनतम आय सहायता के रूप में 6 हजार रुपए प्रति वर्ष प्रदान करने की पहल की, जिसके तहत देश में कुल 12 करोड़ और प्रदेश के 2.68 करोड़ अन्नदाता किसान लाभान्वित हो रहे हैं। फरवरी 2024 तक प्रदेश भर में पात्र किसानों को 68,139 करोड़ डीबीटी के माध्यम से उनके खातों में भेजे जा चुके हैं।

**गन्ना किसानों को मिली मजबूती**

भाजपा प्रवक्ता का कहना है कि गन्ना किसानों के लिए भी सरकार ने बड़े कदम उठाए हैं, जिससे उनकी आय में गुणात्मक वृद्धि हुई है। इसके तहत राज्य सरकार द्वारा 2017 से अब तक लगभग 2.50 लाख करोड़ का गन्ना मूल्य भुगतान कराया गया है। सरकार ने 7 वर्षों में गन्ना समर्थन मूल्य में 55 रुपए प्रति क्विटल की वृद्धि की है। मार्च 2017 से अब तक 3 नई चीनी मिलों की स्थापना हुई है, जबकि 5 चीनी मिलों के पुर्नसंचालन एवं 38 चीनी मिलों में क्षमता विस्तार से कुल 107100 टीसीडी की अतिरिक्त पेराई क्षमता का सृजन हुआ। इससे लगभग 117810 लोगों को प्रत्यक्ष या अप्रत्यक्ष रूप से रोजगार प्राप्त हुआ है।

# मायावती आज मुजफ्फरनगर से शुरू करेंगी चुनाव प्रचार

राज्य ब्यूरो, लखनऊ



● पश्चिम उप्र में छह दिन में 13 जिलों में संबोधित करेंगी रैलियां

**अमृत विचार :** उप्र. में बसपा सुप्रीमो मायावती कल रविवार से लोकसभा चुनाव में पार्टी के प्रत्याशियों के समर्थन में प्रचार करने निकलेंगी।

पहले चरण के चुनाव को ध्यान में रखते हुए प्रचार अभियान की की शुरूआत पश्चिमी उप्र. से करेंगी और छह दिन में 13 रैलियां संबोधित करेंगी। पहली चुनावी रैली 14 अप्रैल को मुजफ्फरनगर में दारा सिंह प्रजापति और उसी दिन सहारनपुर में प्रत्याशी माजिद अली के समर्थन में संबोधित करेंगी।
लोकसभा चुनाव में हरिदार से प्रचार शुरू करने वाली मायावती उप्र. में पहले चरण में 14 से 16 अप्रैल के मध्य छह सीटें और फिर 21 से 24 अप्रैल के मध्य सात सीटों में सभाएं करेंगी। पहले दिन की रैलियों के बाद अगले दिन 15 अप्रैल को रामपुर में जीशान खां और उसी दिन मुरादाबाद में मो.इरफान सैफी के लिए के लिए संभाएं होगी। इसके बाद नगीना सुरक्षित सीट पर सुरेन्द्र पाल सिंह और बिजनौर में बिजेंद्र सिंह के समर्थन में 16 अप्रैल को चुनावी रैली संबोधित करेंगी।

पांच दिन विश्राम के बाद मायावती 21 अप्रैल को गाजियाबाद, बागपत और अमरोहा में कुल तीन चुनावी रैलियों को संबोधित करेंगी। अगले दिन 22 अप्रैल को गौतमबुद्ध नगर, बुलंदशहर और अंत में 23 अप्रैल को मेरठ और हापुड में प्रचार अभियान जारी रखेंगी।

# गोंडा सांसद के भाग्य का फैसला करेंगे जिले के 4.26 लाख मतदाता

लाल जी सिंह, बलरामपुर

● गोंडा संसदीय क्षेत्र में शामिल है जिले की उतरौला विधानसभा

● पांचवें चरण में 20 में को इस विधानसभा क्षेत्र में होगा मतदान

**अमृत विचार।** लोकसभा चुनाव 2024 के दौरान बलरामपुर जिले में दो चरणों में मतदान होगा। पांचवें चरण में यहां उतरौला विधानसभा क्षेत्र के 4.26 लाख मतदाता गोंडा संसदीय क्षेत्र के सांसद का चुनाव करेंगे। छठवें चरण में श्रावस्ती सांसद के लिए वोट डाले जाएंगे। छठवें चरण में बलरामपुर सदर, तुलसीपुर, तथा गैंसड़ी के मतदाता वोट डालेंगे।

बताते चलें कि वर्ष 2009 में परिसीमन के दौरान बलरामपुर संसदीय क्षेत्र का अस्तित्व ही समाप्त हो गया। जिले की चार विधानसभाओं को दो संसदीय क्षेत्रों में बांट दिया गया। गोंडा संसदीय क्षेत्र में जिले की सर्वाधिक मतदाता वाली विधानसभा उतरौला को शामिल कर दिया गया। शेष तीन विधानसभा बलरामपुर सदर, तुलसीपुर, और गैंसड़ी को श्रावस्ती संसदीय क्षेत्र में शामिल कर दिया गया। आगामी लोकसभा चुनाव में गोंडा संसदीय क्षेत्र के लिए पांचवें चरण में मतदान होगा। उतरौला विधानसभा के मतदाता पांचवें चरण में मतदान करेंगे ।भाजपा ने गोंड़ा संसदीय क्षेत्र से वर्तमान सांसद कीर्ति वर्धन सिंह उर्फ राजा भैया को अपना उम्मीदवार बनाया है। सपा ने यहां से बाराबंकी के बाबू बेनी प्रसाद वर्मा की पौत्री श्रेया वर्मा को चुनाव मैदान में उतारा है। यह पूर्व कारागार मंत्री राकेश वर्मा की बेटी है।

बसपा तथा अन्य दलों ने अभी इस क्षेत्र में अपना पता नहीं खोला है। उतरौला विधानसभा क्षेत्र मुस्लिम और वर्मा बाहुल्य माना जाता है । यहां से भाजपा के वर्तमान विधायक राम प्रताप वर्मा अपनी बिरादरी में अच्छी खासी पकड़ रखते हैं। वही पिछले वर्षों में गोंडा संसदीय क्षेत्र से जीत का परचम लहरा चुके बाबू बेनी प्रसाद वर्मा की पौत्री श्रेया वर्मा भी एम के वाई( मुस्लिम, कुर्मी, यादव) समीकरण के सहारे एक बार फिर चुनावी वैतरणी पार करने की फिराक में है। अब देखना यह है कि मनकापुर राज परिवार के उत्तराधिकारी कीर्तिवर्धन सिंह उर्फ राजा भैया अपनी जीत की हैट्रिक लगा पाते हैं। या फिर श्रेया वर्मा उनकी राह में रोड़ा अटका सकती हैं। कीर्तिवर्धन सिंह को भाजपा के परंपरागत वोटों पर पूरी तरह विश्वास है। मतदाता अभी खामोश है ।मतदाताओं की चुप्पी ने प्रत्याशियों तथा उनके समर्थकों की धड़कनें बढ़ा रखी है।

**विधानसभा क्षेत्र वार मतदाताओं की संख्या**

| विधानसभा | कुल मतदाता | महिला | पुरुष | अन्य |
|---|---|---|---|---|
| 1-मेहनौन | 378547 | 175126 | 203414 | 07 |
| 2-गोंडा सदर | 360423 | 168753 | 191639 | 31 |
| 3-मनकापुर | 338771 | 158730 | 180035 | 00 |
| 4-गौरा | 333641 | 154046 | 179588 | 07 |
| 5-उतरौला | 426913 | 195767 | 231116 | 30 |

# जातीय गणित से तय होता है कबीर की धरती का चुनाव परिणाम

**भाजपा जीत की हैट्रिक लगाने को बेताब**

**सपा-बसपा में उम्मीदवार चयन को लेकर असमंजस**

गोरखनाथ मिश्र, संतकबीरनगर

**अमृत विचार।** कबीर की धरा पर चुनाव की सरगर्मी धीरे-धीरे बढ़ रही है। छठवें चरण में यहां मतदान होना है। इसी महीने के अंतिम सप्ताह से नामांकन भी शुरू हो जाएगा।

भाजपा ने काफी पहले ही अपने वर्तमान सांसद प्रवीण निषाद को एक बार फिर मैदान में उतार दिया है। वहीं सपा और बसपा के सुप्रीमो जातीय समीकरण में उलझकर उम्मीदवार के चयन को लेकर असमंजस में हैं।

इस बात से सबसे ज्यादा हैरान कार्यकर्ता हैं। उन्हें अभी यह समझ में नहीं आ रहा है कि आखिर उम्मीदवार को लेकर पेंच कहां फंस रहा है। सोशल मीडिया पर लोग अपने-अपने उम्मीदवार को टिकट दिला रहे हैं, लेकिन अब देखने की बात होगी कि पार्टी किस पर दांव लगाती है।

**27 साल पूर्व हुआ था जनपद का सृजन**

**संतकबीरनगर।** लोकसभा सीट उत्तर प्रदेश राज्य की 80 लोकसभा सीटों में से एक है। पहले यह क्षेत्र बस्ती जिले का हिस्सा था। लेकिन बाद में 5 सितंबर 1997 को संत कबीर नगर के रूप नए जिले की स्थापना कर दी गई। संत कबीर नगर को महान संत कबीर दास की धरती के रूप में जाना जाता है। 2002 में बने परिसीमन आयोग की सिफारिश पर 2008 में संतकबीरनगर लोकसभा सीट अस्तित्व में आई। इसके एक साल बाद यहां पहला लोकसभा चुनाव लड़ा गया।

**संतकबीर नगर लोकसभा क्षेत्र की खास बातें**

संतकबीरनगर। संतकबीर नगर उत्तर प्रदेश का लोकसभा निर्वाचन क्षेत्र है। इसका मुख्यालय खलीलाबाद है। यहां के मगहर में संतकबीरदास का विश्व प्रसिद्ध स्मारक है। यह उत्तर में सिद्धार्थ नगर और महाराजगंज जिलों से पूर्व में गोरखपुर जिले से दक्षिण में अम्बेडकर नगर जिले से और पश्चिम में बस्ती जिले की सीमा से घिरा है। तामेश्वरनाथ महादेव मंदिर, भंगेश्वरनाथ मंदिर बखिरा, हशेश्वरनाथ मंदिर हैंसर बाजार, कुबेर नाथ मंदिर मेंहदावल और बखिरा झील यहां के प्रमुख पर्यटन स्थल हैं। दिल्ली से संत कबीर नगर की दूरी 728.6 किलोमीटर है और लखनऊ से 237.1 किलोमीटर है।

**संतकबीरनगर लोकसभा सीट का जातीय समीकरण**


संतकबीरनगर। लोकसभा सीट में कुल 19,44,454 मतदाता हैं। जिसमें महिला वोटरों की संख्या 8,87,227 है। वहीं पुरुष वोटर की संख्या 10,57,144 है। एक अनुमान के मुताबिक, जाति के आधार पर क्षेत्र में निषाद मतदाताओं की तादाद करीब डेढ़ लाख, मुस्लिम मतदाता सवा छह लाख, यादव मतदाता 1 लाख 30 हजार, कुर्मी मतदाता 1 लाख 20 हजार, ब्राह्मण मतदाता 3 लाख, क्षत्रिय मतदाता सवा लाख, भूमिहार मतदाताओं की संख्या 50 हजार और दलित मतदाताओं की संख्या करीब साढ़े चार लाख है।

**जिले की लोकसभा का हाल**

**संतकबीरनगर।** संत कबीर की निर्वाण स्थली मगहर इसी क्षेत्र में है। संत कबीर नगर लोकसभा सीट से 2014 में भाजपा के शरद त्रिपाठी ने जीत हासिल किया था। उसके बाद भाजपा के ही प्रवीण निषाद यहां से चुने गए। घाघरा और राप्ती के बीच बसा संत कबीर नगर बस्ती मंडल का हिस्सा है। इस सीट पर वर्ष 2009 में बसपा के भीष्मशंकर उर्फ कुशल तिवारी चुनाव जीतकर संसद में पहुंचे थे। 2014 में भारतीय जनता पार्टी के शरद त्रिपाठी ने यहां पर जीत हासिल किया। डेमोग्राफी, विधानसभा और मुद्दे इस लोकसभा सीट में विधानसभा की पांच सीटों में खलीलाबाद, धनघटा, मेंहदावल जनपद संतकबीरनगर के विधानसभा क्षेत्रों के अलावा अम्बेडकर नगर जिले की आलापुर और गोरखपुर जिले का खजनी विधानसभा क्षेत्र शामिल हैं। कभी बुनकरों और जूट उद्योग के लिए प्रसिद्ध संतकबीरनगर में औद्योगिक स्थिति बदहाल है। चुनाव में यह एक अहम मुद्दा होगा। यहां की औसत साक्षरता दर 55.6 फीसद है।


## आईना : संतकबीरनगर लोकसभा सीट

**2019 चुनाव का लेखा जोखा**




| उम्मीदवार | वोट |
|---|---|
| प्रवीण कुमार निषाद | 4,67,543 |
| भीष्म शंकर तिवारी | 4,31,794 |
| भाल चन्द्र यादव | 1,28,506 |

**2014 में किसको कितने वोट**




| दल | उम्मीदवार | वोट |
|---|---|---|
| भाजपा | शरद त्रिपाठी | 3,48,892 |
| बसपा | भीष्म शंकर | 2,50,914 |
| सपा | भाल चन्द्र यादव | 2,40,169 |
| पीईसीपी | राजा राम | 69,193 |
| कांग्रेस | रोहित कुमार पांडे | 22,029 |

संत कबीर नगर के क्षेत्र




**2008** में संतकबीरनगर लोकसभा सीट अस्तित्व में आई

**19,44,454** कुल मतदाता

पुरुष - 10,57,144

महिला - 8,87,227


2019 नोटा
12,631


प्रवीण कुमार निषाद।


भीष्म शंकर तिवारी।

**5 सितंबर 1997** को संत कबीर नगर जिले की हुई थी स्थापना

**2009 चुनाव के आंकड़े**




**रायबरेली का सलोन विधानसभा क्षेत्र अमेठी संसदीय क्षेत्र का है हिस्सा**

# रायबरेली के मतदाता भी चुनते हैं अमेठी का सांसद

**1967** में अस्तित्व में आए अमेठी लोकसभा क्षेत्र में रायबरेली जिले का सलोन विधानसभा क्षेत्र भी शामिल किया गया था

**सभी राजनीतिक दलों की नजर सलोन विधानसभा क्षेत्र के मतदातओं पर विशेष रूप से रहती है**

नीरज श्रीवास्तव, परशदेपुर, रायबरेली

**अमृत विचार।** रायबरेली जिले के मतदाता अमेठी का भी सांसद चुनते हैं। जी हां, रायबरेली का सलोन विधान सभा ऐसा क्षेत्र है जो रायबरेली का नहीं बल्कि अमेठी का सांसद चुनता है। जिले का सलोन विधान सभा अमेठी संसदीय क्षेत्र में शामिल है यही वजह है कि यहां के मतदाता अमेठी का सांसद चुनने के लिए वोट करते हैं।


1967 में अस्तित्व में आई अमेठी लोक सभा में रायबरेली जिले का सलोन विधान सभा भी शामिल किया गया था। जिससे रायबरेली के लोग भी अमेठी का सांसद चुनने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। यही वजह है कि सभी राजनीतिक दलों की नजर सलोन विधान सभा पर जरूर रहती है।



राजनीतिक दलों की चुनावी रणनीति में सलोन विधान सभा प्रमुख रूप से शामिल रहता है। इस बार सलोन विधान सभा में कुल 3,61,227 मतदाता अमेठी का सांसद चुनने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएंगे। वहीं इस बार भी लोक सभा चुनाव में रोचक मुकाबला भी देखने को मिलगा। फिलहाल कांग्रेस ने यहां पर अपना पत्ता नहीं खोला है, जिससे यहां के मतदाता अभी मौन हैं।

**सलोन आंकड़ों पर एक नजर**

लोकसभा क्षेत्र अमेठी




| | |
|---|---|
| सलोन में कुल ब्लॉक | 03 |
| कुल नगर पंचायत | 03 |
| कुल मतदान केंद्र | 227 |
| कुल मतदेय स्थल | 369 |
| कुल जोन | 03 |
| कुल सेक्टर | 30 |

**महत्वपूर्ण पदों पर भाजपा का है कब्जा**

वर्तमान समय में सलोन विधानसभा के महत्वपूर्ण पदों पर भाजपा का ही कब्जा है। विधायक अशोक कुमार भाजपा के हैं। सलोन ब्लॉक प्रमुख अंजू कुशवाहा, डीह ब्लॉक प्रमुख मिथिलेश, छतोह ब्लॉक प्रमुख संगीता भाजपा की है। नगर पंचायत सलोन के अध्यक्ष चंद्रशेखर रस्तोगी, परशदेपुर के अध्यक्ष विनोद कौशल भाजपा में शामिल हो गए है। नसीराबाद के अध्यक्ष मोहम्मद अली भी भाजपा के ही कार्यक्रमों के देखे जाते हैं। सलोन में चार, डीह में तीन व छतोह में दो जिला पंचायत सदस्य हैं। इसमें भी ज्यादातर भाजपा से ही जुड़े हैं। कुछ निर्दलीय हैं। जबकि सलोन तृतीय से अयोध्या प्रसाद कांग्रेस के जिला पंचायत सदस्य हैं।

**मायावती सरकार ने बदला नाम**

मायावती सरकार ने जब अमेठी को छत्रपति शाहूजी महाराज नगर के नाम से जिला बनाया था तब रायबरेली जिले की सलोन और तिलोई को भी जिले में शामिल किया था। सत्ता परिवर्तन होने के बाद अखिलेश यादव सरकार ने जिले का नाम बदलकर अमेठी कर दिया था। सलोन विधान सभा को वापस रायबरेली में जोड़ दिया गया था। मामला कई वर्षो तक कोर्ट में भी चला था।

## अस्तित्व खो रही भाजपा व रालोद की समन्वय समिति

**राज्य ब्यूरो, लखनऊः** लोकसभा चुनाव में एनडीए प्रत्याशियों को जिताने के लिए रालोद और भाजपा की गठित सात सदस्यीय चुनाव समन्वय समिति पहले ही चरण में ही महत्ता खोती जा रही है। भाजपा के चार और रालोद के तीन पदाधिकारियों की समिति को लेकर पार्टी द्वारा हर सीट पर प्रत्याशियों के समर्थन में ज्यादा से ज्यादा प्रचार करने व दिक्कतों को दूर करने का दावा किया गया था।

रालोद के प्रदेश अध्यक्ष रामाशीष राय का कहना है कि समन्वय समिति द्वारा क्षेत्रीय स्तर पर व्यवहारिक दिक्कतों को दूर कराया गया है। क्षेत्रीय स्तर पर चुनाव प्रचार में आवश्यक विषयों पर चर्चा की जा रही है। वहीं व्यापार प्रकोष्ठ के रोहित अग्रवाल का कहना है समन्वय समिति का गठन चुनाव के दौरान आने वाली समस्याओं को दूर करने के लिए हुआ था, मगर अभी तक कोई समस्या उभरकर नहीं आयी है। समिति के पदाधिकारियों द्वारा हर समस्या का समाधान पार्टी स्तर पर किया जा रहा है।

# अखिलेश के तीन यार-आजम अतीक और मुख़्तार: केशव

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

● उपमुख्यमंत्री ने कहा - सपा गुंडे, अपराधियों, माफियाओं और दंगाईयों की फैक्ट्री

**अमृत विचारः** भाजपा के वरिष्ठ नेता व उपमुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य ने शनिवार को सपा पर तीखा हमला बोला। कहा कि अखिलेश यादव के तीन यार- मोहम्मद आज़म खान, अतीक अहमद और मुख़्तार अंसारी। हालांकि इनमें से दो चले गए। कहा कि सपा गुंडे, अपराधियों, माफियाओं, दंगाईयों की फैक्ट्री है। अपराधियों की रहनुमाई के कारण सपा अब सफा हो गई है। दावा किया कि जिन्होंने राममंदिर के निमंत्रण को ठुकराया है उनको रामभक्त ठुकरा देगें।

वे शनिवार को भाजपा प्रदेश मुख्यालय पर पत्रकारों से बातचीत कर रहे थे। उपमुख्यमंत्री ने कहा कि सपा की सरकार के समय प्रसिद्ध नारा था जिस गाड़ी में सपा का झंडा, उस गाड़ी में बैठा गुंडा। हर सपाई का था नारा, खाली मकान-प्लॉट हमारा। अखिलेश की सरकार के समय प्रदेश का हर जिला अपराध से पीड़ित था और दंगों की आग में झुलस रहा था। उन्होंने कहा कि सपा प्रमुख अखिलेश यादव पिछड़ा, दलित और अल्पसंख्यक के विरोधी हैं। इनका पीडीए परिवार डिवेलप्मेंट अथॉरिटी है। इंडी गठबंधन के सभी नेता एक दूसरे के परिवारों का ही हित साधने में ही बिजी हैं। इनकी सरकार में सर्वाधिक उत्पीड़न पिछड़ों, दलितों का ही हुआ है।

मौर्य ने अखिलेश यादव पर निशाना साधते हुए कहा कि जिन्होंने राममंदिर के निमंत्रण को ठुकराया है उनको रामभक्त ठुकरा देगें। अपने विधायकों को राम लला के दर्शन नहीं करने दिये इसीलिए उनकी पार्टी में अंतर कलह हो गई और सपा विधायक राज्यसभा चुनाव में भाजपा का साथ दिए। सहारनपुर से कांग्रेस प्रत्याशी इमरान मसूद के बयान पर मौर्य ने कहा कि वह जिन वोटों की ओर देख रहे हैं, वह उन्हें नहीं मिलेंगे।

## कानपुर मंडी

| अनाज (प्रति क्वि.) | |
|---|---|
| लोकल | मिल डिलीवरी |
| गेहूँदड़ा | 2250-2400 |
| आर.आर.21 | 2450-2500 |
| गेहूँफारम | 2550-2600 |
| जौ | 2000-2100 |
| ज्वार | 2000-4000 |
| बाजरा | 2100-2150 |
| मकाई | 2200-2400 |
| चना | 5800-5900 |
| अरहर | 9000-10000 |
| मसूर | 5500-5600 |
| मटर | 3700-4000 |
| उड़दहरा | 11000-11800 |
| उड़दकाला | 6000-8000 |
| मूँग | 8500-8800 |
| अरहर फूल | 16000-16100 |
| अरहर स्पेशल | 14000-14100 |
| चनादाल | 7400-7500 |
| मटरदाल | 5050-5150 |
| मसूरमलका | 7250-7300 |
| मसूरदाल | 7450-7500 |
| उड़ददाल | 9500-13000 |
| उड़द धोवा | 10700-13250 |
| मूँगदाल | 9500-10500 |
| मूँग धोवा | 10000-11500 |
| अरवा | 2000-2300 |
| बासमती न01. | 8500-10000 |
| सेला | 2500-3000 |
| बासमती न02. | 6500-7500 |
| आटा | 1380-1430 |
| मैदा | 1350-1400 |
| सूजी | 1410-1430 |
| शाहपसंद | 1325-1350 |
| लाही | 4800-5100 |
| अलसी | 4500-4600 |
| अण्डी | 4600-4700 |
| तिल्ली | 11500-12700 |
| मूँगफलीदानाषिवपुरी | 9400-10600 |
| बटाली | 9000-10200 |
| सेहुआं | 4000-4500 |
| सरसोंकोल्हू | 10800-10900 |
| अलसी | 9400-9500 |

## मैंथा बाजार भाव

चन्दौसी : शिवालिक- 1010, फ्लैग- 1110, बोल्ड- 1160, डीएमओ- 890
रामपुर : शिवालिक-1000, फ्लैग- 1110, डीएमओ-890, बोल्ड-1170

## सर्राफा

| | |
|---|---|
| **कानपुर** | |
| चांदी 999 (प्रति किलो) | 84900 |
| सिक्का (प्रति सैकड़ा) लिवाल | 85000 |
| सिक्का (प्रति सैकड़ा) बिकवाल | 90000 |
| सोना बिस्कुट (दस ग्राम) | 74250 |
| सोना गिन्नी (प्रति नग) | 55300-55500 |
| **लखनऊ** | |
| सोना स्टैंडर्ड | 74,250 |
| सोना रवा | 74,100 |
| सोना गिन्नी (प्रति नग) | 42,500 |
| चांदी तैयार | 82,100 |
| चांदी (999) | 82,500 |
| चांदी सिक्के (100 नग) | 80,000 |
| **बरेली** | |
| गोल्ड (पक्के जेवर) | 73500 |
| गोल्ड (गिन्नी जेवर) | 72500 |
| सिल्वर (पक्की) | 810 (अनुमानित) |
| **मुरादाबाद** | |
| सोना 24 कैरेट | 73,600 |
| चांदी आभूषण | 82,300 |

## बिजली की बढ़ी मांग, गैस संयंत्रों को दो माह चालू रखने के निर्देश

**नई दिल्ली।** सरकार ने इस बार लंबे समय तक गर्मी रहने के अनुमान के कारण बिजली की मांग में वृद्धि को देखते हुए गैस आधारित सभी बिजली उत्पादन स्टेशनों को एक मई से 30 जून तक अपने संयंत्रों को चालू रखने का निर्देश दिया है।

गैस-आधारित उत्पादन स्टेशनों (जीबीएस) के एक बड़े हिस्से का वर्तमान में, मुख्यतः व्यावसायिक कारणों से प्रयोग नहीं हो रहा है। मंत्रालय ने इस गर्मी में 260 गीगावाट अधिकतम मांग का अनुमान लगाया है। यह आदेश एक मई, 2024 से 30 जून, 2024 तक बिजली उत्पादन और आपूर्ति के लिए वैध रहेगा।

# दालों की जमाखोरी पर सख्त हुई सरकार


## खाद्य और सार्वजनिक वितरण मंत्रालय ने भंडारन में लिप्त पाए जाने पर कार्रवाई की दी चेतावनी

नई दिल्ली, एजेंसी

सरकार ने शनिवार को चेतावनी दी कि दालों के भंडारन में लिप्त पाए जाने वाले किसी भी व्यक्ति से आवश्यक वस्तु अधिनियम के विभिन्न प्रावधानों के अनुसार सख्ती से निपटा जाएगा। यह चेतावनी 15 अप्रैल, 2024 से ऑनलाइन स्टॉक मॉनिटरिंग के संचालन से पहले आई है। उपभोक्ता मामले, खाद्य और सार्वजनिक वितरण मंत्रालय के एक आधिकारिक बयान में कहा गया है कि उपभोक्ता मामलों के विभाग के साथ बातचीत के दौरान उद्योग को यह चेतावनी जारी की गई।

उद्योग जगत की प्रतिक्रिया और विभिन्न बाजारों के व्यापारियों के साथ स्टॉक की स्थिति से संबंधित बाजार खुफिया जानकारी को आगे के सत्यापन के लिए एकत्रित किया गया है। सरकार द्वारा व्यापारियों/थोक विक्रेताओं, खुदरा विक्रेताओं, बड़े लोगों के साथ बातचीत में दालों के भंडारन का मामला सामने आया है। सभी राज्यों और केंद्रशासित प्रदेशों में खुदरा विक्रेताओं और अन्य प्रोसेसरों को इस वर्ष 01 अप्रैल से अगले आदेश तक प्रत्येक शुक्रवार को पोर्टल पर गेहूं की अपनी स्टॉक स्थिति घोषित करनी होगी। यह समग्र खाद्य सुरक्षा का प्रबंधन करने और आवश्यक खाद्यान्नों और दालों की कीमतों की जमाखोरी और बेईमान सट्टेबाजी को रोकने के लिए किया जा रहा है। उपभोक्ता मामलों के विभाग की सचिव निधि खरे ने 15 अप्रैल 2024 से ऑनलाइन स्टॉक मॉनिटरिंग के संचालन के लिए दाल उद्योग के प्रतिनिधियों के साथ बातचीत की शृंखला के दौरान इस बात पर जोर दिया कि कोई भी व्यक्ति दालों के वायदा कारोबार में लिप्त पाया जाता है, तो उसके खिलाफ आवश्यक वस्तु अधिनियम के विभिन्न प्रावधानों के अनुसार सख्ती से निपटा जाएगा।

उन्होंने कहा कि प्रमुख बंदरगाहों और दाल उद्योग केंद्रों में स्थित गोदामों में स्टॉक को समय-समय पर सत्यापित किया जाना चाहिए और स्टॉक प्रकटीकरण पोर्टल पर गलत जानकारी देने वाली स्टॉकहोल्डिंग संस्थाओं पर सख्त कार्रवाई की जानी चाहिए। उन्होंने यांगून में भारतीय मिशन के साथ म्यांमार से दालों के आयात से संबंधित मुद्दों जैसे कि संशोधित विनिमय दरों और म्यांमार में आयातकों द्वारा रखे गए स्टॉक के मद्देनजर आयात की कीमतें पर भी चर्चा की। मंत्रालय के बयान में कहा गया है कि भारतीय मिशन ने बताया कि व्यापार लेनदेन को सरल बनाने और उन्हें और अधिक कुशल बनाने के लिए 25 जनवरी 2024 से रुपया क्यात निपटान तंत्र चालू किया गया है। मंत्रालय के अनुसार सेंट्र बैंक ऑफ म्यांमार ने 26 जनवरी 2024 को विशेष रुपया वोस्ट्रो खाता (एसआरवीए) के तहत भुगतान प्रक्रियाओं के लिए दिशानिर्देश जारी किए।



### म्यांमा से दालों का आयात भुगतान को सरकार ने बनाया सरल

**नई दिल्ली।** सरकार ने शनिवार को कहा कि म्यांमा से दालों का आयात करने वाले व्यापारियों के लिए भुगतान तंत्र को आसान और सरल बनाया गया है। उपभोक्ता मामलों के मंत्रालय ने एक बयान में कहा कि आयातकों को पंजाब नेशनल बैंक के जरिए विशेष रुपया वोस्ट्रो खाते (एसआरवीए) के जरिए रुपया/क्यात प्रत्यक्ष भुगतान प्रणाली का उपयोग करने को कहा गया है। भारत घरेलू कमी को पूरा करने के लिए दालों के आयात पर निर्भर है। देश म्यांमा से तुअर और उड़द दाल का आयात करता है। बयान के मुताबिक उपभोक्ता मामलों की सचिव निधि खरे ने म्यांमा से दालों का आयात करने के संबंध में यंगून स्थित भारतीय दूतावास के साथ चर्चा की। इस दौरान संशोधित विनिमय दरों और म्यांमार में आयातकों के स्टॉक जैसे मुद्दों पर बातचीत हुई। भारतीय दूतावास ने सचिव को बताया कि व्यापार लेनदेन को सरल बनाने के लिए इस साल 25 जनवरी से रुपया/क्यात निपटान तंत्र चालू कर दिया गया है। सेंट्रल बैंक ऑफ म्यांमा ने 26 जनवरी, 2024 को एसआरवीए के तहत भुगतान प्रक्रियाओं के लिए दिशानिर्देश जारी किए।

## एशिया में सबसे अधिक जीवन यापन की लागत पाकिस्तान में : एडीबी

**इस्लामाबाद।** पाकिस्तान में 25 प्रतिशत मुद्रास्फीति दर के साथ जीवन-यापन की लागत पूरे एशिया में सबसे अधिक है।

एशियाई विकास बैंक (एडीबी) की मनीला में जारी एक रिपोर्ट के अनुसार पाकिस्तान की अर्थव्यवस्था 1.9 प्रतिशत की दर से बढ़ सकती है। एक्सप्रेस ट्रिब्यून ने बताया कि एशियाई विकास परिदृश्य ने अगले वित्त वर्ष के लिए एक निराशाजनक तस्वीर पेश की है, और इस दौरान 15 प्रतिशत मुद्रास्फीति दर और 2.8 प्रतिशत वृद्धि दर का अनुमान लगाया गया है।

एडीबी ने कहा कि चालू वित्त वर्ष में पाकिस्तान में मुद्रास्फीति की दर 25 प्रतिशत रहने का अनुमान है, जो पूरे एशिया में सबसे अधिक है। इस तरह एशिया में सबसे अधिक महंगाई पाकिस्तान में है। पाकिस्तान लंबे समय से मुद्रास्फीतिजनित मंदी के दौर में है और विश्व बैंक ने भी पिछले सप्ताह कहा था कि महंगाई के कारण यहां एक करोड़ लोग गरीबी के जाल में फंस सकते हैं।

## रियल एस्टेट में विदेशी निवेश की भारी गिरावट
## जनवरी-मार्च में आए सिर्फ 1.1 करोड़ डॉलर

नई दिल्ली, एजेंसी



विदेशी निवेशक इस साल रियल एस्टेट से सतर्क रहे और उन्होंने इस क्षेत्र में 2024 की पहली तिमाही में सिर्फ 1.1 करोड़ डॉलर का निवेश किया। वैश्विक संपत्ति सलाहकार फर्म वेस्टियन ने शनिवार को कहा कि रियल एस्टेट क्षेत्र में जनवरी-मार्च में संस्थागत निवेश सालाना 55 प्रतिशत घटकर 55.2 करोड़ डॉलर रह गया।

रिपोर्ट के अनुसार, रियल एस्टेट क्षेत्र में पिछले साल की समान अवधि में 123.83 करोड़ डॉलर (1.23 अरब डॉलर) निवेश आया था। वेस्टियन के आंकड़ों के अनुसार, रियल एस्टेट में विदेशी कोषों का संस्थागत प्रवाह 2024 की पहली तिमाही में 99 प्रतिशत गिरकर केवल 1.1 करोड़ डॉलर रह गया। घरेलू निवेशकों ने जनवरी-मार्च 2024 में भारतीय रियल एस्टेट में 54.11 करोड़ डॉलर का निवेश किया, जो पिछले साल की समान अवधि में 44.69 करोड़ डॉलर से 21 प्रतिशत अधिक है। वेस्टियन के सीईओ श्रीनिवास राव ने कहा कि घरेलू निवेशक भारत की वृद्धि गाथा को लेकर उत्साहित हैं और रियल एस्टेट क्षेत्र में निवेश करना जारी रख रहे हैं।

## पुणे में जीसीसी का ग्लोबल कैपेबिलिटी सेंटर शुरू

**नई दिल्ली।** स्पेशिलिटी केमिकल क्षेत्र की कंपनी लुब्रीजोल ने एक रणनीतिक केंद्र के रूप में पुणे में एक नया ग्लोबल कैपेबिलिटी सेंटर (जीसीसी) शुरू किया है। कंपनी ने कहा कि एम्बेसी टेक जोन, हिंजेवाड़ी, पुणे में स्थित ग्लोबल कैपेबिलिटी सेंटर लुब्रीजोल के नई सुविधा का हिस्सा है। जीसीसी कैम्पस लीड गोल्ड प्रमाणित है और एक सुरक्षित, स्वस्थ और पर्यावरण के प्रति जागरूक कार्यस्थल को सक्षम बनाने के लिए उपयुक्त है। ग्राहक अनुभव केंद्र लुब्रिजोल के विज्ञान बारे में जानकारी देता है। इंजीनियरिंग, सप्लाय चेन, टेक्नोलॉजी, फाइनेंस, प्रोक्योरमेंट, लीगल आणि ह्यूमन रिसोर्स में काम करने वाले 200 से अधिक कर्मचारियों को अगले वर्ष जीसीसी में नौकरी मिलने की उम्मीद है।

## पेट्रेगैज इंडिया ने एलपीजी आयात भंडारण टर्मिनल किया चालू

चेन्नई, एजेंसी

पेट्रेडेक समूह की अनुषंगी कंपनी पेट्रेगैज इंडिया ने अपना नया अत्याधुनिक एलपीजी आयात और भंडारण टर्मिनल चालू किया है। कंपनी ने शनिवार को कहा कि इसे 600 करोड़ रुपये की लागत से स्थापित किया गया है।

आंध्र प्रदेश के कृष्णापट्टनम में अडाणी कृष्णापट्टनम निजी बंदरगाह के भीतर स्थित नई इकाई से निजी विपणनकर्ताओं के साथ-साथ



आवासीय, वाणिज्यिक, औद्योगिक और वाहन क्षेत्र के उपभोक्ताओं को लाभ होगा। कंपनी ने बयान में कहा कि यह इकाई पेट्रेगैज को एलपीजी विपणन के लिए लागत प्रभावी और भरोसेमंद समाधान प्रदान करने में सक्षम बनाती है। इस इकाई की वार्षिक क्षमता 15 लाख टन से अधिक है।



## एक नजर

### हिमाचल प्रदेशः चार माह बाद खुले चूड़धार मंदिर के कपाट, यात्रा प्रारंभ

**शिमला।** हिमाचल प्रदेश के जिला सिरमौर में 11 हजार 965 फीट की ऊंचाई पर स्थित चूड़धार मंदिर के कपाट शनिवार से भक्तों के लिए खुल गए हैं। इसके साथ ही सर्दियों में करीब चार महीने बंद रहने के बाद चूड़धार की यात्रा आज से प्रशासनिक तौर एक बार फिर शुरू हो चुकी है। आज वैशाखी की संक्रांति होने के चलते बड़ी संख्या में दूर-दूर से श्रद्धालु यहाँ पहुंचे है। बता दें कि हर साल देवता शिरगुल महाराज की तपोस्थली कही जाने वाली चूड़धार चोटी की यात्रा पर दिसंबर माह में आधिकारिक रूप से प्रतिबंध लग जाता है। दिसंबर महीने में चूड़धार में अत्यधिक बर्फबारी के चलते जहां पारा माइनस से नीचे रहता है, वहीं चूड़धार के रास्तों पर यात्रा में अत्यधिक जोखिम रहता है। जिसके बाद अप्रैल माह में वैशाखी की संक्रांति पर मंदिर के कपाट विधिपूर्वक पूजा-पाठ के साथ खुल जाते हैं।

### गर्मी के मौसम में रेलवे देगी स्टेशनों पर पेयजल उपलब्धता की गारंटी

**नई दिल्ली।** रेल मंत्रालय ने देश के सभी स्टेशनों पर यात्रियों को पीने योग्य पानी उपलब्ध कराने की गारंटी के लिए विशेष दिशानिर्देश जारी किए हैं। रेल मंत्रालय ने गर्मी के मौसम और संभावित लू की आशंका को लेकर स्टेशनों पर पीने के पानी की उपलब्धता की समीक्षा की है और सभी रेलवे जोन को स्थापित मानदंडों के अनुसार यात्रियों को स्वच्छ पेयजल की पर्याप्त आपूर्ति सुनिश्चित करने के लिए निर्देश जारी किए हैं। रेल मंत्रालय ने निर्देश दिए हैं कि सभी मौजूदा वॉटर कूलर कार्यात्मक रहें और यात्रियों की मांग को पूरा करें, मौजूदा आपूर्ति की पूर्ति के लिए महत्वपूर्ण स्टेशनों पर पानी के टैंकर तैनात करें और सभी प्लेटफार्मों पर पानी की उपलब्धता की पुष्टि करने के लिए स्टेशनों पर नियमित जांच करें।

### डेढ़ साल के बच्चे को संदिग्ध परिस्थितियों में लगी गोली, पिता पर मुकदमा दर्ज

**सोनीपत।** सोनीपत के लाठ गांव में डेढ़ साल के बच्चे को संदिग्ध परिस्थितियों में गोली लगने का मामला सामने आया है। पुलिस ने शनिवार को यह जानकारी दी। पुलिस ने बताया कि मामले में बच्चे के पिता के खिलाफ मामला दर्ज किया गया है। हालांकि, खानपुर मेडिकल कॉलेज अस्पताल में भर्ती बच्चे की मां एवं दादा ने पुलिस के सामने बयान दर्ज कराने से इनकार कर दिया है। पुलिस ने बताया कि गोहाना सदर थाना पुलिस ने जांच अधिकारी के बयान के आधार पर बच्चे के पिता के खिलाफ हत्या की कोशिश व शस्त्र अधिनियम की सुसंगत धाराओं के तहत प्राथमिकी दर्ज की है। गोहाना सदर थाना में तैनात एएसआई नीरज ने पुलिस को बताया कि 12 की रात को जानकारी मिली थी कि लाठ गांव में डेढ़ साल के बच्चे अयांश पुत्र अजय को गोली लगी है और उसे अस्पताल में भर्ती कराया गया है। उन्होंने बताया कि वह पुलिस दल के साथ अस्पताल पहुंचे और बच्चे की मां हिमांशी और दादा जोरा सिंह से पूछताछ की लेकिन उन्होंने कोई बयान देने से इनकार कर दिया। पुलिस की जांच में सामने आया है कि बच्चे को घर में ही गोली लगी और पिता अजय ने ही गोली चलाई थी।

### सीएसडीएस के ताजा सर्वे ने मोदी सरकार की खोल दी है पोल : कांग्रेस

**रांची।** झारखंड प्रदेश कांग्रेस के संगठन महासचिव अमुल्य नीरज खलखो ने कहा कि सी.एस.डी.एस. के ताजा सर्वे ने मोदी सरकार का पोल खोलकर रख दी है। प्रदेश संगठन महासचिव ने कहा कि लगातार कांग्रेस इन्हीं मुद्दों के बीच आवाज उठा रही है और यही कारण है कि इन आवाजों को दबाने के लिए कांग्रेस और इंडी गठबंधन के नेताओं पर ईडी की शिकंजा कसवाया जा रहा है ताकि महंगाई, बेरोजगारी जैसे मुद्दे गोन रहे। खलखो ने कहा कि भाजपा की मोदी सरकार के दिन अब पूरी तरह लद चुके हैं।

### भारत-सिंगापुर के उच्चतम न्यायालयों के बीच प्रौद्योगिकी एवं संवाद पर दो दिवसीय सम्मेलन

# नवोन्मेष की अगली सीमा है एआई : चंद्रचूड़

नई दिल्ली, एजेंसी

प्रधान न्यायाधीश डी वाई चंद्रचूड़ ने शनिवार को कहा कि आधुनिक प्रक्रियाओं में कृत्रिम मेधा (एआई) के इस्तेमाल से ऐसे जटिल नैतिक, कानूनी और व्यावहारिक विषय खड़े होते हैं जिनकी व्यापक समीक्षा की जरूरत है। प्रधान न्यायाधीश ने कहा कि कृत्रिम मेधा 'नवोन्मेष की अगली सीमा' तक ले जाती है तथा अदालती निर्णय प्रक्रिया में उसका इस्तेमाल अवसर और चुनौतियों दोनों ही पेश करता है जिनपर गहन विचार-विमर्श की आवश्यकता है।

न्यायमूर्ति चंद्रचूड़ ने कहा कि कृत्रिम मेधा अप्रत्याशित मौके प्रस्तुत करती है लेकिन साथ ही, वह खासकर नैतिकता, जवाबदेही और पक्षपात से संबंधित कई चुनौतियां भी खड़ी करती है तथा इन चुनौतियों के समाधान के लिए भौगोलिक और संस्थानों की सीमाओं से परे वैश्विक पक्षों द्वारा ठोस प्रयास की जरूरत है। वह भारत एवं सिंगापुर के उच्चतम न्यायालयों के बीच प्रौद्योगिकी एवं संवाद विषयक दो दिवसीय सम्मेलन में बोल रहे थे।

सिंगापुर के प्रधान न्यायाधीश सुंदरीष मेनन तथा कई अन्य न्यायाधीश एवं विशेषज्ञ इस सम्मेलन में मौजूद थे। न्यायमूर्ति चंद्रचूड़ ने कहा कि कानूनी क्षेत्र में भी, कानूनी शोध से लेकर मामला विश्लेषण तक और अदालती कार्यवाही की कार्यकुशलता तक, जिस तरह कानूनी पेशेवर काम करते हैं, उनमें बदलाव लाने में कृत्रिम मेधा में विपुल संभावना है।

उन्होंने कहा कि कानूनी शोध के क्षेत्र में कृत्रिम मेधा पासा पलटने वाले के रूप में उभरी है तथा उसने कानूनी पेशेवरों को असाधारण कार्यकुशलता एवं सटीकता प्रदान कर उन्हें सशक्त बनाया है। प्रधान न्यायाधीश चंद्रचूड़ ने कहा कि चैटजीपैट के आने से यह चर्चा होने लगी है कि किसी मामले में निष्कर्ष पर पहुंचने में कृत्रिम मेधा पर भरोसा किया जाए या नहीं। उन्होंने कहा कि ये घटनाएं दर्शाती हैं कि हम अदालती निर्णय प्रक्रिया में कृत्रिम मेधा के इस्तेमाल के प्रश्न को टाल नहीं सकते। अदालती कार्यवाही समेत आधुनिक प्रक्रियाओं में एआई के इस्तेमाल से ऐसे नैतिक, कानूनी और व्यावहारिक विषय खड़े होते हैं जिनपर व्यापक परीक्षण की जरूरत है।





नई दिल्ली में भारत के सर्वोच्च न्यायालय में प्रौद्योगिकी और न्यायिक संवाद पर दो दिवसीय सम्मेलन को संबोधित करते भारत के प्रधान न्यायाधीश डी वाई चंद्रचूड़ (बाएं) कार्यक्रम में मौजूद भारत के सर्वोच्च न्यायालय और अन्य अदालतों के न्यायाधीश।

# कोलकाता में भीषण आग, 50 झुग्गियां राख



कोलकाता, एजेंसी

कोलकाता के उत्तर-पश्चिमी हिस्से में दमदम रोड पर छाता कोल के पास मेला ग्राउंड में स्थित झुग्गी बस्ती में शनिवार को आग लगने से लगभग 50 झुग्गियां जल कर खाक हो गयीं।

दमदम निर्वाचन क्षेत्र के सांसद सौगत रॉय ने कहा कि किसी के हताहत होने की कोई खबर नहीं है, लेकिन पास के पशुशाला में कई मवेशियों की जलकर मौत हो गई।पश्चिम बंगाल के अग्निशमन मंत्री सुजीत बोस ने कहा कि आग की बढ़ती लपटों पर काबू पाने के लिए दमकल की करीब 10 गाड़ियों को मौके पर भेजा गया। उन्होंने कहा कि संकीर्ण गाली और भीड़भाड़ वाला क्षेत्र होने के कारण अग्निशमन वाहनों को आग के स्रोत का पता लगाने में कठिनाई हुई। बोस ने कहा कि उनका पहला काम आग की लपटों पर काबू पाना और फिर संपत्ति के नुकसान का आकलन करना था। उन्होंने कहा कि सरकार इस मामले को देखेगी। माकपा नेता एवं दमदम उम्मीदवार सुजन चक्रवर्ती ने भी इलाके का दौरा किया और लोगों से बात की।

## राजद का वादा, एक करोड़ युवाओं को नौकरी

पटना, एजेंसी



- **राजद ने घोषणपत्र को परिवर्तन पत्र का दिया है नाम, जनता से किए 24 वादे**

बिहार के पूर्व उपमुख्यमंत्री एवं राष्ट्रीय जनता दल (राजद) नेता तेजस्वी यादव ने लोकसभा चुनाव के लिए शनिवार को पार्टी का घोषणापत्र जारी किया, जिसमें एक करोड़ युवाओं को सरकारी नौकरी और रक्षाबंधन पर गरीब परिवारों की बहनों को प्रति वर्ष एक लाख रुपये देने का वादा किया है। राजद ने घोषणपत्र को परिवर्तन पत्र नाम दिया है। राजद ने जनता से 24 वादे किए हैं।

यादव ने कहा कि हमने आज परिवर्तन पत्र जारी किया है, हम 2024 के चुनावों के लिए 24 वचन लेकर आए हैं। विपक्षी गुट इंडिया की सरकार बनने पर देश के एक करोड़ युवाओं को सरकारी नौकरी दी जाएगी । रक्षाबंधन के मौके पर गरीब परिवारों की बहनों को सालाना एक लाख रुपये देना शुरू करेंगे। पुरानी पेंशन योजना लागू करने और एलपीजी सिलेंडर 500 रुपये में देने का वादा किया। 30 लाख से अधिक सरकारी पद रिक्त हैं जिनको भरने के साथ-साथ 70 लाख पद सृजित किए जाएंगे। घोषणापत्र में बिहार को विशेष राज्य का दर्जा दिलाने, पांच वर्षों में बिहार में चौमुखी विकास के लिए एक लाख 60 हजार करोड़ की विशेष वित्तीय सहायता दिए जाने, देश भर में जातिगत गणना कराने, आरक्षण की सीमा बढाकर 75 प्रतिशत करने की बात कही गई है।

## शिअद ने जारी की 7 नामों की सूची

चंडीगढ़, एजेंसी

- **शिरोमणि अकाली दल ने पंजाब के चुनावी मैदान में उतारे उम्मीदवार**

शिरोमणि अकाली दल (शिअद) ने पंजाब के लिए शनिवार को सात उम्मीदवारों की अपनी पहली सूची जारी की। शिअद ने पार्टी के वरिष्ठ नेता प्रेम सिंह चंदूमाजरा को आनंदपुर साहिब से और दलजीत सिंह चीमा को गुरदासपुर से प्रत्याशी घोषित किया है। इसके अलावा शिअद ने पूर्व विधायक एन के शर्मा को पटियाला, पूर्व मंत्री अनिल जोशी को अमृतसर, बिक्रमजीत सिंह खालसा को फतेहगढ़ साहिब, राजविंदर सिंह को फरीदकोट और इकबाल सिंह झूंदा को संगरूर सीट से उम्मीदवार बनाया है।

शिअद के नेता दलजीत सिंह चीमा ने 'एक्स' पर एक पोस्ट में कहा, शिरोमणि अकाली दल के अध्यक्ष सुखबीर सिंह बादल ने संसदीय चुनाव 2024 के लिए उम्मीदवारों के रूप में पार्टी के सात वरिष्ठ नेताओं की सूची की घोषणा की है। 'खालसा सृजन दिवस' के ऐतिहासिक एवं पवित्र अवसर को प्रत्याशियों की घोषणा के लिए सबसे उपयुक्त दिन के रूप में चुनते हुए, उन्होंने पहली सूची जारी की है। शिरोमणि अकाली दल 1996 के बाद पहली बार अपने दम पर अकेले लोकसभा चुनाव लड़ेगा। शिअद ने 1996 में भाजपा के साथ गठबंधन किया था। सुखबीर सिंह बादल के नेतृत्व वाली पार्टी ने अब निरस्त किए जा चुके कृषि कानूनों को लेकर 2020 में राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन छोड़ दिया था।

## दिल्ली में बिजली, पानी और बस यात्रा सब्सिडी रहेगी जारी : सक्सेना

- **दिल्ली के उपराज्यपाल बोले- झूठे और भ्रामक बयानों को गंभीरता से न लें**

**नई दिल्ली।** दिल्ली के उपराज्यपाल वीके सक्सेना ने दिल्ली के लोगों को आश्वस्त किया है कि गरीबों को मिलने वाली किसी भी तरह की सब्सिडी योजनाओं को बंद नहीं किया जाएगा। उन्होंने लोगों से निहित राजनीतिक स्वार्थ के चलते दिए जा रहे बयानों और अफवाहों पर ध्यान न देने के अपील की है।

राज निवास की ओर से जारी एक बयान में शनिवार को कहा गया है कि सक्सेना ने एक विशेष पार्टी के सदस्यों और सरकार के मंत्रियों द्वारा जानबूझकर दिए जा रहे झूठे और भ्रामक बयानों को गंभीरता से लेते हुए उन्हें पूरी तरह से खारिज किया है। इन बयानों में प्रचार किया जा रहा है कि, मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल के जेल जाने के बाद दिल्ली सरकार की फ्री बिजली, पानी और महिलाओं के लिए फ्री बस यात्रा से संबंधित योजनाओं को बंद कर दिया जाएगा। केंद्र सरकार और उपराज्यपाल इन योजनाओं को रोक देंगे। सक्सेना ने आश्वस्त किया है कि गरीबों को लाभ मिलने वाली सब्सिडी योजनाओं को बंद नहीं किया जाएगा।

## भारत माता की जय बोलने की झिझक पर भाजपा ने उठाए सवाल

कलबुर्गी, एजेंसी

- **कर्नाटक के कांग्रेस विधायक लक्ष्मण सावदी के खड़गे की अनुमति के बिना भारत माता की जय न बोलने से गहराया राजनीतिक विवाद**

कर्नाटक के कांग्रेस विधायक लक्ष्मण सावदी द्वारा पार्टी प्रमुख मल्लिकार्जुन खड़गे की अनुमति के बिना 'भारत माता की जय' बोलने में झिझकने की घटना लोकसभा चुनाव से पहले राज्य में राजनीतिक विवाद का केंद्र बिंदु बन गई है। कर्नाटक भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष विजयेंद्र येदियुरप्पा के नेतृत्व में भाजपा ने इस घटना का फायदा उठाते हुए कांग्रेस की आलोचना की और खुद को देशभक्ति तथा राष्ट्रवाद के सच्चे चैंपियन के रूप में स्थापित करने की कोशिश की।

विजयेंद्र की टिप्पणियों ने भाजपा की इस कहानी पर प्रकाश डाला कि कांग्रेस में देशभक्ति के उत्साह की कमी है और वह राष्ट्रवादी भावनाओं को व्यक्त करने में अनिश्चित है। घटना को इस तरह से प्रस्तुत करके भाजपा ने राष्ट्रवादी आदर्शों के प्रति अपनी अटूट प्रतिबद्धता को कांग्रेस की दुविधा या झिझक के रूप में चित्रित करने की कोशिश की। इस घटना पर सार्वजनिक प्रतिक्रिया विशेषकर सोशल मीडिया पर जहां वीडियो वायरल हुआ, ने भी कई लोगों को प्रभावित किया, जिससे घटना का राजनीतिक महत्व और बढ़ गया। घटना के इर्द-गिर्द गहन जांच और बहस ने कर्नाटक में चुनावी चर्चा को आकार देने में देशभक्ति तथा राष्ट्रवाद के मुद्दों की भूमिका पर प्रकाश डाला।

विजयेंद्र ने आरोप लगाया कि भाजपा की तुलना में कांग्रेस में देशभक्ति और राष्ट्रवादी उत्साह की कमी है। उन्होंने निराशा व्यक्त की और भारत माता की जय बोलने में सावदी की झिझक को चित्रित किया। उन्होंने कांग्रेस को एक ऐसी पार्टी के रूप में चित्रित किया जो देशभक्ति की भावनाओं को व्यक्त करने में अनिश्चित या यहां तक कि झिझकती है। उन्होंने कहा कि यह जानना बहुत दुर्भाग्यपूर्ण और निराशाजनक है कि लक्ष्मण सावदी जैसे वरिष्ठ नेता अपने राष्ट्रीय अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे के सामने कांग्रेस के मंच पर खुलेआम 'भारत माता की जय' का नारा लगाने से हिचकिचाते हैं।

# आतंक के खात्मे को कोई नियम-कानून नहीं

**पुणे, एजेंसी**

- **जयशंकर ने आतंकवाद को लेकर पाकिस्तान को घेरा, कहा- जवाब देने के लिए प्रतिबद्ध भारत**



विदेश मंत्री एस जयशंकर ने एक बार फिर पाकिस्तान को आतंकवाद को लेकर घेरा है। जयशंकर ने कहा कि अगर भारत पर सीमा पार से आतंकी हमला होगा तो उसका जवाब देने के लिए हमारा देश प्रतिबद्ध है। उन्होंने कहा कि आतंकवादी नियमों के अनुसार नहीं चलते, इसलिए हमारे लिए भी उनका जवाब देने के लिए कोई नियम नहीं हो सकता।

जयशंकर ने 2008 में 26/11 के मुंबई आतंकवादी हमलों पर बोलते हुए कांग्रेस की तत्कालीन यूपीए सरकार पर भी निशाना साधा। उन्होंने कहा कि सरकारी स्तर पर बहुत विचार-विमर्श के बाद भी उस समय कुछ भी सार्थक परिणाम नहीं निकला। युवाओं के लिए अवसर और वैश्विक परिदृश्य में भागीदारी' नामक एक कार्यक्रम में युवाओं के साथ बातचीत करते हुए जयशंकर ने कहा कि अगर अब इसी तरह का हमला होता है और कोई उस पर प्रतिक्रिया नहीं करता है, तो आगे ऐसे हमलों को कैसे रोका जा सकता है। जयशंकर ने यह भी कहा कि 2014 के बाद से देश की विदेश नीति में बदलाव आया है और आतंकवाद से निपटने का यही तरीका है। उन देशों के बारे में पूछे जाने पर जिनके साथ भारत को संबंध बनाए रखना चुनौतीपूर्ण लगता है, जयशंकर ने कहा कि भारत को सवाल करना चाहिए कि क्या उसे कुछ देशों के साथ संबंध बनाए रखना चाहिए।

जयशंकर ने उत्तर देते हुए कहा कि एक देश तो हमारे बगल में ही है और ईमानदारी से कहूं तो पाकिस्तान के साथ रिश्ता रखने के लिए हमें केवल आत्मनिरीक्षण करना होगा। उन्होंने कहा कि अगर भारत शुरू से ही स्पष्ट होता कि पाकिस्तान आतंकवाद में लिप्त है, जिसे भारत को किसी भी परिस्थिति में बर्दाश्त नहीं करना चाहिए, तो देश की नीति बहुत अलग होती।

## वैसाखी उत्सव को सिख तीर्थयात्रियों का जत्था पाक रवाना

**अमृतसर।** भारत के करीब 2400 सिख तीर्थ यात्री वैशाखी के अवसर पर शनिवार को पाकिस्तान पहुंचे हैं। पाकिस्तानी पंजाब के पहले सिख मंत्री सरदार रामश सिंह अरोरा, इवैक्यू ट्रस्ट प्रॉपर्टी बोर्ड (ईटीपीबी) के अतिरिक्त सचिव राणा शाहिद और अन्य वरिष्ठ अधिकारियों ने वाघा बॉर्डर पर भारतीय तीर्थयात्रियों का स्वागत किया। ईटीपीबी प्रवक्ता अमीर हाशमी ने बताया कि गुरुद्वारा पुंजा साहिब में आयोजित वैसाखी उत्सव में शामिल होने के लिए भारतीय यहां आए हैं। उन्हें पुलिस और पाकिस्तानी रेंजर्स द्वारा सुरक्षा प्रदान की गई है। उन्होंने कहा कि नई दिल्ली स्थित पाकिस्तान उच्चायोग ने तीर्थयात्रियों को 2,975 वीजा जारी किए थे लेकिन यहां सिर्फ 2400 यात्री ही आए हैं।

# एनपीएस में मिलेगा पीपीएफ के मुकाबले ज्यादा टैक्स फायदा

*जो लोग सरकारी सामाजिक सुरक्षा योजनाओं के दायरे में नहीं आते, उनके लिए पब्लिक प्रोविडेंट फंड (पीपीएफ) और नेशनल पेंशन स्कीम (एनपीएस) खुशहाल रिटायरमेंट के अच्छे विकल्प हैं। लेकिन, टैक्स बेनिफिट के मामले में एनपीएस बेहतर है। नेशनल पेंशन सिस्टम में सरकारी कर्मचारी और सामान्य नागरिक दोनों निवेश कर सकते हैं। यहां 18 से 60 साल तक की उम्र के लोग निवेश कर सकते हैं। देश के करीब सभी सरकारी और निजी बैंकों में जाकर इस योजना के तहत खाता खुलवाया जा सकता है। जानते हैं कैसे...*




- एनपीएस बनाम पीपीएफ पीपीएफ सरकार समर्थित इन्वेस्टमेंट स्कीम है। ये गारंटीड रिटर्न देती है। एनपीएस पीएफआरडीए द्वारा रेगुलेटेड मार्केट लिंक्ड इन्वेस्टमेंट प्लान है। इसमें बाजार से जुड़ी एसेट्स के डाइवर्सिफाई पोर्टफोलियो से ऊंचा रिटर्न देने की क्षमता होती है।

### पीपीएफ की 7.1 फीसदी है ब्याज दर




- पीपीएफ के बेनिफिट्स 15 साल के लॉक-इन पीरियड और गारंटीड ब्याज दरों के साथ, पीपीएफ एक विश्वसनीय सेविंग स्कीम है। जोखिम से बचने वाले लोग अक्सर पीपीएफ में निवेश करते हैं। अभी इसकी ब्याज दर 7.1 फीसदी है।
- एनपीएस के बेनिफिट्स इस मार्केट लिंक्ड रिटायमेंट स्कीम में इक्विटी और डेट, दोनों के लाभ मिलते हैं। एनपीएस के लिए न्यूनतम योगदान टियर-1 में 500 रुपए और टियर-2 खातों में 1,000 रुपए तय है। निवेश की अधिकतम निवेश सीमा तय नहीं है। 18 से 60 वर्ष की उम्र तक इसमें खाता खोला जा सकता है।

### दोनों में क्या हैं टैक्स लाभ

दोनों निवेश योजनाएं आयकर कानून की धारा 80सी के तहत कटौती लाभ के लिए योग्य हैं। हालांकि, टैक्स बचत के मामले में एनपीएस, पीपीएफ से ज्यादा फायदेमंद है। इसकी सबसे बड़ी वजह ये है कि इसमें धारा 80सी के तहत 1.5 लाख रुपए से अधिक की कटौती के अलावा धारा 80 सीसीडी (1बी) के तहत भी 50 हजार रुपए तक अतिरिक्त छूट मिल सकती है।

- रिटायरमेंट के बाद भी आपको नियमित आमदनी होती रहे, इसके लिए रिटायरमेंट प्लानिंग बहुत जरूरी है। अलग-अलग जगह निवेश कर आप अपने भविष्य को सुरक्षित कर सकते हैं। रिटायरमेंट प्लानिंग के लिहाज से निवेश का एक अच्छा ऑप्शन नेशनल पेंशन स्कीम भी है।
- पब्लिक प्रोविडेंट फंड यानी पीपीएफ के शानदार रिटर्न और टैक्स छूट के चलते यह हर किसी का फेवरेट बनता जा रहा है। इसके तहत जो प्रिंसिपल अमाउंट निवेश किया जाता है, उस पर 80सी के तहत टैक्स नहीं लगता है। वहीं इस पर जो ब्याज मिलता है वह भी सेक्शन 10 के तहत टैक्स के दायरे से बाहर रहता है।

## एक नजर

### आज नौसेना के जवान होंगे वीरता पुरस्कार से सम्मानित

**नई दिल्ली।** नौसेना प्रमुख एडमिरल आर हरि कुमार रविवार को वीरता, नेतृत्व, पेशेवर उपलब्धि और उच्च कोटि की विशिष्ट सेवा का प्रदर्शन करने वाले नौसेना कर्मियों को वीरता और विशिष्ट सेवा पुरस्कार प्रदान करेंगे। एक आधिकारिक बयान में कहा गया है कि नौसेना प्रमुख रविवार को गोवा के आईएनएस हंसा में आयोजित नौसेना अलंकरण समारोह 2024 में राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ओर से पुरस्कार प्रदान किया जाएगा। पुरस्कारों में नव सेना पदक (वीरता), नव सेना पदक (कर्तव्य के प्रति समर्पण) और विशिष्ट सेवा पदक शामिल हैं। सीएनएस उड़ान सुरक्षा को बढ़ावा देने के लिए कैप्टन रवि धीर मेमोरियल गोल्ड मेडल और हथियार सुधार और इलेक्ट्रिकल इंजीनियरिंग के क्षेत्र में अग्रणी अनुसंधान के लिए लेफ्टिनेंट वीके जैन मेमोरियल गोल्ड मेडल भी प्रदान करेगा।

### पाकिस्तान में बारूदी सुरंग में धमाका, तीन बच्चों की दर्दनाक मौत

**पेशावर।** पाकिस्तान के अशांत प्रांत खैबर पख्तूनख्वा में एक बार फिर बारूदी सुरंग विस्फोट हुआ है। इस हादसे में तीन बच्चों की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि हादसे में एक घायल हो गया। पुलिस के मुताबिक, यह घटना आदिवासी दक्षिण वजीरिस्तान जिले के वाना शहर में उस समय हुई, जब बच्चे मंडोकाई इलाके में वॉलीबॉल मैच देखने जा रहे थे। जिला पुलिस के एक अधिकारी ने बताया कि बच्चे मंडोकाई इलाके में दो स्थानीय टीमों के बीच वॉलीबॉल मैच देखने जा रहे थे। इस दौरान उनमें से एक बच्चे का पैर बारूदी सुरंग पर पड़ गया, जिसके कारण यह धमाका हुआ। उन्होंने बताया कि इस हादसे में तीन बच्चों की मौके पर ही मौत हो गई।

### भूकंप से दहली चीन की धरती, 5.7 की तीव्रता से लगे झटके

**बीजिंग।** चीन में भूकंप के तेज झटके लगे है। पड़ोसी मुल्क के जिजांग प्रांत में ये झटके महसूस किए गए हैं। जर्मन रिसर्च सेंटर फॉर जियोसाइंसेज (जीएफजेड) ने बताया है कि, चीन में आए भूकंप के इन झटकों की तीव्रता 5.7 आंकी गई है। एजेंसी ने कहा कि भूकंप 10 किमी (6.2 मील) की गहराई पर था। भूकंप से फिलहाल किसी जानमाल के नुकसान की सूचना नहीं है।

### नेपाल ने धूमधाम से मनाया नववर्ष बड़ी संख्या में शामिल हुए पर्यटक

**काठमांडू।** नेपाल ने परंपरागत विक्रम संवत के कैलेंडर के अनुसार शनिवार को नववर्ष का जश्न खूब धूमधाम से मनाया और इस दौरान बड़ी संख्या में पर्यटक एवं तीर्थयात्री हिमालयी राष्ट्र के दर्शनीय स्थलों एवं मंदिरों में पहुंचे। विक्रम संवत का नाम भारतीय राजा विक्रमादित्य के नाम पर रखा गया है और यह नेपाल में आधिकारिक कैलेंडर है। देशभर के लोगों ने नेपाली कैलेंडर के अनुसार वैशाख के पहले दिन शनिवार को नए साल का जश्न धूमधाम से मनाया।

# इजराइल पर हमले की ताक में ईरान अमेरिका ने तीन देशों से मांगी मदद

## ईरान से टकराव टालने में जुटा अमेरिका, पश्चिम एशिया में बढ़ा तनाव

**वाशिंगटन, एजेंसी**

अमरिकी राष्ट्रपति जो बाइडन ने इजराइल को अलर्ट करते हुए कहा कि वह जल्द ही ईरान की तरफ से हमले की उम्मीद कर रहे हैं। मीडिया रिपोर्ट के अनुसार, अगले 24 घंटों के भीतर ईरान की तरफ से यहूदी धरती पर ड्रोन और मिसाइल से हमले होने की संभावना है। ईरान के पास अपनी सीमाओं से दो हजार किमी दूर तक अपने लक्ष्य पर हमला करने वाले बैलेस्टिक और क्रूज मिसाइलें हैं।

नेतन्याहू ने ईरान के हमले की आशंका के बाद शुक्रवार देर रात सुरक्षा की समीक्षा के लिए वॉर कैबिनेट और रक्षा प्रमुखों साथ बैठक की। उधर, ईरान समर्थित हिजबुल्ला गुट ने लेबनान से देर रात इजराइल में रॉकेट 2 और ड्रोन से विस्फोटक दागे। इजराइली सेना का दावा है कि उसके एयर डिफेंस सिस्टम ने न 40 से रॉकेट और दो ड्रोन को मार गिराया। बता दें, इजराइल को बचाने के लिए अमेरिका ने मदद भेज दी है। भूमध्य सागर में अमेरिका ने अपनी नौसैनिक विध्वंसक पोत को तैनात किया है।


एक यूएसएस कार्नें भी है, जिसे लाल सागर में हूती ड्रोन और जहाज रोधी मिसाइलों को रोकने के लिए तैनात किया गया था। अमेरिका ने क्षेत्र में युद्ध को रोकने के लिए अपने राजनायिक प्रयासों को भी दोगुना कर दिया है। अमेरिका स्विस चैनलों के माध्यम से लगातार ईरान को संदेश भेज रहा है। बाइडन ने अमेरिका सेंट्रल कमांड के अधिकारी जनरल माइकल कुरिला को वार्ता के लिए इजराइल भेजा है।

### अमेरिका के शीर्ष कमांडर एरिक इजराइल पहुंचे



इससे पहले, अमेरिका ने हाई अलर्ट जारी किया। अमेरिकी विदेश मंत्री एंटनी न ब्लिंकन ने सऊदी अरब, तुर्की, चीन और न यूरोपीय देशों के अपने समकक्षों से ईरान को ई इजराइल पर हमला रोकने में मदद मांगी है। ने अमेरिका, रूस समेत 5 देशों ने अपने न नागरिकों को सलाह दी है कि वे इजराइल और मिडिल ईस्ट न जाएं। अमेरिकी दूतावास के कर्मचारियों से कहा है कि वे तेल अवीव, - यरूशलम और बेर्शेबा से बाहर यात्रा न करें। मिडिल ईस्ट में एक और जंग छिड़ने के आभास के बीच अमेरिका के सेंट्रल कमांड के जनरल माइकल कुरिला गुरुवार को इजराइल पहुंच गए है। रिपोर्ट के मुताबिक वो ईरानी हमले की स्थिति में इजराइल को गाइड करेंगे। उन्होंने इजराइल के रक्षा मंत्री योव गैलेंट और इजराइल डिफेंस फोर्स के अधिकारियों से मुलाकात की। अमेरिका ने कहा है कि वह इजराइल का साथ जरूर देगा।

### इजराइल-ईरान विवाद से विश्व युद्ध छिड़ने का खतराः डोनाल्ड ट्रंप



**वाशिंगटन।** अमेरिका के पूर्व राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने कहा कि इजराइल और ईरान के बीच बढ़ते तनाव से विश्व युद्ध होने का खतरा है। ट्रंप ने शुक्रवार को कहा, इजराइल के साथ जो चल रहा है उसका अंत विश्व युद्ध के रूप में हो सकता है। ट्रंप ने कहा कि के लिए वर्तमान समय और पांच नवंबर को होने वाले अमेरिकी राष्ट्रपति चुनाव के बीच बहुत कुछ हो सकता है, विशेष रूप से अक्षम अमेरिकी नेताओं के नेतृत्व में। ट्रंप ने कहा- इस पर वैश्विक नेताओं से बातचीत की है लेकिन उन्होंने कोई विवरण देने से इनकार कर दिया।

# देश में कानून का राज बहाल करना उद्देश्यः इमरान

**इस्लामाबाद, एजेंसी**



पाकिस्तान की छह विपक्षी पार्टियों ने शहबाज शरीफ सरकार के विरुद्ध शनिवार से अपना आंदोलन शुरू कर दिया। बलूचिस्तान नेशनल पार्टी-मेंगल के प्रमुख सरदार अख्तर मेंगल की अध्यक्षता में शुक्रवार देर रात शुरू बैठक शनिवार सवेरे समाप्त हुई।

पूर्व प्रधानमंत्री इमरान खान की पार्टी पाकिस्तान तहरीक-ए-इंसाफ के महासचिव उमर अयूब खान ने घोषणा की कि छह पार्टियों ने तहरीक तहाफुज आईन-ए-पाकिस्तान (टीटीएपी) के नाम से गठबंधन बनाकर संविधान की रक्षा के लिए आंदोलन चलाने का निर्णय लिया है। पश्तूनख्वा मिल्ली आवामी पार्टी के चेयरमैन महमूद खान अचकजाई को गठबंधन का अध्यक्ष चुना गया है। उमर अयूब ने कहा कि आंदोलन का उद्देश्य देश में कानून का राज बहाल करना है और बलूचिस्तान के पिशिन क्षेत्र में शनिवार को आम सभा से आंदोलन शुरू हो जाएगा। पीटीआई प्रवक्ता ने कहा कि आठ फरवरी को हुए चुनाव में व्यापक गड़बड़ी कर बनी सरकार के विरुद्ध आंदोलन छेड़ा जा रहा है। महमूद अचकजाई ने कहा कि गठबंधन सेना के विरुद्ध नहीं है, लेकिन वे लोग सेना की राजनीतिक भूमिका का विरोध करते हैं। संविधान एक सामाजिक करार है जिसे बचाने के लिए हम शनिवार से आम सभा शुरू करने जा रहे हैं। गठबंधन के अध्यक्ष ने नौकरशाह एवं सेना के अधिकारियों के सेवा विस्तार का भी विरोध किया।

# अनुकूल माहौल में करें भारत-पाकिस्तान वार्ता



**श्रीनगर, एजेंसी।** नेशनल कॉन्फ्रेंस के नेता उमर अब्दुल्ला ने शनिवार को कहा कि भारत और पाकिस्तान दोनों को वार्ता फिर से शुरू करने के लिए अनुकूल माहौल बनाना चाहिए। जम्मू-कश्मीर के पूर्व मुख्यमंत्री अब्दुल्ला ने उन लोगों की आलोचना की, जो कहते हैं कि भारत को पाकिस्तान के कब्जे वाले कश्मीर (पीओके) को वापस लेने के लिए बल प्रयोग करना चाहिए। उन्होंने कहा, मैं इसे इस तरह से कह सकता हूं कि केवल बल प्रयोग से आपको किसी भी समस्या का समाधान नहीं मिलेगा। अंततः जब समाधान निकालने की बात आती है तो अंतिम लक्ष्य पर बातचीत के माध्यम से ही पहुंचा जाता है। अब्दुल्ला ने कहा, बातचीत के लिए स्थितियां बनाना दोनों पक्षों की जिम्मेदारी है, अकेले भारत की नहीं। दोनों देशों के बीच वार्ता बहाल होने की संभावना पर नेशनल कॉन्फ्रेंस के उपाध्यक्ष अब्दुल्ला ने कहा, अब पाकिस्तान में नई सरकार है और जून के बाद भारत में भी नई सरकार होगी, भले ही उस सरकार का नेतृत्व कोई भी कर रहा हो। उन्होंने कहा, अब देखना यह है कि क्या ये दोनों सरकारें बातचीत के लिए अनुकूल माहौल बना पाती हैं। जो लोग पाकिस्तान के साथ जंग पर जोर दे रहे हैं, उन्हें खुद जाकर लड़ लेना चाहिए। उन्होंने कहा, अब जो यह बात कह रहे हैं कि बातचीत की कोई जरूरत नहीं है, तो जम्मू कश्मीर के उस हिस्से का क्या जो बाहर (पीओके) है, क्या हमें उसे छोड़ देना चाहिए।

## अनोखी परंपरा



**अगरतला :** अगरतला में एक अनोखी परंपरा आकर्षक रूप में मनाई जाती है। आदिवासी त्योहारों में से ही एक पर्व चरक पूजा है, जिसे भक्त बड़े ही धूमधाम से मनाते हैं। चरक पूजा अनुष्ठान के दौरान श्रद्धालु उलटे होकर जमीन पर लेटते हैं, अन्य मौजूदा महिलाएं ढोल-नगाड़ों के साथ मंगल गीत गाती हैं। ● एजेंसी

## दो इनामी महिला नक्सली समेत 6 ने किया आत्मसमर्पण

**सुकमा।** छत्तीसगढ़ के नक्सल प्रभावित सुकमा जिले में दो इनामी महिला नक्सलियों समेत छह नक्सलियों ने सुरक्षाबलों के सामने आत्मसमर्पण कर दिया है।

सुकमा जिले के पुलिस अधिकारियों ने शनिवार को बताया कि महिला नक्सली तेलाम गीता (35) और मुचाकी सोमे (24) समेत छह नक्सलियों ने सुरक्षाबलों के सामने आत्मसमर्पण किया है। उन्होंने बताया कि नक्सली गीता पर दो लाख रुपये व सोमे एक लाख रुपये का इनाम घोषित है। पुलिस अधिकारियों ने बताया कि माओवादी नेताओं के भेदभावपूर्ण व्यवहार से तंग आकर हिंसा का मार्ग छोड़कर समाज की मुख्यधारा में शामिल होने का फैसला किया है।

# आतंकियों ने बस में सवार लोगों पर चलाईं गोलियां, 11 की मौत

**कराची, एजेंसी**

- **पाकिस्तान के अशांत बलूचिस्तान में क्वेटा से ताफ्तान जा रही बस पर आतंकी हमला**

पाकिस्तान के अशांत बलूचिस्तान प्रांत में शुक्रवार को अज्ञात आतंकवादियों ने नौ बस यात्रियों समेत कम से कम 11 लोगों की हत्या कर दी।

पुलिस ने बताया कि पहली घटना में हथियारबंद लोगों ने नोशकी जिले में राजमार्ग पर एक बस को रोककर बंदूक की नोक पर नौ लोगों का अपहरण कर लिया था। एक अधिकारी ने कहा कि इन नौ लोगों के शव बाद में पास के पहाड़ी इलाकों में एक पुल के पास मिले, इन्हें गोली मारी गई थी। बस क्वेटा से ताफ्तान जा रही थी कि इस बीच हथियारबंद लोगों ने बस को रोका और यात्रियों की पहचान करने के बाद नौ लोगों को पहाड़ी इलाके में ले गए थे। वहीं, एक अलग घटना में उसी हाईवे पर एक कार पर गोलीबारी की गई, जिसमें दो यात्रियों की मौत हो गई और दो अन्य घायल हो गए। बलूचिस्तान के मुख्यमंत्री मीर सरफराज बुगती ने कहा कि नोशकी राजमार्ग पर 11 लोगों की हत्या में शामिल आतंकवादियों को माफ नहीं किया जाएगा और उन्हें जल्द ही पकड़ लिया जाएगा। बुगती ने कहा कि हमलों में शामिल आतंकवादियों का पीछा किया जाएगा, उनका उद्देश्य बलूचिस्तान की शांति को नुकसान पहुंचाना है।

## चीनी यूएवी ने अमेरिकी ड्रोन से बेहतर प्रदर्शन किया

**कीव।** यूक्रेन युद्ध में चीनी यूएवी अमेरिकी ड्रोन से बेहतर साबित हुए है। मीडिया रिपोर्ट में अमेरिकी ड्रोन को कमजोर और अप्रभावी बताया गया है। रिपोर्ट का असर ड्रोन कंपनियों की बिक्री पर पड़ सकता है।

ये पेंटागन के लिए चिंता की खबर है जिसे छोटे ड्रोनों की जरूरत पड़ती है। रिपोर्ट में यूक्रेनी अधिकारियों ने बताया कि अमेरिकी ड्रोन रूसी जैमिंग और जीपीएस ब्लैकआउट के खिलाफ कमजोर और अप्रभावी है। ड्रोन उड़ान भरने के बाद मिशन पूरा करने और सुरक्षित वापस लौटने में असफल हो रहे हैं। बता दें, अमेरिका ने भेजे हथियार के बाद यूक्रेन की प्रतिक्रिया आई है।

# मणिपुर में चुनाव के लिए सही समय नहीं, कुकी-मैतई चिंतित

**इंफाल, एजेंसी**

- **कुकी समुदाय ने की अलग प्रशासन की मांग, 19 और 26 अप्रैल को होगा मतदान**

मणिपुर में कुकी और मैतई के बीच जातीय हिंसा भड़के हुए लगभग एक साल हो गए हैं, जिसमें लगभग 200 से अधिक लोगों ने जान गंवाई थी और 50 हजार से ज्यादा लोग विस्थापित हो गए हैं। जातीय हिंसा ने मणिपुर की तस्वीर ही बदल दी है।

मणिपुर में दो लोकसभा सीटों के लिए चुनाव 19 और 26 अप्रैल को होंगे। आंतरिक मणिपुर और बाहरी मणिपुर के कुछ क्षेत्रों में पहले चरण में मतदान होगा, जबकि बाहरी मणिपुर के शेष क्षेत्रों में 26 अप्रैल को मतदान होगा। आगामी चुनाव को लेकर चुराचांदपुर जिले में एक राहत शिविर में समन्वयक कुकी लहैनीलम ने कहा कि हमारी मांग स्पष्टा है। हम कुकी सममुदाय के लिए एक अलग प्रशासन चाहते हैं। वर्षों से विकास केवल घाटी में हुआ है, लेकिन हमारे क्षेत्रों में ऐसा नहीं हुआ। पिछले साल हुई हिंसा के बाद से हम एक साथ नहीं रह सकते, जिसकी कोई संभावना ही नहीं है। चुनाव को लेकर उन्होंने कहा कि दोनों दोनों पक्षों के बीच कोई आदान-प्रदान नहीं हो रहा है। न तो शब्दों का और न ही वस्तुओं का और सरकार चाहती है कि हम दूसरे पक्ष को वोट दें। यह कैसे संभव है। मैतई क्षेत्र से विस्थापित कुकी को मैतेई निर्वाचन क्षेत्र के लिए मतदान करना होगा। कैसे और क्यों। अभी सही समय नहीं है। गौरतलब है कि कुकी ने पहले ही एलान कर दी है कि वे बहिष्कार के तहत आगामी चुनावों में कोई उम्मीदवार नहीं उतारेंगे। हालांकि, कई समूह अभी भी इस पर विचार कर रहे हैं कि क्या वे भी मतदान से दूर रहेंगे।

## आस्ट्रेलियाः सिडनी में चाकू मारकर ली 6 लोगों की जान

**सिडनी।** ऑस्ट्रेलिया के सिडनी स्थित एक शॉपिंग मॉल में चाकूबाजी और गोलीबारी की घटना से हड़कंप मच गया। वेस्टफील्ड मॉल के अंदर चाकूबाजी से अफरातफरी मच गई और सैंकड़ों लोग इधर-उधर भागते दिखे। घटना में छह लोगों की मौत हो गई है और संख्या में और इजाफा हो सकता है।

दरअसल, स्थानीय मीडिया ने बताया कि बॉन्डी जंक्शन पर गोलियों की आवाज सुनी गई। पुलिस ने बताया कि वहां ऑपरेशन चलाकर हमलावर को मार गिराया गया है। मॉल में छह लोगों पर चाकू से हमला किया गया, जिसके बाद पुलिस ने जवाबी कार्रवाई में चाकूबाज पर गोली चलाई। घटना सिडनी के पूर्वी उपनगरों में एक मॉल की है, एक व्यक्ति अंधाधुंध गोलियां चलानी शुरू कर दी और कई लोगों पर चाकू से हमला किया।

**जांबाज** भारतीय सेना ने वर्षगांठ पर हेलीकॉप्टर और लॉजिस्टिक ड्रोन समेत बुनियादी ढांचा की गिनाईं उपलब्धियां, 24 घंटे कर रहे निगरानी

# सबसे ठंडे युद्धक्षेत्र सियाचिन ग्लेशियर में जवानों के चार दशक पूरे

**नई दिल्ली एजेंसी**



ऑपरेशन मेघदूत की 40वीं वर्षगांठ पर भारतीय सेना ने अधिकारियों ने हाल के दिनों में भारतीय रक्षा बलों द्वारा सियाचिन ग्लेशियर क्षेत्र में की गई कुछ प्रमुख पहलों के बारे में बताया। जिसमें हेलीकॉप्टर और लॉजिस्टिक ड्रोन का भी जिक्र किया गया।

सेना अधिकारियों के मुताबिक, आवश्यक वस्तुओं की आपूर्ति में काफी सुधार हुआ है। खासकर उन चौकियों पर जहां भीषण सर्दियों में जवान तैनात रहते हैं। अधिकारियों ने बताया कि विशेष कपड़ों, पर्वतारोहण उपकरणों और राशन की उपलब्धता ने सैनिकों को दुनिया के सबसे ठंडे युद्धक्षेत्र की कठोर परिस्थितियों का सामना करने की क्षमता को बढ़ा दिया है। अधिकारियों ने हाल ही में सेना के आधुनिकरण पर कहा था कि प्रत्येक सैनिक के पास पॉकेट वेदर ट्रैकर्स जैसे गैजेट मौसम के बारे में समय पर अपडेट प्रदान करते हैं और उन्हें संभावित हिमस्खलन के बारे में चेतावनी देते हैं।

ट्रैक के एक व्यापक नेटवर्क के विकास और ऑल-टेरेन व्हीकल्स (एटीवी) की शुरूआत से ग्लेशियर के पार गतिशीलता में काफी सुधार हुआ है।

डीआरडीओ द्वारा विकसित एटीवी पुलों जैसे नवाचारों ने सेना को प्राकृतिक बाधाओं पर काबू पाने में सक्षम बनाया है, जबकि हवाई केबलवे में उच्च गुणवत्ता वाली डायनेमा रस्सियां सबसे दूरस्थ चौकियों तक भी निर्बाध आपूर्ति लाइनें सुनिश्चित करती हैं। ऑपरेशन मेघदूत' की 40वीं वर्षगांठ पर भारतीय सेना ने अधिकारियों ने हाल के दिनों में भारतीय रक्षा बलों द्वारा सियाचिन ग्लेशियर क्षेत्र में की गई कुछ प्रमुख पहलों पर कहा कि मोबाइल और डेटा कनेक्टिविटी में काफी सुधार हुआ है। वीएसएटी तकनीक की शुरूआत ने ग्लेशियर पर संचार में क्रांति ला दी है, जिससे सैनिकों को डेटा और इंटरनेट कनेक्टिविटी प्रदान की जा रही है।

प्रौद्योगिकी में इस छलांग ने वास्तविक जागरूकता, टेलीमेडिसिन क्षमताओं और हमारे सैनिकों को उनके परिवारों से जोड़े रखकर उनकी भलाई को बढ़ाया है। उत्तरी और मध्य ग्लेशियरों में चौकियों पर कर्मियों को डिब्बाबंद राशन के बजाए ताजा राशन और सब्जियां मिलें। एक ऐसा पहलू जिसकी कुछ साल पहले कल्पना भी नहीं की जा सकती थी। नई लॉजिस्टिक पहलों की बदौलत ताजा राशन और सब्जियां अब हमारे फॉरवर्ड पोस्ट के लिए एक वास्तविकता बन गई हैं।

### इसरो ने स्थापित किया था अत्याधुनिक चिकित्सा ढांचा

दुर्गम स्थान में मिली चिकित्सा सहायता इसरो द्वारा स्थापित टेलीमेडिसिन नोड्स समेत सियाचिन में अत्याधुनिक चिकित्सा बुनियादी ढांचा न केवल हमारे सैनिकों को बल्कि नुब्रा घाटी में स्थानीय आबादी और पर्यटकों को भी महत्वपूर्ण चिकित्सा सहायता प्रदान करता है। परतापुर और बेस कैंप में चिकित्सा सुविधाओं में देश के कुछ सर्वश्रेष्ठ चिकित्सा और शल्य चिकित्सा विशेषज्ञ, अत्याधुनिक एचएपीओ कक्ष और जीवन समर्थन प्रणालियों के अलावा ऑक्सीजन उत्पादन संयंत्र शामिल हैं।